बौद्धभारतीग्रन्थमाला-४२

सुत्तपिटके

# संयुत्तनिकायपालि

[ हिन्दी-अनुवादसहिता ] **भाग 3**

( ४. सलायतनवग्गो )



प्रधानसम्पादक

**स्वामी द्वारिकादासशास्त्री**

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-४२

**Bauddha Bharati Series-42**

सुत्तपिटके

# संयुत्तनिकायपालि

[ हिन्दी अनुवादसहिता ]

( ४. सळायतनवग्गो )

3

प्रधानसम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-४२

सुत्तपिटके

# संयुत्तनिकायपालि

[ हिन्दी अनुवादसहिता ]

( ४. सळायतनवग्गो )

तृतीय भाग

सम्पादक एवं अनुवादक

*स्वामी द्वारिकादासशास्त्री*

वाराणसी

बु० २५४३] सन् २००० ई० [वि० २०५६



"एसोहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च।
उपासकं मं, भन्ते, भगवा धारेतु, अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणङ्गतं'' ति॥

# प्रकाशकीय वक्तव्य

**''अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं'' ति**

—विनयपिटके, भगवा बुद्धो।

सन् १९५८-१९६१ ई० में पालित्रिपिटकप्रकाशनसमिति, नालन्दा द्वारा सम्पूर्ण त्रिपिटक प्रकाशन में कार्य करते समय से ही हमारा यह सङ्कल्प था कि समस्त त्रिपिटक (बुद्धवचन) का हिन्दी-रूपान्तर (अनुवाद) के साथ भी प्रकाशन होना चाहिये, जिससे वह अन्य भाषाओं के विद्वानों के लिये भी उपयोगी हो सके। परन्तु यह कार्य स्वयं में इतना विशाल, गुरुतर एवं बहुजनसाध्य था कि हमारे जैसा अल्पसाधन वाला एकाकी पुरुष इसके प्रकाशन का साहस नहीं कर पा रहा था।

एतदर्थ, हमने विगत पन्द्रह वर्षों में अत्यधिक प्रयास किया; भारत के केन्द्रीय शिक्षामन्त्रालय से, उ०प्र० शासन के शिक्षाविभाग से, भारत के अनेक साधनसम्पन्न प्रकाशकों से तथा धनपतियों एवं बुद्धिजीवियों से इस कार्य के लिये आर्थिक साधन संगृहीत कराने हेतु निवेदन किया; परन्तु किसी ने भी, इस कार्यहेतु, हमारा उत्साहवर्धन नहीं किया।

अन्त में, हमने विवश होकर, अपने अल्प साधनों के बल पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाने का निश्चय किया। तदनुसार, सर्वप्रथम सुत्तपिटक का **मज्झिमनिकाय** (सम्पूर्ण) हिन्दी अनुवाद के साथ पाँच भागों में प्रकाशित किया, जो कि पाँच वर्ष में पूर्ण हुआ।

तदनन्तर, हमने सुत्तपिटक का **दीघनिकाय** (सम्पूर्ण) (हिन्दी अनुवाद के साथ) तीन भागों में प्रकाशित करने का सङ्कल्प किया।

इस बार हमने पुनः केन्द्रीय शिक्षामन्त्रालय, नई दिल्ली से (सन् १९९६ ई० में) इस ग्रन्थ के प्रकाशनहेतु आर्थिक अनुदान के लिये आवेदन किया। सौभाग्य से, इस बार हमारा यह आवेदन स्वीकृत हो गया और मुद्रण पर होने वाले समग्र व्यय में से ८० प्रतिशत अंश राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली से प्राप्त होने की स्वीकृति मिली। एतदर्थ हम उक्त मन्त्रालय के आभारी हैं।

इसी क्रम में हमने समस्त **संयुत्तनिकायपालि** का हिन्दी अनुवाद के साथ चार भागों में प्रकाशन करने का सङ्कल्प किया। दो वर्ष के कठिन परिश्रम एवं प्रयास के बाद, यह ग्रन्थ (चार भागों में सम्पूर्ण) आप के सम्मुख प्रस्तुत किया जा रहा है। यह ग्रन्थ २२५० पृष्ठों में पूर्ण हो पाया, अतः ग्रन्थ का कलेवर कुछ विशाल हो गया है। परन्तु हमें इस बात की प्रसन्नता है कि यह ग्रन्थ पालि एवं हिन्दी-दोनों भाषाओं में एक साथ सुलभ हो रहा है। इस

तरह, इस ग्रन्थमाला में त्रिपिटक के **सुत्तनिकाय** का बहुत अंश प्रकाशित हो चुका है। अब **अङ्गुत्तरनिकाय** का अनुवाद कार्य हो रहा है। उसे भी यथासम्भव शीघ्र ही मुद्रित-प्रकाशित कराने का हमारा प्रयास है। अस्तु।

यह इस ग्रन्थ का **४. षडायतनवग्ग** नामक तृतीय भाग है। इसमें ४४वें **अव्याकृतसंयुक्त** तक १० संयुक्त संगृहीत हैं। 'मज्झिमनिकाय' एवं 'दीघनिकाय' की तरह इसमें भी हमने पालि-पाठ के लिये बर्मा में हुए छट्ठ सङ्गायन पर आधृत, और श्रीलंका, स्याम (थाईलैण्ड) तथा पालिटैक्स्ट सोसाइटी लन्दन के संस्करणों का सहयोग लेकर १९५९ में 'पालि त्रिपिटक प्रकाशन बोर्ड' नालन्दा से प्रकाशित एवं आदरणीय भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा सम्पादित देवनागरी-संस्करण को आदर्श रूप में रखा है। इसमें हमने बहुत कम परिवर्तन किया है। कहीं कहीं मुद्रणाशुद्धियों के संशोधन के अतिरिक्त अधिक कुछ नहीं किया है।

साथ ही हमने उक्त सभी बर्मा, नालन्दा एवं रोमन संस्करणों की पृष्ठ-संख्या भी रोमन अक्षरों में क्रमशः यथास्थान दे दी है। अनुसन्धाता इससे भी लाभान्वित होंगे।

इसमें हमने आचार्य बुद्धघोष की अट्ठकथा को प्रमाण मान कर अपना स्वतन्त्र **हिन्दी अनुवाद** सम्पन्न करते हुए, उसे पालि-पाठ के साथ नीचे दिया है। इससे पाठकों को पालि एवं उसकी हिन्दी—दोनों ही भाषाएँ अत्यन्त सरलता से हृदयङ्गम हो सकेंगी—ऐसा हमारा विश्वास है।

यहाँ हमें एक निवेदन अवश्य करना है कि विषय-वैशद्य (बात को समझाने) के लिये त्रिपिटक में विषय का अनुकूल-प्रतिकूल, या आरोह-अवरोह दोनों क्रमों से विस्तृत (अक्षरशः) वर्णन किया जाता है। इस शैली में भाषाच्छटा तो अवश्य आ जाती है, परन्तु इस शब्द-समूह में फँस कर पाठक से मूल विषय दूर दूर सा होने लगता है। इसके लिये पालि-संग्रहकारों ने ऐसे विशेष स्थानों (जहाँ पाठ पुनः पुनः आवृत्त हो) के लिये '...पे०...' की परम्परा रखी है। इस परम्परा का इससे पहले के संस्करणों में निर्भयता से उपयोग हुआ है। इसे हमने भी अपने हिन्दी-अनुवाद में स्वीकार किया है। परन्तु '...पे०...' का अनुवाद हमने '...पूर्ववत्...' करके दिया है, या प्रायः '...' इस चिह्न का प्रयोग किया है, ताकि पाठक प्रसङ्ग के प्रधान विषय से दूर न हो जाय।

यों हमने एक अभिनव पद्धति में बुद्ध-वचन (त्रिपिटक) का प्रकाशन प्रारम्भ किया है। यदि विद्वानों को यह पद्धति रुचिकर व अनुकूल प्रतीत हुई तो हम आगामी काल में त्रिपिटक के समग्र ग्रन्थों का प्रकाशन इसी पद्धति से करेंगे।

एक कार्य हमने इस प्रसङ्ग में और किया है। ग्रन्थ में वर्णित सूत्रों का संक्षेप हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया है, जिससे पाठकों को सूत्रों का वर्ण्य विषय एक ही दृष्टि में हृदयङ्गम हो जाय।

इस तरह, हम इस ग्रन्थमाला को पालि-हिन्दी-इंग्लिश तीनों ही भाषाओं के विद्वानों के लिये उपयोगी बना पाये हैं—ऐसा हमारा विश्वास है।

अन्ते च, इस पवित्र ग्रन्थ का यह अनुवाद हमने स्वकीय ज्ञानवृद्धिहेतु लिखा था, लिखने के बाद यह ध्यान में आया कि यह हमारे समानधर्मा अन्य जिज्ञासुओं का भी अर्थसाधक हो सकता है। इसी उद्देश्य से यह प्रकाशित किया जा रहा है।

इतने विस्तृत अनुवाद में, हो सकता है कहीं परम्परा का निर्वाह न हो पाया हो, एतदर्थ हमारा विज्ञ जनों से विनम्र निवेदन है कि हमारे प्रमाद को क्षमा करते हुए हमें सूचित करने का कष्ट करें; जिससे आगामी संस्करण में उस का परिहार किया जा सके।

वसन्तपञ्चमी, २०५६ वि.
वाराणसी

विद्वद्वशंवद
**स्वामी द्वारिकादासशास्त्री**

## संयुक्तनिकायपालि के

# षडायतनवर्ग का संक्षिप्त विवरण

इस **संयुक्तनिकायपालि** का चतुर्थ वर्ग **षडायतनवर्ग** कहलाता है। यह १० संयुक्तों में विभक्त है। इन (संयुक्तों) के नाम इस प्रकार हैं—३५. षडायतनसंयुक्त, ३६. वेदनासंयुक्त, ३७. मातृग्रामसंयुक्त, ३८. जम्बुखादकसंयुक्त, ३९. सामण्डकसंयुक्त, ४०. मोग्गल्लानसंयुक्त, ४१. चित्तसंयुक्त, ४२. ग्रामणिसंयुक्त, ४३. असंस्कृतसंयुक्त एवं ४४. अव्याकृतसंयुक्त। अब इन सभी संयुक्तों का विवरण क्रमशः दिया जा रहा है।

**३५. षडायतनसंयुक्त :** इस संयुक्त में छह आयतनों का, अध्यात्म एवं बाह्य भेद से विविध विभाजन कर विशद वर्णन किया गया है।

**अध्यात्म आयतन** के छह प्रकार ये हैं—१. चक्षु, २. श्रोत्र, ३. घ्राण, ४. जिह्वा, ५. काय एवं ६. मन।

**बाह्य आयतन** भी छह प्रकार के हैं—१. रूप, २. शब्द, ३. गन्ध, ४. रस, ५. स्प्रष्टव्य एवं ६. मनोधर्म।

इन्हीं आयतनों को अतीत, अनागत एवं वर्तमान तथा दु:ख, अनित्य, अनात्म भेदों से भी विभक्त किया गया है।

इस संयुक्त में इन बारह आयतनों का वर्गपद्धति से भी विश्लेषण किया गया है— १. अनित्यवर्ग, २. यमकवर्ग, ३. सर्ववर्ग, ४. जातिधर्मवर्ग एवं ५. सर्वअनित्यवर्ग।

इस षडायतनवर्ग के सूत्रों को संग्रहकारों ने, सङ्ख्या में अधिक होने के कारण, पचास पचास के समूह में विभक्त कर विश्लेषण में सरलता ला दी है। इस तरह प्रथम पञ्चाशत्क में ५२ सूत्र व्याख्यात हुए हैं।

द्वितीय पञ्चाशत्क में १. अविद्यावर्ग, २. मृगजालवर्ग, ३. ग्लानवर्ग, ४. छन्नवर्ग, ५. षड्वर्ग है। इन से द्वितीय पञ्चाशत्क एवं प्रथम शतक पूर्ण होता है। इस शतक में १०३ सूत्र हैं।

तृतीय पञ्चाशत्क तथा द्वितीय शतक में १. योगक्षेमिवर्ग, २. लोककामगुणवर्ग, ३. गृहपतिवर्ग, ४. देवदहवर्ग, ५. नवपुराणवर्ग—ये पाँच वर्ग व्याख्यात हैं।

चतुर्थ पञ्चाशत्क में १. नन्दिक्षयवर्ग, २. षष्टिपेय्याल, ३. समुद्रवर्ग, ४. आशीविषवर्ग—ये चार वर्ग है। इस तरह चतुर्थ पञ्चाशत्क एवं द्वितीय शतक पूर्ण होता है। इस षडायतनसंयुक्त में आगत समस्त सूत्रों की सङ्ख्या २४८ है॥

**३६. वेदनासंयुक्त :** इस संयुक्त में त्रिविध वेदनाओं का वर्णन है। तीन वेदनाएँ क्रमशः ये हैं—१. सुखा वेदना, २. दुःखा वेदना एवं ३. अदुःखाअसुखा वेदना।

इन वेदनाओं का भी वर्गपद्धति से ही विशद विवेचन किया गया है; जैसे—१. सगाथवर्ग प्रथम, २. रहोगतवर्ग द्वितीय, ३. अट्टशतपर्यायवर्ग तृतीय। इन तीन वर्गों के माध्यम से यह विवेचन हुआ है। इस संयुक्त में आगत सूत्रों की सङ्ख्या ३१ है॥

**३७. मातृग्रामसंयुक्त :** यह संयुक्त नारियों को लक्ष्य कर संगृहीत किया गया है। इस में सुशील एवं दुःशील नारियों के लक्षण बताते हुए उनका कर्मफल भी बताया गया है। प्रसङ्गवश उन दुःखों का भी वर्णन किया गया है जो नारियों को स्वयं ही सहन करने पड़ते हैं, उस क्रिया में दूसरा कोई किसी प्रकार का सहयोग नहीं कर सकता। यहाँ नारी के वे दुर्गुण भी गिनाये गये हैं जिनके कारण नारी का, देहपात के बाद, अवश्य ही नरकपात होता है। इसमें धर्म के प्रति अश्रद्धालु, निर्लज्ज, पापाचार में भय न मानने वाली एवं मूर्ख नारियों की निन्दा की गयी है। प्रसङ्गवश यहाँ स्त्रियों की सुगति एवं दुर्गति का भी वर्णन है। पञ्चशील का आचरण न करने वाली नारी की निन्दा की गयी है। यह भी बताया गया है कि कोई भी नारी किन पाँच गुणों के होने से समाज में बलवती होती है, तथा किन गुणों के न होने से वह दुर्बल कहलाती है। साथ ही यह भी अभिलक्षित किया गया है किन गुणों से वह परिवार में प्रतिष्ठा पाती है तथा किन दुर्गुणों के कारण परिवार से अपमानित कर निकाल दी जाती है। अन्त में वैसी आठ बाते बतायी गयी हैं जो किसी कृतपुण्य नारी को ही सुलभ होती है, अकृतपुण्य को नहीं। पञ्चशील धारण करने वाली नारी की सर्वथा प्रशंसा की गयी है। यह संयुक्त ३४ सूत्रों में वर्णित हुआ है॥

**३८. जम्बुखादकसंयुक्त :** इस संयुक्त में १६ सूत्रों के माध्यम से आयुष्मान् सारिपुत्र के साथ जम्बुखादक परिव्राजक के साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विपयों पर संवाद वर्णित है। इस संवाद में—निर्वाण, अर्हत्त्व, धर्मवाचन, धर्मसाधना का उद्देश्य, धर्मसाधना से क्या सान्त्वना मिलती है, चित्तविकारों की परिहाणि का उपाय, अविद्या का नाश, तृष्णाक्षय, भवसागर से पारगमन, अपरिग्रह, संसार का यथार्थ ज्ञान, दुःखप्रहाण का उपाय, सत्कायदृष्टि का परित्याग एवं धर्माराधन की दुष्करता आदि विषय गम्भीरता से वर्णित हैं। इस संयुक्त में १६ सूत्र व्याख्यात हैं॥

**३९. सामण्डकसंयुक्त :** इस संयुक्त में भी पूर्ववर्णित जम्बुखादकसंयुक्त के समान ही, आयुष्मान् सारिपुत्र का उक्कचेला ग्राम में सामण्डक नामक परिव्राजक के साथ निर्वाण आदि गम्भीर दार्शनिक विषयों पर संवाद वर्णित है। इस संयुक्त में भी १६ सूत्र व्याख्यात हैं॥

**४०. मोग्गल्लानसंयुक्त :** इस संयुक्त में ध्यान एवं समाधिभावना तथा रत्नत्रय में श्रद्धा आदि गम्भीर आध्यात्मिक विषयों पर आयुष्मान् महामोग्गल्लान द्वारा भिक्षुओं के साथ, तथा देवराज शक्र एवं त्रायस्त्रिंशवासी अन्य प्रमुख देवताओं के साथ हुई धार्मिक

चर्चा वर्णित है। आयुष्मान् महामोग्गल्लान ने बताया है कि बुद्ध धर्म एवं सङ्घ में दृढ़ श्रद्धालु देवताओं में अन्य साधारण देवताओं से क्या १० विशेष गुण होते हैं। इस संयुक्त में ११ सूत्रों का व्याख्यान है॥

**४१. चित्तसंयुक्त :** इस संयुक्त में बौद्ध धर्म में अत्यधिक श्रद्धालु, मृगपथक ग्रामवासी चित्त नामक गृहपति का भिक्षुओं से बुद्धसम्मत दार्शनिक विषयों पर हुआ संवाद वर्णित है। जैसे—संयोजन, ६२ (बासठ) दृष्टियाँ, विशेषत: सत्कायदृष्टि, प्रमुख ऋद्धियाँ, भगवद्वचन की शास्त्रसङ्गत व्याख्या, आनापान, वितर्कविचार, संज्ञा वेदना, ध्यानभावना, चेतोविमुक्ति, ज्ञान एवं श्रद्धा—दोनों में किसका श्रेष्ठत्व, अचेल काश्यप की प्रव्रज्या आदि। इस संयुक्त में १० सूत्रों का व्याख्यान है॥

**४२. ग्रामणिसंयुक्त :** इस संयुक्त में भगवान् के साथ चण्ड ग्रामणी का, किसी योद्धा का, किसी हस्त्यारोह का, किसी अश्वारोह का, किसी खड्गधारी का, असिबन्धकपुत्र ग्रामणी का, मणिचूडक ग्रामणी का, भद्रक ग्रामणी का, राशिय ग्रामणी का, पाटलिय ग्रामणि का संवाद वर्णित है। इन सभी संवादों में भगवान् ने उन सभी श्रोताओं को सामयिक विषयों पर अपना स्पष्ट मत अभिनिर्दिष्ट किया है। ये सभी विषय यथास्थान इस ग्रन्थ में देखे जा सकते हैं। इस संयुक्त में १३ (तेरह) सूत्रों का व्याख्यान हुआ है॥

**४३. असंस्कृतसंयुक्त :** यह संयुक्त वर्गपद्धति से व्याख्यात हुआ है। इस में दो वर्ग हैं। प्रथम वर्ग में—निर्वाणगामी मार्ग, शमथ, विपश्यना, समाधि, स्मृत्युपप्रस्थान, सम्यक्प्रहाण, ऋद्धिपाद, पाँच इन्द्रियाँ, पाँच बल, सात बोध्यङ्ग एवं असंस्कृतगामी मार्ग का वर्णन है। द्वितीय वर्ग में—असंस्कृत रागादि का क्षय, असंस्कृतगामी मार्ग, अमृत (निर्वाण), अनाश्रव एवं अनाश्रवगामी मार्ग, पारायण (रागादिक्षय) का वर्णन है। यह संयुक्त ३३ सूत्रों से व्याख्यात है॥

**४४. अव्याकृतसंयुक्त :** इस संयुक्त में—भगवान् द्वारा राजा प्रसेनजित् कौशल के अव्याकृतविषयक प्रश्न का समुचित उत्तर, आयुष्मान् अनुरोध के अव्याकृतविषयक सन्देह का निवारण, आयुष्मान् सारिपुत्र एवं आयुष्मान् कौष्ठिक का संवाद, वत्सगोत्र परिव्राजक का आयुष्मान् महामोग्गल्लान का संवाद, वत्सगोत्र का भगवान् से अव्याकृतविषयक प्रश्न, कुतूहलशाला में एकत्र हुए गणाचार्यों के मत से भगवान् के मत की विशेषता का वर्णन, एवं वत्सगोत्र परिव्राजक का भगवान् से अस्तिता, नास्तिता के विषय में प्रश्न का उत्तर वर्णित है। इस संयुक्त में दश (१०) सूत्र वर्णित हैं॥

इस समस्त षडायतनवर्ग में १० संयुक्त एवं ४३८ सूत्र वर्णित हैं।

**षळायतनवर्ग-संक्षेप सम्पन्न॥**

संयुत्तनिकायपालि

# संयुत्त-वग्ग-सुत्तक्कमो

## ४. सळायतनवग्गो चतुत्थो

सुत्तपिटके

# संयुत्तनिकायपालि

[ हिन्दी अनुवादसहिता ]

( ४. सळायतनवग्गो )

* नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स *

# संयुत्तनिकायपालि

## ४. सळायतनवग्गो

## ३५. सळायतनसंयुत्तं

**मूलपण्णासकं—**

### १. अनिच्चवग्गो पठमो

### १. अज्झत्तानिच्चसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं [N. III, 1, B.236, R. vol. IV, 1] विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा, भिक्खू आमन्तेसि— ''भिक्खवो'' ति। ''भदन्ते'' ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

''चक्खुं, भिक्खवे, अनिच्चं। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। सोतं अनिच्चं। यदनिच्चं...पे०...। घानं अनिच्चं। यदनिच्चं...पे०...। जिव्हा अनिच्चा।

---

* उन भगवान् ज्ञानी सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम *

# संयुक्तनिकायपालि

## षडायतनवर्ग

## प्रथम पञ्चाशत्क

### १. अनित्यवर्ग प्रथम

**१. अध्यात्म अनित्यसूत्र : : अध्यात्म आयतन अनित्य हैं**

१. ऐसा मैंने सुना है (कि) एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती में अनाथपिण्डकश्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनविहार में साधनाहेतु विराजमान थे। उसी समय कभी भगवान् ने भिक्षुओं को देशनाहेतु आमन्त्रित किया। भिक्षु आदेशानुसार उपस्थित हुए। तब भगवान् ने उन को यों उपदेश किया—

''भिक्षुओ! चक्षु अनित्य है। जो अनित्य होता है वह दुःखप्रद होता है। जो दुःखमय होता है वह अनात्म तो होगा ही। उस अनात्मा के विषय में तुम्हें—'यह मेरा नहीं है, न यह मैं हूँ, न यह मेरी आत्मा है'—ऐसा यथार्थ प्रज्ञा से चिन्तन मनन करना

यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। कायो अनिच्चो। यदनिच्चं...पे०...। मनो अनिच्चो। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा [R.2] अरियसावको चक्खुस्मिं पि निब्बिन्दति, सोतस्मिं पि निब्बिन्दति, घानस्मिं पि [B.237] निब्बिन्दति, जिव्हाय पि निब्बिन्दति, कायस्मिं पि निब्बिन्दति, मनस्मिं पि निब्बिन्दति। निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती'' ति॥ ●

## २. अज्झत्तदुक्खसुत्तं

२. ''चक्खुं, भिक्खवे, दुक्खं। यं दुक्खं तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। सोतं [N.4] दुक्खं...पे०...घानं दुक्खं...जिव्हा दुक्खा...कायो दुक्खो...मनो दुक्खो। यं दुक्खं तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवं पस्सं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती'' ति॥ ●

---

चाहिये। श्रोत्र अनित्य है, जो अनित्य...पूर्ववत्...घ्राण अनित्य है...जिह्वा अनित्य है...काय अनित्य है...मन अनित्य है, जो अनित्य है वह दुःखमय एवं अनात्म होता है। इस अनात्म के विषय में तुम्हें...पूर्ववत्...प्रज्ञा से चिन्तन मनन करना चाहिये। भिक्षुओ! यों चिन्तन मनन करने से श्रुतवान् (विद्वान्) आर्यश्रावक को चक्षु में, श्रोत्र में, घ्राण में, जिह्वा में, काय में...मन में ग्लानि (अरुचि) होने लगती है। इस अरुचि से उस की वैराग्य भावना बढती है। इस वैराग्य भावना से वह चित्तविकारों से विमुक्त हो जाता है। इस विमुक्ति से 'मैं विमुक्त हो गया हूँ'—ऐसा उस को ज्ञान हो जाता है। तब वह समझ लेता है—''मेरी जन्मपरम्परा अब क्षीण हो चुकी है, मेरी धर्मसाधना सफल हो गयी है, मेरा कर्तव्य समाप्त हो चुका है, अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं रह गया है।' ऐसा वह जान लेता है॥'' ●

**२. अध्यात्म दुःखसूत्र : : अध्यात्म आयतन दुःख है**

२. ...' भिक्षुओ! चक्षु दुःख है। जो दुःख होता है वह अनात्म ही होता है। उस अनात्मा के विषय में तुम्हें—'यह मेरा नहीं है, यह मैं नहीं हूँ, यह मेरी आत्मा नहीं है'—ऐसा यथार्थ बुद्धिपूर्वक चिन्तन मनन करना चाहिये। श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन—ये सब दुःख हैं, दुख अनात्म होता है। इस अनात्म पदार्थ के विषय में...पूर्ववत्...अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं है—ऐसा जान लेता है''॥ ●

## ३. अज्झत्तानत्तसुत्तं

३. ''चक्खुं, भिक्खवे, अनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। सोतं अनत्ता...पे०...घानं अनत्ता...जिव्हा अनत्ता...कायो अनत्ता...मनो अनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती'' ति ॥●

## ४. बाहिरानिच्चसुत्तं

४. ''रूपा, भिक्खवे, अनिच्चा। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता। [R.3] यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। सद्दा...गन्धा...रसा...फोट्ठब्बा...धम्मा अनिच्चा। यदनिच्चं तं दुक्खं; यं दुक्खं तदनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको रूपेसु पि निब्बिन्दति, सद्देसु पि निब्बिन्दति, गन्धेसु पि निब्बिन्दति, रसेसु पि निब्बिन्दति, फोट्ठब्बेसु पि निब्बिन्दति, धम्मेसु पि निब्बिन्दति। निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती'' ति ॥ ●

---

**३. अध्यात्म अनात्मसूत्र : : अध्यात्म आयतन अनात्म होता है**

३. ...''भिक्षुओ! चक्षु अनात्म होता है, श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन अनात्म होता है। जो अनात्म है उसके विषय में तुम्हें—'यह मेरा नहीं है, यह मैं नहीं हूँ, यह मेरी आत्मा नहीं है'—ऐसा यथार्थ बुद्धिपूर्वक चिन्तन मनन करना चाहिये। ...पूर्ववत्...ऐसा जान लेता है ॥ ●

**४. बाह्य अनात्मसूत्र : : बाह्य आयतन अनात्म होता है**

४. ...''भिक्षुओ! रूप अनित्य होते हैं, जो अनित्य हैं वे दुःख...पूर्ववत्...ऐसा यथार्थ बुद्धिपूर्वक सोचना विचारना चाहिये। शब्द...गन्ध...रस...स्प्रष्टव्य...धर्म अनित्य हैं। जो अनित्य है वह दुःख है वह अनात्मा भी है ही। उस अनात्म पदार्थ के विषय में—'यह मेरा नहीं है, यह मैं नहीं हूँ, यह मेरी आत्मा नहीं है'—ऐसा बुद्धिपूर्वक यथार्थ चिन्तन मनन करना चाहिये। ऐसा चिन्तन करते करते बुद्धिमान् आर्यश्रावक को रूपों में, शब्दों में, गन्धों में, स्प्रष्टव्यों में अरुचि होने लगती है, अरुचि से वैराग्य की उत्पत्ति निश्चित है तथा इस वैराग्य से उस को यह ज्ञान उत्पन्न हो जाता है—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण...पूर्ववत्...अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं'। तब वह ऐसा वह जान जाता है ॥''●

## ५. बाहिरदुक्खसुत्तं

[B.238] ५. ''रूपा, भिक्खवे, दुक्खा। यं दुक्खं तदनत्ता; यदनत्ता तं 'नेतं मम. नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। सद्दा...गन्धा... [N.5] रसा...फोट्ठब्बा...धम्मा दुक्खा। यं दुक्खं तदनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवं पस्सं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती'' ति॥ ●

## ६. बाहिरानत्तसुत्तं

६. ''रूपा, भिक्खवे, अनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं...पे०...सद्दा...गन्धा...रसा...फोट्ठब्बा...धम्मा अनत्ता। यदनत्ता तं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दट्ठब्बं। एवं पस्सं...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती'' ति॥ ●

## ७. अज्झत्तानिच्चातीतानागतसुत्तं

[R.4] ७. ''चक्खुं, भिक्खवे, अनिच्चं अतीतानागतं; को पन वादो पच्चुप्पन्नस्स! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतस्मिं चक्खुस्मिं अनपेक्खो होति; अनागतं चक्खुं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नस्स चक्खुस्स निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो

---

**५. बाह्य दुःखसूत्र : : बाह्य आयतन दुःख है**

५. ...''भिक्षुओ! रूप अनित्य हैं, अनित्य ही 'दुःख' हैं, जो दुःख हैं वे अनात्म तो हैं ही। इस अनात्म के विषय में...पूर्ववत्...ऐसा मनन करना चाहिये। शब्द, गन्ध, रस, स्प्रष्टव्य एवं मनोधर्म भी अनित्य हैं...इन अनात्म पदार्थों के विषय में...ऐसा मनन...। विद्वान् आर्यश्रावक को इन के विषय में अरुचि होने लगती है, अरुचि के कारण उसे इन से वैराग्य हो जाता है, तथा ज्ञान हो जाता है कि मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो गयी...पूर्ववत्... ॥''

**६. बाह्यअनात्मसूत्र : : बाह्य आयतन अनात्म हैं**

६. ...''भिक्षुओ! रूप अनात्म हैं। जो अनात्म है उस के विषय में—'यह मेरा नहीं है... ऐसा बुद्धिपूर्वक मनन करना चाहिये। शब्द...गन्ध...रस...स्प्रष्टव्य...धर्म अनात्म हैं। जो अनात्म है उस के विषय में...पूर्ववत्...आगे मेरा कोई कर्तव्य नहीं है'—ऐसा जान लेता है॥'' ●

**७. अध्यात्म अनित्यअतीतानागतसूत्र : : अध्यात्म आयतन अनित्य हैं**

७. ...''भिक्षुओ! 'अतीत अनागत चक्षु ही अनित्य है, तब प्रत्युत्पन्न (वर्तमान) चक्षु की तो बात ही क्या है!'—इस तरह जानता हुआ विद्वान् आर्यश्रावक अतीत चक्षु में निरपेक्ष होता है, अनागत चक्षु का अभिनन्दन नहीं करता, तथा प्रत्युत्पन्न चक्षु में अरुचि,

होति। सोतं अनिच्चं...घानं अनिच्चं...जिव्हा अनिच्चा अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नाय! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीताय जिव्हाय अनपेक्खो होति; अनागतं जिव्हं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नाय जिव्हाय निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति। कायो अनिच्चो...पे०...मनो अनिच्चो अतीतानागतो; को पन वादो पच्चुप्पन्नस्स! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतस्मिं मनस्मिं अनपेक्खो होति; अनागतं मनं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नस्स मनस्स निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होती'' ति॥ ●

## ८. अज्झत्तदुक्खातीतानागतसुत्तं

८. ''चक्खुं, भिक्खवे, दुक्खं अतीतानागतं; को पन वादो पच्चुप्पन्नस्स! [B.239] एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतस्मिं चक्खुस्मिं अनपेक्खो होति; अनागतं चक्खुं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नस्स चक्खुस्स निब्बिदाय विरागाय [N.6] निरोधाय पटिपन्नो होति। सोतं दुक्खं...पे०...घानं दुक्खं...पे०...जिव्हा दुक्खा अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नाय! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीताय जिव्हाय अनपेक्खो होति; अनागतं जिव्हं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नाय जिव्हाय निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति। कायो दुक्खो...पे०...मनो दुक्खो अतीतानागतो; को पन वादो पच्चुप्पन्नस्स! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतस्मिं मनस्मिं अनपेक्खो होति; अनागतं मनं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नस्स मनस्स निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होती'' ति॥ ●

---

वैराग्य एवं निरोध से युक्त हो जाता है। अतीत, अनागत श्रोत्र अनित्य है, घ्राण अनित्य है, जिह्वा अनित्य है, काय अनित्य है, मन अनित्य है...। ऐसा मानता हुआ विद्वान् आर्यश्रावक, भिक्षुओ! अतीत मन के प्रति निरपेक्ष हो जाता है, अनागत मन का अभिनन्दन नहीं करता, तथा प्रत्युत्पन्न मन के प्रति अरुचि, वैराग्य एवं निरोध से युक्त हो जाता है॥'' ●

**८. अध्यात्मदुःखअतीतानागतसूत्र : : अध्यात्म आयतन दुःख हैं**

८. ...''भिक्षुओ! 'अतीत अनागत चक्षु भी दुःख है, तब फिर प्रत्युत्पन्न चक्षु की तो बात ही क्या है!'—ऐसा मानता हुआ कोई विद्वान् आर्यश्रावक अतीत चक्षु में निरपेक्ष (बेपरवाह) होता है, अनागत चक्षु का अभिनन्दन नहीं करता। तथा प्रत्युत्पन्न चक्षु के प्रति अरुचि, वैराग्य एवं निरोध से युक्त हो जाता है। श्रोत्र दुःख है, घ्राण दुःख है, जिह्वा दुःख है, काय दुःख है, मन दुःख है—ऐसा मानता हुआ विद्वान् आर्यश्रावक अतीत मन के प्रति निरपेक्ष हो जाता है, अनागत मन का अभिनन्दन नहीं करता, तथा प्रत्युत्पन्न मन के प्रति अरुचि, वैराग्य एवं निरोध से युक्त हो जाता है॥'' ●

## ९. अज्झत्तानत्तातीतानागतसुत्तं

९. ''चक्खुं, भिक्खवे, अनत्ता अतीतानागतं; को पन वादो पच्चुप्पन्नस्स! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतस्मिं चक्खुस्मिं अनपेक्खो होति; अनागतं [R.5] चक्खुं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नस्स चक्खुस्स निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति। सोतं अनत्ता...पे०...घानं अनत्ता...पे०...जिव्हा अनत्ता अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नाय! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीताय जिव्हाय अनपेक्खो होति; अनागतं जिव्हं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नाय जिव्हाय निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति। कायो अनत्ता...पे०...मनो अनत्ता अतीतानागतो; को पन वादो पच्चुप्पन्नस्स! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतस्मिं मनस्मिं अनपेक्खो होति; अनागतं मनं नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नस्स मनस्स निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होती'' ति॥ ●

## १०. बाहिरानिच्चातीतानागतसुत्तं

१०. ''रूपा, भिक्खवे, अनिच्चा अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नानं! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतेसु रूपेसु अनपेक्खो होति; अनागते रूपे [B.240] नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नानं रूपानं निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति। सद्दा...गन्धा...रसा...फोट्ठब्बा...धम्मा अनिच्चा अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नानं! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतेसु धम्मेसु अनपेक्खो [N.7] होति; अनागते धम्मे नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नानं धम्मानं निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होती'' ति॥ ●

---

**९. अध्यात्मअनात्मअतीतानागतसूत्र : : अध्यात्म आयतन अनात्म हैं**

९. ...''भिक्षुओ! 'अतीत अनागत चक्षु अनात्म हैं, तब फिर प्रत्युत्पन्न चक्षु की तो बात ही क्या है!'—ऐसा मानता हुआ, भिक्षुओ! कोई विद्वान् आर्यश्रावक अतीत चक्षु के प्रति निरपेक्ष होता है, अनागत चक्षु का अभिनन्दन नहीं करता, तथा प्रत्युत्पन्न चक्षु के प्रति अरुचि रखता हुआ उस के प्रति वैराग्य से युक्त हो जाता है। अतीत अनागत श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, काय तथा मन अनात्म है'—ऐसा मानता हुआ...पूर्ववत्...निरोधयुक्त हो जाता है॥'' ●

**१०. बाह्य अनित्यअतीतानागतसूत्र : : बाह्य आयतन अनित्य हैं**

१०. ...''भिक्षुओ! 'अतीत अनागत रूप भी अनित्य हैं, फिर वर्तमान रूप की तो बात ही क्या!'—यों समझता हुआ कोई विद्वान् आर्यश्रावक अतीत रूपों के विषय में निरपेक्ष हो जाता है, अनागत रूपों का अभिनन्दन नहीं करता, तथा वर्तमान रूपों के प्रति

## ११. बाहिरदुक्खातीतानागतसुत्तं

११. रूपा, भिक्खवे, दुक्खा अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नानं! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतेसु रूपेसु अनपेक्खो होति; अनागते रूपे [R.6] नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नानं रूपानं निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति...पे०... ॥●

## १२. बाहिरानत्तातीतानागतसुत्तं

१२. "रूपा, भिक्खवे, अनत्ता अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नानं! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतेसु रूपेसु अनपेक्खो होति; अनागते रूपे नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नानं रूपानं निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होति। सद्दा...गन्धा...रसा...फोट्ठब्बा...धम्मा अनत्ता अतीतानागता; को पन वादो पच्चुप्पन्नानं! एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अतीतेसु धम्मेसु अनपेक्खो होति; अनागते धम्मे नाभिनन्दति; पच्चुप्पन्नानं धम्मानं निब्बिदाय विरागाय निरोधाय पटिपन्नो होती" ति ॥ ●

**अनिच्चवग्गो पठमो ॥**

---

अरुचि, वैराग्य एवं निरोध युक्त हो जाता है। अतीत अनागत शब्द...गन्ध...रस...स्प्रष्टव्य...धर्म अनित्य हैं...पूर्ववत्...। ऐसा समझता हुआ विद्वान् आर्यश्रावक अतीत धर्मों के प्रति...निरोधयुक्त हो जाता है ॥" ●

**११. बाह्य दुःखअतीतानागतसूत्र : : बाह्य आयतन दुःख हैं**

११. ..."भिक्षुओ! 'अतीत अनागत रूप ही जब दुःख हैं तो वर्तमान रूपों की बात ही क्या!'—यों सोच विचार करता हुआ विद्वान् आर्यश्रावक अतीत रूपों के विषय में, शब्दों के, गन्धों के, रसों के, स्प्रष्टव्यों के, धर्मों के विषय में निरपेक्ष हो जाता है, अनागत रूपों का अभिनन्दन नहीं करता तथा वर्तमान धर्मों के प्रति अरुचि, वैराग्य एवं निरोधयुक्त हो जाता है... ॥" ●

**१२. बाह्य अनात्मअतीतानागतसूत्र : : बाह्य आयतन अनात्म हैं**

१२. ..."भिक्षुओ! 'अतीत अनागत रूप ही जब अनात्म हैं तो वर्तमान रूपों के विषय में तो कहना ही क्या!'—यों समझता हुआ विद्वान् आर्यश्रावक अतीत रूपों के विषय में...शब्दों के...गन्धों के...रसों के...स्प्रष्टव्यों के...धर्मों के विषय में निरपेक्ष हो जाता है, अनागत धर्मों का अभिनन्दन नहीं करता, तथा वर्तमान धर्मों के विषय में वह अरुचि, वैराग्य एवं निरोधयुक्त हो जाता है ॥" ●

**अनित्यवर्ग प्रथम सम्पन्न ॥**

### तस्सुद्दानं

अनिच्चं दुक्खं अनत्ता च, तयो अज्झत्तबाहिरा।
यदनिच्चेन तयो वुत्ता, ते ते अज्झत्तबाहिरा ति॥

---

**इस अनित्यवर्ग में ये १२ सूत्र व्याख्यात हैं**—१. अध्यात्म अनित्यसूत्र, २. अध्यात्म दुःखसूत्र, ३. अध्यात्म अनात्मसूत्र; ४. बाह्य अनित्यसूत्र, ५. बाह्य दुःखसूत्र, ६. बाह्य अनात्मसूत्र; ७. अध्यात्मअतीत अनागतसूत्र, ८. अध्यात्म दुःख अतीतअनागतसूत्र, ९. अध्यात्म अनात्मअतीतअनागतसूत्र; १०. बाह्य अनित्य अतीत अनागतसूत्र, ११. बाह्य दुःख अतीत अनागतसूत्र एवं १२. बाह्य अनात्म अतीत अनागतसूत्र॥

## २. यमकवग्गो दुतियो

### १३. पठमपुब्बेसम्बोधसुत्तं

१३. सावत्थिनिदानं। ''पुब्बेव मे, भिक्खवे, सम्बोधा अनभिसम्बुद्धस्स [B.241] बोधिसत्तस्सेव सतो एतदहोसि—'को नु खो चक्खुस्स अस्सादो, को आदीनवो, [R.7] किं निस्सरणं? को सोतस्स...पे०...को घानस्स...को जिव्हाय...को कायस्स...को मनस्स अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं ति? तस्स मय्हं, भिक्खवे, एतदहोसि—'यं खो चक्खुं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं चक्खुस्स अस्सादो। यं [N.8] चक्खुं अनिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, अयं चक्खुस्स आदीनवो। यो चक्खुस्मिं छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं चक्खुस्स निस्सरणं। यं सोतं...पे०...यं घानं ...पे०...यं जिव्हं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं जिव्हाय अस्सादो। यं जिव्हा अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा, अयं जिव्हाय आदीनवो। यो जिव्हाय छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं जिव्हाय निस्सरणं। यं कायं...पे०...यं मनं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं मनस्स अस्सादो। यं मनो अनिच्चो दुक्खो विपरिणामधम्मो, अयं मनस्स आदीनवो। यो मनस्मिं छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं मनस्स निस्सरणं' ति।

''यावकीवञ्चाहं, भिक्खवे, इमेसं छन्नं अज्झत्तिकानं आयतनानं एवं अस्सादं च

---

## २. यमकवर्ग द्वितीय

### १३. प्रथम पूर्वसम्बोधसूत्र : : यथार्थ ज्ञानानन्तर ही बुद्धत्वप्राप्ति-घोषणा

१३. **श्रावस्ती में ही...** । ''भिक्षुओ! जब तक मैंने सम्बोधि प्राप्त नहीं की थी, जब कि मैं बोधिसत्त्व ही था, उस से पूर्व ही मेरे ध्यान में यह जिज्ञासा उद्भूत हो गयी—'चक्षु का आस्वाद (रस), आदीनव (दोष) एवं निःसरण (त्याग) क्या है? श्रोत्र का...घ्राण का...जिह्वा का...काय का...मन का आस्वाद, आदीनव एवं निःसरण क्या है?' इस पर विचार करते करते अन्त में मुझे समझ में आ गया—'चक्षु की अपेक्षा कर जो सुख सौमनस्य उत्पन्न होता है—यह चक्षु का आस्वाद है; यह चक्षु अनित्य है, दुःखमय है, विनाशी है—यह चक्षु का आदीनव है; चक्षु में छन्दराग का कम होना, उस का प्रहाण—यह चक्षु का निःसरण है। जो श्रोत्र की...जो घ्राण की...जो रसना (जिह्वा) की...जो काय की...मन की अपेक्षा से सुख सौमनस्य की उत्पत्ति है वही मन का आस्वाद है। ...पूर्ववत्...छन्दराग का वह प्रहाण ही मन का निःसरण है।

''भिक्षुओ! जब तक मैंने इन छहों आध्यात्मिक आयतनों के आस्वाद को आस्वाद

अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं नाब्भञ्ञासिं, नेव तावाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय 'अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो' ति पच्चञ्ञासिं। यतो च ख्वाहं, भिक्खवे, इमेसं छन्नं अज्झत्तिकानं आयतनानं एवं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, अथाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय 'अनुत्तरं सम्मा-[R.8] सम्बोधिं अभिसम्बुद्धो' ति पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो''' ति॥ •

## १४. दुतियपुब्बेसम्बोधसुत्तं

[B.242] १४. ''पुब्बेव मे, भिक्खवे, सम्बोधा अनभिसम्बुद्धस्स बोधिसत्तस्सेव सतो एतदहोसि—'को नु खो रूपानं अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं? को सद्दानं...पे०...को गन्धानं...को रसानं...को फोट्ठब्बानं...को धम्मानं अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं ति? तस्स मय्हं, भिक्खवे, एतदहोसि—'यं खो रूपे पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं रूपानं अस्सादो। यं रूपा अनिच्चा दुक्खा विपरिणाम-[N.9] धम्मा, अयं रूपानं आदीनवो। यो रूपेसु छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं रूपानं निस्सरणं। यं सद्दे...गन्धे...रसे...फोट्ठब्बे...यं धम्मे पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं धम्मानं अस्सादो। यं धम्मा अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा, अयं धम्मानं आदीनवो। यो धम्मेसु छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं धम्मानं निस्सरणं' ति।

''यावकीवञ्चाहं, भिक्खवे, इमेसं छन्नं बाहिरानं आयतनानं एवं अस्सादं च

---

के रूप में, आदीनव को आदीनव के रूप में तथा निःसरण को निःसरण के रूप में यथार्थतः नहीं जान लिया, तब तक मैंने देवलोकसहित इस सम्पूर्ण देवमनुष्य प्रजा के सम्मुख अपने विषय में यह घोषित नहीं किया कि मैंने सम्बोधि प्राप्त कर ली है। हाँ, जब मैंने इन छहों आयतनों के विषय में...यथार्थतः जान लिया तब मैंने...सम्मुख अपनी सम्बोधिप्राप्ति निःसङ्कोच घोषित कर दी। तब मुझे यह ज्ञान-दर्शन हो चुका था—'मेरे चित्त की (दोषों से) विमुक्ति हो गयी, यह मेरा अन्तिम जन्म है, अब मेरा पुनर्जन्म नहीं होगा॥'' •

**१४. द्वितीय पूर्वसम्बोधसूत्र : : यथार्थ ज्ञानानन्तर बुद्धत्व की घोषणा**

१४. ...''भिक्षुओ! जब तक मैंने सम्बोधि प्राप्त नहीं की थी.. पूर्ववत्...अब मेरा

अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं नाब्भञ्ञासिं, नेव तावाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय 'अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो' ति पच्चञ्ञासिं। यतो च ख्वाहं, भिक्खवे, इमेसं छन्नं बाहिरानं आयतनानं एवं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञासिं, अथाहं, भिक्खवे, सदेवके लोके समारके सब्रह्मके सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय 'अनुत्तरं सम्मासम्बोधिं अभिसम्बुद्धो' ति पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो''' ति॥

## १५. पठमअस्सादपरियेसनसुत्तं

१५. ''चक्खुस्साहं, भिक्खवे, अस्सादपरियेसनं अचरिं। यो चक्खुस्स अस्सादो तदज्झगमं। यावता चक्खुस्स अस्सादो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। चक्खुस्साहं, भिक्खवे, आदीनवपरियेसनं अचरिं। यो चक्खुस्स आदीनवो तदज्झगमं। यावता चक्खुस्स [R.9] आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। चक्खुस्साहं, भिक्खवे, निस्सरणपरियेसनं अचरिं। यं चक्खुस्स निस्सरणं तदज्झगमं। यावता चक्खुस्स निस्सरणं पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं।

सोतस्साहं, भिक्खवे...घानस्साहं, भिक्खवे...जिव्हायाहं भिक्खवे, [B.243] अस्सादपरियेसनं अचरिं। यो जिव्हाय अस्सादो तदज्झगमं। यावता जिव्हाय अस्सादो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। जिव्हायाहं, भिक्खवे, आदीनवपरियेसनं अचरिं। यो जिव्हाय आदीनवो तदज्झगमं। यावता जिव्हाय आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। जिव्हायाहं,

---

पुनर्जन्म नहीं होगा॥'' *(ऊपर के सूत्र में चक्षु आदि इन्द्रियों के स्थान पर उनके रूप आदि विषयों को क्रमशः रख कर इस सूत्र का विस्तार कर लें।)*

**१५. प्रथम आस्वादपर्येषणसूत्र : : आस्वाद की खोज**

१५. ...''भिक्षुओ! मैंने चक्षु के आस्वाद को जानने का प्रयास किया। प्रयास कर मैंने उस को जान लिया। जो कुछ भी इस चक्षु के आस्वाद के विषय में ज्ञातव्य था, वह सब मैंने प्रज्ञापूर्वक देख लिया, समझ लिया। इसी तरह, भिक्षुओ! मैंने चक्षु का आदीनव खोजने का प्रयास किया। इस चक्षु के आदीनव के विषय में जो कुछ भी ज्ञातव्य था, मैंने प्रज्ञापूर्वक देख, समझ लिया। तथा इस चक्षु के निःसरण के विषय में जो कुछ भी ज्ञातव्य (जानने योग्य) था, उसे खोजने का प्रयास किया, उसे प्रज्ञापूर्वक देख लिया, समझ लिया।

इसी तरह, भिक्षुओ! मैंने श्रोत्र के...घ्राण के...जिह्वा के...काय के...मन के आस्वाद...

भिक्खवे, निस्सरणपरियेसनं अचरिं। यं जिव्हाय निस्सरणं तदज्झगमं। यावता जिव्हाय निस्सरणं, पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं...पे०...मनस्साहं, भिक्खवे, अस्सादपरियेसनं अचरिं। [N.10] यो मनस्स अस्सादो तदज्झगमं। यावता मनस्स अस्सादो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। मनस्साहं, भिक्खवे, आदीनवपरियेसनं अचरिं। यो मनस्स आदीनवो तदज्झगमं। यावता मनस्स आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। मनस्साहं, भिक्खवे, निस्सरण-परियेसनं अचरिं। यं मनस्स निस्सरणं तदज्झगमं। यावता मनस्स निस्सरणं, पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं।

''यावकीवञ्चाहं, भिक्खवे, इमेसं छन्नं अज्झत्तिकानं आयतनानं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं नाब्भञ्ञासिं ...पे०...पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा मे विमुत्ति, अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो''' ति॥ •

## १६. दुतियअस्सादपरियेसनसुत्तं

१६. ''रूपानाहं, भिक्खवे, अस्सादपरियेसनं अचरिं। यो रूपानं अस्सादो तदज्झगमं। यावता रूपानं अस्सादो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। रूपानाहं, भिक्खवे, [R.10] आदीनवपरियेसनं अचरिं। यो रूपानं आदीनवो तदज्झगमं। यावता रूपानं आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। रूपानाहं, भिक्खवे, निस्सरणपरियेसनं अचरिं। यं रूपानं निस्सरणं तदज्झगमं। यावता रूपानं निस्सरणं पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं। सद्दानाहं, भिक्खवे...गन्धानाहं, भिक्खवे...रसानाहं, भिक्खवे...फोट्ठब्बानाहं, भिक्खवे...धम्मा-नाहं, भिक्खवे, अस्सादपरियेसनं अचरिं। यो धम्मानं अस्सादो तदज्झगमं। यावता धम्मानं अस्सादो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। धम्मानाहं, भिक्खवे, आदीनवपरियेसनं

---

आदीनव...नि:सरण के विषय में खोज की। जितना भी उस के विषय में ज्ञातव्य था, वह सब प्रज्ञापूर्वक जान लिया, देख लिया।

''परन्तु, भिक्षुओ! जब तक इन छह आध्यात्मिक आयतनों का...प्रज्ञापूर्वक यथार्थत: ज्ञान प्राप्त नहीं कर लिया...पूर्वसूत्रवत्...मैंने अपनी बुद्धत्वप्राप्ति के विषय में कोई घोषणा नहीं की। तथा जब...तब घोषणा कर दी; क्यों कि तब मैं यह भी जान चुका था—'यह मेरा अन्तिम जन्म है, अब मेरा पुनर्जन्म नहीं होगा॥ •

**१६. द्वितीय आस्वादपर्येषणसूत्र : : आस्वाद की खोज**

१६. ...''भिक्षुओ! इसी तरह मैंने रूपों के आस्वाद के विषय में खोज की। रूपों के आस्वाद की...आदीनव की...नि:सरण की खोज की। जितना भी उस के विषय में

अच्चरिं। यो धम्मानं आदीनवो तदज्झगमं। यावता धम्मानं आदीनवो पञ्ञाय मे सो सुदिट्ठो। धम्मानाहं, भिक्खवे, निस्सरणपरियेसनं अचरिं। यं धम्मानं निस्सरणं तदज्झगमं। यावता धम्मानं निस्सरणं, पञ्ञाय मे तं सुदिट्ठं। [B.244]

''यावकीवञ्चाहं, भिक्खवे, इमेसं छन्नं बाहिरानं आयतनानं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं नाब्भञ्ञासिं ...पे०...पच्चञ्ञासिं। ञाणं च पन मे दस्सनं उदपादि—'अकुप्पा मे विमुत्ति, [N.11] अयमन्तिमा जाति, नत्थि दानि पुनब्भवो''' ति॥

## १७. पठमनोचेअस्सादसुत्तं

१७. ''नो चेदं, भिक्खवे, चक्खुस्स अस्सादो अभविस्स, न यिदं सत्ता चक्खुस्मिं सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि चक्खुस्स अस्सादो तस्मा सत्ता चक्खुस्मिं सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, चक्खुस्स आदीनवो अभविस्स, न यिदं सत्ता चक्खुस्मिं निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि चक्खुस्स आदीनवो तस्मा सत्ता चक्खुस्मिं निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, चक्खुस्स निस्सरणं अभविस्स, न यिदं सत्ता चक्खुस्मा निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि चक्खुस्स निस्सरणं तस्मा सत्ता चक्खुस्मा निस्सरन्ति।

नो चेदं, भिक्खवे, सोतस्स अस्सादो अभविस्स...नो चेदं, भिक्खवे, घानस्स

---

ज्ञातव्य था, उस सब को जाना, समझा। शब्दों के, गन्धों के, रसों के, स्प्रष्टव्यों के, धर्मों के विषय में खोज की...पूर्ववत्...। उस के विषय में प्रज्ञा से यथार्थ जान लिया।

''परन्तु, भिक्षुओ ! जब तक इन छह बाह्य आयतनों का...प्रज्ञापूर्वक यथार्थतः ज्ञान प्राप्त नहीं कर लिया...पूर्वसूत्रवत्...मैने अपनी बुद्धत्वप्राप्ति की घोषणा नहीं की। तथा जब...तब मैंने घोषणा की; क्यों कि तब मैं यह भी जान चुका था—'यह मेरा अन्तिम जन्म है, अब मेरा पुनर्जन्म नहीं होगा॥''

**१७. प्रथम न चेदास्वादसूत्र : : आस्वाद के ही कारण आसक्ति**

१७. ...''भिक्षुओ ! यदि किसी का चक्षु के प्रति यह आस्वाद न होता तो उस की इस चक्षु में आसक्ति न होती। क्यों कि, भिक्षुओ ! चक्षु के प्रति उन का आस्वाद होता है अतः वे प्राणी चक्षु के प्रति आसक्त होते रहते हैं। उधर यह बात भी यथार्थ है कि यदि चक्षु में आदीनव न होता तो किसी की भी इस के प्रति अरुचि न होती। इसी तरह चक्षु में यदि निःसरण न होता तो कोई भी इस चक्षु का त्याग न करता। क्यों कि, भिक्षुओ ! चक्षु के त्याग का उपाय है, अतः प्राणी चक्षु से त्याग कर देते हैं।

''भिक्षुओ ! यदि श्रोत्र का आस्वाद...घ्राण का आस्वाद...जिह्वा का आस्वाद...काय

[R.11] अस्सादो अभविस्स...नो चेदं, भिक्खवे, जिव्हाय अस्सादो अभविस्स, न यिदं सत्ता जिव्हाय सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि जिव्हाय अस्सादो तस्मा सत्ता जिव्हाय सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, जिव्हाय आदीनवो अभविस्स, न यिदं सत्ता जिव्हाय निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि जिव्हाय आदीनवो तस्मा सत्ता जिव्हाय निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, जिव्हाय निस्सरणं अभविस्स, न यिदं सत्ता जिव्हाय निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि जिव्हाय निस्सरणं तस्मा सत्ता जिव्हाय निस्सरन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, कायस्स अस्सादो अभविस्स...नो चेदं, भिक्खवे, मनस्स अस्सादो अभविस्स, न यिदं सत्ता मनस्मिं सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि मनस्स अस्सादो तस्मा सत्ता मनस्मिं सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, मनस्स आदीनवो अभविस्स, न यिदं सत्ता मनस्मिं निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि मनस्स आदीनवो तस्मा सत्ता मनस्मिं निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, मनस्स निस्सरणं अभविस्स, न यिदं सत्ता मनस्मा निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि मनस्स निस्सरणं तस्मा सत्ता मनस्मा निस्सरन्ति।

[B.245] ''यावकीवञ्च, भिक्खवे, सत्ता इमेसं छन्नं अज्झत्तिकानं आयतनानं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं नाब्भञ्ञंसु, नेव [N.12] ताव, भिक्खवे, सत्ता सदेवका लोका समारका सब्रह्मका सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय निस्सटा विसञ्ञुत्ता विप्पमुत्ता विमरियादीकतेन चेतसा विहरिंसु। यतो च खो, भिक्खवे, सत्ता इमेसं छन्नं अज्झत्तिकानं आयतनानं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञंसु, अथ, भिक्खवे, सत्ता [R.12] सदेवका लोका समारका सब्रह्मका सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय निस्सटा विसञ्ञुत्ता विप्पमुत्ता विमरियादीकतेन चेतसा विहरन्ती'' ति॥ ●

---

का आस्वाद...मन का आस्वाद न होता...पूर्ववत्। क्यों कि, भिक्षुओ! मन से मोक्ष का उपाय है, अत: प्राणी मन का त्याग कर देते हैं।

''भिक्षुओ! जब तक प्राणियों ने इन छह आयतनों के आस्वाद को आस्वाद से नहीं जान लिया, तब तक देवमनुष्यों सहित सकल लोकधातुओं की श्रमणब्राह्मणों सहित प्रजाओं ने इन में आसक्त हो कर खुले हृदय से इन के आस्वाद में मन लगाया। तब जब उस...श्रमणब्राह्मणों ने इन छह आयतनों के आस्वाद को आस्वाद से जान लिया तब उन्होंने इन आयतनों का त्याग करने में अपना मन लगाया॥'' ●

## १८. दुतियनोचेअस्सादसुत्तं

१८. "नो चेदं, भिक्खवे, रूपानं अस्सादो अभविस्स, न यिदं सत्ता रूपेसु सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि रूपानं अस्सादो तस्मा सत्ता रूपेसु सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, रूपानं आदीनवो अभविस्स, न यिदं सत्ता रूपेसु निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि रूपानं आदीनवो तस्मा सत्ता रूपेसु निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, रूपानं निस्सरणं अभविस्स, न यिदं सत्ता रूपेहि निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि रूपानं निस्सरणं तस्मा सत्ता रूपेहि निस्सरन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, सद्दानं...गन्धानं...रसानं...फोट्ठब्बानं...धम्मानं अस्सादो अभविस्स, न यिदं सत्ता धम्मेसु सारज्जेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि धम्मानं अस्सादो तस्मा सत्ता धम्मेसु सारज्जन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, धम्मानं आदीनवो अभविस्स, न यिदं सत्ता धम्मेसु निब्बिन्देय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि धम्मानं आदीनवो तस्मा सत्ता धम्मेसु निब्बिन्दन्ति। नो चेदं, भिक्खवे, धम्मानं निस्सरणं अभविस्स, न यिदं सत्ता धम्मेहि निस्सरेय्युं। यस्मा च खो, भिक्खवे, अत्थि धम्मानं निस्सरणं तस्मा सत्ता धम्मेहि निस्सरन्ति।

"यावकीवञ्च, भिक्खवे, सत्ता इमेसं छन्नं बाहिरानं आयतनानं अस्सादं च अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं नाब्भञ्ञंसु, नेव ताव, भिक्खवे, सत्ता सदेवका लोका समारका सब्रह्मका सस्समणब्राह्मणिया [R.13] पजाय सदेवमनुस्साय निस्सटा विसञ्ञुत्ता विप्पमुत्ता विमरियादीकतेन चेतसा [B.246] विहरिंसु। यतो च खो, भिक्खवे, सत्ता इमेसं छन्नं बाहिरानं आयतनानं अस्सादं च [N.13] अस्सादतो, आदीनवं च आदीनवतो, निस्सरणं च निस्सरणतो यथाभूतं अब्भञ्ञंसु, अथ, भिक्खवे, सत्ता सदेवका लोका समारका सब्रह्मका सस्समणब्राह्मणिया पजाय सदेवमनुस्साय निस्सटा विसञ्ञुत्ता विप्पमुत्ता विमरियादीकतेन चेतसा विहरन्ती" ति॥

## १९. पठमाभिनन्दसुत्तं

१९. यो, भिक्खवे, चक्खुं अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं

---

**१८. द्वितीय नचेदास्वादसूत्र : : आयतनों के आस्वाद के ही कारण आसक्ति**

१८. "यदि, भिक्षुओ! रूपों में आस्वाद न होता तो प्राणी इन रूपों में आसक्त न होते ...पूर्वसूत्रवत्...इन आयतनों का त्याग करने में अपना मन लगाया।" *(पूर्वसूत्र में पठित इन्द्रियों के स्थान पर उन के रूप आदि विषय रख कर इस सूत्र का विस्तार कर लें।)*●

अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो सोतं...पे०...यो घानं...पे०...यो जिव्हं अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो कायं...पे०...यो मनं अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि।

''यो च खो, भिक्खवे, चक्खुं नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो सोतं...पे०...यो घानं...पे०...यो जिव्हं नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो कायं...पे०...यो मनं नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि''॥ •

## २०. दुतियाभिनन्दसुत्तं

२०. ''यो, भिक्खवे, रूपे अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो सद्दे...पे०...गन्धे...रसे... फोट्ठब्बे...धम्मे अभिनन्दति, दुक्खं सो अभिनन्दति। यो दुक्खं अभिनन्दति, अपरिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि।

[R.14] ''यो च खो, भिक्खवे, रूपे नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं

---

**१९. प्रथम अभिनन्दनसूत्र : : आयतनों के अभिनन्दी की दुःख से मुक्ति नहीं**

१९. ...''भिक्षुओ! जो चक्षु का अभिनन्दन करता है वह वस्तुतः दुःख का ही अभिनन्दन करता है। तथा जो इस दुःख का अभिनन्दन करता है वह इस दुःख से कभी मुक्ति नहीं पा सकता—ऐसा मेरा मानना है। जो श्रोत्र का...घ्राण का...जिह्वा का...काय का...मन का अभिनन्दन करता है वह वस्तुतः दुःख का ही अभिनन्दन करता है। 'इस दुःख का अभिनन्दन करनेवाले की कभी मुक्ति नहीं हो सकती'—ऐसा मेरा मानना है। परन्तु जो चक्षु का...श्रोत्र का...घ्राण का...जिह्वा का...काय का...मन का अभिनन्दन नहीं करता, वह मानो दुःख का अभिनन्दन नहीं करता। ऐसे दुःख के अनभिनन्दी प्राणी की इस दुःख से अवश्य मुक्ति हो जाती है—ऐसा मेरा मानना है॥'' •

**२०. द्वितीय अभिनन्दनसूत्र : : आयतनों के अभिनन्दी की दुःख से मुक्ति नहीं**

२०. ...''भिक्षुओ! जो रूप में अभिनन्दन (राग) करता है...गन्ध में...रस में...स्प्रष्टव्य में...धर्मों में अभिनन्दन (राग) करता है, उस का दुःख से मुक्त होना असम्भव है—ऐसी मेरी मान्यता है।

नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि। यो सद्दे...पे०...गन्धे...रसे...फोट्ठब्बे... धम्मे नाभिनन्दति, दुक्खं सो नाभिनन्दति। यो दुक्खं नाभिनन्दति, परिमुत्तो सो दुक्खस्मा ति वदामि।''॥ ●

## २१. पठमदुक्खुप्पादसुत्तं

२१. ''यो, भिक्खवे, चक्खुस्स उप्पादो ठिति अभिनिब्बत्ति [N.14, B.247] पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो, रोगानं ठिति, जरामरणस्स पातुभावो। यो सोतस्स ...पे०...यो घानस्स...यो जिव्हाय...यो कायस्स...यो मनस्स उप्पादो ठिति अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो, रोगानं ठिति, जरामरणस्स पातुभावो।

''यो च खो भिक्खवे, चक्खुस्स निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो, रोगानं वूपसमो, जरामरणस्स अत्थङ्गमो। यो सोतस्स...यो घानस्स...यो जिव्हाय...यो कायस्स...यो मनस्स निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो, रोगानं वूपसमो, जरामरणस्स अत्थङ्गमो'' ति॥ ●

## २२. दुतियदुक्खुप्पादसुत्तं

२२. ''यो, भिक्खवे, रूपानं उप्पादो ठिति अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो, रोगानं ठिति, जरामरणस्स पातुभावो। यो सद्दानं...पे०...यो गन्धानं...यो रसानं...यो फोट्ठब्बानं...यो धम्मानं उप्पादो ठिति अभिनिब्बत्ति पातुभावो, दुक्खस्सेसो उप्पादो, रोगानं ठिति, जरामरणस्स पातुभावो।

---

''परन्तु, भिक्षुओ! जो रूप में अभिनन्दन नहीं करता...गन्ध में...रस में...स्प्रष्टव्य में...धर्मों में अभिनन्दन नहीं करता वह निश्चय ही एक दिन दुःख से छुटकारा पा जाता है—ऐसा मेरा मानना है॥'' ●

**२१. प्रथम दुःखोत्पादसूत्र : : यह उत्पाद ही दुःख है**

२१. ...''भिक्षुओ! जो यह चक्षु का उत्पाद है, स्थिति है, अभिनिर्वृति (उद्भव) है, प्रादुर्भाव है यही (वस्तुतः) दुःख का उत्पाद है, रोगों की स्थिति (ठहराव) है तथा जरा एवं मरण का प्रादुर्भाव है। जो यह श्रोत्र का...घ्राण का...जिह्वा का...काय का...मन का उत्पाद है...पूर्ववत्...मरण का प्रादुर्भाव है।

''परन्तु, भिक्षुओ! चक्षु का जो निरोध है, व्युपशम (शमन) है, अस्त गमन (नाश) है वही वस्तुतः इस दुःख का निरोध है, रोगों का उपशमन है, तथा जरामरण का नाश है। जो श्रोत्र का...पूर्ववत्...मन का निरोध है...वह दुःख का ही निरोध है, रोगों का शमन तथा जरामरण का नाश है॥'' ●

"यो च खो भिक्खवे, रूपानं निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो, [R.15] रोगानं वूपसमो, जरामरणस्स अत्थङ्गमो। यो सद्दानं...पे०...यो गन्धानं...यो रसानं...यो फोट्ठब्बानं...यो धम्मानं निरोधो वूपसमो अत्थङ्गमो, दुक्खस्सेसो निरोधो, रोगानं वूपसमो, जरामरणस्स अत्थङ्गमो" ति॥ •

यमकवग्गो दुतियो॥

**तस्सुद्दानं**

सम्बोधेन दुवे वुत्ता, अस्सादेन अपरे दुवे।
नो चेतेन दुवे वुत्ता, अभिनन्देन अपरे दुवे।
उप्पादेन दुवे वुत्ता, वग्गो तेन पवुच्चती ति॥ •

---

**२२. द्वितीय दुःखोत्पादसूत्र : : यह उत्पाद ही दुःख है**

२२. ..."भिक्षुओ! रूपों का उत्पाद स्थिति, उद्भव एवं प्रादुर्भाव ही दुःख का उत्पाद, रोगों की स्थिति एवं जरामरण का प्रादुर्भाव है। शब्द...गन्ध...रस...स्प्रष्टव्य...धर्मों का निरोध ही दुःख का उत्पाद एवं प्रादुर्भाव है।

"तथा भिक्षुओ! रूप, शब्द, गन्ध, रस, स्प्रष्टव्य एवं धर्मों का निरोध ही दुःख का निरोध है, रोगों का शमन है, तथा जरामरण का अस्तगमन है"॥ •

**यमकवर्ग द्वितीय सम्पन्न॥**

**इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—** १. प्रथम पूर्वसम्बोध, २. द्वितीय पूर्वसम्बोध, ३. प्रथम आस्वादपर्येषण, ४. द्वितीय आस्वादपर्येषणसूत्र, ५. प्रथम नचेदास्वादसूत्र, ६. द्वितीय नचेदास्वादसूत्र, ७. प्रथम अभिनन्दनसूत्र, ८. द्वितीय अभिनन्दनसूत्र, ९. प्रथम दुःखोत्पादसूत्र, एवं १०. द्वितीय दुःखोत्पादसूत्र॥ •

## २३. सब्बसुत्तं

२३. सावत्थिनिदानं। "सब्बं वो, भिक्खवे, देसेस्सामि। तं [N.15, B.248] सुणाथ। किञ्च, भिक्खवे, सब्बं? चक्खुं चेव रूपा च, सोतं च सद्दा च, घानं च गन्धा च, जिव्हा च रसा च, कायो च फोट्ठब्बा च, मनो च धम्मा च—इदं वुच्चति, भिक्खवे, सब्बं। यो, भिक्खवे, एवं वदेय्य—'अहमेतं सब्बं पच्चक्खाय अञ्ञं सब्बं पञ्ञापेस्सामी' ति, तस्स वाचावत्थुकमेवस्स; पुट्ठो च न सम्पायेय्य, उत्तरिं च विघातं आपज्जेय्य। तं किस्स हेतु? यथा तं, भिक्खवे, अविसयस्मिं" ति॥ ●

## २४. पहानसुत्तं

२४. "सब्बप्पहानाय वो, भिक्खवे, धम्मं देसेस्सामि। तं सुणाथ। कतमो च, भिक्खवे, सब्बप्पहानाय धम्मो? चक्खुं, भिक्खवे, पहातब्बं, रूपा पहातब्बा, चक्खुविञ्ञाणं पहातब्बं, चक्खुसम्फस्सो पहातब्बो, यम्पिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि पहातब्बं...पे०...जिव्हा [R.16] पहातब्बा, रसा पहातब्बा, जिव्हाविञ्ञाणं पहातब्बं, जिव्हासम्फस्सो पहातब्बो, यम्पिदं जिव्हासम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि पहातब्बं। कायो पहातब्बो...मनो पहातब्बो, धम्मा पहातब्बा, मनोविञ्ञाणं पहातब्बं,

---

## ३. तृतीय सर्ववर्गसूत्र

**२३. सर्वसूत्र : : 'सर्व' किसे कहते हैं?**

२३. **श्रावस्ती में** ही। "भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें 'सर्व' का उपदेश करूँगा, उसे तुम ध्यानपूर्वक सुनो। भिक्षुओ! यह 'सर्व' क्या है? चक्षु और (उस का विषय) रूप, श्रोत्र और शब्द, घ्राण एवं गन्ध, जिह्वा एवं रस, काय एवं स्प्रष्टव्य तथा मन एवं (उस के विषय) धर्म—भिक्षुओ! यह कहलाता है 'सर्व'।

"जो, भिक्षुओ! ऐसा कहे—'मैं इस सर्व का प्रत्याख्यान कर अन्य किसी सर्व का प्रज्ञापन करूँगा', वह उस का वाग्विलास मात्र (वाचावत्थुक=वाग्वस्तु=कथनमात्र) है। पूछने पर वह इस विषय में कुछ बता न सकेगा। तथा आगे चल कर (संवाद में) वह स्वयं अपने वाग्जाल में फँस जायगा। वह क्यों? क्यों कि, भिक्षुओ! यह बात अनहोनी (अविषय) है॥" ●

**२४. प्रहाणसूत्र : : सर्व त्याग के योग्य**

२४. ..."भिक्षुओ! मैं तुम्हें इस सर्वप्रहाण के लिये धर्मोपाय बताऊँगा। उसे तुम लोग ध्यानपूर्वक सुनो। भिक्षुओ! इस सर्वप्रहाण के लिये कौन धर्म है? भिक्षुओ! चक्षु का, रूप का, चक्षुर्विज्ञान का, चक्षुःसंस्पर्श का, यहाँ तक कि इस चक्षुःसंस्पर्श से उत्पन्न

मनोसम्फस्सो पहातब्बो, यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि पहातब्बं। अयं खो, भिक्खवे, सब्बप्पहानाय धम्मो'' ति॥●

## २५. अभिञ्ञापरिञ्ञापहानसुत्तं

२५. ''सब्बं अभिञ्ञा परिञ्ञा पहानाय वो, भिक्खवे, धम्मं देसेस्सामि। तं सुणाथ। कतमो च, भिक्खवे, सब्बं अभिञ्ञा परिञ्ञा पहानाय धम्मो? चक्खुं, भिक्खवे, अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं, रूपा अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बा, चक्खु-
[B.249] विञ्ञाणं अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं, चक्खुसम्फस्सो अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बो, यम्पिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा
[N.16] अदुक्खमसुखं वा, तं पि अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं...पे०...जिव्हा अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बा, रसा अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बा, जिव्हाविञ्ञाणं अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं, जिव्हासम्फस्सो अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बो, यम्पिदं जिव्हासम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं। कायो अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बो...मनो अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बो, धम्मा अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बा, मनोविञ्ञाणं अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं, मनोसम्फस्सो
[R.17] अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बो। यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि अभिञ्ञा परिञ्ञा पहातब्बं। अयं खो, भिक्खवे, सब्बं अभिञ्ञा परिञ्ञा पहानाय धम्मो'' ति॥ ●

---

होने वाला जो भी अनुभूत सुख दुःख या अदुःख असुख है—इन सब का प्रहाण करना चाहिये। श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन, मनोविज्ञान, मनःसंस्पर्श तथा इस मनःसंस्पर्श से उद्भूत होने वाला सुख दुःख या अदुःख असुख—इन सब का प्रहाण करना चाहिये। भिक्षुओ! यही सर्वप्रहाण के लिये धर्मोपाय है॥'' ●

**२५. अभिज्ञापरिज्ञाप्रहाणसूत्र : : जान बूझ कर सर्व त्यागयोग्य**

२५. ...''भिक्षुओ! मैं तुम्हें सभी प्रकार के विशिष्ट ज्ञान (अभिज्ञा) एवं स्थिर ज्ञान (परिज्ञा) के प्रहाणहेतु धर्मोपाय की देशना करूँगा। उसे सुनो। भिक्षुओ! यह सब अभिज्ञा एवं परिज्ञा धर्म क्या होते हैं? भिक्षुओ! यह चक्षु, यह रूप, यह चक्षुर्विज्ञान, यह चक्षुःसंस्पर्श तथा चक्षुःसंस्पर्श के कारण उत्पन्न अनुभूत सुख दुःख या अदुःख असुख—सभी कुछ अभिज्ञा-परिज्ञा धर्म हैं, इन का प्रहाण (त्याग) करो।...पूर्ववत्...जिह्वा...काय... मन, मनोविज्ञान, मनःसंस्पर्श तथा इस मनःसंस्पर्श से उत्पन्न अनुभूत सुख दुःख या अदुःख असुख—ये सब अभिज्ञा-परिज्ञा धर्म हैं, इन सब का प्रहाण करो। भिक्षुओ! इसे कहते हैं—सर्व अभिज्ञापरिज्ञा धर्म, जिन का प्रहाण आवश्यक है॥'' ●

## २६. पठमअपरिजाननसुत्तं

''आयुष्मन् सारिपुत्र! ऐसा नहीं है कि मुझे अनुकूल पथ्य, अनुकूल ओषधियाँ तथा अनुकूल परिचर्या नहीं मिल रही है। सब कुछ अनुकूल है; परन्तु शास्ता मुझे अत्यधिक प्रिय हैं, मैं स्वस्थ रह कर उन की अधिक से अधिक सेवा करना चाहता हूँ। प्रत्येक शिष्य का यही कर्तव्य भी होता है। यह क्या हुआ कि हमारे रुग्ण होने के कारण, उलट कर, शास्ता को ही हमारी परिचर्या का निरन्तर ध्यान रखना पड़े। अत: मैं, स्वयं पर से यह कलङ्क हटाने के लिये, अब शस्त्र का ही सहारा लूँगा। आयुष्मन् सारिपुत्र! आप मेरा यह दृढ़ निश्चय समझ लें।''

''आयुष्मन् छन्न! हम इस प्रसङ्ग में तुम से कुछ प्रश्न करना चाहते हैं, यदि कहो तो हम ऐसा करें?''

''हाँ, पूछिये। यदि मेरी समझ में आयगा तो उत्तर भी दूँगा।''

''आयुष्मन् छन्न! आप चक्षु, चक्षुर्विज्ञान या चक्षुर्विज्ञानविज्ञेय धर्म के विषय में 'यह मेरा है', 'यह मैं हूँ', या 'यह मेरी आत्मा है'—ऐसा मानते हो? आयुष्मन् छन्न! जिह्वा...काय...मन...के विषय में भी ऐसा मानते हो?''

"चक्खुं, आवुसो सारिपुत्त, चक्खुविञ्ञाणं चक्खुविञ्ञाणविञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्सामि...पे०...जिव्हं, आवुसो सारिपुत्त, जिव्हाविञ्ञाणं जिव्हाविञ्ञाणविञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्सासि...पे०...मनं, आवुसो सारिपुत्त, मनोविञ्ञाणं मनोविञ्ञाणविञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्सामी" ति।

"चक्खुस्मिं, आवुसो छन्न, चक्खुविञ्ञाणे चक्खुविञ्ञाणविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु किं दिस्वा किं अभिञ्ञाय चक्खुं चक्खुविञ्ञाणं चक्खुविञ्ञाणविञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्ससि...पे०...जिव्हाय, आवुसो छन्न, जिव्हाविञ्ञाणे जिव्हाविञ्ञाणविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु किं दिस्वा किं अभिञ्ञाय जिव्हं जिव्हाविञ्ञाणं जिव्हाविञ्ञाणविञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्ससि? मनस्मिं, आवुसो छन्न, मनोविञ्ञाणे मनोविञ्ञाणविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु किं दिस्वा किं अभिञ्ञाय मनं मनोविञ्ञाणं मनोविञ्ञाणविञ्ञातब्बे [N.55] धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्ससी" ति?

"चक्खुस्मिं, आवुसो सारिपुत्त, चक्खुविञ्ञाणे चक्खुविञ्ञाणविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु निरोध दिस्वा निरोधं अभिञ्ञाय चक्खुं चक्खुविञ्ञाणं चक्खुविञ्ञाण-विञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्सामि...पे०... जिव्हाय, आवुसो सारिपुत्त, जिव्हाविञ्ञाणे जिव्हाविञ्ञाणविञ्ञातब्बेसु [B.284] धम्मेसु निरोध दिस्वा निरोधं अभिञ्ञाय जिव्हं जिव्हाविञ्ञाणं जिव्हाविञ्ञाण-विञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, [R.59] नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्सामि ...पे०...मनस्मिं, आवुसो सारिपुत्त, मनोविञ्ञाणे मनोविञ्ञाणविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु निरोधं दिस्वा निरोधं अभिञ्ञाय मनं मनोविञ्ञाणं मनोविञ्ञाणविञ्ञातब्बे धम्मे 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति समनुपस्सामी" ति।

---

"हाँ! आयुष्मन् सारिपुत्र! मैं इन चक्षु...पूर्ववत्...मन...के विषय में ऐसा ही मानता हूँ।"

"आयुष्मन् छन्न! आप इन चक्षु...पूर्ववत्...मन...के विषय में क्या विशेषता देख कर ऐसा मानते हो?

"आयुष्मन् सारिपुत्र! मैं इन चक्षु...पूर्ववत्...मन के विषय में 'निरोध' को देख कर, 'निरोध' को जान कर 'ये मेरे नहीं हैं', 'ये मैं नहीं हूँ', या 'ये मेरी आत्मा नहीं है'— ऐसा मानता हूँ।

एवं वुत्ते, आयस्मा महाचुन्दो आयस्मन्तं छन्नं एतदवोच—"तस्मातिह, आवुसो छन्न, इदं पि तस्स भगवतो सासनं निच्चकप्पं साधुकं मनसि कातब्बं—'निस्सितस्स चलितं, अनिस्सितस्स चलितं नत्थि। चलिते असति पसद्धि होति। पसद्धिया सति नति न होति। नतिया असति आगतिगति न होति। आगतिगतिया असति चुतूपपातो न होति। चुतूपपाते असति नेविध न हुरं न उभयमन्तरेन। एसेवन्तो दुक्खस्सा''' ति।

अथ खो आयस्मा च सारिपुत्तो आयस्मा च महाचुन्दो आयस्मन्तं छन्नं इमिना ओवादेन ओवदित्वा उट्ठायासना पक्कमिंसु। अथ खो आयस्मा छन्नो अचिरपक्कन्तेसु तेसु आयस्मन्तेसु सत्थं आहरेसि।

अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो येन भगवा तेनुपसङ्कम; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा सारिपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—"आयस्मता, भन्ते, छन्नेन सत्थं आहरितं। तस्स का गति? को अभिसम्परायो" ति?

"ननु ते, सारिपुत्त, छन्नेन भिक्खुना सम्मुखा येव अनुपवज्जता ब्याकता" ति?

---

आयुष्मान् छन्न द्वारा ऐसा कहे जाने पर, आयुष्मान् चुन्द उन से यों बोले—"आयुष्मन् छन्न! जब आप ऐसा मान रहे हो तो आप को भगवान् का यह उपदेश भी भली भाँति ध्यान में रखना चाहिये—"आश्रित (निःश्रित) में ही स्पन्दन (गति) होता है, अनाश्रित में नहीं। चलन न होने पर प्रश्रब्धि (=शान्ति, गम्भीरता) होती है, तथा प्रश्रब्धि होने पर मन का किधर भी झुकाव (=नति) नहीं होता, ऐसा झुकाव न होने पर, साधक का अगम्य की ओर गमन नहीं हुआ करता, इस अगम्य की ओर गमन न होने से साधक के च्युति (मरण) एवं उत्पाद (जन्म) नहीं होते। यह जन्म मरण न होने पर साधक की न यहाँ, न वहाँ, न दोनों के बीच में ही कोई स्थिति रहती है। यही दुःख का अन्त (=निर्वाण) कहलाता है।"

आयुष्मान् सारिपुत्र एवं आयुष्मान् चुन्द—दोनों ही आयुष्मान् छन्न को यों अववाद (उचित परामर्श) दे कर आसन से उठ कर अपने साधनास्थल पर चले आये। उन दोनों के जाने के कुछ ही समय बाद आयुष्मान् छन्न ने अपने पर शस्त्रप्रहार कर लिया।

उधर, आयुष्मान् सारिपुत्र भगवान् के सम्मुख गये, तथा उन्हें प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। तथा उन्होंने भगवान् से यों निवेदन किया—"भन्ते! आयुष्मान् छन्न ने अपने शरीर पर शस्त्रप्रहार कर लिया। अब उस की क्या गति तथा उस का पुनर्जन्म कहाँ होगा?"

"सारिपुत्र! छन्न भिक्खु ने तुम को निर्दोषता बतायी थी?"

"अत्थि, भन्ते, पुब्बविज्जनं नाम वज्जिगामो। तत्थायस्मतो छन्नस्स [N.56] मित्तकुलानि सुहज्जकुलानि उपवज्जकुलानी" ति।

"होन्ति हेते, सारिपुत्त, छन्नस्स भिक्खुनो मित्तकुलानि सुहज्जकुलानि उपवज्जकुलानि। न खो पनाहं, सारिपुत्त, एत्तावता सउपवज्जो ति वदामि। यो खो, [R.60] सारिपुत्त, तं च कायं निक्खिपति अञ्ञं च कायं उपादियति तमहं सउपवज्जो ति वदामि। तं छन्नस्स भिक्खुनो नत्थि। 'अनुपवज्जं छन्नेन भिक्खुना सत्थं आहरितं' ति—एवमेतं, सारिपुत्त, धारेही" ति॥

## ८८. पुण्णसुत्तं

८९. अथ खो आयस्मा पुण्णो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उप-[B.285] सङ्कमित्वा...पे०...एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा पुण्णो भगवन्तं एतदवोच—"साधु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन धम्मं देसेतु, यमहं भगवतो धम्मं सुत्वा एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरेय्यं" ति।

"सन्ति खो, पुण्ण, चक्खुविञ्ञेय्या रूपा इट्ठा कन्ता मनापा पियरूपा कामूपसंहिता रजनीया। तं चे भिक्खु अभिनन्दति अभिवदति अज्झोसाय तिट्ठति, तस्स तं अभिनन्दतो अभिवदतो अज्झोसाय तिट्ठतो उप्पज्जति नन्दी। 'नन्दिसमुदया दुक्खसमुदयो, पुण्णा' ति वदामि...पे०...सन्ति खो, पुण्ण, जिव्हाविञ्ञेय्या रसा...पे०...सन्ति

---

"हाँ, भन्ते! आयुष्मान् छन्न के पुब्बविज्झन नामक वज्जिग्राम में प्रव्रज्यापूर्व के मित्रकुल, सुहृत्कुल एवं उपव्रज्य कुल रहते थे जहाँ वह आता जाता रहता था।"

"रहते होंगे, सारिपुत्र! इतने से तो मैं छन्न की सदोषता नहीं मानता। सारिपुत्र! जो एक शरीर छोड़ता है, दूसरा शरीर धारण करता है, उसी को मैं 'उपव्रज्य' मानता हूँ। अत: सारिपुत्र! 'छन्न भिक्षु ने अनुपव्रज्य रहते हुए ही अपने शरीर पर शस्त्रप्रहार किया है'—ऐसा ही तुम्हें मानना चाहिये॥"

## ८८. पूर्णसूत्र : : धर्मप्रचार की सहिष्णुता

८९. ...तब आयुष्मान् पूर्ण भगवान् के सम्मुख गये...एक ओर बैठे आयुष्मान् पूर्ण ने भगवान् से यों निवेदन किया—"अच्छा हो, भन्ते! भगवान् मुझे धर्म का ऐसा संक्षिप्त उपदेश करें जिस के सहारे मैं एकाकी होकर एकान्त में...पूर्ववत्...उत्साहपूर्वक धर्मसाधना कर सकूँ।"

"पूर्ण! चक्षुर्विज्ञेय रूप इष्ट, सुन्दर, मनोमोहक...रागोत्पादक होते हैं। यदि कोई भिक्षु उन का अभिनन्दन करता है, उन में अभिनिवेश करता है, तब उस को उन में तृष्णा उत्पन्न होती है। 'पूर्ण! इस तृष्णा से ही दु:ख की उत्पत्ति होती है'—ऐसा मेरा मानना है।

खो, पुण्ण, मनोविञ्ञेय्या धम्मा इट्ठा कन्ता मनापा पियरूपा कामूपसंहिता रजनीया। तं चे भिक्खु अभिनन्दति अभिवदति अज्झोसाय तिट्ठति, तस्स तं अभिनन्दतो अभिवदतो अज्झोसाय तिट्ठतो उप्पज्जति नन्दी। 'नन्दिसमुदया दुक्खसमुदयो, पुण्णा' ति वदामि।

"सन्ति खो, पुण्ण, चक्खुविञ्ञेय्या रूपा इट्ठा कन्ता मनापा पियरूपा कामूपसंहिता रजनीया। तं चे भिक्खु नाभिनन्दति नाभिवदति नाज्झोसाय तिट्ठति, तस्स तं अनभिनन्दतो अनभिवदतो अनज्झोसाय तिट्ठतो निरुज्झति नन्दी। 'नन्दिनिरोधा दुक्खनिरोधो, पुण्णा' ति वदामि...पे०...सन्ति खो, पुण्ण, मनोविञ्ञेय्या धम्मा इट्ठा [N.57, R.61] कन्ता मनापा पियरूपा कामूपसंहिता रजनीया। तं चे भिक्खु नाभिनन्दति नाभिवदति नाज्झोसाय तिट्ठति, तस्स तं अनभिनन्दतो अनभिवदतो अनज्झोसाय तिट्ठतो निरुज्झति नन्दी। 'नन्दिनिरोधा दुक्खनिरोधो, पुण्णा' ति वदामि।

"इमिना त्वं, पुण्ण, मया सङ्खित्तेन ओवादेन ओवदितो कतमस्मिं जनपदे विहरिस्ससी" ति?

"अत्थि, भन्ते, सुनापरन्तो नाम जनपदो, तत्थाहं विहरिस्सामी" ति।

"चण्डा खो, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा; फरुसा खो, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा। सचे तं, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा अक्कोसिस्सन्ति परिभासिस्सन्ति, तत्र ते, पुण्ण, किन्ति भविस्सती" ति?

"सचे मं, भन्ते, सुनापरन्तका मनुस्सा अक्कोसिस्सन्ति परिभासिस्सन्ति, तत्र मे [B.286] एवं भविस्सति—'भद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, सुभद्दका वतिमे

---

...जिह्वा...मन, मनोविज्ञेय धर्म इष्ट, सुन्दर...होते हैं...तृष्णा उत्पन्न होती है। 'पूर्ण! इस तृष्णा से ही दुःख की उत्पत्ति होती है'—ऐसा मेरा मानना है।

(इसके विपरीत) "पूर्ण! चक्षुर्विज्ञेय रूप इष्ट, सुन्दर, मनोमोहक होते हैं। ...पूर्ण! इन का जो अभिनन्दन अभिनिवेश नहीं करता, उसे इन में किसी प्रकार की तृष्णा नहीं होती। 'पूर्ण! तृष्णा के निरोध से दुःख का निरोध होता है'—ऐसा मेरा मानना है। ...जिह्वा...काय...मन इष्ट, कान्त, मनोमोहक...पूर्ववत्...तृष्णा के निरोध से दुख निरोध होता है'—ऐसा मेरा मानना है। पूर्ण! तुम मेरे इस संक्षिप्त धर्मोपदेश का आश्रय ले कर यथेच्छ धर्मसाधना के लिये किस जनपद में जाओगे?"

"भन्ते! मैं सूनापरन्त नामक जनपद में जा कर धर्मसाधना करूँगा।"

"अरे पूर्ण! सूनापरन्त जनपदवासी तो बहुत क्रोधी हैं, वे व्यवहार में बहुत रूक्ष हैं, वे यदि तुझे किसी प्रसङ्ग में गाली देंगे, तेरी निन्दा करेंगे, धमकायेंगे तो तूँ क्या करेगा?"

"भन्ते! वे सूनापरन्त जनपदवासी मेरे साथ उक्त दुर्व्यवहार करेंगे तो भी मुझे

सुनापरन्तका मनुस्सा, यं मे न यिमे पाणिना पहारं देन्ती' ति। एवमेत्थ, भगवा, भविस्सति; एवमेत्थ, सुगत, भविस्सती'' ति।

''सचे पन ते, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा पाणिना पहारं दस्सन्ति, तत्र पन ते, पुण्ण, किन्ति भविस्सती'' ति?

''सचे मे, भन्ते, सुनापरन्तका मनुस्सा पाणिना पहारं दस्सन्ति, तत्र मे एवं भविस्सति—'भद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, सुभद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, यं मे न यिमे लेड्डुना पहारं देन्ती' ति। एवमेत्थ, भगवा, भविस्सति; एवमेत्थ, सुगत, भविस्सती'' ति।

''सचे पन ते, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा लेड्डुना पहारं दस्सन्ति, तत्र पन ते, पुण्ण, किन्ति भविस्सती'' ति?

''सचे मे, भन्ते, सुनापरन्तका मनुस्सा लेड्डुना पहारं दस्सन्ति, तत्र मे एवं भविस्सति—'भद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, सुभद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, यं मे न यिमे दण्डेन पहारं देन्ती' ति। एवमेत्थ, भगवा, भविस्सति; एवमेत्थ, सुगत, भविस्सती'' ति। [R.62]

''सचे पन ते, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा दण्डेन पहारं दस्सन्ति, तत्र पन ते, पुण्ण, किन्ति भविस्सती'' ति?

---

सन्तोष रहेगा, आश्वासन रहेगा कि ये मेरे साथ इतना ही दुर्व्यवहार कर रहे हैं; ये मुझे हाथ पैरों से, थप्पड़, मुक्का या लात तो नहीं मार रहे हैं, अतः ये लोग भले ही हैं। मेरे मन में, भन्ते! उन के प्रति यही शुभविचार रहेगा।''

''पूर्ण! यदि वे सूनापरन्त जनपदवासी हाथ पैरों से मारने लगेंगे तो तुम्हें कैसा लगेगा?''

''भन्ते! तब भी उन के प्रति मेरे मन में यही विचार होगा कि फिर भी ये भले ही हैं कि ये मुझे ढेले से मार कर अधिक कष्ट नहीं दे रहे हैं, केवल थप्पड़ मुक्का मार कर छोड़ दे रहे हैं।''

''पूर्ण! यदि वे कभी तुझे ढेले से मारने लगेंगे तो उन के प्रति तेरे मन में क्या विचार आयेंगे?''

''भन्ते! तब भी मैं उन के भलेपन को ही महत्त्व दूँगा, क्यों कि वे मुझे ढेले मार कर ही छोड़ दे रहे हैं; लाठी, डण्डे से तो मुझ पर आघात नहीं कर रहे हैं!''

''पूर्ण! यदि वे कभी तुझे लाठी-डण्डे से मारने लगेंगे तब उन के विषय में क्या सोचोगे?''

"सचे मे, भन्ते, सुनापरन्तका मनुस्सा दण्डेन पहारं दस्सन्ति, तत्र मे एवं [N.58] भविस्सति—'भद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, सुभद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, यं मे न यिमे सत्थेन पहारं देन्ती' ति। एवमेत्थ, भगवा, भविस्सति; एवमेत्थ, सुगत, भविस्सती" ति।

"सचे पन ते, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा सत्थेन पहारं दस्सन्ति, तत्र पन ते, पुण्ण, किन्ति भविस्सती" ति?

"सचे मे, भन्ते, सुनापरन्तका मनुस्सा सत्थेन पहारं दस्सन्ति, तत्र मे एवं भविस्सति—'भद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, सुभद्दका वतिमे सुनापरन्तका मनुस्सा, यं मं न यिमे तिण्हेन सत्थेन जीविता वोरोपेन्ती' ति। एवमेत्थ, भगवा, भविस्सति; एवमेत्थ, सुगत, भविस्सती" ति।

"सचे पन ते, पुण्ण, सुनापरन्तका मनुस्सा तिण्हेन सत्थेन जीविता वोरो- [B.287] पेस्सन्ति, तत्र पन ते, पुण्ण, किन्ति भविस्सती" ति?

"सचे मं, भन्ते, सुनापरन्तका मनुस्सा तिण्हेन सत्थेन जीविता वोरोपेस्सन्ति, तत्र मे एवं भविस्सति—'सन्ति खो तस्स भगवतो सावका कायेन च जीवितेन च अट्टीयमाना हरायमाना जिगुच्छमाना सत्थहारकं परियेसन्ति, तं मे इदं अपरियिट्ठञ्ञेव सत्थहारकं लद्धं' ति। एवमेत्थ, भगवा, भविस्सति; एवमेत्थ, सुगत, भविस्सती" ति।

---

"भन्ते! फिर भी उन का हित ही सोचूँगा कि ये मुझ पर शस्त्र से आघात नहीं कर रहे।"

"पूर्ण! यदि वे कभी तुझ पर शस्त्र से आघात करने लगें तो तुम क्या विचार करोगे?"

"तो भी, भन्ते! मैं उन के विषय में शुभविचार रखूँगा कि ये अब भी भले ही हैं कि ये मुझ पर शस्त्र से प्रहार कर छोड़ दे रहे हैं, ये मुझ पर प्राणघातक आक्रमण नहीं कर रहे।"

"पूर्ण! यदि कभी वे तुझ पर प्राणघातक आक्रमण कर दें और तुम्हारे प्राण हर लें तो तब तुम क्या करोगे?"

"तब भी, भन्ते! मेरे मन में यही शुभ विचार आयगा कि ये कितने भले हैं कि इन्होंने मुझ को अपने इस मलिन शरीर से मुक्ति दिला दी। हम भिक्षुजन तो अपने इस शरीर को सर्वथा अशुभ मान कर इस को शीघ्र त्यागने की बात सोचते ही रहते हैं। अच्छा हुआ, इन लोगों ने मुझ को यह सुअवसर दे दिया!"

"साधु साधु, पुण्ण! सक्खिस्ससि खो त्वं, पुण्ण, इमिना दमूपसमेन समन्नागतो सुनापरन्तस्मिं जनपदे वत्थुं। यस्स दानि त्वं, पुण्ण, कालं मञ्ञसी" ति।

अथ खो आयस्मा पुण्णो भगवतो वचनं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा सेनासनं संसामेत्वा पत्तचीवरमादाय येन [R.63] सुनापरन्तो जनपदो तेन चारिकं पक्कामि। अनुपुब्बेन चारिकं चरमानो येन सुनापरन्तो जनपदो तदवसरि। तत्र सुदं आयस्मा पुण्णो सुनापरन्तस्मिं जनपदे विहरति। अथ खो आयस्मा पुण्णो तेनेवन्तरवस्सेन पञ्चमत्तानि उपासकसतानि पटिवेदेसि। तेनेवन्तरवस्सेन पञ्चमत्तानि उपासिकासतानि पटिवेदेसि। तेनेवन्तरवस्सेन तिस्सो विज्जा सच्छाकासि। तेनेवन्तरवस्सेन परिनिब्बायि।

अथ खो सम्बहुला भिक्खू येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु...पे०...एकमन्तं [N.59] निसिन्ना खो ते भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं—"यो सो, भन्ते, पुण्णो नाम कुलपुत्तो भगवता सङ्खित्तेन ओवादेन ओवदितो, सो कालङ्कतो। तस्स का गति को अभिसम्परायो" ति?

"पण्डितो, भिक्खवे, पुण्णो कुलपुत्तो। पच्चपादि धम्मस्सानुधम्मं। न च मं धम्माधिकरणं विहेठेसि। परिनिब्बुतो, भिक्खवे, पुण्णो कुलपुत्तो" ति॥ •

---

"साधु, साधु, पूर्ण! तुम्हारे विचार बहुत उचित हैं। तुम इस संयमपूर्ण व्यवहार के कारण, उस क्रूर एवं रूक्ष सूनापरन्तक जनपद में भी शान्तिमय धर्मसाधना कर सकोगे। अब तुम जैसा उचित समझो वहाँ जा सकते हो?"

तब आयुष्मान् पूर्ण भगवान् का उपदेश शिरोधार्य कर तदनुसार आचरण का सङ्कल्प कर, आसन से उठ कर चारिकाहेतु चल दिये। यों वे क्रमशः चारिका करते हुए सूनापरन्त जनपद में पहुँचे। वहाँ रहकर शान्तिपूर्वक धर्मसाधना करने लगे।

यों, आयुष्मान् पूर्ण ने वहाँ धर्मसाधना करते हुए ही उस जनपद में अपने पाँच सौ उपासक बना लिये। उधर धर्मसाधना करते हुए तीनों विद्याओं का साक्षात्कार कर लिया। अन्त में, वे उसी वर्ष वहाँ परिनिर्वाण प्राप्त कर गये।

इसी समय बहुत से भिक्षु भगवान् के सम्मुख उपस्थित हुए। ...वहाँ उन्होंने भगवान् से यों निवेदन किया—"भन्ते! जिस पूर्ण भिक्षु को आपने कुछ समय पूर्व संक्षिप्त धर्मोपदेश किया था, तथा जिस के आधार पर वह सूनापरन्त जनपद में धर्मसाधनाहेतु गया था, अब उस का देहपात हो चुका है। भन्ते! उस की क्या गति एवं कहाँ पुनर्जन्म होगा?"

"भिक्षुओ! वह पूर्ण कुलपुत्र तो धर्मज्ञ था। वह धर्म का धर्मानुसार पालन में

## ८९. बाहियसुत्तं

[B.288] ९०. अथ खो आयस्मा बाहियो येन भगवा तेनुपसङ्कमि...पे०... एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा बाहियो भगवन्तं एतदवोच—"साधु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन धम्मं देसेतु, यमहं भगवतो धम्मं सुत्वा एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरेय्यं" ति।

"तं किं मञ्ञसि, बाहिय, चक्खु निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता'" ति?

[R.64] "नो हेतं, भन्ते"।

"रूपा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"...पे०...।

चक्खुविञ्ञाणं...चक्खुसम्फस्सो...यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

---

निरन्तर तत्पर रहा। मेरे धर्मानुशासन का उस ने कभी निरादर नहीं किया। भिक्षुओ! उस पूर्ण कुलपुत्र ने तो निर्वाण प्राप्त कर लिया[१]"॥

**८९. बाहियसूत्र : : अनित्य, दुःख**

९०. ...तब कभी आयुष्मान् बाहिय भगवान् के सम्मुख...पूर्ववत्...यों निवेदन करने लगे—"भन्ते! अच्छा होता कि आप मुझे अपने धर्मों का ऐसा संक्षेप में उपदेश करते कि मैं उस के आधार पर एकान्त में...उत्साहपूर्वक साधना कर पाता!"

"तो क्या मानते हो, बाहिय! चक्षु नित्य है या अनित्य?" ...पूर्ववत्...।

---

१. यह सूत्र **मज्झिमनिकाय के उपरिपण्णासक**, (तृतीय भाग, ४५. पुण्णोवादसूत्र) में भी आया है, अतः वहाँ भी देखें। (बौ०भा०ग्रन्थमाला—२६)—अ०

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता''' ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"एवं पस्सं, बाहिय, सुतवा अरियसावको चक्खुस्मिं पि निब्बिन्दति, [N.60] रूपेसु पि निब्बिन्दति, चक्खुविञ्ञाणे पि निब्बिन्दति, चक्खुसम्फस्से पि निब्बिन्दति ...पे०...यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खम-सुखं वा तस्मिं पि निब्बिन्दति। निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती" ति॥

अथ खो आयस्मा बाहियो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो आयस्मा बाहियो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरियपरियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। "खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया" ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो च पनायस्मा बाहियो अरहतं अहोसी ति॥ •

## ९०. पठमएजासुत्तं

९१. "एजा, भिक्खवे, रोगो, एजा गण्डो, एजा सल्लं। तस्मातिह, [B.289, R.65]

---

"बाहिय! ऐसा मानते हुए श्रुतवान् आर्यश्रावक की चक्षु में भी अरुचि उत्पन्न होने लगती है, रूपों में भी...। वह जान जाता है कि मेरी भवपरम्परा क्षीण हो चुकी है, धर्मसाधना सफल हो चुकी है...अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं है।"

तब आयुष्मान् भगवान् की इस देशना का अभिनन्दन, अनुमोदन कर आसन से उठ कर प्रणाम प्रदक्षिणा कर यथेच्छ चारिकाहेतु चल पड़ा। तब आयुष्मान् बाहिय कहीं एकान्त में बैठ कर...उत्साहपूर्वक वह धर्मसाधना करने लगे जिस के लिये कोई कुलपुत्र भली भाँति घर से बेघर हो प्रव्रजित होते हैं, तथा तत्परता के साथ धर्मसाधना करते हुए उन धर्मों का स्वयं साक्षात्कार कर उपसम्पन्न हो कर उस साधना में तत्पर रहते हैं। यह साधना करते करते, अन्त में उसे ज्ञात हो जाता है—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो गयी है...मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं रहा'। तथा एक समय ऐसा आया कि इस आयुष्मान् बाहिय की ज्ञानी भी अर्हतों में गणना होने लगी॥ •

भिक्खवे, तथागतो अनेजो विहरति वीतसल्लो। तस्मातिह, भिक्खवे, भिक्खु चे पि आकङ्खेय्य 'अनेजो विहरेय्यं वीतसल्लो' ति, चक्खुं न मञ्ञेय्य, चक्खुस्मिं न मञ्ञेय्य, चक्खुतो न मञ्ञेय्य, चक्खु मे ति न मञ्ञेय्य; रूपे न मञ्ञेय्य, रूपेसु न मञ्ञेय्य, रूपतो न मञ्ञेय्य, रूपा मे ति न मञ्ञेय्य; चक्खुविञ्ञाणं न मञ्ञेय्य, चक्खु-विञ्ञाणस्मिं न मञ्ञेय्य, चक्खुविञ्ञाणतो न मञ्ञेय्य, चक्खुविञ्ञाणं मे ति न मञ्ञेय्य; चक्खुसम्फस्सं न मञ्ञेय्य, चक्खुसम्फस्सस्मिं न मञ्ञेय्य, चक्खुसम्फस्सतो न मञ्ञेय्य, चक्खुसम्फस्सो मे ति न मञ्ञेय्य। यम्पिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य।

"सोतं न मञ्ञेय्य...घानं न मञ्ञेय्य...जिव्हं न मञ्ञेय्य, जिव्हाय न मञ्ञेय्य, [N.61] जिव्हातो न मञ्ञेय्य, जिव्हा मे ति न मञ्ञेय्य; रसे न मञ्ञेय्य...जिव्हाविञ्ञाणं न मञ्ञेय्य...जिव्हासम्फस्सं न मञ्ञेय्य...यम्पिदं जिव्हासम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य।

"कायं न मञ्ञेय्य...मनं न मञ्ञेय्य...मनस्मिं न मञ्ञेय्य, मनतो न मञ्ञेय्य, मनो मेति न मञ्ञेय्य; धम्मे न मञ्ञेय्य...मनोविञ्ञाणं...मनोसम्फस्सं...यम्पिदं मनो-सम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य; सब्बं न मञ्ञेय्य, सब्बस्मिं न मञ्ञेय्य, सब्बतो न मञ्ञेय्य, सब्बं मे ति न मञ्ञेय्य।

"सो एवं अमञ्ञमानो न किञ्चि पि लोके उपादियति। अनुपादियं न

---

**९०. प्रथम एजासूत्र : : चित्त की चञ्चलता रोग है**

९०. ..."भिक्षुओ! एजा (=चित्त की चञ्चलता, तृष्णा) रोग है, एजा व्रण है, एजा शल्य है। अतः, भिक्षुओ! तथागत स्थिरचित्त एवं तृष्णारहित हो कर साधनारत रहते हैं। यदि कोई भिक्षु भी अपने लिये यह चाहता है कि वह भी स्थिरचित्त एवं तृष्णारहित हो कर साधनारत रहे तो उस को चक्षु को, चक्षु में, चक्षु से या 'यह चक्षु मेरा है'—ऐसी आसक्ति नहीं होनी चाहिये; रूपों को, रूपों में...चक्षुर्विज्ञान को, चक्षुःसंस्पर्श को, चक्षुःसंस्पर्शजन्य वेदनाओं को अपना नहीं मानना चाहिये।

"श्रोत्र को...घ्राण को...जिह्वा...काय को...मन को...मनःसंस्पर्शप्रत्ययजन्य वेदनाओं को अपना नहीं मानना चाहिये।

ऐसा न मानता हुआ वह साधक भिक्षु किसी का उपादान नहीं करता। अनुपादान

परितस्सति। अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती'' ति॥ [R.66] ●

## ९१. दुतियएजासुत्तं

९२. ''एजा, भिक्खवे, रोगो, एजा गण्डो, एजा सल्लं। तस्मातिह, [B.290] भिक्खवे, तथागतो अनेजो विहरति वीतसल्लो। तस्मातिह, भिक्खवे, भिक्खु चे पि आकङ्खेय्य 'अनेजो विहरेय्यं वीतसल्लो' ति, चक्खुं न मञ्ञेय्य, चक्खुस्मिं न मञ्ञेय्य, चक्खुतो न मञ्ञेय्य, चक्खु मे ति न मञ्ञेय्य; रूपे न मञ्ञेय्य...चक्खुविञ्ञाणं... चक्खुसम्फस्सं...यम्पिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य। यं हि, भिक्खवे, मञ्ञति यस्मिं मञ्ञति यतो मञ्ञति यं मे ति मञ्ञति, ततो तं होति अञ्ञथा। अञ्ञथाभावी भवसत्तो लोको भवमेव अभिनन्दति ...पे०...।

''जिव्हं न मञ्ञेय्य, जिव्हाय न मञ्ञेय्य, जिव्हातो न मञ्ञेय्य, जिव्हा मे [N.62] ति न मञ्ञेय्य; रसे न मञ्ञेय्य...जिव्हाविञ्ञाणं...जिव्हासम्फस्सं...यम्पिदं जिव्हा-सम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य। यं हि, भिक्खवे, मञ्ञति यस्मिं मञ्ञति यतो मञ्ञति यं मे ति मञ्ञति, ततो तं होति अञ्ञथा। अञ्ञथाभावी भवसत्तो लोको भवमेव अभिनन्दति...पे०...।

''मनं न मञ्ञेय्य, मनस्मिं न मञ्ञेय्य, मनतो न मञ्ञेय्य, मनो मे ति न मञ्ञेय्य ...मनोविञ्ञाणं...मनोसम्फस्सं...यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न

---

के कारण उसे कहीं परितर्षणा (कामना) नहीं होती। ऐसी कामना के कारण स्वयं निर्वाण प्राप्त कर ही लेता है। और वह यह भी समझ लेता है कि मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो गयी...अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं रहा''॥ ●

**९१. द्वितीय एजासूत्र : : चित्त की चञ्चलता रोग ही है**

९२. ...''भिक्षुओ! यह एजा (चित्त की चञ्चलता=तृष्णा) रोग है...पूर्वसूत्रवत्... वेदनाओं को अपना नहीं मानना चाहिये। भिक्षुओ! जिस को मानता है, जिस में मानता है, जिस को अपना समझता है, जिस को 'मेरा है'—ऐसा मानता है, वह उस स्थिति से अन्यथा (विपरिणाम वाला) हो जाता है। ऐसा अन्यथाभावी सांसारिक प्राणी इस संसार (भव) का ही अभिनन्दन करता है।

''...जिह्वा को...मन को...संसार का ही अभिनन्दन करता है। ...

[R.67] मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य। यं हि, भिक्खवे, मञ्ञति यस्मिं मञ्ञति यतो मञ्ञति यं मे ति मञ्ञति, ततो तं होति अञ्ञथा। अञ्ञथाभावी भवसत्तो लोको भवमेव अभिनन्दति।

''यावता, भिक्खवे, खन्धधातुआयतना तं पि न मञ्ञेय्य, तस्मिं पि न मञ्ञेय्य, ततो पि न मञ्ञेय्य, तं मे ति न मञ्ञेय्य। सो एवं अमञ्ञमानो न किञ्चि लोके उपादियति। अनुपादियं न परितस्सति। अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती'' ति॥ •

## ९२. पठमद्वयसुत्तं

[B.291] ९३. ''द्वयं वो, भिक्खवे, देसेस्सामि। तं सुणाथ। किञ्च, भिक्खवे, द्वयं? चक्खुं चेव रूपा च, सोतं चेव सद्दा च, घानं चेव गन्धा च, जिव्हा चेव रसा च, कायो चेव फोट्ठब्बा च, मनो चेव धम्मा च—इदं वुच्चति, भिक्खवे, द्वयं।

''यो, भिक्खवे, एवं वदेय्य—'अहमेतं द्वयं पच्चक्खाय अञ्ञं द्वयं पञ्ञा-
[N.63] पेस्सामी' ति, तस्स वाचावत्थुकमेवस्स। पुट्ठो च न सम्पायेय्य। उत्तरिं च विघातं आपज्जेय्य। तं किस्स हेतु? यथा तं, भिक्खवे, अविसयस्मिं'' ति॥ •

## ९३. दुतियद्वयसुत्तं

९४. ''द्वयं, भिक्खवे, पटिच्च विञ्ञाणं सम्भोति। कथं च, भिक्खवे, द्वयं पटिच्च

---

''भिक्षुओ! इसी प्रकार जितने भी स्कन्ध, धातु तथा आयतन हैं इन सभी को, सभी में, सभी से, या 'वे सब मुझ में हैं'—ऐसा न माने। वह इस तरह न मानता हुआ वह लोक में किसी का उपादान नहीं करता। उपादान न करने से उस की किसी के प्रति परितर्षणा नहीं होती। इस अपरित्तर्षणा से वह स्वयं तो निर्वाण प्राप्त कर ही लेता है तथा...यह जान जाता है॥'' •

**९२. प्रथम द्वयसूत्र : : दो धर्मों का उपदेश**

९३. ...''भिक्षुओ! मैं तुम्हें द्विक धर्मों की देशना करूँगा। उसे सुनो। भिक्षुओ! ये दो धर्म क्या हैं? चक्षु एवं रूप, श्रोत्र एवं शब्द, घ्राण एवं गन्ध, जिह्वा एवं रस, काय एवं स्प्रष्टव्य, मन एवं मनोधर्म—इसे कहते हैं, भिक्षुओ! दो (द्विक) धर्म।

''भिक्षुओ! जो यह कहे—'मैं इन दो दो धर्मों को प्रत्याख्यान कर नयी बात बता सकता हूँ'; यों यह उस का वाग्विलासमात्र है। गम्भीरता से इस विषय में पूछे जाने पर वह इस का कोई समुचित उत्तर नहीं दे सकता। बाद में आगे संवाद चलने पर वह पकड़ में भी आ सकता है (वह पराजित भी हो सकता है); क्यों कि, भिक्षुओ! उस के द्वारा इस का कोई उत्तर ही सम्भव नहीं है॥'' •

विञ्ञाणं सम्भोति? चक्खुं च पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। चक्खु अनिच्चं विपरिणामि अञ्ञथाभावि। रूपा अनिच्चा विपरिणामिनो अञ्ञथाभाविनो। इत्थेतं द्वयं चलं चेव ब्यथं च अनिच्चं विपरिणामि अञ्ञथाभावि। चक्खुविञ्ञाणं अनिच्चं [R.68] विपरिणामि अञ्ञथाभावि। यो पि हेतु यो पि पच्चयो चक्खुविञ्ञाणस्स उप्पादाय सो पि हेतु सो पि पच्चयो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। अनिच्चं खो पन, भिक्खवे, पच्चयं पटिच्च उप्पन्नं चक्खुविञ्ञाणं कुतो निच्चं भविस्सति! या खो, भिक्खवे, इमेसं तिण्णं धम्मानं सङ्गति सन्निपातो समवायो, अयं वुच्चति चक्खुसम्फस्सो। चक्खुसम्फस्सो पि अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। यो पि हेतु यो पि पच्चयो चक्खुसम्फस्सस्स उप्पादाय सो पि हेतु सो पि पच्चयो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। अनिच्चं खो पन, भिक्खवे, पच्चयं पटिच्च उप्पन्नो चक्खुसम्फस्सो कुतो निच्चो भविस्सति! फुट्ठो, भिक्खवे, वेदेति, फुट्ठो चेतेति, फुट्ठो सञ्जानाति। इत्थेते पि धम्मा चला चेव ब्यथा च अनिच्चा विपरिणामिनो अञ्ञथाभाविनो...पे०...।

''जिव्हं च पटिच्च रसे च उप्पज्जति जिव्हाविञ्ञाणं। जिव्हा अनिच्चा विपरिणामी अञ्ञथाभावी। रसा अनिच्चा विपरिणामिनो अञ्ञथाभाविनो। इत्थेतं द्वयं चलं चेव ब्यथं च अनिच्चं विपरिणामि अञ्ञथाभावि। जिव्हाविञ्ञाणं अनिच्चं विपरिणामि अञ्ञथाभावि। यो पि हेतु यो पि पच्चयो जिव्हाविञ्ञाणस्स उप्पादाय सो

---

**९३. द्वितीय द्वयसूत्र : : दो के प्रत्यय से विज्ञान की उत्पत्ति**

९४. ...''भिक्षुओ! दो के प्रत्यय (अपेक्षा) से विज्ञान का सम्भव होता है। भिक्षुओ! यह कैसे होता है? (जैसे—) चक्षु की अपेक्षा (प्रत्यय) से रूपों को चक्षुर्विज्ञान उत्पन्न होता है। यहाँ चक्षु भी अनित्य है, विपरिणामी है, अन्यथाभावी है तथा रूप भी अनित्य हैं, विपरिणामी हैं, अन्यथाभावी हैं। यों ये दोनों ही अनित्य, विपरिणामी एवं अन्यथाभावी हैं। तब चक्षुर्विज्ञान भी अनित्य विपरिणामी एवं अन्यथाभावी ही होगा; क्यों कि जब चक्षुर्विज्ञान के हेतु एवं प्रत्यय—दोनों ही अनित्य हैं तो चक्षुर्विज्ञान नित्य कैसे होगा! इन तीनों—चक्षु, रूप एवं चक्षुर्विज्ञान की संगति (समवाय, एक साथ होना) ही चक्षुःसंस्पर्श कहलाती है। तब यह चक्षुःसंस्पर्श भी अनित्य विपरिणामी, अन्यथाभावी ही हुआ; क्यों कि चक्षुःसंस्पर्श के उत्पादकहेतु एवं प्रत्यय ही जब अनित्य...हैं तो उन से उत्पन्न चक्षुःसंस्पर्श नित्य कैसे होगा! भिक्षुओ! स्पर्श के होने से ही वेदना (=सुख-दुःखानुभव) होती है, चेतना होती है तथा संज्ञा होती है। ये धर्म (वेदना, चेतना तथा संज्ञा) भी अनित्य, विपरिणामी एवं अन्यथाभावी ही होंगे; क्यों कि...पूर्ववत्...।

''जिह्वा की अपेक्षा कर उत्पन्न रस से जिह्वाविज्ञान...पूर्ववत्...।

[B.292] पि हेतु सो पि पच्चयो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। अनिच्चं खो पन, भिक्खवे, पच्चयं पटिच्च उप्पन्नं जिव्हाविञ्ञाणं कुतो निच्चं भविस्सति! या खो, भिक्खवे, इमेसं तिण्णं धम्मानं सङ्गति सन्निपातो समवायो, अयं वुच्चति जिव्हा-सम्फस्सो। जिव्हासम्फस्सो पि अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। यो पि हेतु यो पि [N.64] पच्चयो जिव्हासम्फस्सस्स उप्पादाय सो पि हेतु सो पि पच्चयो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। अनिच्चं खो पन, भिक्खवे, पच्चयं पटिच्च उप्पन्नो जिव्हा-[R.69] सम्फस्सो कुतो निच्चो भविस्सति! फुट्ठो, भिक्खवे, वेदेति, फुट्ठो चेतेति, फुट्ठो सञ्जानाति। इत्थेते पि धम्मा चला चेव ब्यथा च अनिच्चा विपरिणामिनो अञ्ञ-थाभाविनो...पे०...।

''मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं। मनो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। धम्मा अनिच्चा विपरिणामिनो अञ्ञथाभाविनो। इत्थेतं द्वयं चलं चेव ब्यथं च अनिच्चं विपरिणामि अञ्ञथाभावि। मनोविञ्ञाणं अनिच्चं विपरिणामि अञ्ञथाभावि। यो पि हेतु यो पि पच्चयो मनोविञ्ञाणस्स उप्पादाय सो पि हेतु सो पि पच्चयो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। अनिच्चं खो पन, भिक्खवे, पच्चयं पटिच्च उप्पन्नं मनोविञ्ञाणं कुतो निच्चं भविस्सति! या खो, भिक्खवे, इमेसं तिण्णं धम्मानं सङ्गति सन्निपातो समवायो, अयं वुच्चति मनोसम्फस्सो। मनोसम्फस्सो पि अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। यो पि हेतु यो पि पच्चयो मनोसम्फस्सस्स उप्पादाय सो पि हेतु सो पि पच्चयो अनिच्चो विपरिणामी अञ्ञथाभावी। अनिच्चं खो पन, भिक्खवे, पच्चयं पटिच्च उप्पन्नो मनोसम्फस्सो कुतो निच्चो भविस्सति! फुट्ठो, भिक्खवे, वेदेति, फुट्ठो चेतेति, फुट्ठो सञ्जानाति। इत्थेते पि धम्मा चला चेव ब्यथा च अनिच्चा विपरिणामिनो अञ्ञथाभाविनो। एवं खो, भिक्खवे, द्वयं पटिच्च विञ्ञाणं सम्भोती'' ति॥ •

**छन्नवग्गो चतुत्थो॥**

## तस्सुद्दानं

पलोकसुञ्ञा सङ्खित्तं, छन्नो पुण्णो च बाहियो।
एजेन च दुवे वुत्ता, द्वयेहि अपरे दुवे ति॥ •

---

''मन की अपेक्षा कर उत्पन्न मनोधर्म से मनोविज्ञान...पूर्ववत्...।

इस तरह, भिक्षुओ! दो के प्रत्यय (अपेक्षा) से विज्ञान सम्भूत होता है''॥ •

**छन्नवर्ग चतुर्थ समाप्त॥**

**इस छन्नवर्ग में इन सूत्रों का व्याख्यान हुआ है**—१. प्रलोकधर्मसूत्र, २. शून्यत्वलोकसूत्र, ३. संक्षिप्तधर्मसूत्र, ४. छन्नसूत्र, ५. पूर्णसूत्र, ६. बाहियसूत्र, ७. प्रथम एजासूत्र, ८. द्वितीय एजासूत्र, ९. प्रथम द्वयसूत्र एवं १०. द्वितीय द्वयसूत्र॥ •

## ५. सळवग्गो पञ्चमो

### ९४. अदन्तअगुत्तसुत्तं

[B.293, R.70] ९५. सावत्थिनिदानं। "छयिमे, भिक्खवे, फस्सायतना अदन्ता अगुत्ता अरक्खिता असंवुता दुक्खाधिवाहा होन्ति। कतमे छ? चक्खु, भिक्खवे, फस्सायतनं [N.65] अदन्तं अगुत्तं अरक्खितं असंवुतं दुक्खाधिवाहं होति...पे०...जिव्हा, भिक्खवे, फस्सायतनं अदन्तं अगुत्तं अरक्खितं असंवुतं दुक्खाधिवाहं होति...पे०...मनो, भिक्खवे, फस्सायतनं अदन्तं अगुत्तं अरक्खितं असंवुत्तं दुक्खाधिवाहं होति। इमे खो, भिक्खवे, छ फस्सायतना अदन्ता अगुत्ता अरक्खिता असंवुता दुक्खाधिवाहा होन्ति।

"छयिमे, भिक्खवे, फस्सायतना सुदन्ता सुगुत्ता सुरक्खिता सुसंवुता सुखाधिवाहा होन्ति। कतमे छ? चक्खु, भिक्खवे, फस्सायतनं सुदन्तं सुगुत्तं सुरक्खितं सुसंवुतं सुखाधिवाहं होति...पे०...जिव्हा, भिक्खवे, फस्सायतनं सुदन्तं सुगुत्तं सुरक्खितं सुसंवुतं सुखाधिवाहं होति...पे०...मनो, भिक्खवे, फस्सायतनं सुदन्तं सुगुत्तं सुरक्खितं सुसंवुत्तं सुखाधिवाहं होति। इमे खो, भिक्खवे, छ फस्सायतना सुदन्ता सुगुत्ता सुरक्खिता सुसंवुता सुखाधिवाहा होन्ती" ति।

९६. इदमवोच भगवा...पे०...एतदवोच सत्था—

"सळेव फस्सायतनानि भिक्खवो, असंवुतो यत्थ दुक्खं निगच्छति।
तेसं च ये संवरणं अवेदिसुं, सद्धादुतिया विहरन्तानवस्सुता॥

---

## षड्वर्ग पञ्चम

**९४. अदान्तअगुप्तसूत्र : : छह स्पर्शायतन दुःखप्रद हैं**

९५. ...श्रावस्ती में ही...।..."भिक्षुओ! ये छह स्पर्शायतन अदान्त, अगुप्त, अरक्षित, असंयत एवं दुःखप्रद होते हैं। कौन से छह? चक्षुःस्पर्शायतन, श्रोत्रस्पर्शायतन, घ्राणस्पर्शायतन, जिह्वास्पर्शायतन, कायस्पर्शायतन एवं मनःस्पर्शायतन। भिक्षुओ! ये छह स्पर्शायतन अदान्त, अगुप्त, अरक्षित, असंयत एवं दुःखप्रद होते हैं।

"भिक्षुओ! ये छह स्पर्शायतन दान्त, गुप्त, रक्षित, संयत एवं सुखप्रद होते हैं। कौन से छह? चक्षुःस्पर्शायतन...पूर्ववत्...मनःस्पर्शायतन...।"

९६. भगवान् ने यह कहा...पूर्ववत्...पुनः भगवान् इन गाथाओं के माध्यम से यों बोले—

"भिक्षुओ! ये छह ही स्पर्शायतन होते हैं, जिन पर संयम न किया हुआ भिक्षु साधक कष्ट ही पाता है। इस के विपरीत, जिन्होंने इन छह स्पर्शायतनों का श्रद्धापूर्वक संवरण कर लिया है, वे सांसारिक तृष्णारहित होकर सुखपूर्वक समाधिलीन रहते हैं॥

"दिस्वान रूपानि मनोरमानि, अथो पि दिस्वान अमनोरमानि।
मनोरमे रागपथं विनोदये, न चाप्पियं मे ति मनं पदोसये॥
"सद्दं च सुत्वा दुभयं पियाप्पियं, पियम्हि सद्दे न समुच्छितो सिया। [R.71]
अथोप्पिये दोसगतं विनोदये, न चाप्पियं मे ति मनं पदोसये॥
"गन्धं च घत्वा सुरभिं मनोरमं, अथो पि घत्वा असुचिं अकन्तियं। [B.294]
अकन्तियस्मिं पटिघं विनोदये, छन्दानुनीतो न च कन्तिये सिया॥
"रसं च भोत्वान असादितं च सादुं, अथो पि भोत्वान असादुमेकदा। [N.66]
सादुं रसं नाज्झोसाय भुञ्जे, विरोधमस्सादुसु नोपदंसये॥
"फस्सेन फुट्ठो न सुखेन मज्जे, दुक्खेन फुट्ठो पि न सम्पवेधे।
फस्सद्वयं सुखदुक्खे उपेक्खे, अनानुरुद्धो अविरुद्ध केनचि॥
"पपञ्चसञ्ञा इतरीतरा नरा, पपञ्चयन्ता उपयन्ति सञ्ञिनो।
मनोमयं गेहसितं च सब्बं, पनुज्ज नेक्खम्मसितं इरीयति॥

---

"जो साधक मनोमोहक रूपों को या मन को कष्ट देने वाले रूपों को देख कर, मनोमोहक रूपों के प्रति उत्पन्न राग को संवृत कर ले तथा मनःकष्टदायक रूपों से द्वेष न माने॥ (१)

"मोहक एवं कष्टप्रद—दोनों ही प्रकार के शब्दों को सुन कर जो प्रिय शब्दों को सुन कर रागोन्मत्त न हो जाय तथा कष्टप्रद शब्दों को सुन कर मन में द्वेष न माने, न 'यह मेरा अप्रिय है'—ऐसा समझ कर उस के प्रति घृणाभाव न उत्पन्न करे॥ (२)

"सुरभि एवं मोहक या दुर्गन्धमय कष्टप्रद गन्ध को पा कर, कष्टप्रद गन्ध से स्वकीय चित्त को दूषित न होने दे, तथा मोहक सुगन्ध के प्रति चित्त में राग न उत्पन्न होने दे, उस पर संवरण रखे तथा प्रिय सुगन्ध पा कर उस के प्रति रागोन्मत्त न हो जाय॥ (३)

"स्वादु एवं मनोमोहक रस को पाकर, या कभी अस्वादु एवं मन को अच्छा न लगने वाले रस को पा कर भी, न तो स्वादुरसमय खाद्य पेय पदार्थ का राग के साथ उपभोग करे तथा न अस्वादु एवं मन को अच्छा न लगने वाले रस के प्रति द्वेष भी न करे॥ (४)

"सुखद एवं दुःखद—उभयविध स्पर्शों के प्रति साधक को उभयत्र उपेक्षाभाव ही रखना चाहिये। न सुखसंस्पर्श से रागोन्मत्त हो, न दुःखसंस्पर्श के प्रति मन में द्वेष ही लावे। या उस से भय न माने। अर्थात् इन दोनों के प्रति किसी के प्रति भी अनुरोध विरोध न करे॥ (५)

"सभी प्राणी जगत्प्रपञ्च में आबद्ध हैं, वे उसी प्रपञ्च में सम्पृक्त रह कर उसी में

"एवं मनो छस्सु यदा सुभावितो, फुट्ठस्स चित्तं न विकम्पते क्वचि।
ते रागदोसे अभिभुय्य भिक्खवो, भवत्थ जातिमरणस्स पारगा" ति॥ •

## ९५. मालुक्यपुत्तसुत्तं

९७. अथ खो आयस्मा मालुक्यपुत्तो येन भगवा तेनुपसङ्कमि...पे०...एकमन्तं [R.72] निसिन्नो खो आयस्मा मालुक्यपुत्तो भगवन्तं एतदवोच—"साधु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन धम्मं देसेतु, यमहं भगवतो धम्मं सुत्वा एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरेय्यं" ति।

[B.295] "एत्थ दानि, मालुक्यपुत्त, किं दहरे भिक्खू वक्खाम! यत्र हि नाम त्वं, भिक्खु, जिण्णो वुड्ढो महल्लको अद्धगतो वयोअनुप्पत्तो सङ्खित्तेन ओवादं याचसी" ति।

"किञ्चापाहं, भन्ते, जिण्णो वुड्ढो महल्लको अद्धगतो वयोअनुप्पत्तो। देसेतु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन धम्मं, देसेतु सुगतो सङ्खित्तेन धम्मं, अप्पेव नामाहं भगवतो [N.67] भासितस्स अत्थं आजानेय्यं। अप्पेव नामाहं भगवतो भासितस्स दायादो अस्सं" ति।

"तं किं मञ्ञसि, मालुक्यपुत्त, ये ते चक्खुविञ्ञेय्या रूपा अदिट्ठा अदिट्ठपुब्बा,

---

लिपटे रहते हैं। यह जगत् का समस्त प्रासाद (महल) मन पर खड़ा है। उस पर विजय (संवर) प्राप्त कर नैष्कर्म्य भाव में अवस्थित हो जाय॥ (६)

"इस प्रकार, इन छह स्पर्शायतनों में जिन साधकों का मन:स्पर्शायतन सुभावित एवं सुसंवृत रहता है तो सांसारिक पदार्थों का स्पर्श (सम्पर्क) होने पर भी वह मन कम्पित (चञ्चल) नहीं होता। ऐसे साधक प्रिय के प्रति अपने राग एवं अप्रिय के प्रति अपने द्वेष को निगृहीत कर साधना करते हुए जन्ममृत्यु के चक्र से पार हो जाते हैं"॥(७)•

**९५. मालुक्यपुत्रसूत्र : : अनासक्ति से दु:ख का नाश**

९७. ...तब कभी आयुष्मान् मालुक्यपुत्र...भगवान् से यों निवेदन करने लगे— "भन्ते! अच्छा होता कि भगवान् मुझ को कुछ ऐसा संक्षिप्त धर्मोपदेश करते कि मैं...पूर्ववत्...।

"मालुक्यपुत्र! अब मैं उन छोटे युवा भिक्षुओं को क्या कहूँ जब तुम्हारे जैसे जीर्ण (आयु:प्राप्त), वृद्ध, जीवन के अन्त में पहुँचे हुए, अवस्थाप्राप्त भिक्षु भी अब संक्षिप्त धर्मोपदेश की बात करने लगे!"

"भन्ते! मैं अवस्था से अवश्य जीर्ण, वृद्ध, जीवन के अन्त में पहुँचा हुआ तथा अवस्थाप्राप्त हो चुका हूँ; परन्तु धर्मज्ञान में अभी परिपक्व नहीं हूँ। अत: आप मुझे ऐसा संक्षिप्त धर्मोपदेश करें कि मैं एकान्त में रह कर...पूर्ववत्..."।

न च पस्ससि न च ते होति पस्सेय्यं ति? अत्थि ते तत्थ छन्दो वा रागो वा पेमं वा'' ति?

''नो हेतं, भन्ते''।

''ये ते सोतविञ्ञेय्या सद्दा अस्सुता अस्सुतपुब्बा, न च सुणासि न च ते होति सुणेय्यं ति? अत्थि ते तत्थ छन्दो वा रागो वा पेमं वा'' ति?

''नो हेतं, भन्ते''।

''ये ते घानविञ्ञेय्या गन्धा अघायिता अघायितपुब्बा, न च घायसि न च ते होति घायेय्यं ति? अत्थि ते तत्थ छन्दो वा रागो वा पेमं वा'' ति?

''नो हेतं, भन्ते''।

''ये ते जिव्हाविञ्ञेय्या रसा असायिता असायितपुब्बा, न च सायसि न च ते होति सायेय्यं ति? अत्थि ते तत्थ छन्दो वा रागो वा पेमं वा'' ति?

''नो हेतं, भन्ते''।

''ये ते कायविञ्ञेय्या फोट्ठब्बा असम्फुट्ठा असम्फुट्ठपुब्बा, न च फुससि न च ते होति फुसेय्यं ति? अत्थि ते तत्थ छन्दो वा रागो वा पेमं वा'' ति?

''नो हेतं, भन्ते''।

''ये ते मनोविञ्ञेय्या धम्मा अविञ्ञाता अविञ्ञातपुब्बा, न च विजानासि न च ते होति विजानेय्यं ति? अत्थि ते तत्थ छन्दो वा रागो वा पेमं वा'' ति? [R.73]

---

''तो तुम क्या मानते हो, मालुक्यपुत्र! ये जो चक्षुर्विज्ञेय रूप हैं, जो न अभी देखे गये हैं, न पहले कभी देखे गये थे, न उन्हें वर्तमान में ही देख रहे हो, न ऐसी ही सम्भावना है कि आगे कभी इन्हें देख पाओगे; क्या उन के प्रति तुम्हारी देखने की कोई कामना, इच्छा या राग या प्रेम होता है?''

''नहीं होता है, भन्ते!''

''जो श्रोत्रविज्ञेय शब्द हैं...पूर्ववत्...प्रेम होता है?''

''नहीं होता, भन्ते!''

''जो घ्राणविज्ञेय गन्ध हैं...पूर्ववत्...प्रेम होता है?''

''नहीं होता, भन्ते!''

''जो जिह्वाविज्ञेय रस हैं...पूर्ववत्...प्रेम होता है?''

''नहीं होता, भन्ते!''

''जो कायविज्ञेय स्प्रष्टव्य हैं...पूर्ववत्...प्रेम होता है?''

''नहीं होता, भन्ते!''

''नो हेतं, भन्ते''।

''एत्थ च ते, मालुक्यपुत्त, दिट्ठसुतमुतविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु दिट्ठे दिट्ठमत्तं भविस्सति, सुते सुतमत्तं भविस्सति, मुते मुतमत्तं भविस्सति, विञ्ञाते विञ्ञातमत्तं भविस्सति। यतो खो ते, मालुक्यपुत्त, दिट्ठसुतमुतविञ्ञातब्बेसु धम्मेसु दिट्ठे दिट्ठमत्तं [N.68, B.296] भविस्सति, सुते सुतमत्तं भविस्सति, मुते मुतमत्तं भविस्सति, विञ्ञाते विञ्ञातमत्तं भविस्सति; ततो त्वं, मालुक्यपुत्त, न तेन। यतो त्वं, मालुक्यपुत्त, न तेन; ततो त्वं, मालुक्यपुत्त, न तत्थ। यतो त्वं, मालुक्यपुत्त, न तत्थ; ततो त्वं, मालुक्यपुत्त, नेविध, न हुरं, न उभयमन्तरेन। एसेवन्तो दुक्खस्सा'' ति।

''इमस्स ख्वाहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानामि—

''**रूपं** दिस्वा सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो।
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
तस्स वड्ढन्ति वेदना, अनेका रूपसम्भवा।
अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥

---

''जो मनोविज्ञेय धर्म हैं...पूर्ववत्...प्रेम होता है ?''

''नहीं होता, भन्ते!''

''मालुक्यपुत्र! यहाँ देखे, सुने, स्मरण किये या जाने हुए धर्मों के प्रति—देखे हुओं की देखनामात्र, सुने हुओं की सुननामात्र, स्मरण किये हुओं की स्मृतिमात्र ही तुम्हें होगी। क्यों कि, मालुवयपुत्र! जब इन में तुम्हारा एतन्मात्र ही कर्म होगा तो उन में तुम्हारी किसी प्रकार की आसक्ति नहीं होगी। न वे ही तुम से सम्पृक्त हो पायँगे। तब तुम, मालुक्यपुत्र! न यहाँ होओगे, न वहाँ, न मध्य में। यही दुःख का अन्त (निर्वाण) कहलाता है।''

''भन्ते! आप के द्वारा उपदिष्ट इस संक्षिप्त धर्म का विस्तृत अर्थ यों समझ पाया हूँ—

''कोई मिथ्यासाधक **रूप को** देख कर स्मृतिभ्रष्ट हो जाता है, वह तत्सम्बद्ध प्रिय निमित्तों को मन में लाता रहता है। इस तरहं उस में अनुरक्तचित्त वाले को वेदनाएँ (सुखदुःखानुभव) बढ़ती रहती हैं। वह उस (रूप) में स्वचित्त को आसक्त कर लेता है। इस तरह रूप से होने वाले अनेक लोभ एवं द्वेष उस के चित्त को दबाते रहते हैं। इस प्रकार वह साधक दुःख का ही संग्रह करता है तथा निर्वाण उससे दूर होता जाता है॥

''**सद्दं** सुत्वा सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो।
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
वेदना तस्स वड्ढन्ति, अनेका सद्दसम्भवा।
अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥
''**गन्धं** घत्वा सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो। [R.74]
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
तस्स वड्ढन्ति **वेदना**, अनेका गन्धसम्भवा।
अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥
''**रसं** भोत्वा सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो।
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
वेदना तस्स वड्ढन्ति, अनेका रससम्भवा।
अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥
''**फस्सं** फुस्स सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो। [N.69, B.297]
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
वेदना तस्स वड्ढन्ति, अनेका फस्ससम्भवा।

---

''कोई मिथ्यासाधक **शब्द को** सुन कर स्मृतिभ्रष्ट हो जाता है, वह तत्सम्बद्ध प्रिय निमित्तों को मन में लाता रहता है। इस तरह, उस में अनुरक्तचित्त को वेदनाएँ (सुखदु:खानुभव) बढ़ती रहती हैं। वह उस (शब्द) में स्वचित्त को आसक्त कर लेता है। इस प्रकार शब्द से होने वाले अनेक लोभ एवं द्वेष उस के चित्त को दबाते रहते हैं। यों, वह साधक दु:ख का ही संग्रह करता है तथा निर्वाण से दूर होता जाता है॥

''कोई मिथ्यासाधक **गन्ध को** सूँघ कर स्मृतिभ्रष्ट हो जाता है, वह तत्सम्बद्ध प्रिय निमित्तों को मन में लाता रहता है। इस प्रकार उस में अनुरक्तचित्त की वेदनाएँ (सुखदु:खाद्यनुभव) बढ़ती रहती हैं। वह उस (गन्ध) में स्वचित्त को आसक्त कर लेता है। यों, गन्धजन्य अनेक लोभ एवं द्वेष उस के चित्त को दबाते रहते हैं। इस प्रकार, वह मिथ्यासाधक दु:ख का ही संग्रह करता है, वह निर्वाण से बहुत दूर होता जाता है॥

''कोई मिथ्यासाधक **रस को** चख कर स्मृतिभ्रष्ट हो जाता है...पूर्ववत्...। वह निर्वाण से बहुत दूर होता जाता है॥

अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥
"**धम्मं** ञत्वा सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो।
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
वेदना तस्स वड्ढन्ति, अनेका धम्मसम्भवा।
अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥ (क)
"न सो रज्जति **रूपेसु**, रूपं दिस्वा पटिस्सतो।
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स पस्सतो रूपं, सेवतो चा पि वेदनं।
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चति॥
"न सो रज्जति **सद्देसु**, सद्दं सुत्वा पटिस्सतो।
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स सुणतो सद्दं, सेवतो चा पि वेदनं।
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चति॥

---

"कोई मिथ्यासाधक **स्पर्श को** अनुभव कर स्मृतिभ्रष्ट हो जाता है...पूर्ववत्...। वह निर्वाण से दूर होता जाता है॥

"कोई मिथ्यासाधक **मनोधर्मों को** अनुभव कर स्मृतिभ्रष्ट हो जाता है...पूर्ववत्...। वह निर्वाण से दूर होता जाता है॥

(इसके विपरीत—) "कोई सफल साधक **रूपों में** राग नहीं करता, रूपों को देख कर स्मृतिमान् रहता है। वह विरक्तचित्त से सभी सुखदुःखादि वेदनाओं का अनुभव करता है, उन में अभिनिवेश नहीं करता। अतः उस साधक के रूप देखने से तथा वेदना का अनुभव करने से भी बढ़ते नहीं हैं, घटते ही रहते हैं। ऐसा वह सफल साधक स्मृतिमान् हो कर साधना करता है, या संसार में विचरण करता है। यों, वह साधक स्वदुःखों को क्षीण करता हुआ निर्वाण के पास पहुँचता हुआ लगता है॥

"कोई सफल साधक **शब्दों में** राग नहीं करता, शब्दों को सुन कर स्मृतिमान् रहता है। वह विरक्तचित्त से सभी सुखदुःखादि वेदनाओं का अनुभव करता है, उन में अभिनिवेश नहीं करता। अतः उस साधक के शब्द, सुनने से तथा उन की वेदना का

"न सो रज्जति **गन्धेसु**, गन्धं घत्वा पटिस्सतो। [R 75]
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स घायतो गन्धं, सेवतो चा पि वेदनं।
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चति॥
"न सो रज्जति **रसेसु**, रसं भोत्वा पटिस्सतो।
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स सायतो रसं, सेवतो चा पि वेदनं। [N.70, B.298]
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चति॥
"न सो रज्जति **फस्सेसु**, फस्सं फुस्स पटिस्सतो।
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स फुसतो फस्सं, सेवतो चा पि वेदनं।
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चति॥
"न सो रज्जति **धम्मेसु**, धम्मं ञत्वा पटिस्सतो।
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स जानतो धम्मं, सेवतो चा पि वेदनं।
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चती ति॥ (ख)

---

अनुभव करने से भी, वृद्धिङ्गत नहीं होते, अपि तु घटते ही रहते हैं। ऐसा वह सफल साधक स्मृतिमान् हो कर साधना करता है, या संसार में विचरण करता है। यों वह स्वदु:खों को क्षीण करता हुआ निर्वाण के पास पहुँचता हुआ लगता है॥

"कोई सफल साधक **गन्धों में** राग नहीं करता, गन्धों को सूँघ कर स्मृतिमान् रहता है...पूर्ववत्...निर्वाण के पास पहुँचता हुआ लगता है॥

"कोई सफल साधक **रसों में** राग नहीं करता, रसों को चख कर भी स्मृतिमान् रहता है...पूर्ववत्...निर्वाण के पास पहुँचता हुआ लगता है॥

"कोई सफल साधक **स्पर्शों में** राग नहीं करता; स्पर्शों का वैसा वैसा अनुभव कर के भी स्मृतिमान् रहता है...पूर्ववत्...निर्वाण के पास पहुँचता हुआ लगता है।'

"इमस्स ख्वाहं, भन्ते, भगवता सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थं आजानामी" ति।

"साधु साधु, मालुक्यपुत्त! साधु खो त्वं, मालुक्यपुत्त. मया सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं आजानासि—

'रूपं दिस्वा सति मुट्ठा, पियं निमित्तं मनसि करोतो।
सारत्तचित्तो वेदेति, तं च अज्झोस तिट्ठति॥
वेदना तस्स वड्ढन्ति, अनेका रूपसम्भवा।
अभिज्झा च विहेसा च, चित्तमस्सूपहञ्ञति।
एवं आचिनतो दुक्खं, आरा निब्बान वुच्चति॥ ...पे०...॥

[R.76] 'न सो रज्जति धम्मेसु, धम्मं ञत्वा पटिस्सतो।
विरत्तचित्तो वेदेति, तं च नाज्झोस तिट्ठति॥
यथास्स विजानतो धम्मं, सेवतो चा पि वेदनं।
खीयति नोपचीयति, एवं सो चरती सतो।
एवं अपचिनतो दुक्खं, सन्तिके निब्बान वुच्चती' ति॥

[N.71] "इमस्स खो, मालुक्यपुत्त, मया सङ्खित्तेन भासितस्स एवं वित्थारेन अत्थो दट्ठब्बो" ति।

[B.299] अथ खो आयस्मा मालुक्यपुत्तो भगवतो भासितं अभिनन्दित्वा अनुमोदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कामि। अथ खो आयस्मा मालुक्यपुत्तो एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरन्तो नचिरस्सेव—

---

"कोई सफल साधक **मनोधर्मों में** राग नहीं करता, मनोधर्मों को अनुभव करता हुआ भी स्मृतिमान् रहता है। ...पूर्ववत्...निर्वाण के पास पहुँचता हुआ दिखायी देता है॥

"भन्ते! आप के द्वारा उपदिष्ट संक्षिप्त धर्म का यह विस्तृत अर्थ समझता हूँ॥"

(भगवान्—) "साधु, मालुक्यपुत्र! साधु! तुमने मदुपदिष्ट धर्म का यह विस्तृत अर्थ उचित ही समझा है—

"कोई मिथ्यासाधक रूपों को देखकर...पूर्ववत्...॥

"कोई सफल साधक मनोधर्मों में राग नहीं करता...पूर्ववत्...॥

*(मालुक्यपुत्र के पूर्व कथन का ही यहाँ विस्तार कर लें।)*

"मालुक्यपुत्र! मेरे द्वारा संक्षिप्त रूप से भाषित का यही विस्तृत व्याख्यान है।"

तब आयुष्मान् मालुक्यपुत्र भगवान् के भाषण का अभिनन्दन अनुमोदन कर

यस्सत्थाय कुलपुत्ता सम्मदेव अगारस्मा अनगारियं पब्बजन्ति तदनुत्तरं—ब्रह्मचरिय-परियोसानं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहासि। ''खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया'' ति अब्भञ्ञासि। अञ्ञतरो च पनायस्मा मालुक्यपुत्तो अरहतं अहोसी ति॥ ●

## ९६. परिहानधम्मसुत्तं

९८. ''परिहानधम्मं च वो, भिक्खवे, देसेस्सामि अपरिहानधम्मं च छ च अभिभायतनानि। तं सुणाथ। कथं च, भिक्खवे, परिहानधम्मो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो चक्खुना रूपं दिस्वा उप्पज्जन्ति पापका अकुसला सरसङ्कप्पा संयोजनिया। तं चे भिक्खु अधिवासेति नप्पजहति न विनोदेति न ब्यन्तीकरोति न अनभावं गमेति, वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना—'परिहायामि कुसलेहि धम्मेहि'। परिहानं हेतं वुत्तं भगवता ति...पे०...।

''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो जिव्हाय रसं सायित्वा उप्पज्जन्ति...पे०...पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो मनसा धम्मं विञ्ञाय उप्पज्जन्ति पापका अकुसला [R.77] सरसङ्कप्पा संयोजनिया। तं चे भिक्खु अधिवासेति नप्पजहति न विनोदेति न ब्यन्तीकरोति न अनभावं गमेति, वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना—'परिहायामि

---

आसन से उठ कर भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर वहाँ से चल दिये। तथा एकान्त में जा कर...पूर्ववत्...। वे अर्हतों (ज्ञानियों) में एक माने जाने लगे॥ ●

**९६. परिहाणधर्मसूत्र : : अभिभूत आयतन**

९८. ...''भिक्षुओ! मैं तुम्हें परिहाणधर्म के विषय में उपदेश करूँ, साथ ही छह अपरिहाण-धर्म तथा अभिभू आयतनों के विषय में भी बताऊँगा। उसे ध्यानपूर्वक सुनो।

**परिहाणधर्म**—''भिक्षुओ! 'परिहाणधर्म' क्या होता है? भिक्षुओ! भिक्षु को चक्षु से रूप को देख कर चञ्चल सङ्कल्प वाले, संयोजनों (बन्धनों) में डालने वाले, पापमय अकुशल धर्म उत्पन्न होते हैं। यदि भिक्षु उन को सहन करे, स्वीकार करे; छोड़े नहीं, दबावे नहीं, उन का अन्त न करे, नाश न करे तो उसे समझना चाहिये कि वह अपने कुशल धर्मों से पतित हो रहा है, उन का प्रहाण कर रहा है। भगवान् ने इसी को 'परिहाणधर्म' कहा है। ...पूर्ववत्...।

''फिर, भिक्षुओ! भिक्षु को जिह्वा से रस को चखकर, चञ्चलसङ्कल्प...पापमय अकुशल धर्म उत्पन्न होते हैं...पूर्ववत्...मन से मनोधर्मों को स्वीकार करने से पापमय अकुशल धर्म उत्पन्न होते हैं। यदि भिक्षु उन को स्वीकार करे, छोड़े नहीं, दबावे नहीं, उन का अन्त न करे, नाश न करे तो उसे समझना चाहिये कि वह अपने कुशल धर्मों से पतित

कुसलेहि धम्मेहि'। परिहानं हेतं वुत्तं भगवता ति। एवं खो, भिक्खवे, परिहानधम्मो होति।

''कथं च, भिक्खवे, अपरिहानधम्मो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो चक्खुना रूपं दिस्वा उप्पज्जन्ति पापका अकुसला सरसङ्कप्पा संयोजनिया। तं चे भिक्खु नाधिवासेति पजहति विनोदेति ब्यन्तीकरोति अनभावं गमेति, वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना—'न परिहायामि कुसलेहि धम्मेहि'। अपरिहानं हेतं वुत्तं भगवता ति...पे०...। [N.72, B.300] ''पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो जिव्हाय रसं सायित्वा उप्पज्जन्ति ...पे०...पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो मनसा धम्मं विञ्ञाय उप्पज्जन्ति पापका अकुसला सरसङ्कप्पा संयोजनिया। तं चे भिक्खु नाधिवासेति पजहति विनोदेति ब्यन्तीकरोति अनभावं गमेति, वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना—'न परिहायामि कुसलेहि धम्मेहि'। अपरिहानं हेतं वुत्तं भगवता ति। एवं खो, भिक्खवे, अपरिहानधम्मो होति।

''कतमानि च, भिक्खवे, छ अभिभायतनानि? इध, भिक्खवे, भिक्खुनो चक्खुना रूपं दिस्वा नुप्पज्जन्ति पापका अकुसला सरसङ्कप्पा संयोजनिया। वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना—'अभिभूतमेतं आयतनं'। अभिभायतनं हेतं वुत्तं भगवता ति...पे०...पुन च परं, भिक्खवे, भिक्खुनो मनसा धम्मं विञ्ञाय नुप्पज्जन्ति

---

हो रहा है, उन का प्रहाण कर रहा है। भगवान् ने इन को 'परिहाणधर्म' कहा है। इस तरह, भिक्षुओ! यह 'परिहाणधर्म' कहलाता है।

**अपरिहाणधर्म**-''फिर, भिक्षुओ! यह 'अपरिहाणधर्म' क्या होता है? यहाँ, भिक्षुओ! भिक्षु को चक्षु से रूप को देख कर चञ्चल सङ्कल्प वाले पापमय अकुशल धर्म उत्पन्न होते हैं। यदि उन्हें साधक भिक्षु स्वीकार न करे, छोड़ दे, दूर कर दे, उन का अन्त कर दे, नाश कर दे तो उसे समझना चाहिये कि उस के कुशल धर्म क्षीण नहीं हो रहे हैं। भगवान् ने इस को 'अपरिहाणधर्म' कहा है। ...पूर्ववत्...।

''श्रोत्र से शब्द सुन कर...घ्राण से गन्ध सूँघ कर, जिह्वा से रस चख कर...काय से...मन से मनोधर्मों को जान कर...पूर्ववत्...भिक्षुओ! ऐसे यह अपरिहानधर्म कहलाता है।

**अभिभ्वायतन धर्म**—''भिक्षुओ! कौन से छह अभिभू-आयतन होते हैं? यहाँ, भिक्षुओ! चक्षु से रूप को देखकर भी भिक्षु को यदि पापमय अकुशल धर्म न उत्पन्न होते हों तो उसे समझ लेना चाहिये कि उस का चक्षु आयतन अभिभूत हो गया। इसी को भगवान् ने प्रथम अभिभ्वायतन कहा है। ...पूर्ववत्...। फिर, भिक्षुओ! भिक्षु को श्रोत्र से

पापका अकुसला धम्मा सरसङ्कप्पा संयोजनिया। वेदितब्बमेतं, भिक्खवे, भिक्खुना—'अभिभूतमेतं आयतनं'। अभिभायतनं हेतं वुत्तं भगवता ति। इमानि वुच्चन्ति, भिक्खवे, छ अभिभायतनानी'' ति॥ ●

## ९७. पमादविहारीसुत्तं

९९. पमादविहारिं च वो, भिक्खवे, देसेस्सामि अप्पमादविहारिं च। तं [R.78] सुणाथ। कथं च, भिक्खवे, पमादविहारी होति? चक्खुन्द्रियं असंवुतस्स, भिक्खवे, विहरतो चित्तं ब्यासिञ्चति। चक्खुविञ्ञेय्येसु रूपेसु तस्स ब्यासित्तचित्तस्स पामोज्जं न होति। पामोज्जे असति पीति न होति। पीतिया असति पस्सद्धि न होति। पस्सद्धिया असति दुक्खं होति। दुक्खिनो चित्तं न समाधियति। असमाहिते चित्ते धम्मा न पातुभवन्ति। धम्मानं अपातुभावा पमादविहारी त्वेव सङ्खं गच्छति...पे०...जिव्हिन्द्रियं असंवुतस्स, भिक्खवे, विहरतो चित्तं ब्यासिञ्चति। जिव्हाविञ्ञेय्येसु रसेसु तस्स ब्यासित्तचित्तस्स...पे०...पमादविहारी त्वेव सङ्खं गच्छति...पे०...मनिन्द्रियं असंवुतस्स, भिक्खवे, विहरतो चित्तं ब्यासिञ्चति। मनोविञ्ञेय्येसु धम्मेसु तस्स ब्यासित्तचित्तस्स पामोज्जं न होति। पामोज्जे असति पीति न होति। पीतिया असति पस्सद्धि न होति। पस्सद्धिया असति दुक्खं होति। दुक्खिनो चित्तं न समाधियति। असमाहिते चित्ते [N.73] धम्मा न पातुभवन्ति। धम्मानं अपातुभावा पमादविहारी त्वेव सङ्खं गच्छति। एवं खो, भिक्खवे, 'पमादविहारी' होति। [B.301]

---

शब्द सुन कर...घ्राण से गन्ध सूँघ कर...जिह्वा से रस चख कर...काय से स्पर्श का अनुभव कर...मन से मनोधर्मों को जान कर...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! ये छह अभिभ्वायतन धर्म होते हैं॥'' ●

**९७. प्रमादविहारिसूत्र : : धर्म प्रादुर्भाव से अप्रमादविहारित्व**

९९. ...''भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें प्रमादविहारी एवं अप्रमादविहारी (साधक) के विषय में बताऊँगा। उसे ध्यानपूर्वक सुनो।

भिक्षुओ! कोई **प्रमादविहारी** कैसे कहलाता है? असंयत चक्षुरिन्द्रिय के सहारे साधना करने वाले का चित्त चक्षुर्विज्ञेय रूपों में व्यासक्त हो जाने के कारण प्रमुदित नहीं होता। प्रमोद के अभाव में प्रीति नहीं होती, प्रीति के अभाव में चित्त की शान्ति या गम्भीरता नहीं रह पाती। इस चित्त की शान्ति या गम्भीरता के न रहने से उस की साधना कष्टप्रद हो जाती है। तथा असमाहित चित्त में कुशल धर्म प्रादुर्भूत नहीं होते। इन कुशलधर्मों के प्रादुर्भूत न होने से ही वह साधक 'प्रमादविहारी' कहलाता है। ...जिह्वा...काय...असंयत मन के सहारे ...पूर्ववत्...।


"भिक्षुओ! जैसे कोई पुराना बहुत वर्षों का कोई अश्वत्थ, न्यग्रोध, प्लक्ष, या उदुम्बर आदि दुग्धवृक्ष (क्षीरी वृक्ष) हो, जो सूख कर स्थाणु के रूप में खड़ा हो, उसे कोई लकड़हारा तीक्ष्ण कुठार द्वारा कहीं से भी काटे तो क्या उस के उस स्थान से दूध निकलेगा?"

"नहीं, भन्ते!"

"वह क्यों?"

"वह इसलिये कि उस वृक्ष में क्षीर है ही नहीं।"

"इसी तरह, भिक्षुओ! जिस किसी भी भिक्षु या भिक्षुणी का चक्षुर्विज्ञेय रूपों में राग द्वेष या मोह नहीं है, उन के सम्मुख बड़े से बड़ा चक्षुर्विज्ञेय रूप आ जाय, तो भी वह उन के चित्त को आबद्ध नहीं कर सकता, छोटे रूपों के विषय में कहना ही क्या है! क्यों कि उन के राग, द्वेष, मोह क्षीण हो चुके हैं। ...पूर्ववत्...।

मनोविञ्ञेय्या धम्मा मनस्स आपाथं आगच्छन्ति नेवस्स चित्तं परियादियन्ति; को पन वादो परित्तानं! तं किस्स हेतु? यो, भिक्खवे, रागो सो नत्थि, यो दोसो सो नत्थि, यो मोहो सो नत्थि, यो रागो सो पहीनो, यो दोसो सो पहीनो, यो मोहो सो पहीनो'' ति ॥●

## २३२. कोट्ठिकसुत्तं

२३७. एकं समयं आयस्मा च सारिपुत्तो आयस्मा च महाकोट्ठिको बाराणसियं विहरन्ति इसिपतने मिगदाये। अथ खो आयस्मा महाकोट्ठिको सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येनायस्मा सारिपुत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मता सारिपुत्तेन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा महाकोट्ठिको आयस्मन्तं सारिपुत्तं एतदवोच—

''किं नु खो, आवुसो सारिपुत्त, चक्खु रूपानं संयोजनं, रूपा चक्खुस्स संयोजनं ...पे०...जिव्हा रसानं संयोजनं, रसा जिव्हाय संयोजनं...पे०...मनो धम्मानं संयोजनं, [R.163] धम्मा मनस्स संयोजनं'' ति?

[N.148]''न खो, आवुसो कोट्ठिक, चक्खु रूपानं संयोजनं, न रूपा चक्खुस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं...पे०...न जिव्हा रसानं संयोजनं, न रसा जिव्हाय संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं...पे०...न मनो धम्मानं संयोजनं, न धम्मा मनस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं।

---

''...जिह्वाविज्ञेय रसों में...मनोविज्ञेय धर्मों में...पूर्ववत्...। उस के राग, द्वेष, मोह प्रहीण हो चुके हैं''॥ ●

## २३२. कौष्ठिकसूत्र : : कामना एवं आसक्ति ही बन्धन है

२३७. एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र एवं आयुष्मान् महाकौष्ठिक **वाराणसी** के ऋषिपतन मृगदाव में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब कभी आयुष्मान् महाकौष्ठिक सायङ्काल ध्यानभावना से उठ कर आयुष्मान् सारिपुत्र के पास गये। तथा उन्होंने उन से यह प्रश्न किया—

''आयुष्मन् सारिपुत्र! क्या चक्षु रूपों का संयोजन (बन्धन) है या रूप चक्षु के संयोजन हैं; इसी तरह, क्या जिह्वा रसों का संयोजन हैं या रस जिह्वा के संयोजन है...पूर्ववत्...धर्म मन के संयोजन हैं?''

''आयुष्मन् कौष्ठिक! न चक्षु रूपों का संयोजन है, न रूप ही चक्षु के संयोजन हैं; अपि तु उन दोनों के प्रत्यय से वहाँ जो छन्दराग उत्पन्न होता है वही 'संयोजन' है। ...पूर्ववत्...। न जिह्वा...न काय...न मन...छन्दराग ही संयोजन हैं।

"सेय्यथापि, आवुसो, काळो च बलीवद्दो ओदातो च बलीबद्दो एकेन दामेन वा योत्तेन वा संयुत्ता अस्सु। यो नु खो एवं वदेय्य—'काळो बलीवद्दो ओदातस्स बली-वद्दस्स संयोजनं, ओदातो बलीवद्दो काळस्स बलीवद्दस्स संयोजनं' ति, सम्मा [B.373] नु खो सो वदमानो वदेय्या" ति?

"नो हेतं, आवुसो"।

"तं किस्स हेतु?"

"न खो, आवुसो, काळो बलीवद्दो ओदातस्स बलीवदस्स संयोजनं, न ओदातो बलीवद्दो काळस्स बलीवद्दस्स संयोजनं। येन च खो ते एकेन दामेन वा योत्तेन वा संयुत्ता तं तत्थं संयोजनं।

"एवमेव खो, आवुसो, न चक्खु रूपानं संयोजनं, न रूपा चक्खुस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं...पे०...न जिव्हा रसानं संयोजनं...पे०...न मनो धम्मानं संयोजनं, न धम्मा मनस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं।

"चक्खु वा, आवुसो, रूपानं संयोजनं अभविस्स, रूपा वा चक्खुस्स संयोजनं, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, आवुसो, न चक्खु

---

**बलीवर्दों की उपमा**—"आयुष्मन्! जैसे किसी गाड़ी में एक काला तथा एक सफेद—दो बैल रस्सी एवं जूए से बँधे हुए हों। उन के विषय में कोई यह पूछे—'यहाँ यह काला बैल सफेद बैल का संयोजन है या सफेद बैल काले बैल का संयोजन है?'; तो क्या उस का ऐसा प्रश्न उचित है?"

"नहीं, आयुष्मन्!"

"वह क्यों?"

"क्यों कि वहाँ न तो काला बैल सफेद बैल का संयोजन है, तथा न सफेद बैल ही काले बैल का संयोजन है; अपि तु वे वहाँ जो एक रस्सी तथा एक जूए से आबद्ध हैं वह आबन्धन ही उन का संयोजन है।"

"इसी तरह, आयुष्मन्! न चक्षु रूपों का संयोजन है, न रूप ही चक्षु के संयोजन हैं। अपि तु वहाँ उन दोनों के प्रत्यय से होनेवाला छन्दराग ही उन दोनों का संयोजन है। ...न जिह्वा...पूर्ववत्...। ...न मनोधर्म मन के...अपि तु दोनों के प्रत्यय से वहाँ उपस्थित छन्दराग ही संयोजन है।

"आयुष्मन्! यदि चक्षु रूपों का संयोजन होता या रूप चक्षु के संयोजन होते तो यह धर्मसाधना सफल नहीं समझी जाती। क्यों कि, आयुष्मन्! न चक्षु रूपों का संयोजन

रूपानं संयोजनं, न रूपा चक्खुस्स संयोजनं; यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्द-
[R.164] रागो तं तत्थ संयोजनं, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय ...पे०...।

''जिव्हा, आवुसो, रसानं संयोजनं अभविस्स, रसा वा जिव्हाय संयोजनं, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, आवुसो, न जिव्हा रसानं संयोजनं, न रसा जिव्हाय संयोजनं; यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय...पे०...।

[N.149] ''मनो वा, आवुसो, धम्मानं संयोजनं अभविस्स, धम्मा वा मनस्स संयोजनं, नयिदं ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायेथ सम्मा दुक्खक्खयाय। यस्मा च खो, आवुसो, न मनो धम्मानं संयोजनं, न धम्मा मनस्स संयोजनं; यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं, तस्मा ब्रह्मचरियवासो पञ्ञायति सम्मा दुक्खक्खयाय।

''इमिनापेतं, आवुसो, परियायेन वेदितब्बं यथा न चक्खु रूपानं संयोजनं, न
[B.374] रूपा चक्खुस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं...पे०...न जिव्हाय रसानं संयोजनं...पे०...न मनो धम्मानं संयोजनं, न धम्मा मनस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं।

''संविज्जति खो, आवुसो, भगवतो चक्खु। पस्सति भगवा चक्खुना रूपं। छन्दरागो भगवतो नत्थि। सुविमुत्तचित्तो भगवा। संविज्जति खो, आवुसो, भगवतो सोतं। सुणाति भगवा सोतेन सद्दं। छन्दरागो भगवतो नत्थि। सुविमुत्तचित्तो भगवा। संविज्जति खो, आवुसो, भगवतो घानं। घायति भगवा घानेन गन्धं। छन्दरागो भगवतो नत्थि। सुविमुत्तचित्तो भगवा। संविज्जति खो, आवुसो, भगवतो जिव्हा। सायति भगवा

---

है और न रूप ही चक्षु के संयोजन हैं, अपि तु उन दोनों के प्रत्यय से वहाँ जो छन्दराग उत्पन्न होते हैं वही वहाँ संयोजन है; अतः उन दुःखों के क्षय के लिये धर्मसाधना का उपदेश किया जाता है। ...पूर्ववत्...।

...जिह्वा यदि रसों की बन्धन होती...उपदेश किया जाता है।

''आयुष्मन्! इस उदाहरण से भी यही जानना चाहिये न चक्षु, न श्रोत्र, न घ्राण, न जिह्वा, न काय, न मन, रूप आदि बन्धन हैं; न रूप आदि ही चक्षुरादि के बन्धन हैं; अपि तु वहाँ उपस्थित छन्दराग ही बन्धन है।

''आयुष्मन्! भगवान् को भी चक्षु विद्यमान हैं, भगवान् भी चक्षु से रूपों को देखते हैं; किन्तु भगवान् को कोई छन्दराग नहीं होता; क्यों कि भगवान् का चित्त विकारों

जिव्हाय रसं। छन्दरागो भगवतो नत्थि। सुविमुत्तचित्तो भगवा। संविज्जति खो, आवुसो, भगवतो कायो। फुसति भगवा कायेन फोट्ठब्बं। छन्दरागो भगवतो नत्थि। सुविमुत्त-चित्तो भगवा। संविज्जति खो, आवुसो, भगवतो मनो। विजानाति भगवा मनसा [R.165] धम्मं। छन्दरागो भगवतो नत्थि। सुविमुत्तचित्तो भगवा।

"इमिना खो एतं, आवुसो, परियायेन वेदितब्बं यथा न चक्खु रूपानं संयोजनं, न रूपा चक्खुस्स संयोजनं; यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं। न सोतं...न घानं...न जिव्हा रसानं संयोजनं, न रसा जिव्हाय संयोजनं; यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं। न कायो...न मनो धम्मानं संयोजनं, न धम्मा मनस्स संयोजनं; यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं" ति॥ ●

## २३३. कामभूसुत्तं

२३८. एकं समयं आयस्मा च आनन्दो आयस्मा च कामभू कोसम्बियं [N.150] विहरन्ति घोसितारामे। अथ खो आयस्मा कामभू सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मता आनन्देन सद्धिं [B.375] सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा कामभू आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—

"किं नु खो, आवुसो आनन्द, चक्खु रूपानं संयोजनं, रूपा चक्खुस्स संयोजनं ...पे०...जिव्हा रसानं संयोजनं, रसा जिव्हाय संयोजनं...पे०...मनो धम्मानं संयोजनं, धम्मा मनस्स संयोजनं" ति?

"न खो, आवुसो कामभू, चक्खु रूपानं संयोजनं, न रूपा चक्खुस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं...पे०...न जिव्हा रसानं

---

से सर्वथा मुक्त है। ...श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन...भगवान् का चित्त विकारों से सर्वथा मुक्त है।

"आयुष्मन् इस (भगवान् वाले) उदाहरण से तुम्हें यह बात भलीभाँति समझ लेनी चाहिये कि चक्षु रूपों का संयोजन नहीं है...पूर्ववत्...छन्दराग ही वहाँ बन्धन है"॥

**२३३. कामभूसूत्र : : छन्दराग ही बन्धन**

२३८. एक समय आयुष्मान् आनन्द एवं आयुष्मान् कामभू—दोनों ही **कौशाम्बी** के घोषिताराम में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब आयुष्मान् कामभू सायङ्काल समाधिभावना से उठ कर आयुष्मान् आनन्द के पास पहुँचे तथा...यह प्रश्न किया—"आयुष्मन् आनन्द!

संयोजनं, न रसा जिव्हाय संयोजनं...पे०...न मनो धम्मानं संयोजनं, न धम्मा मनस्स संयोजनं। यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं।

[R.166] ''सेय्यथापि, आवुसो, काळो च बलीबद्दो ओदातो च बलीबद्दो एकेन दामेन वा योत्तेन वा संयुत्ता अस्सु। यो नु खो एवं वदेय्य—'काळो बलीबद्दो ओदातस्स बलीवद्दस्स संयोजनं, ओदातो बलीवद्दो काळस्स बलीवद्दस्स संयोजनं' ति, सम्मा नु खो सो वदमानो वदेय्या'' ति?

''नो हेतं, आवुसो''।

''न खो, आवुसो, काळो बलीवद्दो ओदातस्स बलीबदस्स संयोजनं, न पि ओदातो बलीवद्दो काळस्स बलीवद्दस्स संयोजनं। येन च खो ते एकेन दामेन वा योत्तेन वा संयुत्ता तं तत्थं संयोजनं। एवमेव खो, आवुसो, न चक्खु रूपानं संयोजनं, न रूपा चक्खुस्स संयोजनं...पे०...न जिव्हा...पे०...न मनो...पे०...यं च तत्थ तदुभयं पटिच्च उप्पज्जति छन्दरागो तं तत्थ संयोजनं'' ति॥ •

## २३४. उदायीसुत्तं

२३९. एकं समयं आयस्मा च आनन्दो आयस्मा च उदायी कोसम्बियं विहरन्ति घोसितारामे। अथ खो आयस्मा उदायी सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येनायस्मा आनन्दो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मता आनन्देन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं [N.151] कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा उदायी आयस्मन्तं आनन्दं एतदवोच—

''यथेव नु खो, आवुसो आनन्द, अयं कायो भगवता अनेकपरियायेन अक्खातो [B.376] विवटो पकासितो—'इतिपायं कायो अनत्ता' ति, सक्का एवमेव विञ्ञाणं पिदं आचिक्खितुं देसेतुं पञ्ञापेतुं पट्ठपेतुं विवरितुं विभजितुं उत्तानीकातुं—'इति पिदं विञ्ञाणं अनत्ता''' ति?

---

चक्षु रूपों का संयोजन है? या रूप चक्षु का संयोजन है? ...पूर्ववत्...। ...उन दोनों के प्रत्यय से उत्पन्न होने वाला छन्दराग ही वहाँ संयोजन है''॥ •

*(भगवान् के उदाहरण को छोड़ कर शेष पूर्वसूत्रवत् यहाँ विस्तार कर लें।)*

**२३४. उदायिसूत्र : : विज्ञान ही अनात्म है**

२३९. एक समय आयुष्मान् आनन्द एवं आयुष्मान् उदायी **कौशाम्बी** के घोषिताराम में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब कभी आयुष्मान् उदायी समाधिभावना से उठ कर आयुष्मान् आनन्द के पास...तथा उन से यह प्रश्न पूछा—

''आयुष्मन् आनन्द! जैसे भगवान् ने इस शरीर के विषय में यथाप्रसङ्ग बहुत ही

"यथेव खो, आवुसो उदायी, अयं कायो भगवता अनेकपरियायेन अक्खातो विवटो पकासितो—'इतिपायं कायो अनत्ता' ति, सक्का एवमेव विञ्ञाणं पिदं आचिक्खितुं देसेतुं पञ्ञापेतुं पट्ठपेतुं विवरितुं विभजितुं उत्तानीकातुं—'इति पिदं विञ्ञाणं अनत्ता''' ति?

"चक्खुं च, आवुसो, पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं" ति? [R.167]
"एवमावुसो" ति।

"यो चावुसो, हेतु यो च पच्चयो चक्खुविञ्ञाणस्स उप्पादाय सो च हेतु सो च पच्चयो सब्बेन सब्बं सब्बथा सब्बं अपरिसेसं निरुज्झेय्य, अपि नु खो चक्खुंविञ्ञाणं पञ्ञायेथा" ति?
"नो हेतं, आवुसो"।

"इमिना पि खो एतं, आवुसो, परियायेन भगवता अक्खातं विवटं पकासितं—'इति पिदं विञ्ञाणं अनत्ता''' ति। ...पे०...।

"जिव्हं, चावुसो, पटिच्च रसे च उप्पज्जति जिव्हाविञ्ञाणं" ति?

"एव-मावुसो" ति।

"यो चावुसो, हेतु यो च पच्चयो जिव्हाविञ्ञाणस्स उप्पादाय सो च हेतु सो च पच्चयो सब्बेन सब्बं सब्बथा सब्बं अपरिसेसं निरुज्झेय्य, अपि नु खो जिव्हाविञ्ञाणं पञ्ञायेथा" ति?

"नो हेतं, आवुसो"।

"इमिना पि खो एतं, आवुसो, परियायेन भगवता अक्खातं विवटं पकासितं—'इति पिदं विञ्ञाणं अनत्ता''' ति। ...पे०...।

"मनं, चावुसो, पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं" ति? [N.152]

---

विस्तार से स्पष्ट व्याख्यान कर उसे 'अनात्म' घोपित किया है, वैसे ही क्या विज्ञान को भी उसी प्रकार स्पष्टत. 'अनात्म' कहा जा सकता है?"

"हाँ, आयुष्मन् उदायि! जैसे भगवान् ने...पूर्ववत्...विज्ञान को भी स्पष्टत: 'अनात्म' कहा जा सकता है। (मैं आप से ही पूछता हूँ—) आयुष्मन्! चक्षु और रूप के प्रत्यय से चक्षुर्विज्ञान उत्पन्न होता है ना?"

"हाँ, आयुष्मन्!"

तो क्या चक्षुर्विज्ञान की उत्पत्ति में जो हेतु तथा प्रत्यय हैं उन का यदि सर्वथा निरोध हो जाय तो क्या फिर भी चक्षुर्विज्ञान का ज्ञान होगा?"

"नहीं, आयुष्मन्!"

"इस तरह भी भगवान् ने समझाया है कि विज्ञान अनात्म है।

"एवमावुसो" ति।

"यो चावुसो, हेतु यो च पच्चयो मनोविञ्ञाणस्स उप्पादाय सो च हेतु सो च पच्चयो सब्बेन सब्बं सब्बथा सब्बं अपरिसेसं निरुज्झेय्य, अपि नु खो मनोविञ्ञाणं पञ्ञायेथा" ति?

"नो हेतं, आवुसो"।

"इमिना पि खो एतं, आवुसो, परियायेन भगवता अक्खातं विवटं पकासितं— 'इति पिदं विञ्ञाणं अनत्ता'" ति।

"सेय्यथापि, आवुसो, पुरिसो सारत्थिको सारगवेसी सारपरियेसनं चरमानो [B.377] तिण्हं कुठारिं आदाय वनं पविसेय्य। सो तत्थ पस्सेय्य महन्तं कदलिक्खन्धं [R.168] उजुं नवं अकुक्कुकजातं। तमेनं मूले छिन्देय्य; मूले छेत्वा अग्गे छिन्देय्य; अग्गे छेत्वा पत्तवट्टिं विनिब्भुजेय्य। सो तत्थ फेग्गुं पि नाधिगच्छेय्य, कुतो सारं! एवमेव खो, आवुसो, भिक्खु छसु फस्सायतनेसु नेवत्तानं न अत्तनियं समुपस्सति। सो एवं असमनुपस्सन्तो न किञ्चि लोके उपादियति। अनुपादियं न परितस्सति। अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती" ति॥ ●

## २३५. आदित्तपरियायसुत्तं

२४०. "आदित्तपरियायं वो, भिक्खवे, धम्मपरियायं देसेस्सामि। तं सुणाथ।

---

"श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन...। मनोविज्ञान का हेतु एवं प्रत्यय सर्वथा निरुद्ध हो जाय तो क्या फिर भी मनोविज्ञान का ज्ञान होगा?"

"नहीं, आयुष्मन्!"

"इस तरह भी भगवान् ने समझाया है कि विज्ञान 'अनात्म' है।

"आयुष्मन्! जैसे कोई दृढ़ काष्ठ के उपयोग का इच्छुक पुरुष अरण्य में जा कर वहाँ एक हाथ ऊँचा, नया एवं कोमल केले का वृक्ष देखे, उसे वह तीक्ष्ण कुठार से मूलत: उच्छिन्न कर दे। उस के बाद वह उसे खण्डश: विभक्त कर दे, तब उस की त्वचा को भी पृथक् कर दे, फिर भी वह उस में साधारण काष्ठ भी न पाये, दृढ़ (सारवान्) काष्ठ की बात तो बहुत दूर! वैसे ही भिक्षु इन छह स्पर्शायतनों में न आत्मा देखता है, न आत्मीय। ऐसा न देखता हुआ वह लोक में किसी का भी उपादान नहीं करता। उपादान न करने के कारण वह कोई त्रास भी नहीं पाता। त्रास न होने के कारण वह अपने अन्दर ही निर्वाण अधिगत कर लेता है। पुन: अन्त में उसे ज्ञात हो जाता है—मेरी भवपरम्परा (जाति) क्षीण हो गयी...अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं है"॥ ●

कतमो च, भिक्खवे, आदित्तपरियायो धम्मपरियायो? वरं, भिक्खवे, तत्ताय अयो-सलाकाय आदित्ताय सम्पज्जलिताय सजोतिभूताय चक्खुन्द्रियं सम्पलिमट्ठं, न त्वेव चक्खुविञ्ञेय्येसु रूपेसु अनुब्यञ्जनसो निमित्तग्गाहो। निमित्तस्सादगथितं वा, भिक्खवे, विञ्ञाणं तिट्ठमानं तिट्ठेय्य अनुब्यञ्जनस्सादगथितं वा तस्मिं चे समये कालं करेय्य, ठानमेतं विज्जति यं द्विन्नं गतीनं अञ्ञतरं गतिं गच्छेय्य—निरयं वा, तिरच्छानयोनिं वा। इमं ख्वाहं, भिक्खवे, आदीनवं दिस्वा एवं वदामि।

''वरं, भिक्खवे, तिण्हेन अयोसङ्कुना आदित्तेन सम्पज्जलितेन सजोति-[N.153] भूतेन सोतिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं, न त्वेव सोतविञ्ञेय्येसु सद्देसु अनुब्यञ्जनसो निमित्तग्गाहो। निमित्तस्सादगथितं वा, भिक्खवे, विञ्ञाणं तिट्ठमानं तिट्ठेय्य अनुब्यञ्जन-स्सादगथितं वा तस्मिं चे समये कालं करेय्य, ठानमेतं विज्जति यं द्विन्नं गतीनं अञ्ञतरं गतिं गच्छेय्य—निरयं वा, तिरच्छानयोनिं वा। इमं ख्वाहं, भिक्खवे, आदीनवं [R.169] दिस्वा एवं वदामि। [B.378]

''वरं, भिक्खवे, तिण्हेन नखच्छेदनेन आदित्तेन सम्पज्जलितेन सजोतिभूतेन घानिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं, न त्वेव घानविञ्ञेय्येसु गन्धेसु अनुब्यञ्जनसो निमित्तग्गाहो।

---

**२३५. आदीप्तपर्यायसूत्र : : इन्द्रियसंयम**

२४०. ...''भिक्षुओ! अब मैं आदीप्त (प्रज्वलित) के उदाहरण से धर्मोपदेश करूँगा, उसे सुनो। भिक्षुओ! यह आदीप्त के उदाहरण से धर्मोपदेश क्या है? भिक्षुओ! तीव्र लपटों से जलती हुई लाल लोहे की शलाकाओं से चक्षुरिन्द्रिय को जला देना ही अच्छा है, परन्तु चक्षुर्विज्ञेय रूपों के लोभ में फँसना या उन का स्वाद चखना अच्छा नहीं। भिक्षुओ! ऐसा पुरुष जिस समय चक्षुर्विज्ञेय रूपों के लोभ में फँस कर उन का स्वाद चख रहा होता है, उस समय उस का देहपात हो जाने से उस की दो ही गतियाँ होती हैं—या तो वह उस कारण नरक में जा गिरता है, या फिर उस का जन्म तिरश्चीन योनि में होता है। भिक्षुओ! इसी बुराई को देख कर मैं ऐसा कहता हूँ।

''भिक्षुओ! तीव्र लपटों वाली जलती हुई लोहे की लाल शलाका से श्रोत्रेन्द्रिय को जला देना ही अच्छा है, परन्तु श्रोत्रविज्ञेय शब्दों के लोभ में फँस कर उन का स्वाद चखना अच्छा नहीं। भिक्षुओ! ऐसा पुरुष श्रोत्रविज्ञेय शब्दों के लोभ में फँस कर...पूर्ववत्...दो ही गति होती हैं—या तो उस का नरकपात होता है या तिरश्चीन योनि में प्रादुर्भाव। यह बुराई देख कर ही भिक्षुओ! मैं ऐसा कहता हूँ।

''भिक्षुओ! तीव्र लपटों से युक्त प्रदीप्त नखच्छेदन शस्त्र (नाखून काटने की नहरनी) से नाक को जला देना अच्छा होगा, किन्तु घ्राणविज्ञेय गन्धों का लोभी बन कर उन का

निमित्तस्सादगथितं वा, भिक्खवे, विञ्ञाणं तिट्ठमानं तिट्ठेय्य अनुब्यञ्जनस्सादगथितं वा तस्मिं चे समये कालं करेय्य, ठानमेतं विज्जति यं द्विन्नं गतीनं अञ्ञतरं गतिं गच्छेय्य—निरयं वा, तिरच्छानयोनिं वा। इमं ख्वाहं, भिक्खवे, आदीनवं दिस्वा एवं वदामि।

"वरं, भिक्खवे, तिण्हेन खुरेन आदित्तेन सम्पज्जलितेन सजोतिभूतेन जिव्हिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं, न त्वेव जिव्हाविञ्ञेय्येसु रसेसु अनुब्यञ्जनसो निमित्तग्गाहो। निमित्तस्सादगथितं वा, भिक्खवे, विञ्ञाणं तिट्ठमानं तिट्ठेय्य अनुब्यञ्जनस्सादगथितं वा तस्मिं चे समये कालं करेय्य, ठानमेतं विज्जति यं द्विन्नं गतीनं अञ्ञतरं गतिं गच्छेय्य—निरयं वा, तिरच्छानयोनिं वा। इमं ख्वाहं, भिक्खवे, आदीनवं दिस्वा एवं वदामि।

"वरं, भिक्खवे, तिण्हाय सत्तिया आदित्ताय सम्पज्जलिताय सजोतिभूतेन कायिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं, न त्वेव कायविञ्ञेय्येसु फोट्ठब्बेसु अनुब्यञ्जनसो निमित्तग्गाहो। निमित्तस्सादगथितं वा, भिक्खवे, विञ्ञाणं तिट्ठमानं तिट्ठेय्य अनुब्यञ्जनस्सादगथितं वा तस्मिं चे समये कालं करेय्य, ठानमेतं विज्जति यं द्विन्नं गतीनं अञ्ञतरं गतिं गच्छेय्य—निरयं वा, तिरच्छानयोनिं वा। इमं ख्वाहं, भिक्खवे, आदीनवं दिस्वा एवं वदामि।

"वरं, भिक्खवे, सोत्तं। सोत्तं खो पनाहं, भिक्खवे, वञ्झं जीवितानं वदामि, अफलं जीवितानं वदामि, मोमूहं जीवितानं वदामि, न त्वेव तथारूपे वितक्के वितक्केय्य यथारूपानं वितक्कानं वसं गतो सङ्घं भिन्देय्य। इमं ख्वाहं, भिक्खवे, वञ्झं जीवितानं [N.154, R.170] आदीनवं दिस्वा एवं वदामि।

---

स्वाद लेना उचित नहीं...तिरश्चीन योनि में प्रादुर्भूत होता है। भिक्षुओ! इसी बुराई को देख कर मैं ऐसा कहता हूँ।

"भिक्षुओ! भले ही कोई अपनी जिह्वेन्द्रिय को जलते हुए तीक्ष्ण छुरे से एक ही वेग (झटके) में काट डाले, परन्तु उस के लिये यह उचित नहीं होगा कि वह जिह्वाविज्ञेय रसों के लोभ में आसक्त हो कर उन का स्वाद चखे...तिरश्चीन योनि में उद्भूत हो। इस में यही कमी देख कर मैं ऐसा कहता हूँ।

"भिक्षुओ! भले ही अग्नि से लहलहाते तीक्ष्ण भाले से इस काया का शतशः छेदन भेदन कर दिया जाय, परन्तु कायविज्ञेय स्प्रष्टव्य विषयों के लोभ में पड़ कर उन के स्वाद में आनन्द मनाये—यह उचित नहीं; अतएव...तिरश्चीन योनि में उत्पन्न होता है—...ऐसा मैं कहता हूँ।

"भिक्षुओ! इस की अपेक्षा सोया रहना अच्छा है। यद्यपि मैं इस शयन (निद्रा) को वन्ध्य जीवन, निष्फल जीवन कहता हूँ, मोह में आबद्ध जीवन कहता हूँ। साधक को

"तत्थ, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको इति पटिसञ्चिक्खति—'तिट्ठतु ताव तत्ताय अयोसलाकाय आदित्ताय सम्पज्जलिताय सजोतिभूताय चक्खुन्द्रियं सम्पलिमट्ठं। हन्दाहं इदमेव मनसि करोमि—इति चक्खु अनिच्चं, रूपा अनिच्चा, चक्खुविञ्ञाणं अनिच्चं, चक्खुसम्फस्सो अनिच्चो, यम्पिदं चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि अनिच्चं।

'तिट्ठतु ताव तिण्हेन अयोसङ्कुना आदित्तेन सम्पज्जलितेन सजोतिभूतेन [B.379] सोतिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं। हन्दाहं इदमेव मनसि करोमि—इति सोतं अनिच्चं, सद्दा अनिच्चा, सोतविञ्ञाणं अनिच्चं, सोतसम्फस्सो अनिच्चो, यम्पिदं सोतसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि अनिच्चं।

'तिट्ठतु ताव तिण्हेन नखच्छेदनेन आदित्तेन सम्पज्जलितेन सजोतिभूतेन घानिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं। हन्दाहं इदमेव मनसि करोमि—इति घानं अनिच्चं, गन्धा अनिच्चा, घानविञ्ञाणं अनिच्चं, घानसम्फस्सो अनिच्चो, यम्पिदं घानसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं...पे०...तं पि अनिच्चं।

'तिट्ठतु ताव तिण्हेन खुरेन आदित्तेन सम्पज्जलितेन सजोतिभूतेन जिव्हिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं। हन्दाहं इदमेव मनसि करोमि—इति जिव्हा अनिच्चा, रसा अनिच्चा, जिव्हाविञ्ञाणं अनिच्चं, जिव्हासम्फस्सो अनिच्चो, यम्पिदं जिव्हासम्फस्सपच्चया उप्पज्जति... पे०...तं पि अनिच्चं।

---

अपने मन में ऐसे वितर्क विचार नहीं आने देना चाहिये कि जिन के कारण सङ्घ में भेद (फूट) पैदा हो। इस में वन्ध्य जीवन का दोष देख कर ही मैं ऐसा कहता हूँ॥

"भिक्षुओ! विद्वान् आर्यश्रावक यही सोचता है—'प्रदीप्त अय:शलाका से अपनी चक्षुरिन्द्रिय को दग्ध करने से हम को क्या प्रयोजन! हम तो अब यही चिन्तन करेंगे—चक्षु अनित्य है, रूप अनित्य है, चक्षुर्विज्ञान अनित्य है, चक्षु:संस्पर्श अनित्य चक्षु:संस्पर्शजन्य सुखदु:खादि वेदनाएँ अनित्य हैं।

"भिक्षुओ! वह यह भी चिन्तन करता है—'मुझे प्रदीप्त अय:शलाका अपनी श्रोत्रेन्द्रिय दग्ध करने से कोई प्रयोजन नहीं, मैं तो यही सतत चिन्तन करूँगा—श्रोत्र अनित्य है, शब्द अनित्य हैं...पूर्ववत्...।

"भिक्षुओ! वह यह भी चिन्तन करता है—'मुझे प्रदीप्त नखच्छेदन शस्त्र से अपनी घ्राणेन्द्रिय दग्ध करने से क्या प्रयोजन! मैं तो यही मनन करूँगा—घ्राणेन्द्रिय अनित्य हैं, गन्ध अनित्य हैं...पूर्ववत्...।

[R.171]'तिट्ठतु ताव तिण्हाय सत्तिया आदित्ताय सम्पज्जलिताय सजोतिभूताय कायिन्द्रियं सम्पलिमट्ठं। हन्दाहं इदमेव मनसि करोमि—इति कायो अनिच्चो, फोट्ठब्बा अनिच्चा, कायविञ्ञाणं अनिच्चं, कायसम्फस्सो अनिच्चो, यम्पिदं कायसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं...पे०...तं पि अनिच्चं।

'तिट्ठतु ताव सोत्तं। हन्दाहं इदमेव मनसि करोमि—इति मनो अनिच्चो, धम्मा अनिच्चा, मनोविञ्ञाणं अनिच्चं, मनोसम्फस्सो अनिच्चो, यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया [N.155] उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तं पि अनिच्चं'।

''एवं पस्सं, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको चक्खुस्मिं पि निब्बिन्दति, रूपेसु पि निब्बिन्दति, चक्खुविञ्ञाणे पि निब्बिन्दति, चक्खुसम्फस्से पि निब्बिन्दति...पे०... यम्पिदं मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति वेदयितं सुखं वा दुक्खं वा अदुक्खमसुखं वा तस्मिं पि निब्बिन्दति। निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाति। अयं खो, भिक्खवे, आदित्तपरियायो धम्मपरियायो'' ति॥ ●

---

...'मुझे तीक्ष्ण एवं प्रदीप्त छुरे द्वारा अपनी जिह्वा काटने का क्या प्रयोजन! मैं तो यही चिन्तन करूँगा—यह जिह्वेन्द्रिय अनित्य है, रस अनित्य है, ...पूर्ववत्...।

...'इसी तरह मुझे तीक्ष्ण एवं भाले द्वारा अपनी काया को खण्डित करने से क्या प्रयोजन! मैं तो काया के विषय में यही चिन्तन करूँगा—मेरा यह काय अनित्य है, इस के स्प्रष्टव्य का विषय अनित्य हैं...पूर्ववत्...।

''...'इसी तरह मुझे निरन्तर शयन करने से क्या लाभ! मैं तो अब यही चिन्तन मनन करूँगा—मेरा मन अनित्य है, इस के धर्म अनित्य हैं, मनोविज्ञान अनित्य है, मन:संस्पर्श अनित्य है, मन:संस्पर्शजन्य सुखदु:खादि वेदनाएँ अनित्य है।'''

इस तरह देखता हुआ, समझता हुआ वह विद्वान् आर्यश्रावक चक्षु में, रूपों में, चक्षुर्विज्ञान में, चक्षु:संस्पर्श में, चक्षु:संस्पर्शजन्य वेदनाओं में अरुचि उत्पन्न कर लेता है। ...मन:संस्पर्शजन्य वेदनाओं में अपनी अरुचि उत्पन्न कर लेता है। इस अरुचि के कारण उन्हें इन में वैराग्य हो जाता है। वैराग्य के उस का चित्त आश्रवों से विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने पर उसको 'मेरा चित्त विमुक्त हो गया'—यह ज्ञान हो जाता है। तथा वह यह भी जान लेता है—'मेरी भवपरम्परा क्षीण हो गयी, मेरी धर्मसाधना सफल हुई, मैं कृतकृत्य हो चुका, अब मेरा कोई कर्तव्य शेष नहीं रहा'। भिक्षुओ! आदीप्त के उदाहरण से यह धर्मोपदेश है॥'' ●

## २३६. पठमहत्थपादोपमसुत्तं

२४१. "हत्थेसु, भिक्खवे, सति आदाननिक्खेपनं पञ्ञायति; पादेसु [B.380] सति अभिक्कमपटिक्कमो पञ्ञायति; पब्बेसु सति सम्मिञ्जनपसारणं पञ्ञायति; कुच्छिस्मिं सति जिघच्छा पिपासा पञ्ञायति। एवमेव खो, भिक्खवे, चक्खुस्मिं सति चक्खुसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...जिव्हाय सति जिव्हाय-सम्फस्सपच्चया उप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...मनस्मिं सति मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...।

"हत्थेसु, भिक्खवे, असति आदाननिक्खेपनं न पञ्ञायति; पादेसु असति अभिक्कमपटिक्कमो न पञ्ञायति; पब्बेसु असति सम्मिञ्जनपसारणं न पञ्ञायति; कुच्छिस्मिं असति जिघच्छा पिपासा न पञ्ञायति। एवमेव खो, भिक्खवे, [R.172] चक्खुस्मिं असति चक्खुसम्फस्सपच्चया नुप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...जिव्हाय असति जिव्हासम्फस्सपच्चया नुप्पज्जति...पे०...मनस्मिं असति मनोसम्फस्सपच्चया नुप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं" ति॥ ●

## २३७. दुतियहत्थपादोपमसुत्तं

२४२. "हत्थेसु, भिक्खवे, सति आदाननिक्खेपनं होति; पादेसु सति अभिक्कमपटिक्कमो होति; पब्बेसु सति सम्मिञ्जनपसारणं होति; कुच्छिस्मिं सति [N.156] जिघच्छा पिपासा होति। एवमेव खो, भिक्खवे, चक्खुस्मिं सति चक्खुसम्फस्सपच्चया

---

**२३६. प्रथम हस्तपादोपमसूत्र : : हस्त एवं पाद आदि की उपमा**

२४१. ..."भिक्षुओ! हाथों के होने से आदान प्रदान का कार्य समझा जाता है। तथा पैरों के होने से चलना फिरना समझा जाता है। पर्व (सन्धियों) के होने से सङ्कोच एवं प्रसारण का कार्य समझा जाता है। उदर के होने से भूख प्यास का ज्ञान समझा जाता है। इसी तरह, भिक्षुओ! चक्षु के होने पर चक्षु:संस्पर्शजन्य सुखदु:खादि वेदनाओं का अनुभव समझा जाता है...मन के होने पर मन:संस्पर्शजन्य सुखदु:खादि वेदनाओं का अनुभव समझा जाता है।

"इसी तरह, भिक्षुओ! हाथों के न होने पर आदान प्रदान नहीं हो पाता। पैरों के न होने से चलना फिरना, पर्वों के न होने से सङ्कोच एवं प्रसारण नहीं हो पाता। उदर के न होने से भूख प्यास का ज्ञान न हो पायगा; इसी तरह, भिक्षुओ! चक्षु के न होने पर चक्षु:संस्पर्शजन्य वेदनाओं का अनुभव...पूर्ववत्...तथा मन के न होने पर मन:संस्पर्शजन्य सुखदु:खादि वेदनाओं का अनुभव भी न होगा"॥ ●

उप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...जिव्हाय सति...पे०...मनस्मिं सति मनोसम्फस्सपच्चया उप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...।

"हत्थेसु, भिक्खवे, असति आदाननिक्खेपनं न होति; पादेसु असति अभिक्कमपटिक्कमो न होति; पब्बेसु असति सम्मिञ्जनपसारणं न होति; कुच्छिस्मिं असति जिघच्छा पिपासा न होति। एवमेव खो, भिक्खवे, चक्खुस्मिं असति चक्खुसम्फस्सपच्चया नुप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं...पे०...जिव्हाय असति जिव्हायसम्फस्सपच्चया नुप्पज्जति...पे०...मनस्मिं असति मनोसम्फस्सपच्चया नुप्पज्जति अज्झत्तं सुखं दुक्खं" ति॥ ●

**समुद्दवग्गो ततियो॥**

## तस्सुद्दानं

[B.381] द्वे समुद्दा बाळिसिको, खीररुक्खेन कोट्ठिको।
कामभू उदायी चेव, आदित्तेन च अट्ठमं।
हत्थपादूपमा द्वे ति, वग्गो तेन पवुच्चती ति॥ ●

---

**२३७. द्वितीय हस्तपादोपमसूत्र : : हस्त एवं पाद आदि की उपमा**

२४२. ..."भिक्षुओ! हाथों के होने से आदान प्रदान होता है...पूर्वसूत्रवत्...॥●

*(ऊपर के सूत्र की तरह विस्तार कर लें।)*

**समुद्रवर्ग तृतीय समाप्त॥**

**इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची**—१. प्रथम समुद्रवर्ग, २. द्वितीय समुद्रसूत्र, ३. बाडिशिकोपमसूत्र, ४. क्षीरवृक्षोपमसूत्र, ५. कौष्ठिकसूत्र, ६. कामभूसूत्र, ७. उदायिसूत्र, ८. आदीप्तपर्यायसूत्र, ९. प्रथम हस्तपादोपमसूत्र एवं १०. द्वितीय हस्तपादोपमसूत्र॥ ●

# ४. आसीविसवग्गो चतुत्थो

## २३८. आसीविसोपमसुत्तं

२४३. ''सेय्यथापि चत्तारो आसीविसा उग्गतेजा घोरविसा। अथ पुरिसो आगच्छेय्य जीवितुकामो अमरितुकामो सुखकामो दुक्खप्पटिकूलो। तमेनं एवं वदेय्युं—'इमे ते, अम्भो पुरिस, चत्तारो आसीविसा उग्गतेजा घोरविसा कालेन [R.173] कालं वुट्ठापेतब्बा, कालेन कालं न्हापेतब्बा, कालेन कालं भोजेतब्बा, कालेन कालं संवेसेतब्बा। यदा च खो ते, अम्भो पुरिस, इमेसं चतुन्नं आसीविसानं उग्गतेजानं घोरविसानं अञ्ञतरो वा अञ्ञतरो वा कुप्पिस्सति, ततो त्वं, अम्भो पुरिस, मरणं वा निगच्छसि मरणमत्तं वा दुक्खं। यं ते, अम्भो पुरिस, करणीयं तं करोही' ति।

''अथ खो सो, भिक्खवे, पुरिसो भीतो चतुन्नं आसीविसानं उग्गतेजानं घोरविसानं येन वा तेन वा पलायेथ। तमेनं एवं वदेय्युं—'इमे खो, अम्भो पुरिस, पञ्च वधका पच्चत्थिका पिट्ठितो अनुबन्धा यत्थेव नं पस्सिस्साम तत्थेव जीविता [N.157] वोरोपेस्सामा ति। यं ते, अम्भो पुरिस, करणीयं तं करोही' ति।

''अथ खो सो, भिक्खवे, पुरिसो भीतो चतुन्नं आसीविसानं उग्गतेजानं घोरविसानं, भीतो पञ्चन्नं वधकानं पच्चत्थिकानं येन वा तेन वा पलायेथ। तमेनं एवं वदेय्युं—'अयं ते, अम्भो पुरिस, छट्ठो अन्तरचरो वधको उक्खित्तासिको पिट्ठितो

---

# ४. आशीविषवर्ग चतुर्थ

**२३८. आशीविषोपमसूत्र : :चार महाभूत चार विषधर सर्पों के तुल्य**

२४३. ...''भिक्षुओ! जैसे चार घोर विषधर सर्प हों। तब कोई ऐसा पुरुष आवे जो जीना चाहता हो, मरना नहीं; सुख पाना चाहता हो, दु:ख नहीं। उसे कोई पुरुष यों बतावे—'अरे भाई! ये चारों सर्प घोर विष वाले तथा उग्र तेज वाले हैं; इन की तुम सेवा किया करो। इन्हें समय समय पर स्नान कराओ, समय समय पर खाने को दो, समय समय पर इन को बिलों में प्रवेश करा दो। अन्यथा यदि इन चारों में से कोई भी कभी तुम पर क्रुद्ध हो गया तो तुम अपनी मृत्यु ही समझो या मृत्यु के समान दु:ख। यह मैने तुम को बता दिया। अब तुम्हारी जैसी इच्छा हो करो।'

''तब वह पुरुष उन चारों घोर विषधर सर्पों से डर कर वहाँ से दूर भाग जाय। उस से फिर कोई यों कहे—'अरे पुरुष तेरे शत्रु के रूप में पाँच वधक (हत्यारे) तेरे पीछे लगे हुए हैं। वे तुझे जहाँ भी एकाकी देखेंगे तेरी हत्या कर देंगे। अब तुम्हें अपनी रक्षा का जो उपाय करना हो कर लो।'

''भिक्षुओ! तब वह पुरुष उन चारों विषधर सर्पों से तथा पाँच वधकों से डर कर

पिट्ठितो अनुबन्धो यत्थेव नं पस्सिस्साम तत्थेव सिरो पातेस्सामी ति। यं ते, अम्भो पुरिस, करणीयं तं करोही' ति।

''अथ खो सो, भिक्खवे, पुरिसो भीतो चतुन्नं आसीविसानं उग्गतेजानं [B.382] घोरविसानं, भीतो पञ्चन्नं वधकानं पच्चत्थिकानं, भीतो छट्ठस्स अन्तरचरस्स वधकस्स उक्खित्तासिकस्स येन वा तेन वा पलायेथ। सो पस्सेय्य सुञ्ञं गामं। यञ्ञदेव घरं पविसेय्य रित्तकञ्ञेव पविसेय्य तुच्छकञ्ञेव पविसेय्य सुञ्ञकञ्ञेव पविसेय्य। यञ्ञदेव भाजनं परिमसेय्य रित्तकञ्ञेव परिमसेय्य तुच्छकञ्ञेव परिमसेय्य सुञ्ञकञ्ञेव परिमसेय्य। तमेनं एवं वदेय्युं—'इदानि, अम्भो पुरिस, इमं सुञ्ञं गामं चोरा गामघातका पविसन्ति। यं ते, अम्भो पुरिस, करणीयं तं करोही' ति।

''अथ खो सो, भिक्खवे, पुरिसो भीतो चतुन्नं आसीविसानं उग्गतेजानं [R.174] घोरविसानं, भीतो पञ्चन्नं वधकानं पच्चत्थिकानं, भीतो छट्ठस्स अन्तरचरस्स वधकस्स उक्खित्तासिकस्स, भीतो चोरानं गामघातकानं येन वा तेन वा पलायेथ। सो पस्सेय्य महन्तं उदकण्णवं ओरिमं तीरं सासङ्कं सप्पटिभयं, पारिमं तीरं खेमं अप्पटिभयं। न चस्स नावा सन्तारणी उत्तरसेतु वा अपारा पारं गमनाय। अथ खो, भिक्खवे, तस्स

---

वहाँ से बहुत दूर भाग जाय। उस से फिर कोई यह कहे—'अरे पुरुष तुम्हारा यह छठा गुप्त वधक, तलवार उठाये, तुम्हारे पीछे यह सोच कर लगा हुआ है कि जहाँ भी इसे पाऊँगा इस का शिर काट कर दूर फेंक दूँगा। मैने तुम को बता दिया, अब जैसी तुम्हारी इच्छा हो करो।'

''तब वह पुरुष उन चारों विषधर सर्पों से, पाँचों वधकों तथा इस छठे गुप्त वधक के भय से दूर भाग जाने का प्रयास करे। वहाँ उसे एक जनशून्य ग्राम दिखायी दे। वहाँ जा कर वह उस ग्राम के जिस घर में भी घुसे उसे वह घर प्राणिरहित ही दीखे, वहाँ रखे जिस पात्र में हाथ डाले वह उस को शून्य एवं रिक्त (खाली) ही दीखे। उसी समय कोई आ कर उस को बतावे—'अरे पुरुष! तूँ यहाँ क्या कर रहा है! इस ग्राम में तत्काल कुछ डाकू आने वाले हैं, जो तुझे मार डालेंगे। मैने तुझ को सचाई बता दी, अब तुझे जो प्रतीकार करना हो कर ले।'

''तब, भिक्षुओ! यह सुन कर वह पुरुष उन चारों विषधर सर्पों से, पाँचों वधकों से, छठे उस खड्गधारी गुप्त वधक से, तथा इस शून्य ग्राम को लूटने के लिये आने वाले डाकुओं से डरा हुआ इधर उधर दूर भाग जाय। भागता हुआ वह एक स्थान पर ऐसा जलाशय देखे जिस के इस ओर का किनारा पर विविध भयोत्पादक तथा नाना प्रकार की शङ्काएँ पैदा करने वाला हो, परन्तु उस (दूसरी) ओर का किनारा निर्भय एवं निःशङ्क हो।

पुरिसस्स एवमस्स—'अयं खो महाउदकण्णवो ओरिमं तीरं सासङ्कं सप्पटिभयं, पारिमं तीरं खेमं अप्पटिभयं, नत्थि च नावा सन्तारणी उत्तरसेतु वा अपारा पारं गमनाय। यन्नूनाहं तिणकट्ठसाखापलासं सङ्कड्ढित्वा कुल्लं बन्धित्वा तं कुल्लं निस्साय हत्थेहि च पादेहि च वायममानो सोत्थिना पारं गच्छेय्यं' ति।

"अथ खो सो, भिक्खवे, पुरिसो तिणकट्ठसाखापलासं सङ्कड्ढित्वा कुल्लं [N.158] बन्धित्वा तं कुल्लं निस्साय हत्थेहि च पादेहि च वायममानो सोत्थिना पारं गच्छेय्य, तिण्णो पारङ्गतो थले तिट्ठति ब्राह्मणो।

"उपमा खो म्यायं, भिक्खवे, कता अत्थस्स विञ्ञापनाय। अयं चेत्थ अत्थो—

"**चत्तारो आसीविसा उग्गतेजा घोरविसा** ति खो, भिक्खवे, चतुन्नेतं महाभूतानं अधिवचनं—पठवीधातुया, आपोधातुया, तेजोधातुया, वायोधातुया।

"**पञ्च वधका पच्चत्थिका** ति खो, भिक्खवे, पञ्चन्नेतं उपादानक्खन्धानं [B.383] अधिवचनं, सेय्यथीदं—रूपुपादानक्खन्धस्स, वेदनुपादानक्खन्धस्स, सञ्ञुपादान-क्खन्धस्स, सङ्खारुपादानक्खन्धस्स, विञ्ञाणुपादानक्खन्धस्स।

"**छट्ठो अन्तरचरो वधको उक्खित्तासिको** ति खो, भिक्खवे, नन्दीरागस्सेतं अधिवचनं।

---

किन्तु उसे उस पार जाने का कोई साधन—पुल या नाव—न मिले। तब उस को यह विचार हो—'इस जलाशय के उस पार का किनारा निर्भय एवं नि:शङ्क अवश्य है, परन्तु वहाँ तक पहुँचने का कोई साधन (पुल या नाव आदि) नहीं दीख रहा है। क्यों न मैं तृण, शाखा एवं पलाश एकत्र कर एक छोटी नाव बना कर, उस नाव के सहारे से, हाथ पैरों से श्रम करता हुआ, सुविधापूर्वक उस पार पहुँच जाऊँ।'

"भिक्षुओ! तब वह पुरुष किसी वृक्ष की शाखा एवं पत्र काट कर उन से एक छोटी नाव बना कर उस में बैठ कर, हाथ पैर चलाता हुआ, उस जलाशय के उस पार पहुँच कर निष्पाप स्थल पर आ कर खड़ा हो जाता है।

"भिक्षुओ! मैने तुम को यह दृष्टान्त सुनाया है, अपनी बात को समझाने के लिये। इस दृष्टान्त का अर्थ यों है—

"भिक्षुओ! उन **चार उग्रतेज घोर विष सर्पों** का इन चार महाभूतों से तात्पर्य है—१. पृथ्वीधातु, २. अब्धातु, ३. तेजोधातु एवं ४. वायुधातु।

"उन **शत्रुभूत पाँच वधकों** का पाँच उपादानस्कन्धों से तात्पर्य है—१. रूपोपादानस्कन्ध, २. वेदनोपादानस्कन्ध, ३. संज्ञोपादानस्कन्ध, ४. संस्कारोपादानस्कन्ध, एवं ५. विज्ञानोपादानस्कन्ध।

''**सुञ्ञो गामो** ति खो, भिक्खवे, छन्नेतं अज्झत्तिकानं आयतनानं अधिवचनं। [R.175] चक्खुतो चे पि नं, भिक्खवे, पण्डितो ब्यत्तो मेधावी उपपरिक्खति रित्तकञ्ञेव खायति, तुच्छकञ्ञेव खायति, सुञ्ञकञ्ञेव खायति...पे०...जिव्हातो चे पि नं, भिक्खवे...पे०...मनतो चे पि नं, भिक्खवे, पण्डितो ब्यत्तो मेधावी उपपरिक्खति रित्तकञ्ञेव खायति, तुच्छकञ्ञेव खायति, सुञ्ञकञ्ञेव खायति।

''**चोरा गामघातका** ति खो, भिक्खवे, छन्नेतं बाहिरानं आयतनानं अधिवचनं। चक्खु, भिक्खवे, हञ्ञति मनापामनापेसु रूपेसु; सोतं, भिक्खवे...पे०...घानं, भिक्खवे ...पे०...जिव्हा, भिक्खवे, हञ्ञति मनापामनापेसु रसेसु; कायो, भिक्खवे...पे०...मनो, भिक्खवे, हञ्ञति मनापामनापेसु धम्मेसु।

''**महाउदकण्णवो** ति खो, भिक्खवे, चतुन्नेतं ओघानं अधिवचनं—कामोघस्स, भवोघस्स, दिट्ठोघस्स, अविज्जोघस्स।

''**ओरिमं तीरं सासङ्कं सप्पटिभयं** ति खो, भिक्खवे, सक्कायस्सेतं अधिवचनं।
[N.159] ''**पारिमं तीरं खेमं अप्पटिभयं** ति खो, भिक्खवे, निब्बानस्सेतं अधिवचनं।

''**कुल्लं** ति खो, भिक्खवे, अरियस्सेतं अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स अधिवचनं, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठिया...पे०...सम्मासमाधिस्स।

''तस्स **हत्थेहि च पादेहि च वायामो** ति खो, भिक्खवे, विरियारम्भस्सेतं अधिवचनं।

---

''भिक्षुओ ! उस **छठे गुप्त वधक** का नन्दीराग (तृष्णा=आसक्ति) से तात्पर्य है।

''भिक्षुओ ! **शून्य ग्राम** से छह आध्यात्मिक आयतनों का तात्पर्य है। भिक्षुओ ! कोई चतुर, बुद्धिमान्, पण्डित चक्षु की परीक्षा करता है तो उसे शून्य, रिक्त एवं तुच्छ ही पाता है। ...पूर्ववत्...श्रोत्र की...घ्राण की...जिह्वा की...काय की...मन की परीक्षा करता है तो उसे शून्य रिक्त एवं तुच्छ ही पाता है।

''भिक्षुओ ! **ग्रामघातक चौर** का छह बाह्य आयतनों से तात्पर्य है। भिक्षुओ ! चक्षु का प्रिय अप्रिय रूपों से संसर्ग होता रहता है, श्रोत्र का...घ्राण का...जिह्वा का...काय का...मन का, भिक्षुओ ! प्रिय अप्रिय धर्मों से संसर्ग होता रहता है।

''भिक्षुओ ! **महान् जलाशय** का चार ओघों से तात्पर्य है।

''भिक्षुओ ! **साशङ्क एवं भयप्रद इस तीर** का सत्कायदृष्टि से तात्पर्य है।

''भिक्षुओ ! **निर्भय एवं पर तीर** से तात्पर्य है—निर्वाण का।

भिक्षुओ ! **कुल्य** (नौका) से आर्य अष्टाङ्गिकमार्ग का तात्पर्य है। जैसे—सम्यग्दृष्टि... पूर्ववत्...सम्यक्समाधि।

"तिण्णो पारङ्गतो थले तिट्ठति ब्राह्मणो ति खो, भिक्खवे, अरहतो एतं अधिवचनं" ति॥ ●

## २३९. रथोपमसुत्तं

२४४. "तीहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु दिट्ठेव धम्मे सुख-[B.384] सोमनस्सबहुलो विहरति, योनि चस्स आरद्धा होति आसवानं खयाय। कतमेहि तीहि? इन्द्रियेसु गुत्तद्वारो होति, भोजने मत्तञ्ञू, जागरियं अनुयुत्तो।

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खु इन्द्रियेसु गुत्तद्वारो होति? इध भिक्खवे, [R.176] भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा न निमित्तग्गाही होति, नानुब्यञ्जनग्गाही; यत्वाधिकरणमेनं चक्खुन्द्रियं असंवुतं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा अन्वास्सवेय्युं। तस्स संवराय पटिपज्जति; रक्खति चक्खुन्द्रियं; चक्खुन्द्रिये संवरं आपज्जति। सोतेन सद्दं सुत्वा...घानेन गन्धं घायित्वा...जिव्हाय रसं सायित्वा...कायेन फोट्ठब्बं फुसित्वा...मनसा धम्मं विञ्ञाय न निमित्तग्गाही होति नानुब्यञ्जनग्गाही; यत्वाधिकरणमेनं मनिन्द्रियं असंवुतं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा अन्वास्सवेय्युं। तस्स संवराय पटिपज्जति; रक्खति मनिन्द्रियं; मनिन्द्रिये संवरं आपज्जति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, सुभूमियं चातुम्महापथे आजञ्ञरथो युत्तो अस्स ठितो ओधस्तपतोदो। तमेनं दक्खो योग्गाचरियो अस्सदम्मसारथि अभिरुहित्वा वामेन हत्थेन

---

"भिक्षुओ! **हाथ पैरों से श्रम** का तात्पर्य है—धर्मसाधना में उद्योग।

"भिक्षुओ! **पार जा कर सुखद भूमि पर खड़े होने से** तात्पर्य है—अर्हत्त्वप्राप्ति"॥ ●

**२३९. रथोपमसूत्र : : धर्मत्रय से सुखप्राप्ति**

२४४. ..."भिक्षुओ! इन तीन धर्मों से युक्त भिक्षु इसी जन्म में सुख सौमनस्यपूर्वक साधना में आगे बढ़ता है तथा इस के आश्रव क्षीण होने लगते हैं। वे तीन धर्म कौन हैं? १. इन्द्रियों पर, २. भोजन में मात्राज्ञता एवं ३. साधना में निरन्तर सावधान रहना।

**इन्द्रियसंयम**—"कैसे, भिक्षुओ! भिक्षु इन्द्रियों पर संयमशील होता है? यहाँ, भिक्षुओ! भिक्षु चक्षु से रूपों को देख कर न उन के लिये ललचाता है, न उन का स्वाद (रस) लेता है; क्यों कि असंयत चक्षुरिन्द्रिय से साधना करने पर उस के चित्त में लोभ, द्वेष एवं पापमय अकुशल धर्म अपना घर बना लेते हैं। उन के संवर के लिये वह यत्नवान् होता है, अपनी चक्षुरिन्द्रिय की रक्षा करता है।

"श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन...।

"भिक्षुओ! जैसे किसी सुरम्य समतल चतुष्पथ पर पुष्ट अश्वों से युक्त कोई रथ

रस्मियो गहेत्वा दक्खिनेन हत्थेन पतोदं गहेत्वा येनिच्छकं यदिच्छकं सारेय्य पि पच्चासारेय्य पि। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु इमेसं छन्नं इन्द्रियानं आरक्खाय [N.160] सिक्खति, संयमाय सिक्खति, दमाय सिक्खति, उपसमाय सिक्खति। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु इन्द्रियेसु गुत्तद्वारो होति। (१)

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खु भोजने मत्तञ्ञू होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु पटिसङ्खा योनिसो आहारं आहारेति—'नेव दवाय, न मदाय, न मण्डनाय, न विभूसनाय, यावदेव इमस्स कायस्स ठितिया, यापनाय, विहिंसूपरतिया, ब्रह्मचरियानुग्गहाय, इति पुराणं च वेदनं पटिहङ्खामि, नवं च वेदनं न उप्पादेस्सामि, यात्रा च मे भविस्सति, अनवज्जता च फासुविहारो चा' ति। सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो वणं [R.177] आलिम्पेय्य यावदेव रोहनत्थाय, सेय्यथा वा पन अक्खं अब्भञ्जेय्य यावदेव [B.385] भारस्स नित्थरणत्थाय; एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु पटिसङ्खा योनिसो आहारं आहारेति—'नेव दवाय, न मदाय, न मण्डनाय, न विभूसनाय, यावदेव इमस्स कायस्स ठितिया, यापनाय, विहिंसूपरतिया, ब्रह्मचरियानुग्गहाय, इति पुराणं च वेदनं पटिहङ्खामि, नवं च वेदनं न उप्पादेस्सामि, यात्रा च मे भविस्सति, अनवज्जता च फासुविहारो चा' ति। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु भोजने मत्तञ्ञू होति। (२)

---

खड़ा हो, जिस में चाबुक (=प्रतोद) लटकी हो। कोई दक्ष सारथि उस पर चढ़ कर बाँये हाथ से घोड़ों की लगाम (रस्सी) पकड़ कर तथा दाहिने हाथ में चाबुक ले कर, आगे पीछे, जिधर इच्छा हो उस रथ को चलाये। भिक्षुओ! वैसे ही साधक भिक्षु इन छह इन्द्रियों की रक्षा के लिये, इन पर संयम के लिये, इन का दमन करने के लिये, इन्हें शान्त रखने के लिये शिक्षा ग्रहण करता है। इस तरह, भिक्षुओ! भिक्षु इन्द्रियसंयत हो पाता है। (१)

**भोजन में मात्राज्ञता**—भिक्षुओ! कैसे कोई भिक्षु भोजन में मात्रा का जाननेवाला होता है? भिक्षुओ! कोई भिक्षु प्राप्त भोजन को बहुत सोच समझ कर खाता है—वह न उसे अतिरिक्त शारीरिक बल वृद्धि के लिये, न मद के लिये, न शरीर को सुदर्शन बनाने के लिये, न उसे अलंकृत करने के लिये खाता है; अपि तु वह उसे जीवन रहने तक शरीर स्थिति के लिये, कष्ट से दूर रहने के लिये, तथा यह सोच कर कि इस से पुरानी वेदनाओं का निवारण होगा तथा नयी वेदनाओं का उत्पाद भी न होगा, मेरा जीवननिर्वाह भी सफलता से होता रहेगा, कोई दोष भी न आवे तथा शरीर में लाघव भी बना रहे—इसलिये ग्रहण करता है। जैसे, भिक्षुओ! कोई रोगी अपने व्रण पर लेपन-ओषधि इसलिये लगाता है कि उस का व्रण पूर्ण हो जाय, या कोई गाड़ीवान अपनी गाड़ी के धुरे में तैल आदि इसलिये देता है कि उस की गाड़ी यात्रा के मध्य में ही न रुक जाय; इसी तरह साधक

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खु जागरियं अनुयुत्तो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु दिवसं चङ्कमेन निसज्जाय आवरणीयेहि धम्मेहि चित्तं परिसोधेति। रत्तिया पठमं यामं चङ्कमेन निसज्जाय आवरणीयेहि धम्मेहि चित्तं परिसोधेति। रत्तिया मज्झिमं यामं दक्खिणेन पस्सेन सीहसेय्यं कप्पेति पादे पादं अच्चाधाय सतो सम्पजानो उट्ठानसञ्ञं मनसि करित्वा। रत्तिया पच्छिमं यामं पच्चुट्ठाय चङ्कमेन निसज्जाय आवरणीयेहि धम्मेहि चित्तं परिसोधेति। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु जागरियं अनुयुत्तो होति। (३)

इमेहि खो, भिक्खवे, तीहि धम्मेहि समन्नागतो भिक्खु दिट्ठेव धम्मे सुखसोमनस्सबहुलो विहरति, योनि चस्स आरद्धा होति आसवानं खयाया" ति॥ ●

## २४०. कुम्मोपमसुत्तं

२४५. "भूतपुब्बं, भिक्खवे, कुम्मो कच्छपो सायन्हसमयं अनुनदीतीरे गोचरपसुतो अहोसि। सिङ्गालो पि खो, भिक्खवे, सायन्हसमयं अनुनदीतीरे [N.161] गोचरपसुतो अहोसि। अद्दसा खो, भिक्खवे, कुम्मो कच्छपो सिङ्गालं दूरतो व गोचरपसुतं। दिस्वान सोण्डिपञ्चमानि अङ्गानि सके कपाले समोदहित्वा अप्पोस्सुक्को तुण्हीभूतो सङ्कसायति। सिङ्गालो पि खो, भिक्खवे, अद्दस कुम्मं कच्छपं दूरतो [R.178]

---

भिक्षु मात्रा जानता हुआ ही भोजन ग्रहण करता है कि...पूर्ववत्...। इस तरह वह भिक्षु भोजन में मात्राज्ञ कहलाता है। (२)

**जागरणशील**—"भिक्षुओ! कैसे कोई भिक्षु जागरणशील (साधना) में सावधान रहता है? भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु दिन में चंक्रमण कर या बैठ कर आवरणीय धर्मों से स्वचित्त को शुद्ध करता है। रात्रि के प्रथम याम में चंक्रमण कर...रात्रि के मध्यम याम में दक्षिण पार्श्व से सिंहशय्या आसन लगा कर, पैर पर पैर रख कर, स्मृतिमान्, सम्यक्प्रज्ञ एवं उपस्थित संज्ञावाला होता है। रात्रि के पश्चिम याम में उठ कर, चंक्रमण कर या बैठ कर आवरणीय धर्मों से स्वचित्त को शुद्ध करता है। यों, भिक्षुओ! साधक भिक्षु जागरणशील होता है। (३)

"इस तरह, भिक्षुओ! साधक भिक्षु इसी जन्म में सुखसौमनस्यपूर्वक साधना करता है, तथा इस के आश्रव क्षीण होने लगते हैं॥" ●

**२४०. कूर्मोपमसूत्र : : कूर्म के समान इन्द्रियरक्षा**

२४५. ..."भिक्षुओ! पहले कभी कोई कछुवा (कूर्म) भोजन की खोज में किसी नदी के किनारे पहुँचा। इसी समय एक शृगाल (गीदड़) भी अपने लिये भोजन खोजता हुआ वहाँ पहुँचा। कछुओ ने भोजन की खोज में आते हुए उस शृगाल को दूर से ही देख लिया। उसे देखते ही वह अपने सभी अङ्गों को कपाल (खोपड़ी) में छिपा कर स्तब्ध हो

व गोचरपसुतं। दिस्वान येन कुम्मो कच्छपो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा कुम्मं कच्छपं पच्चुपट्ठितो अहोसि—'यदायं कुम्मो कच्छपो सोण्डिपञ्चमानं अङ्गानं अञ्ञतरं वा अञ्ञतरं वा अङ्गं अभिनिन्नामेस्सति, तत्थेव नं गहेत्वा उद्दालित्वा खादिस्सामी' ति। [B.386] यदा खो, भिक्खवे, कुम्मो कच्छपो सोण्डिपञ्चमानं अङ्गानं अञ्ञतरं वा अञ्ञतरं वा अङ्गं न अभिनिन्नामि, अथ सिङ्गालो कुम्मम्हा निब्बिज्ज पक्कामि, ओतारं अलभमानो।

''एवमेव खो, भिक्खवे, तुम्हे पि मारो पापिमा सततं समितं पच्चुपट्ठितो—'अप्पेव नामाहं इमेसं चक्खुतो वा ओतारं लभेय्यं...पे०...जिव्हातो वा ओतारं लभेय्यं ...पे०...मनतो वा ओतारं लभेय्यं' ति। तस्मातिह, भिक्खवे, इन्द्रियेसु गुत्तद्वारा विहरथ। चक्खुना रूपं दिस्वा मा निमित्तग्गाहिनो अहुवत्थ, मा अनुब्यञ्जनग्गाहिनो। यत्वाधिकरणमेनं चक्खुन्द्रियं असंवुतं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा अन्वास्सवेय्युं, तस्स संवराय पटिपज्जथ, रक्खथ चक्खुन्द्रियं, चक्खुन्द्रिये संवरं आपज्जथ। सोतेन सद्दं सुत्वा...घानेन गन्धं घायित्वा...जिव्हाय रसं सायित्वा...कायेन फोट्ठब्बं फुसित्वा...मनसा धम्मं विञ्ञाय मा निमित्तग्गाहिनो अहुवत्थ, मा अनुब्यञ्जनग्गाहिनो। यत्वाधिकरणमेनं मनिन्द्रियं असंवुतं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा अन्वास्सवेय्युं, तस्स संवराय पटिपज्जथ, रक्खथ मनिन्द्रियं, मनिन्द्रिये

---

कर एक स्थान पर बैठ गया। उधर शृगाल ने भी अपने लिये भोजन खोजते हुए उस कछुअे को दूर से ही देख लिया। देख कर वह कछुए के पास गया। तथा उस कछुए पर दृष्टि गड़ा कर एक स्थान पर रुक गया तथा यों सोचने लगा—'जैसे ही यह कछुआ कभी अपने किसी अङ्ग को अपने कपाल से बाहर निकालेगा, वैसे ही मैं इसे एक वेग (झपाटे) में चीर कर खा जाऊँगा।' जब बहुत समय बीतने पर भी कछुए ने अपना कोई भी अङ्ग कपाल से बाहर न निकाला और शृगाल को उसे खाने का अवसर न मिला तो, अवसर न मिलने के कारण, निराश हो कर उसे खाये विना ही वहाँ से चल दिया।

''इसी तरह, भिक्षुओ! तुम लोगों पर भी यह पापी मार निरन्तर अवसर की सम्भावना में बैठा है—'मैं इन के चक्षुरिन्द्रिय से असावधानी करने पर...पूर्ववत्...मन से असावधानी करने पर इन्हें अपने वश में कर लूँगा।' अतः, भिक्षुओ! तुम लोग अपनी इन्द्रियों को संयत रखो। चक्षु से रूपों को देख कर उन के लिये लोभ (लालच) न करो। या उन का स्वाद चखने के लिये आग्रह न करो। असंयत चक्षुरिन्द्रिय विचरण करने पर लोभ, द्वेष आदि अकुशल धर्म तुम्हारे चित्त में प्रविष्ट हो जाते हैं। अतः उस (चक्षुरिन्द्रिय) को संयत रखने का प्रयास करो। ...मन इन्द्रिय को संयत रखने का सतत प्रयास करो।

संवरं आपज्जथ। यतो तुम्हे, भिक्खवे, इन्द्रियेसु गुत्तद्वारो विहरिस्सथ, अथ तुम्हेहि पि मारो पापिमा निब्बिज्ज पक्कमिस्सति, ओतारं अलभमानो—कुम्मम्हा व सिङ्गालो ति।

"कुम्मो व अङ्गानि सके कपाले, समोदहं भिक्खु मनोवितक्के। [R.179]
अनिस्सितो अञ्ञमहेठयानो, परिनिब्बुतो नूपवदेय्य कञ्ची" ति॥ •

## २४१. पठमदारुक्खन्धोपमसुत्तं

२४६. एकं समयं भगवा कोसम्बियं विहरति गङ्गाय नदिया तीरे। [N.162] अद्दसा खो भगवा महन्तं दारुक्खन्धं गङ्गाय नदिया सोतेन वुय्हमानं। दिस्वान भिक्खू आमन्तेसि—"पस्सथ नो तुम्हे, भिक्खवे, अमुं महन्तं दारुक्खन्धं गङ्गाय नदिया सोतेन वुय्हमानं" ति?

"एवं, भन्ते"।

"सचे सो, भिक्खवे, दारुक्खन्धो न ओरिमं तीरं उपगच्छति, न पारिमं तीरं उपगच्छति, न मज्झे संसीदिस्सति, न थले उस्सीदिस्सति, न मनुस्सग्गाहो [B.387] गहेस्सति, न अमनुस्सग्गाहो गहेस्सति, न आवट्टग्गाहो गहेस्सति, न अन्तोपूति भविस्सति; एवं हि सो, भिक्खवे, दारुक्खन्धो समुद्दनिन्नो भविस्सति समुद्दपोणो

---

यदि, भिक्षुओ! तुम लोग निरन्तर स्वकीय इन्द्रियों को संयत रखने में सावधान रहोगे तो यह पापी मार तुम्हें स्वाधीन करने का कोई अवसर न पा कर निराश हो कर स्वत: ही पीछे हट जायगा; जैसे वह शृगाल उस कछुए से निराश हो कर पीछे हट गया।

"जैसे कछुआ स्वकीय अङ्गों को अपने कपाल में समेट लेता है उसी तरह, तुम भी, भिक्षुओ! अपने मानसिक सङ्कल्प विकल्पों को दबाते हुए, क्लेशरहित, दूसरे को न सताते हुए परिनिवृत्त हो जाओ, किसी दूसरे पर आरोप न लगाओ"॥ •

**२४१. प्रथम दारुस्कन्धोपमसूत्र : : सम्यग्दृष्टि निर्वाणगामिनी होती है**

२४६. एक समय भगवान् बुद्ध **कौशाम्बी में** गङ्गा नदी के तट पर साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय उन्होंने एक वृक्ष की विशाल शाखा को गङ्गा नदी के प्रवाह में बहते देखा। यह देख कर उन्होंने भिक्षुओं को अपने पास बुलाया तथा उन्हें यों पूछा—"भिक्षुओ! क्या तुम इस गङ्गा नदी के प्रवाह में बहते हुए इस विशाल वृक्षशाखास्कन्ध को देख रहे हो?"

"हाँ, भन्ते!"

"यदि यह विशाल दारुस्कन्ध न इस पार लगे, न उस पार लगे, न बीच में डूब जाय, न भूमि पर आ लगे, न किसी मनुष्य या अमनुष्य द्वारा यह बाहर निकाल लिया जाय, न किसी भ्रमर में फँस जाय, या न कहीं बीच में ही रुक जाय तो यह दारुस्कन्ध

समुद्दपब्भारो। तं किस्स हेतु? समुद्दनिन्नो, भिक्खवे, गङ्गाय नदिया सोतो समुद्दपोणो समुद्दपब्भारो।

"एवमेव खो, भिक्खवे, सचे तुम्हे पि न ओरिमं तीरं उपगच्छथ, न पारिमं तीरं उपगच्छथ; न मज्झे संसीदिस्सथ, न थले उस्सीदिस्सथ, न मनुस्सग्गाहो गहेस्सति, न [R.180] अमनुस्सग्गाहो गहेस्सति, न आवट्टग्गाहो गहेस्सति, न अन्तोपूति भविस्सथ; एवं तुम्हे, भिक्खवे, निब्बाननिन्ना भविस्सथ निब्बानपोणा निब्बानपब्भारा। तं किस्स हेतु? निब्बाननिन्ना, भिक्खवे, सम्मादिट्ठि निब्बानपोणा निब्बानपब्भारा" ति।

एवं वुत्ते, अञ्ञतरो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—"किं नु खो, भन्ते, ओरिमं तीरं, किं पारिमं तीरं, को मज्झे संसीदो, को थले उस्सादो, को मनुस्सग्गाहो, को अमनुस्सग्गाहो, को आवट्टग्गाहो, को अन्तोपूतिभावो" ति?

"**ओरिमं तीरं** ति खो, भिक्खु, छन्नेतं अज्झत्तिकानं आयतनानं अधिवचनं।

"**पारिमं तीरं** ति खो, भिक्खु, छन्नेतं बाहिरानं आयतनानं अधिवचनं।

"**मज्झे संसीदो** ति खो, भिक्खु, नन्दीरागस्सेतं अधिवचनं।

"**थले उस्सादो** ति खो, भिक्खु, अस्मिमानस्सेतं अधिवचनं।

---

सीधा समुद्र में ही जा कर गिरेगा। वह क्यों? क्यों कि, भिक्षुओ! यह गङ्गा नदी की धारा समुद्र तक बहती है, समुद्र में ही गिरती है, समुद्र में ही जा मिलती है।

"इसी तरह, भिक्षुओ! तुम भी यदि (इस संसार में) न इस पार लगे, न उस पार लगे, न बीच में ही रुके (डूबे), न भूमि पर चढ़े, न किसी मनुष्य या (भूत प्रेत आदि) अमनुष्य द्वारा उठा लिये गये, न किसी भँवर में फँसे, न कहीं बीच में ही सड़े, तो तुम भी, भिक्षुओ! निर्वाण तक पहुँच जाओगे। वह क्यों? वह इसलिये कि सम्यग्दृष्टि निर्वाण तक जाती है, निर्वाण में ही जा लगती है।"

भगवान् द्वारा ऐसा उपदेश किये जाने पर, एक भिक्षु ने प्रश्न किया—भन्ते! यह 'इधर वाला किनारा' क्या है? या 'उधर वाला किनारा' क्या है? यह 'बीच में डूबना' क्या है? यह 'भूमि पर चढ़ जाना' क्या है? यह 'मनुष्य द्वारा पकड़ा जाना' क्या है? यह 'अमनुष्य द्वारा पकड़ा जाना' क्या है? यह 'भँवर में फँसना' क्या है? यह 'बीच में सड़ जाना' क्या है?

"भिक्षु! **इस पार** से छह आध्यात्मिक आयतनों का ग्रहण है।

"भिक्षु! **उस पार** से छह आयतनों का ग्रहण है।

"भिक्षु! **बीच में डूबना** से तृष्णाराग का अधिवचन है।

"भिक्षु! **भूमि पर चढ़** जाने से ममत्व-अहङ्कार का ग्रहण है।

"कतमो च, भिक्खु, **मनुस्सग्गाहो**? इध, भिक्खु, गिहिसंसट्ठो विहरति सहनन्दी सहसोकी सुखितेसु सुखितो दुक्खितेसु दुक्खितो उप्पन्नेसु किच्चकरणीयेसु अत्तना तेसु योगं आपज्जति। अयं वुच्चति, भिक्खु, मनुस्सग्गाहो। [N.163]

"कतमो च, भिक्खु, **अमनुस्सग्गाहो**? इध, भिक्खु, एकच्चो अञ्ञतरं देवनिकायं पणिधाय ब्रह्मचरियं चरति—'इमिनाहं सीलेन वा वतेन वा तपेन वा ब्रह्मचरियेन वा देवो वा भविस्सामि देवञ्ञतरो वा' ति। अयं वुच्चति, भिक्खु, अमनुस्सग्गाहो।

**आवट्टग्गाहो** ति खो, भिक्खु, पञ्चन्नेतं कामगुणानं अधिवचनं।

"कतमो च, भिक्खु, **अन्तोपूतिभावो**? इध, भिक्खु, एकच्चो दुस्सीलो होति पापधम्मो असुचिसङ्कस्सरसमाचारो पटिच्छन्नकम्मन्तो अस्समणो समणपटिञ्ञो अब्रह्मचारी ब्रह्मचारिपटिञ्ञो अन्तोपूति अवस्सुतो कसम्बुजातो। अयं वुच्चति, भिक्खु, 'अन्तोपूतिभावो''' ति। [B.388, R.181]

तेन खो पन समयेन नन्दो गोपालको भगवतो अविदूरे ठितो होति। अथ खो नन्दो गोपालको भगवन्तं एतदवोच—"अहं खो, भन्ते, न ओरिमं तीरं उपगच्छामि, न पारिमं तीरं उपगच्छामि, न मज्झे संसीदिस्सामि, न थले उस्सीदिस्सामि, न मं

---

"भिक्षु! यह **मनुष्य द्वारा पकड़ा जाना** क्या है? कोई भिक्षु गृहस्थों के संसर्ग में अधिक रहे, उन के आनन्द में आनन्द मनावे, उन के शोक में शोक माने, उन के सुखी होने पर सुख का अनुभव करे, उन के दुःखी होने पर दुःख का अनुभव करे, उन के (गृहस्थ के) समारोह (उत्सव) कृत्यों में स्वयं भी सहयोग करने लग जाता है— भिक्षुओ! इसी को कहते हैं—'मनुष्य द्वारा पकड़ा जाना'।

"भिक्षु! यह **अमनुष्य द्वारा पकड़ा जाना** क्या है? यहाँ भिक्षु कोई साधक किसी देवनिकाय का सङ्कल्प कर धर्मसाधना करने लगे—'मैं इस शील, व्रत, तप से तथा साधना से अमुक देवनिकाय में उत्पन्न होऊँगा, या अमुक देवता बनूँगा'। भिक्षु! यह कहलाता है—'अमनुष्य द्वारा पकड़ा जाना'।"

**भँवर में फँसना** अर्थात् पाँच कामगुणों के अधीन होना।

"भिक्षु! यह **बीच में सड़ जाना** क्या है? यहाँ कोई भिक्षु दुःशील होता है, पापमय धर्मों वाला, अपवित्र, दुराचारी, गुप्तरूप से दुष्कर्म करने वाला, अश्रमण, अब्रह्मचारी, या श्रमण एवं ब्रह्मचारी का मिथ्या ढोंग रचनेवाला, आन्तरिक दुर्गुणों से सम्पन्न होता है उस के ये दुर्गुण 'बीच में सड़ जाना' कहलाते हैं।"

उस समय नन्द गोपालक भगवान् के समीप ही खड़ा था। उस ने भगवान् से

मनुस्सग्गाहो गहेस्सति, न अमनुस्सग्गाहो गहेस्सति, न आवट्टग्गाहो गहेस्सति, न अन्तोपूति भविस्सामि। लभेय्याहं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्यं उपसम्पदं'' ति।

''तेन हि त्वं, नन्द, सामिकानं गावो निय्यातेही'' ति।

''गमिस्सन्ति, भन्ते, गावो वच्छगिद्धिनियो'' ति।

''निय्यातेहेव त्वं, नन्द, सामिकानं गावो'' ति।

अथ खो नन्दो गोपालको सामिकानं गावो निय्यातेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोच—''निय्यातिता, भन्ते, सामिकानं गावो। लभेय्याहं, भन्ते, भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, लभेय्यं उपसम्पदं'' ति।

अलत्थ खो नन्दो गोपालको भगवतो सन्तिके पब्बज्जं, अलत्थ उपसम्पदं। अचिरूपसम्पन्नो च पनायस्मा नन्दो एको वूपकट्ठो...पे०...अञ्ञतरो च पनायस्मा नन्दो अरहतं अहोसी ति॥

•

## २४२. दुतियदारुक्खन्धोपमसुत्तं

२४७. एकं समयं भगवा किमिलायं विहरति गङ्गाय नदिया तीरे। अद्दसा खो [N.164] भगवा महन्तं दारुक्खन्धं गङ्गाय नदिया सोतेन वुय्हमानं। दिस्वान भिक्खू आमन्तेसि—''पस्सथ नो तुम्हे, भिक्खवे, अमुं महन्तं दारुक्खन्धं गङ्गाय नदिया सोतेन [R.182] वुय्हमानं'' ति?

---

निवेदन किया—''भन्ते! जिस में मैं न इस पार लगूँ, न उस पार लगूँ...पूर्ववत्...न बीच में ही सड़ जाऊँ, ऐसी प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा देवें।''

''तो, नन्द! तुम पहले अपने स्वामी की ये गौएँ लौटा कर आओ।''

''भन्ते! ये गौएँ तो अपने बछड़ों के प्रेम में स्वयं ही घर पहुँच जायँगी।''

''नहीं, नन्द! तुम स्वयं इन्हें लौटा कर आओ।''

तब नन्द गोपालक, उन गौओं को उन के स्वामियों को लौटा कर, पुनः भगवान् के पास आया, तथा यों निवेदन करने लगा—''भन्ते! वे सब गौएँ उन के स्वामियों को लौटा दी हैं, अब मैं आप से प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा प्राप्त करूँ।''

तब उस नन्द गोपालक ने भगवान् से प्रव्रज्या एवं उपसम्पदा प्राप्त की। यों, वह, उपसम्पन्न होने के कुछ समय बाद, एकान्त में, एकाकी रह कर साधना करता हुआ अर्हतों में विशिष्ट स्थान पा गया॥

•

**२४२. द्वितीय दारुस्कन्धसूत्र : : सम्यग्दृष्टि ही निर्वाणगामिनी**

२४७. एक समय भगवान् (बुद्ध) किमिला में गङ्गानदी के तट पर...पूर्ववत्...।

"एवं, भन्ते" ...पे०... ।

एवं वुत्ते, आयस्मा किमिलो भगवन्तं एतदवोच—किं नु खो, भन्ते, ओरिमं तीरं...पे०...कतमो च, किमिल, अन्तोपूतिभावो। इध, किमिल, भिक्खु अञ्ञतरं सङ्किलिट्ठं आपत्तिं आपन्नो होति यथारूपाय आपत्तिया न वुट्ठानं पञ्ञायति। अयं वुच्चति, किमिल, अन्तोपूतिभावो ति॥ ●

## २४३. अवस्सुतपरियायसुत्तं

२४८. एकं समयं भगवा सक्केसु विहरति कपिलवत्थुस्मिं निग्रोधारामे। [B.389] तेन खो पन समयेन कापिलवत्थवानं सक्यानं नवं सन्थागारं अचिरकारितं होति अनज्झावुट्ठं समणेन वा ब्राह्मणेन वा केनचि वा मनुस्सभूतेन। अथ खो कापिलवत्थवा सक्या येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ना खो कापिलवत्थवा सक्या भगवन्तं एतदवोचुं—"इध, भन्ते, कापिलवत्थवानं सक्यानं नवं सन्थागारं अचिरकारितं अनज्झावुट्ठं [R.183] समणेन वा ब्राह्मणेन वा केनचि वा मनुस्सभूतेन। तं, भन्ते, भगवा पठमं परिभुञ्जतु। भगवता पठमं परिभुत्तं पच्छा कापिलवत्थवा सक्या परिभुञ्जिस्सन्ति। तदस्स कापिलवत्थवानं सक्यानं दीघरत्तं हिताय सुखाया" ति। अधिवासेसि भगवा तुण्हीभावेन।

---

*(ऊपर के सूत्र की तरह इस सूत्र का भी विस्तार कर लें।)*

ऐसा कहने पर आयुष्मान् किमिल भगवान् से बोले—...पूर्ववत्... ॥ ●

*(ऊपर वाले सूत्र के समान ही... ।)*

## २४३. अवश्रुतपर्यायसूत्र : : महामोग्गल्लान द्वारा अनासक्ति योग का प्रवचन

२४८. एक समय भगवान् शाक्य प्रदेश के कपिलवस्तुस्थित न्यग्रोधाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय कपिलवस्तुवासी शाक्यों ने एक नया संस्थागार तत्काल ही बनवाया था। जिस में कि अभी तक श्रमण, ब्राह्मण या कोई मनुष्य नहीं ठहरा था। तब वे कपिलवस्तुवासी शाक्य भगवान् के सम्मुख उपस्थित हुए, तथा उन्हें प्रणाम कर एक तरफ बैठ गये। एक ओर बैठे उन शाक्यों ने भगवान् से यों निवेदन किया—"यहाँ, भन्ते! हम कपिलवस्तुवासी शाक्यों ने अभी अब एक नया संस्थागार बनवाया है, जिस में कि अभी तक कोई भी श्रमण, ब्राह्मण या कोई आगन्तुक मनुष्य नहीं ठहरा है। भन्ते! भगवान् उस में प्रथम वास करें। आप के प्रथम वास के बाद हम उस का उपयोग-उपभोग करेंगे। यही हम शाक्यों के लिये चिरकाल तक हितकर एवं सुखप्रद होगा।"

भगवान् ने यह निवेदन मौन भाव से स्वीकार कर लिया।

अथ खो कापिलवत्थवा सक्या भगवतो अधिवासनं विदित्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा येन नवं सन्थागारं तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा सब्बसन्थरिं सन्थागारं सन्थरित्वा आसनानि पञ्ञापेत्वा उदकमणिकं पतिट्ठापेत्वा तेलप्पदीपं आरोपेत्वा येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोचुं— [N.165] ''सब्बसन्थरिसन्थतं, भन्ते, सन्थागारं, आसनानि पञ्ञत्तानि, उदकमणिको पतिट्ठापितो, तेलप्पदीपो आरोपितो। यस्स दानि, भन्ते, भगवा कालं मञ्ञती'' ति। अथ खो भगवा निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय सद्धिं भिक्खुसङ्घेन येन नवं सन्थागारं तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पादे पक्खालेत्वा सन्थागारं पविसित्वा मज्झिमं थम्भं निस्साय पुरत्थाभिमुखो निसीदि। भिक्खुसङ्घो पि खो पादे पक्खालेत्वा सन्थागारं पविसित्वा पच्छिमं भित्तिं निस्साय पुरत्थाभिमुखो निसीदि भगवन्तं येव पुरक्खत्वा। कापिलवत्थवा सक्या पादे पक्खालेत्वा सन्थागारं पविसित्वा पुरत्थिमं भित्तिं निस्साय पच्छिमाभिमुखा निसीदिंसु भगवन्तं येव पुरक्खत्वा। अथ खो भगवा कापिलवत्थवे सक्ये बहुदेव रत्तिं धम्मिया कथाय सन्दस्सेत्वा समादपेत्वा समुत्तेजेत्वा सम्पहंसेत्वा [B.390] उय्योजेसि—''अभिक्कन्ता खो, गोतमा, रत्ति। यस्स दानि कालं मञ्ञथा' ति। [R.184] ''एवं, भन्ते'' ति खो कापिलवत्थवा सक्या भगवतो पटिस्सुत्वा उट्ठायासना भगवन्तं अभिवादेत्वा पदक्खिणं कत्वा पक्कमिंसु।

---

तब उन शाक्यों ने भगवान् की स्वीकृति जान कर, वे आसन से उठ कर, भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर उस नवनिर्मित संस्थागार में गये, तथा वहाँ सब तरह की शुद्धि कर, संस्थागार को झाड़ पोंछ कर, आसन बिछा कर, जल के घड़े यथास्थान रख कर, प्रकाशहेतु तैल प्रदीप जला कर पुनः भगवान् के सम्मुख आये तथा उन से यों निवेदन किया—''भन्ते! हम ने उस संस्थागार को परिशुद्ध कर उस में आसन बिछा कर, जलपूर्ण घट रख कर, दीपक जला दिये हैं। अब आप जैसा उचित समझें।'' तब भगवान्, शरीर के वस्त्र व्यवस्थित कर, पात्रचीवर ले कर, भिक्षुसङ्घ के साथ उस नये संस्थागार में पहुँचे। वहाँ पहुँच कर अपने चरण धो कर, तथा संस्थागार में प्रविष्ट हो कर मध्यम स्तम्भ का सहारा ले कर पूर्वाभिमुख विराजमान हुए। इसी तरह, भिक्षुसङ्घ भी पैर धो कर संस्थागार में जाकर पश्चिम दीवार का सहारा ले कर पूर्वाभिमुख बैठ गया। कपिलवस्तुवासी शाक्य भी, अपने पैर धो कर संस्थागार में प्रवेश कर पूर्वी दीवार का सहारा ले कर पश्चिमाभिमुख हो कर ऐसा बैठे जिस से भगवान् का उन्हें स्पष्ट दर्शन हो सके। तब भगवान् ने उन कपिलवस्तुवासी शाक्यों को बहुत रात्रि तक धार्मिक उपदेश से सन्दृष्ट, समादपित (आश्वस्त), समुत्तेजित एवं सम्प्रहृष्ट कर ध्यान दिलाया—''गौतमगोत्रोत्पन्न शाक्यगण, अब बहुत रात्रि

अथ खो भगवा अचिरपक्कन्तेसु कापिलवत्थवेसु सक्येसु आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं आमन्तेसि—"विगतथीनमिद्धो खो, मोग्गल्लान, भिक्खुसङ्घो। पटिभातु तं, मोग्गल्लान, भिक्खूनं धम्मी कथा। पिट्ठि मे आगिलायति; तमहं आयमिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भगवतो पच्चस्सोसि। अथ खो भगवा चतुग्गुणं सङ्घाटिं पञ्ञापेत्वा दक्खिणेन पस्सेन सीहसेय्यं कप्पेसि, पादे पादं अच्चाधाय, सतो सम्पजानो उट्ठानसञ्ञं मनसि करित्वा। तत्र खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भिक्खू आमन्तेसि—"आवुसो भिक्खवे" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा महामोग्गल्लानो एतदवोच—"अवस्सुतपरियायं च वो, आवुसो, देसेस्सामि अनवस्सुतपरियायं च। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी" ति। "एवमावुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा महामोग्गल्लानो एतदवोच—

"कथं, आवुसो, **अवस्सुतो** होति? इधावुसो, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा पियरूपे रूपे अधिमुच्चति, अप्पियरूपे रूपे ब्यापज्जति, अनुपट्ठितकायस्सति विहरति परित्तचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स ते [N.166]

---

बीत चुकी है, अतः तुम जैसा उचित समझो।" उन शाक्यों ने भगवान् का सङ्केत समझ कर आसन से उठ कर भगवान् को प्रणाम प्रदक्षिणा कर अपने घरों के लिये प्रस्थान किया।

तब उन शाक्यों के चले जाने के कुछ समय बाद, भगवान् ने आयुष्मान् महामोग्गल्लान को यह आदेश दिया—"मोग्गल्लान! अभी भिक्षुसङ्घ आलस्यरहित है, अतः तुम इसे कुछ धार्मिक कथा सुनाओ। मेरी पीठ में कुछ वेदना हो रही है, अतः मैं विश्राम करूँगा।" "जैसी आज्ञा, भन्ते" कहते हुए आयुष्मान् महामोग्गल्लान ने भगवान् को अपनी स्वीकृति दी। तब भगवान् अपनी सङ्घाटि को चतुर्गुण कर, बिछा कर, उस पर सिंहशय्या से दक्षिणपार्श्व हो कर पैर पर पैर रख कर स्मृतियुक्त उत्थान संज्ञा को मन में कर सुखपूर्वक लेट गये। तब आयुष्मान् महामोग्गल्लान भिक्षुओं को सम्बोधित कर यों बोले—"भिक्षुओ! अब मैं आप लोगों को **अवश्रुत** (आसक्तियुक्त) एवं **अनवश्रुत** (अनासक्तियुक्त) धर्मों के विषय में बताऊँगा। उसे तुम ध्यानपूर्वक सुनो।" भिक्षुसङ्घ ने स्वीकार किया। तब आयुष्मान् महामोग्गल्लान ने यों धर्मोपदेश प्रारम्भ किया—

"आयुष्मानो! यह **अवश्रुत** कैसे होता है? आयुष्मानो! साधक भिक्षु संसार में चक्षु से प्रिय रूपों को देख कर उन में राग (आसक्ति) करने लगता है, तथा अप्रिय विषयों को देख कर खिन्न होता है। वह कायस्मृति न रखते हुए चञ्चल चित्त से साधना में प्रवृत्त होता

उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति... पे०...जिव्हाय रसं सायित्वा [R.185]...पे०...मनसा धम्मं विञ्ञाय पियरूपे धम्मे अधिमुच्चति, अप्पियरूपे धम्मे ब्यापज्जति, अनुपट्ठितकायस्सति च विहरति परित्तचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञा-विमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति। अयं वुच्चति, आवुसो, भिक्खु अवस्सुतो चक्खुविञ्ञेय्येसु रूपेसु...पे०... अवस्सुतो जिव्हाविञ्ञेय्येसु रसेसु...पे०...अवस्सुतो मनोविञ्ञेय्येसु धम्मेसु। एवं-विहारिं चावुसो, भिक्खुं चक्खुतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, लभेथेव मारो ओतारं, लभेथ मारो आरम्मणं...पे०...जिव्हातो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, लभेथेव मारो [B.391] ओतारं, लभेथ मारो आरम्मणं...पे०...मनतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, लभेथेव मारो ओतारं, लभेथ मारो आरम्मणं।

''सेय्यथापि, आवुसो, नळागारं वा तिणागारं वा सुक्खं कोलापं तेरोवस्सिकं। पुरत्थिमाय चे पि नं दिसाय पुरिसो आदित्ताय तिणुक्काय उपसङ्कमेय्य, लभेथेव अग्गि ओतारं, लभेथ अग्गि आरम्मणं; पच्छिमाय चे पि नं दिसाय पुरिसो आदित्ताय तिणुक्काय उपसङ्कमेय्य...पे०...उत्तराय चे पि नं दिसाय...दक्खिनाय चे पि नं दिसाय...हेट्ठिमतो चे पि नं...उपरिमतो चे पि नं...यतो कुतोचि चे पि नं पुरिसो आदित्ताय तिणुक्काय उपसङ्कमेय्य, लभेथेव अग्गि ओतारं लभेथ अग्गि आरम्मणं। एवमेव खो, आवुसो, एवंविहारिं भिक्खुं चक्खुतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति लभेथेव मारो ओतारं, लभेथ मारो आरम्मणं...पे०...जिव्हातो चे पि नं मारो उपसङ्कमति...पे०...मनतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, लभेथेव मारो ओतारं, लभेथ मारो आरम्मणं। एवंविहारिं चावुसो, भिक्खुं रूपा अधिभंसु, न भिक्खु रूपे अधिभोसि; सद्दा भिक्खुं अधिभंसु, न भिक्खु सद्दे

---

है, अत: वह चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थत: नहीं जान पाता, जिस से उस के समस्त अकुशल पापमय धर्म पूर्णत: निरुद्ध नहीं हो पाते। ...पूर्ववत्...जिह्वा से प्रिय रस को चख कर...मन से प्रिय धर्मों को जान कर उन में राग करने लगता है...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! ऐसा साधक भिक्षु चक्षुर्विज्ञेय रूपों में अवश्रुत कहा जाता है...मनोविज्ञेय धर्मों में अवश्रुत कहा जाता है। इस तरह के साधक पर मार चक्षु की ओर से आक्रमण करे तो उस पर विजय प्राप्त कर लेता है...पूर्ववत्...मनोधर्मों की ओर से...विजय प्राप्त कर लेता है।

''आयुष्मानो! जैसे कोई शर या तृण की बनी हुई कोई पुरानी कुटिया हो, या कोई सूखा वृक्ष हो, वहाँ पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण किसी भी दिशा से आ कर कोई पुरुष अग्नियुक्त शलाका उस से स्पर्श करा दे तो उस को तत्काल अग्नि पकड़ लेगी तथा उसे भस्म कर देगी; इसी तरह उस मिथ्यासाधक भिक्षु पर पापी मार चक्षु की ओर से आक्रमण

अधिभोसि; गन्धा भिक्खुं अधिभंसु, न भिक्खु गन्धे [R.186] अधिभोसि; रसा भिक्खुं अधिभंसु, न भिक्खु रसे अधिभोसि; फोट्ठब्बा भिक्खुं अधिभंसु, न भिक्खु फोट्ठब्बे अधिभोसि; धम्मा भिक्खुं अधिभंसु, न भिक्खु धम्मे अधिभोसि। अयं [N.167] वुच्चतावुसो, भिक्खु रूपाधिभूतो, सद्दाधिभूतो, गन्धाधिभूतो, रसाधिभूतो, फोट्ठब्बाधिभूतो, धम्माधिभूतो, अधिभूतो, अनधिभू, अधिभंसु नं पापका अकुसला धम्मा सङ्किलेसिका पोनोभविका सदरा दुक्खविपाका आयतिं जातिजरामरणिया।' एवं खो, आवुसो, अवस्सुतो होति॥

"कथं चावुसो, **अनवस्सुतो** होति? इधावुसो, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा पियरूपे रूपे नाधिमुच्चति, अप्पियरूपे रूपे न ब्यापज्जति, उपट्ठितकायस्सति च विहरति अप्पमाणचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति...पे०...जिव्हाय रसं सायित्वा...पे०... मनसा धम्मं विञ्ञाय पयरूपे धम्मे नाधिमुच्चति, अप्पियरूपे धम्मे न [B.392] ब्यापज्जति, उपट्ठितकायस्सति च विहरति अप्पमाणचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति। अयं वुच्चतावुसो, भिक्खु अनवस्सुतो चक्खुविञ्ञेय्येसु रूपेसु...पे०... अनवस्सुतो मनोविञ्ञेय्येसु धम्मेसु। एवंविहारिं चावुसो, भिक्खुं चक्खुतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, नेव लभेथ मारो ओतारं, न लभेथ मारो आरम्मणं...पे०...जिव्हातो चे पि नं

---

करे...पूर्ववत्...मनोधर्मों की ओर से आक्रमण करे तो उस पर विजय प्राप्त कर लेता है। ऐसा साधक रूप से विजित, शब्द से विजित, गन्ध से...रस से...स्प्रष्टव्य से...मनोधर्मों से विजित हो जाता है, उन पर वह विजय प्राप्त नहीं कर सकता। उस पर क्लेशदायक, पुनर्जन्म देनेवाले, भयोत्पादक, दुःखजनक, पापमय अकुशल धर्म विजय पा लेते हैं जो कि आगे चल कर जाति, जरा, मरण आदि के प्रदायक हैं। आयुष्मानो! ऐसे साधक को 'अवश्रुत' कहते हैं। (१)

"तथा, आयुष्मानो! **अनवश्रुत** कैसे होता है? आयुष्मानो! यहाँ कोई साधक भिक्षु चक्षु से रूप को देख कर प्रिय लगने वाले रूपों को भी स्वीकार नहीं करता, तथा अप्रिय रूपों को देख कर व्यग्र (खिन्न) नहीं होता। वह उपस्थित कायस्मृति के साथ अप्रमत्त चित्त से साधनारत रहता है। वह चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थतः जानता है, तब उस के समस्त पापमय अकुशल धर्म सर्वथा निरुद्ध हो जाते हैं।

"श्रोत्र...घ्राण...जिह्वा...काय...मन से धर्म को जान कर...पूर्ववत्...।

"आयुष्मानो! यह भिक्षु चक्षुर्विज्ञेय रूपों में...मनोविज्ञेय धर्मों में अनवश्रुत कहा

मारो उपसङ्कमति...पे०...मनतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, नेव लभेथ मारो ओतारं, न लभेथ मारो आरम्मणं।

[R.187] ''सेय्यथापि, आवुसो, कूटागारं वा साला वा बहलमत्तिका अद्दावलेपना। पुरत्थिमाय चे पि नं दिसाय पुरिसो आदित्ताय तिणुक्काय उपसङ्कमेय्य, नेव लभेथ अग्गि ओतारं, न लभेथ अग्गि आरम्मणं...पच्छिमाय चे पि नं...पे०...उत्तराय चे पि नं... दक्खिणाय चे पि नं...हेट्ठिमतो चे पि नं...उपरिमतो चे पि नं...यतो कुतो चि चे पि नं पुरिसो आदित्ताय तिणुक्काय उपसङ्कमेय्य, नेव लभेथ अग्गि ओतारं, न लभेथ अग्गि आरम्मणं। एवमेव खो, आवुसो, एवंविहारिं भिक्खुं चक्खुतो चे पि नं मारो [N.168] उपसङ्कमति, नेव लभेथ मारो ओतारं, न लभेथ मारो आरम्मणं...पे०...मनतो चे पि नं मारो उपसङ्कमति, नेव लभेथ मारो ओतारं, न लभेथ मारो आरम्मणं। एवंविहारी चावुसो, भिक्खु रूपे अधिभोसि, न रूपा भिक्खुं अधिभंसु; सद्दे भिक्खु अधिभोसि, न सद्दा भिक्खुं अधिभंसु; गन्धे भिक्खु अधिभोसि, न गन्धा भिक्खुं अधिभंसु; रसे भिक्खु अधिभोसि, न रसा भिक्खुं अधिभंसु; फोट्ठब्बे भिक्खु अधिभोसि, न फोट्ठब्बा भिक्खुं अधिभंसु; धम्मे भिक्खु अधिभोसि, न धम्मा भिक्खुं अधिभंसु। अयं वुच्चतावुसो, भिक्खु रूपाधिभू, सद्दाधिभू, गन्धाधिभू, रसाधिभू, फोट्ठब्बाधिभू, धम्माधिभू, अधिभू, अनधिभूतो, अधिभोसि ते पापके अकुसले धम्मे सङ्किलेसिके पोनोभविके सदरे दुक्खविपाके आयतिं जातिजरामरणिये। एवं खो, आवुसो, अनवस्सुतो होती'' ति॥

---

जाता है। ऐसे साधक पर पापी मार चक्षु की ओर से भी...मन की ओर से भी विजय नहीं प्राप्त कर सकता।

''जैसे, आयुष्मानो! कोई भवन या तृणशाला अभी नयी बने हों, उन पर किया हुआ मिट्टी का लेप अभी आर्द्र ही हो। ऐसे भवन या तृणशाला को कोई न पूर्व, न पश्चिम या न उत्तर और दक्षिण—किसी भी दिशा से अग्निदग्ध नहीं कर सकता। इसी तरह, आयुष्मानो! वह पापी मार ऐसे अनवश्रुत साधक पर चक्षु की ओर से...मन की ओर से कैसा भी आक्रमण करे वह उस पर कथमपि विजय नहीं प्राप्त कर सकता। ऐसा सफल साधक रूपों पर विजय प्राप्त कर लेता है, रूप उस पर विजय प्राप्त नहीं कर सकते। ...मन के धर्मों पर वह विजय पा लेता है, मन के धर्म उस पर विजय नहीं पा सकता। ऐसा साधक रूपविजयी, शब्दविजयी, गन्धविजयी, रसविजयी, स्प्रष्टव्यविजयी तथा मनोधर्म-विजयी होता है। पापमय अकुशल धर्म उस पर कथमपि विजय प्राप्त नहीं कर सकते। वे

अथ खो भगवा वुट्ठहित्वा आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं आमन्तेसि—[B.393] "साधु साधु, मोग्गल्लान! साधु खो त्वं, मोग्गल्लान, भिक्खूनं अवस्सुतपरियायं च अनवस्सुतपरियायं च अभासी" ति।

२४९. इदमवोच आयस्मा महामोग्गल्लानो। समनुञ्ञो सत्था अहोसि। [R.188] अत्तमना ते भिक्खू आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स भासितं अभिनन्दुं ति॥ •

## २४४. दुक्खधम्मसुत्तं

२५०. यतो खो, भिक्खवे, भिक्खु सब्बेसं येव दुक्खधम्मानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति। तथा खो पनस्स कामा दिट्ठा होन्ति, यथास्स कामे पस्सतो यो कामेसु कामच्छन्दो कामस्नेहो काममुच्छा कामपरिळाहो सो नानुसेति। तथा खो पनस्स चारो च विहारो च अनुबुद्धो होति, यथा चरन्तं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा नानुसेन्ति।

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खु सब्बेसं येव दुक्खधम्मानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति? 'इति रूपं, इति रूपस्स समुदयो, इति रूपस्स अत्थङ्गमो'; इति वेदना...पे०...इति सञ्ञा...इति सङ्खारा...'इति विञ्ञाणं, इति विञ्ञाणस्स समुदयो,

---

धर्म क्लेशप्रद...एवं जाति, जरा, मरण के उत्पादक हैं। आयुष्मानो! ऐसा साधक ही अनवश्रुत कहलाता है।" (२)

तब भगवान् ने सिंहशय्या से उठ कर आयुष्मान् महामोग्गल्लान को साधुवाद देते हुए कहा—"साधु, साधु, मोग्गल्लान! तुम ने बहुत ही उचित रीति से इस 'अवश्रुत' एवं 'अनवश्रुत' का व्याख्यान किया है।"

२४९. आयुष्मान् महामोग्गल्लान ने यह धर्मव्याख्यान किया। शास्ता ने भी उस का अनुमोदन किया। इसे सुन कर सन्तुष्टचित्त भिक्षुओं ने आयुष्मान् महामोग्गल्लान के भाषण का अभिनन्दन किया॥ •

**२४४. दुःखधर्मसूत्र : : संयम एवं असंयम**

२५०. ..."भिक्षुओ! जब साधक भिक्षु सभी दुःखधर्मों के समुदय एवं अस्तगमन को यथार्थतः जान लेता है तो कामभोगों के प्रति उस की ऐसी दृष्टि हो जाती है कि उन को देखने से उस के चित्त में किसी भी प्रकार की आसक्ति, स्नेह, मूर्च्छा (उनके प्रति व्यामोह), एवं परिदाह (ईर्ष्या) नहीं होते। उस का ऐसा आचार विचार होता है जिससे लोभ एवं दौर्मनस्य जैसे पापमय अकुशल धर्म उस के समीप आने का साहस नहीं करते।

"भिक्षुओ! कैसे वह साधक इन दुःखधर्मों के समुदयादि को यथार्थतः जान लेता है? रूप ऐसा है, रूप का समुदय एवं अस्तगमन ऐसा है; वेदना ऐसी है...संज्ञा ऐसी

इति विञ्ञाणस्स अत्थङ्गमो' ति—एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु सब्बेसं येव दुक्खधम्मानं [N.169] समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति। (१)

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खुनो कामा दिट्ठा होन्ति, यथास्स कामे पस्सतो यो कामेसु कामच्छन्दो कामस्नेहो काममुच्छा कामपरिळाहो सो नानुसेति?

"सेय्यथापि, भिक्खवे, अङ्गारकासु साधिकपोरिसा पुण्णा अङ्गारानं वीतच्चिकानं वीतधूमानं। अथ पुरिसो आगच्छेय्य जीवितुकामो अमरितुकामो सुखकामो दुक्खपटिकूलो। तमेनं द्वे बलवन्तो पुरिसा नानाबाहासु गहेत्वा तं अङ्गारकासुं उपकड्ढेय्युं। सो इतिचीतिचेव कायं सन्नामेय्य। तं किस्स हेतु? ञातं हि, भिक्खवे, तस्स [R.189] पुरिसस्स—'इमं चाहं अङ्गारकासुं पपतिस्सामि ततोनिदानं मरणं वा [B.394] निगच्छिस्सामि मरणमत्तं वा दुक्खं' ति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खुना अङ्गारकासूपमा कामा दिट्ठा होन्ति, यथास्स कामे पस्सतो यो कामेसु कामच्छन्दो कामस्नेहो काममुच्छा कामपरिळाहो सो नानुसेति। (२)

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खुनो चारो च विहारो च अनुबुद्धो होति, यथा चरन्तं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा नानुस्सवन्ति?

---

है...संस्कार ऐसा है...विज्ञान ऐसा है, विज्ञान का समुदय एवं अस्तगमन ऐसा है'—यों, भिक्षुओ! वह साधक भिक्षु सभी दुःखधर्मों के समुदय एवं अस्तगमन को यथार्थतः जानता है।

"कैसे भिक्षुओ! उस साधक को इन कामगुणों के प्रति ऐसी दृष्टि होती है कि वह इन कामगुणों को देख कर भी इनके प्रति उस को छन्द, स्नेह, मूर्च्छा एवं परिदाह नहीं होते?"

"जैसे, भिक्षुओ! कहीं एक पुरुष लम्बाई से अधिक गहरी धधकती, लपलपाती अग्नि की राशि हो। वहाँ ऐसा कोई पुरुष आये जो जीना चाहता हो, उस की मरने की इच्छा न हो; जो सुख ही चाहता हो, दुःख नहीं। तब कोई दो बलवान् पुरुष वहाँ आ कर उस की दोनों बाहुओं को बलपूर्वक पकड़ कर उस को बार बार अग्निराशि पर ले जायँ। तब वह अपने शरीर के अङ्गों को सङ्कुचित करे। वह क्यों? वह इसलिये कि वह जानता है कि यदि मैं इस अग्निराशि में गिर गया तो मैं मर जाऊँगा, या मरण के समान दुःख पाऊँगा। इसी तरह इस साधक भिक्षु की उन कामगुणों के प्रति इस अग्निराशि के समान ही दृष्टि होती है कि यदि मैं इन कामगुणों में आसक्त हो गया तो मेरा मरण अवश्यम्भावी है। तब उस के उन कामों के प्रति छन्द, स्नेह, मूर्च्छा एवं परिदाह पूर्णतः नष्ट हो जाते हैं।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो बहुकण्टकं दायं पविसेय्य। तस्स पुरतो पि कण्टको, पच्छतो पि कण्टको, उत्तरतो पि कण्टको, दक्खिणतो पि कण्टको, हेट्ठतो पि कण्टको, उपरितो पि कण्टको। सो सतो व अभिक्कमेय्य, सतो व पटिक्कमेय्य—'मा मं कण्टको' ति। एवमेव खो, भिक्खवे, यं लोके पियरूपं सातरूपं, अयं वुच्चति अरियस्स विनये 'कण्टको' ति। इति विदित्वा संवरो च असंवरो च वेदितबब्बो। (३)

"कथं च, भिक्खवे, **असंवरो** होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा पियरूपे रूपे अधिमुच्चति, अप्पियरूपे रूपे ब्यापज्जति, अनुपट्ठितकायस्सति च विहरति परित्तचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति...पे०...जिव्हाय रसं सायित्वा ...पे०...मनसा धम्मं विञ्ञाय पियरूपे धम्मे अधिमुच्चति, अप्पियरूपे धम्मे [N.170] ब्यापज्जति, अनुपट्ठितकायस्सति च विहरति परित्तचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञा-विमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति। एवं खो, भिक्खवे, असंवरो होति।

"कथं च, भिक्खवे, संवरो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा

---

"फिर, भिक्षुओ! उस साधक का आचार विचार ऐसा कैसे हो जाता है कि उस को लोभ एवं दौर्मनस्य आदि पापमय अकुशल धर्म किसी भी प्रकार से कष्ट नहीं दे पाते?

"जैसे, भिक्षुओ! कोई पुरुष किसी कण्टकाकीर्ण झाड़ियों वाले अरण्य में प्रवेश कर जाय, जिसमें आगे भी, पीछे भी, उत्तर भी, दक्षिण भी, नीचे भी, ऊपर भी कण्टक ही कण्टक हों। वह वहाँ बहुत सावधान एवं स्मृतिपूर्वक चले कि मुझे कोई कण्टक व्यथित न कर दे। इसी तरह, भिक्षुओ! यहाँ जो प्रिय एवं मनोमोहक रूप हैं, वे हमारे इस आर्यविनय में 'कण्टक' कहे जाते हैं। इस बात को समझते हुए 'संवर' (संयम) एवं 'असंवर' (असंयम) पर विचार करना चाहिये।

"भिक्षुओ! यह **असंवर** कैसे होता है? यहाँ, भिक्षुओ! कोई साधक भिक्षु चक्षु से रूप को देख कर प्रिय एवं मनोमोहक रूपों में आसक्त होता है, अप्रिय एवं कष्टप्रद रूपों को देख कर व्यग्र एवं खिन्न होता है। वह कायस्मृति न रखते हुए चञ्चल चित्त से साधना में प्रवृत्त होता है, अत: वह चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को यथार्थत: नहीं जान पाता, जिन से उस के वे समस्त पापमय अकुशल धर्म निरुद्ध हो जाते, श्रोत्र से...घ्राण से...जिह्वा से...काय से...मन से प्रिय धर्मों को जान कर...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! इस तरह 'असंवर' होता है।

"भिक्षुओ! कैसे **संवर** होता है? यहाँ कोई भिक्षु चक्षु से रूप को देख कर प्रिय इष्ट

पियरूपे रूपे नाधिमुच्चति, अप्पियरूपे रूपे न ब्यापज्जति, उपट्ठितकायस्सति च विहरति अप्पमाणचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना [R.190] पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति...पे०...जिव्हाय रसं सायित्वा ...पे०...मनसा धम्मं विञ्ञाय पियरूपे धम्मे नाधिमुच्चति, अप्पियरूपे धम्मे न ब्यापज्जति, उपट्ठितकायस्सति च विहरति अप्पमाणचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञा- [B.395] विमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति। एवं खो, भिक्खवे, संवरो होति।

''तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो एवं चरतो एवं विहरतो कदाचि करहचि सतिसम्मोसा उप्पज्जन्ति पापका अकुसला धम्मा सरसङ्कप्पा संयोजनिया, दन्धो, भिक्खवे, सतुप्पादो। अथ खो नं खिप्पमेव पजहति विनोदेति ब्यन्तीकरोति अनभावं गमेति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो दिवसंसन्तत्ते अयोकटाहे द्वे वा तीणि वा उदक-फुसितानि निपातेय्य। दन्धो, भिक्खवे, उदकफुसितानं निपातो, अथ खो नं खिप्पमेव परिक्खयं परियादानं गच्छेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, तस्स चे भिक्खुनो एवं चरतो एवं विहरतो कदाचि करहचि सतिसम्मोसा उप्पज्जन्ति पापका अकुसला धम्मा सरसङ्कप्पा संयोजनिया, दन्धो, भिक्खवे, सतुप्पादो। अथ खो नं खिप्पमेव पजहति विनोदेति ब्यन्तीकरोति अनभावं गमेति। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खुनो चारो च विहारो च अनुबुद्धो होति; यथा चरन्तं विहरन्तं अभिज्झादोमनस्सा पापका अकुसला धम्मा नानुस्सवन्ति।

---

एवं मनोमोहक रूपों में कोई आसक्ति नहीं करता, तथा अप्रिय रूपों से व्यग्र तथा उद्विग्न नहीं होता। वह स्मृति सम्प्रजन्य के साथ स्थिर चित्त से साधना में प्रवृत्त होता, अत: वह चेतोविमुक्ति को यथार्थत: जान पाता है, जिनसे वे समस्त पापमय अकुशल धर्म निरुद्ध हो जाते हैं। ...पूर्ववत्...जिह्वा से रस चख कर, ...मन से धर्मों को जान कर...निरुद्ध हो जाते हैं। भिक्षुओ! इस तरह 'संवर' होता है।

''भिक्षुओ! इस प्रकार रहते हुए साधक को कभी कहीं असावधानी से बन्धनों में डालने वाले, चञ्चल सङ्कल्प वाले पापमय अकुशल धर्म उत्पन्न भी हो जायँ तो वह उन्हें शीघ्र ही नष्ट कर डालता है, निरुद्ध कर डालता है।

''भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष दिन भर धूप में तपे लौह के कडाहे में जल की दो तीन बूँद डाले, वे बूँदें कडाहे में गिरते ही जल कर उड़ जायँ; भिक्षुओ! इसी तरह उस भिक्षु का आचार विचार ऐसा होता है कि उस को वे अकुशल धर्म उत्पन्न ही नहीं होते,

तं चे, भिक्खवे, भिक्खुं एवं चरन्तं एवं विहरन्तं राजानो वा राजमहामत्ता वा [N.171] मित्ता वा अमच्चा वा ञाती वा सालोहिता वा, भोगेहि अभिहट्ठुं पवारेय्युं—'एहि, भो पुरिस, किं ते इमे कासावा अनुदहन्ति, किं मुण्डो कपालमनुचरसि, एहि हीनायावत्तित्वा भोगे च भुञ्जस्सु, पुञ्ञानि च करोही' ति, सो वत, भिक्खवे, भिक्खु एवं चरन्तो एवं विहरन्तो सिक्खं पच्चक्खाय हीनायावत्तिस्सती ति नेतं ठानं विज्जति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, गङ्गा नदी पाचीननिन्ना पाचीनपोणा पाचीन-[R.191] पब्भारा। अथ महाजनकायो आगच्छेय्य कुद्दालपिटकं आदाय—'मयं इमं गङ्गं नदिं पच्छानिन्नं करिस्साम पच्छापोणं पच्छापब्भारं' ति। तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, अपि नु खो सो महाजनकायो गङ्गं नदिं पच्छानिन्नं करेय्य पच्छापोणं पच्छापब्भारं" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"तं किस्स हेतु"?

"गङ्गा, भन्ते, नदी पाचीननिन्ना पाचीनपोणा पाचीनपब्भारा; सा न सुकरा पच्छानिन्ना कातुं पच्छापोणा पच्छापब्भारा। यावदेव च पन सो महाजनकायो किलमथस्स विघातस्स भागी अस्सा" ति।

---

कभी कहीं असावधानी से बन्धनों में डालने वाले...अकुशल धर्म उत्पन्न हो भी जायँ तो उन्हें वह तत्काल निरुद्ध कर लेता है, नष्ट कर देता है।

"भिक्षुओ! यदि इस प्रकार के आचार विचार वाले साधक को कोई राजा, मन्त्री, मित्र, परामर्शदाता या सम्बन्धी सांसारिक प्रलोभन देकर बुलावे और कहे—'अरे! इन काषाय वस्त्रों में क्या रखा है! क्या शिर मुँडाये लोक में घूम रहे हो! आओ! पुनः गृहस्थ धर्म में लौट कर इन पाँचों कामगुणों का भोग करो! साथ ही साथ अपनी अर्जित सम्पत्ति से दान आदि द्वारा पुण्य भी करते रहो। तो, भिक्षुओ! वह साधक इन लोगों के परामर्श से इस धर्मशिक्षा का त्याग कर पुनः गृहस्थ में लौट जायगा—यह सम्भव नहीं है।

"जैसे, भिक्षुओ! गङ्गा नदी पूर्व दिशा की ओर बहती है, उस का प्रवाह उधर ही रहता है। परन्तु वहाँ कभी कोई बड़ा जनसमुदाय इस सङ्कल्प के साथ फावड़ा तथा छाबड़ी साथ ले कर आवे कि वह इस गङ्गा नदी का प्रवाह पश्चिम दिशा की ओर कर देगा। तो क्या, भिक्षुओ! वह जनसमुदाय ऐसा करने में समर्थ हो सकेगा?"

"नहीं, भन्ते!"

"ऐसा क्यों?"

"भन्ते! यह गङ्गा नदी बहुत काल से पूर्वाभिमुख ही बह रही है; अब इस का प्रवाह पश्चिम की तरफ मोड़ना सम्भव नहीं है, अपि तु ऐसा करता हुआ वह जनसमुदाय ही वृथा कष्ट तथा श्रम का भागी होगा।"

"एवमेव खो, भिक्खवे, तं चे भिक्खुं एवं चरन्तं एवं विहरन्तं राजानो वा [B.396] राजमहामत्ता वा मित्ता वा अमच्चा वा ञाती वा सालोहिता वा, भोगेहि अभिहट्ठुं पवारेय्युं—'एहि, भो पुरिस, किं ते इमे कासावा अनुदहन्ति, किं मुण्डो कपाल-मनुचरसि, एहि हीनायावत्तित्वा भोगे च भुञ्जस्सु, पुञ्ञानि च करोही' ति! सो वत, भिक्खवे, भिक्खु एवं चरन्तो एवं विहरन्तो सिक्खं पच्चक्खाय हीनायावत्तिस्सती ति नेतं ठानं विज्जति। तं किस्स हेतु? यं हि तं, भिक्खवे, चित्तं दीघरत्तं विवेकनिन्नं विवेकपोणं विवेकपब्भारं, तथा हीनायावत्तिस्सती ति नेतं ठानं विज्जती" ति॥ (४)

## २४५. किंसुकोपमसुत्तं

२५१. अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येनञ्ञतरो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं एतदवोच—"कित्तावत्ता नु खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति?

[N.172, R.192] "यतो खो, आवुसो, भिक्खु छन्नं फस्सायतनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति, एत्तावता खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति। (१)

अथ खो सो भिक्खु असन्तुट्ठो तस्स भिक्खुस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येनञ्ञतरो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं एतदवोच—"कित्तावत्ता नु खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति?

"यतो खो, आवुसो, भिक्खु पञ्चन्नं उपादानक्खन्धानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति, एत्तावता खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति। (२)

---

"भिक्षुओ! ऐसे आचार विचार वाले साधक को यदि कोई राजा या उस का मन्त्री...पूर्ववत्...वह इस धर्मशिक्षा को छोड़ कर पुनः गृहस्थ धर्म में लौट जायगा—यह सम्भव नहीं है"॥

**२४५. किंसुकोपमसूत्र : : दर्शनशुद्धि**

२५१. ...तब कोई भिक्षु किसी दूसरे भिक्षु के पास गया...यों बोला--"भिक्षु! किसी साधक का दर्शन (परमार्थ ज्ञान) किस प्रकार शुद्ध होता है?"

"आयुष्मन्! जब वह (साधक) इन छह स्पर्शायतन का उत्पाद एवं विनाश यथार्थतः जान लेता है, भिक्षु! तब उस साधक का दर्शन-ज्ञान परिशुद्ध हो जायगा।"

परन्तु प्रथम भिक्षु उस के इस उत्तर से सन्तुष्ट नहीं हुआ, तथा किसी तीसरे भिक्षु के पास गया तथा उस से भी अपनी उपर्युक्त जिज्ञासा प्रकट की। उस ने यह उत्तर दिया—

अथ खो सो भिक्खु असन्तुट्ठो तस्स भिक्खुस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येनञ्ञतरो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं एतदवोच—"कित्तावत्ता नु खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति?

"यतो खो, आवुसो, भिक्खु चतुन्नं महाभूतानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति, एत्तावता खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति। (३)

अथ खो सो भिक्खु असन्तुट्ठो तस्स भिक्खुस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येनञ्ञतरो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं एतदवोच—"कित्तावत्ता नु खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति? [B.397]

"यतो खो, आवुसो, भिक्खु यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं ति यथाभूतं पजानाति, एत्तावता, खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती" ति। (४)

अथ खो सो भिक्खु असन्तुट्ठो तस्स भिक्खुस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं एतदवोच—"इधाहं, भन्ते, येनञ्ञतरो भिक्खु तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं एतदवोच—'कित्तावत्ता नु खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती' ति? एवं वुत्ते, भन्ते, सो भिक्खु मं एतदवोच—'यतो खो, आवुसो, भिक्खु छन्नं फस्सायतनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति, एत्तावता खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती' ति। अथ ख्वाहं, भन्ते, असन्तुट्ठो तस्स भिक्खुस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येनञ्ञतरो भिक्खु तेनुपसङ्कमिं; [R.193]

---

"आयुष्मन्! जो साधक भिक्षु पाँचों उपादानस्कन्धों के उत्पाद-विनाश को यथार्थतः जान लेता है तब उस साधक का दर्शनज्ञान परिशुद्ध हो जाता है।"

परन्तु प्रथम भिक्षु उस के इस उत्तर से भी सन्तुष्ट नहीं हुआ, अतः वह किसी अन्य भिक्षु के पास गया, उस से भी यही प्रश्न किया, तब उस भिक्षु ने यह उत्तर दिया—

"आयुष्मन्! जब कोई साधक चार महाभूतों के समुदय एवं विनाश को यथार्थतः जान लेता है तो उस का दर्शनज्ञान विशुद्ध हो जाता है।"

परन्तु प्रथम भिक्षु इस उत्तर से भी सन्तुष्ट नहीं हुआ, तब वह किसी अन्य भिक्षु के पास गया, तथा उस से भी यही जिज्ञासा प्रकट की। उस अन्य भिक्षु ने यह उत्तर दिया—

"आयुष्मन्! जब साधक भिक्षु 'जिस का उत्पाद हुआ है उस का विनाश अवश्य होगा'—यह यथार्थतः जान लेता है, तब उसका दर्शनज्ञान सुविशुद्ध हो जाता है।"

तब वह भिक्षु, इन सभी उत्तरों से असन्तुष्ट होता हुआ भगवान् के सम्मुख गया...उन से यह निवेदन प्रकट किया—"भन्ते! आज मैं एक भिक्षु के पास गया

उपसङ्कमित्वा तं भिक्खुं एतदवोच—'कित्तावत्ता नु खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं [N.173] सुविसुद्धं होती' ति? एवं वुत्ते, भन्ते, सो भिक्खु मं एतदवोच—'यतो खो, आवुसो, भिक्खु पञ्चन्नं उपादानक्खन्धानं...पे०...चतुन्नं महाभूतानं समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति...पे०...यं किञ्चि समुदयधम्मं, सब्बं तं निरोधधम्मं ति यथाभूतं पजानाति, एत्तावता खो, आवुसो, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती' ति। अथ ख्वाहं, भन्ते, असन्तुट्ठो तस्स भिक्खुस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येन भगवा तेनुपसङ्कमिं। कित्तावत्ता नु खो, भन्ते, भिक्खुनो दस्सनं सुविसुद्धं होती'' ति?

''सेय्यथापि, भिक्खु, पुरिसस्स किंसुको अदिट्ठपुब्बो अस्स। सो येनञ्ञतरो पुरिसो किंसुकस्स दस्सावी तेनुपसङ्कमेय्य; उपसङ्कमित्वा तं पुरिसं एवं वदेय्य—'कीदिसो, भो पुरिस, किंसुको' ति? सो एवं वदेय्य—'काळको खो, अम्भो पुरिस, किंसुको—सेय्यथापि झामखाणू' ति। तेन खो पन, भिक्खु, समयेन तादिसोवस्स किंसुको यथापि तस्स पुरिसस्स दस्सनं।

''अथ खो, सो भिक्खु, पुरिसो असन्तुट्ठो तस्स पुरिसस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येनञ्ञतरो पुरिसो किंसुकस्स दस्सावी तेनुपसङ्कमेय्य; उपसङ्कमित्वा तं पुरिसं एवं वदेय्य—'कीदिसो, पुरिस, किंसुको' ति? सो एवं वदेय्य—'लोहितको खो, अम्भो [B.398] पुरिस, किंसुको—सेय्यथापि मंसपेसी' ति। तेन खो पन, भिक्खु, समयेन तादिसोवस्स किंसुको यथापि तस्स पुरिसस्स दस्सनं।

''अथ खो सो भिक्खु पुरिसो असन्तुट्ठो तस्स पुरिसस्स पञ्हवेय्याकरणेन,

---

...पूर्ववत्... *(चारों प्रश्न-उत्तरों का विस्तार पुन: कर लें।)* इन के किसी भी उत्तर से सन्तुष्ट नहीं हूँ। अत: अपनी जिज्ञासा शान्त करने के लिये आप की सेवा में आया हूँ। भन्ते! आप ही बतायें कि कैसे किसी साधक का दर्शनज्ञान सुविशुद्ध हो पाता है?

''जैसे, भिक्षु! किसी पुरुष ने किंशुक (ढाक) वृक्ष तथा उसका पुष्प न देखा हो, वह किसी अन्य पुरुष के पास जाय तथा किंशुक के विषय में अपनी जिज्ञासा प्रकट करे—'भो पुरुष! किंशुक कैसा होता है?'' वह उसे उत्तर दे—'किंशुक ऐसा काला होता है, जैसे कोई जला हुआ स्थाणु हो।' क्यों कि इस पुरुष ने किंशुक का ऐसा ही रूप देखा होगा, अत: उस ने अपने प्रथम दर्शन के आधार पर यह उत्तर दिया।

''परन्तु वह पुरुष इस उत्तर को उचित न मान कर इस से असन्तुष्ट होता हुआ किसी अन्य पुरुष के पास गया, उस से भी किंशुक के विषय में अपनी जिज्ञासा प्रकट की, तब इसने उत्तर दिया—'अरे भाई! वह तो लोहित वर्ण (लाल रंग) का होता है, जैसे—मांसपेशी!' उस ने किंशुक का वही रूप देखा होगा, अत: वैसा ही बता दिया।

येनञ्ञतरो पुरिसो किंसुकस्स दस्सावी तेनुपसङ्कमेय्य; उपसङ्कमित्वा तं पुरिसं एवं वदेय्य—'कीदिसो, भो पुरिस, किंसुको' ति? सो एवं वदेय्य—'ओचीरकजातो खो, अम्भो पुरिस, किंसुको आदिन्नसिपाटिको—सेय्यथापि सिरीसो' ति। तेन खो पन, भिक्खु, समयेन तादिसोवस्स किंसुको, यथापि तस्स पुरिसस्स दस्सनं। [R.194]

"अथ खो सो भिक्खु पुरिसो असन्तुट्ठो तस्स पुरिसस्स पञ्हवेय्याकरणेन, येनञ्ञतरो पुरिसो किंसुकस्स दस्सावी तेनुपसङ्कमेय्य; उपसङ्कमित्वा तं पुरिसं एवं वदेय्य—'कीदिसो, भो पुरिस, किंसुको' ति? सो एवं वदेय्य—'बहलपत्तपलासो सन्दच्छायो खो, अम्भो पुरिस, किंसुको—सेय्यथापि निग्रोधो' ति। तेन खो पन, भिक्खु, समयेन तादिसोवस्स किंसुको, यथापि तस्स पुरिसस्स दस्सनं। एवमेव [N.174] खो, भिक्खु, यथा यथा अधिमुत्तानं तेसं सप्पुरिसानं दस्सनं सुविसुद्धं होति, तथा तथा खो तेहि सप्पुरिसेहि ब्याकतं।

"सेय्यथापि, भिक्खु, रञ्ञो पच्चन्तिमं नगरं दळ्हुद्धापं दळ्हपाकारतोरणं छद्वारं। तत्रस्स दोवारिको पण्डितो ब्यत्तो मेधावी, अञ्ञातानं निवारेता, ञातानं पवेसेता। पुरत्थिमाय दिसाय आगन्त्वा सीघं दूतयुगं तं दोवारिकं एवं वदेय्य—'कहं, भो पुरिस, इमस्स नगरस्स नगरस्सामी' ति? सो एवं वदेय्य—'एसो, भन्ते, मज्झे सिङ्घाटके

---

"परन्तु वह पुरुष इस उत्तर से भी सन्तुष्ट न हुआ, अतः वह किसी अन्य पुरुष के पास गया, तथा उस से भी उसी विषय में अपनी जिज्ञासा प्रकट की, तब इसने उत्तर दिया—'अरे! वह तो पुष्प रूप में खिल कर नीचे लटका रहता है, जैसे—शिरीषपुष्प।' उस ने भी प्रथम दर्शन में जैसा देखा होगा, वैसा ही आज बता दिया।

"परन्तु वह पुरुष इस उत्तर से भी असन्तुष्ट रहता हुआ किसी अन्य पुरुष के पास गया...जिज्ञासा प्रकट की। तब इस अन्य पुरुष ने उत्तर दिया—'किंशुक वृक्ष की शाखाएँ तथा पत्र बहुत अधिक सघन (बहल) होते हैं, तथा इस की छाया भी घनी होती है। जैसे—वटवृक्ष।' भिक्षु! उस समय उस उत्तरदाता भिक्षु ने वैसा ही कोई वृक्ष देखा होगा, जैसा उस ने उस को बताया है। इसी तरह, जैसा जैसा उन पुरुषों का ज्ञान था वैसा वैसा उन्होंने तुम को बता दिया।

"जैसे, भिक्षु! किसी राजा के राज्य की सीमा पर उस का कोई दृढ़ प्राकारवाला, दृढ़ नींववाला तथा छह द्वार वाला कोई नगर हो। उस के प्रधान द्वार पर कोई चतुर, बुद्धिमान्, पण्डित द्वारपाल हो जो मूर्खों का उस नगर में प्रवेश रोक दे तथा बुद्धिमानों को ही उस में प्रविष्ट होने दे। उस समय कोई दो दूत शीघ्र पूर्व दिशा से आकर उस से पूछें—'द्वारपाल! इस नगर का स्वामी कहाँ है?' 'वे मध्य चौक में विराजमान हैं।' तब वे दोनों

निसिन्नो' ति। अथ खो तं सीघं दूतयुगं नगरस्सामिकस्स यथाभूतं वचनं निय्यातेत्वा यथागतमग्गं पटिपज्जेय्य। पच्छिमाय दिसाय आगन्त्वा सीघं दूतयुगं...पे०...उत्तराय दिसाय...दक्खिणाय दिसाय आगन्त्वा सीघं दूतयुगं तं दोवारिकं एवं वदेय्य—'कहं, भो पुरिस, इमस्स नगरस्सामी' ति? सो एवं वदेय्य—'एसो, भन्ते, मज्झे सिङ्घाटके निसिन्नो' ति। अथ खो तं सीघं दूतयुगं नगरस्सामिकस्स यथाभूतं वचनं निय्यातेत्वा यथागतमग्गं पटिपज्जेय्य।

[B.399] ''उपमा खो म्यायं, भिक्खु, कता अत्थस्स विञ्ञापनाय। अयं चेत्थ अत्थो—

**नगरं** ति खो, भिक्खु, इमस्सेतं चातुम्महाभूतिकस्स कायस्स अधिवचनं मातापेत्तिकसम्भवस्स ओदनकुम्मासूपचयस्स अनिच्चुच्छादनपरिमद्दनभेदनविद्धंसन-धम्मस्स।

**छ द्वारा** ति खो, भिक्खु, छन्नेतं अज्झत्तिकानं आयतनानं अधिवचनं।

**दोवारिको** ति खो, भिक्खु, सतिया एतं अधिवचनं।

**सीघं दूतयुगं** ति खो, भिक्खु, समथविपस्सनानेतं अधिवचनं।

**नगरस्सामी** ति खो, भिक्खु, विञ्ञाणस्सेतं अधिवचनं।

**मज्झे सिङ्घाटको** ति खो, भिक्खु, चतुन्नेतं महाभूतानं अधिवचनं—पठवीधातुया, आपोधातुया, तेजोधातुया, वायोधातुया।

---

दूत नगरस्वामी के विषय में यथार्थ (सत्य समाचार) जान कर पुन: जैसे आये थे वैसे ही लौट जायँ। इसी तरह पश्चिम दिशा...उत्तर दिशा...दक्षिण दिशा से...पूर्ववत्...पुन: लौट जायँ।

''भिक्षु! मैने तुम को अपनी बात समझाने के लिये यह दृष्टान्त दिया है। इस का स्पष्ट अर्थ यों समझो—

''भिक्षु! यहाँ **नगर** से तात्पर्य है—इस का यह चातुर्महाभूतिक काय। जो कि मातापिता के रजवीर्य से उत्पन्न हुआ है, दाल-भात खाने से वृद्धिङ्गत हुआ है, यह अनित्य है, जिसे स्नान, उबटन आदि से दर्शनीय बनाये रखा जाता है, तथा इस का नष्ट होना ही स्वभाव है।

''भिक्षु! **छह द्वार** से तात्पर्य है—छह आध्यात्मिक आयतन।

''भिक्षु! **दौवारिक** से तात्पर्य है—स्मृति।

''भिक्षु! **शीघ्र दूतयुग** से तात्पर्य है—शमथ एवं विपश्यना।

''भिक्षु! **नगरस्वामी** से तात्पर्य है—विज्ञान।

''भिक्षु! **मध्य चौक** से तात्पर्य है—चार महाभूत—पृथ्वी, अप्, तेज एवं वायुधातु।

**यथाभूतं वचनं** ति खो, भिक्खु, निब्बानस्सेतं अधिवचनं।

**यथागतमग्गो** ति खो, भिक्खु, अरियस्सेतं अट्ठङ्गिकस्स मग्गस्स अधिवचनं, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठिया...पे०...सम्मासमाधिस्सा'' ति॥

## २४६. वीणोपमसुत्तं

२५२. ''यस्स कस्सचि, भिक्खवे, भिक्खुस्स वा भिक्खुनिया वा चक्खुविञ्ञेय्येसु रूपेसु उप्पज्जेय्य छन्दो वा रागो वा दोसो वा मोहो वा पटिघं वा पि [N.175] चेतसो, ततो चित्तं निवारेय्य। सभयो चेसो मग्गो सप्पटिभयो च सकण्टको च सगहनो च उम्मग्गो च कुम्मग्गो च दुहितिको च। असप्पुरिससेवितो चेसो मग्गो, न चेसो मग्गो सप्पुरिसेहि सेवितो। न त्वं एतं अरहसी ति। ततो चित्तं निवारये। चक्खुविञ्ञेय्येहि रूपेहि...पे०...यस्स कस्सचि, भिक्खवे, भिक्खुस्स वा भिक्खुनिया वा जिव्हाविञ्ञेय्येसु रसेसु...पे०...मनोविञ्ञेय्येसु धम्मेसु उप्पज्जेय्य छन्दो वा रागो वा दोसो वा मोहो वा पटिघं वा पि चेतसो ततो चित्तं निवारेय्य। सभयो चेसो मग्गो सप्पटिभयो च सकण्टको च सगहनो च उम्मग्गो च कुम्मग्गो च दुहितिको च। असप्पुरिससेवितो चेसो मग्गो, न चेसो मग्गो सप्पुरिसेहि सेवितो। न त्वं एतं अरहसी ति। ततो चित्तं निवारये मनोविञ्ञेय्येहि धम्मेहि।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, किट्ठं सम्पन्नं। किट्ठारक्खो च पमत्तो, गोणो च किट्ठादो अदुं किट्ठं ओतरित्वा यावदत्थं मदं आपज्जेय्य पमादं आपज्जेय्य; एवमेव खो, भिक्खवे,

---

''भिक्षु! **यथार्थ ज्ञान** से तात्पर्य है—निर्वाण।

''भिक्षु! **यथागत मार्ग** से तात्पर्य है—आर्यअष्टाङ्गिक मार्ग, सम्यग्दृष्टि... सम्यक्समाधि॥''

**२४६. वीणोपमसूत्र : : रूप आदि की गवेषणा निष्प्रयोजन**

२५२. ...''भिक्षुओ! जिस किसी भिक्षु या भिक्षुणी के चित्त में चक्षुर्विज्ञेय रूपों के प्रति छन्द, राग, द्वेष, मोह, ईर्ष्या उत्पन्न होती हो, वहाँ से चित्त को रोकना चाहिये; क्यों कि यह मार्ग भयप्रद है, कण्टकाकीर्ण है, गहन है, ऊँचा नीचा है, कुमार्ग है, सङ्कट में डालने वाला है, इस पर दुष्ट लोग ही चलते हैं, सज्जन नहीं। तुम्हें इस मार्ग पर चलना उचित नहीं। अत: उन चक्षुर्विज्ञेय रूपों से अपने चित्त को हटाओ। ...जिस किसी भिक्षु या भिक्षुणी के चित्त में जिह्वाविज्ञेय रसों में...मनोविज्ञेय धर्मों के प्रति छन्द, राग, द्वेष, मोह एवं ईर्ष्या...पूर्ववत्...अपने चित्त को रोको।

''जैसे, भिक्षुओ! किसी किसान का बोया हुआ खेत शस्यसम्पन्न हो गया हो, परन्तु उस का रक्षक किसान आलसी हो, उस के बैल इस खेत से उस खेत में उगे हुए

[R.196] अस्सुतवा पुथुज्जनो छसु फस्सायतनेसु असंवुतकारी पञ्चसु कामगुणेसु [B.400] यावदत्थं मदं आपज्जति पमादं आपज्जति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, किट्ठं सम्पन्नं। किट्ठारक्खो च अप्पमत्तो, गोणो च किट्ठादो अदुं किट्ठं ओतरेय्य। तमेनं किट्ठारक्खो नासायं सुग्गहितं गण्हेय्य। नासायं सुग्गहितं गहेत्वा उपरिघटायं सुनिग्गहितं निग्गण्हेय्य। उपरिघटायं सुनिग्गहितं निग्गहेत्वा दण्डेन सुताळितं ताळेय्य। दण्डेन सुताळितं ताळेत्वा ओसज्जेय्य। दुतियं पि खो, भिक्खवे...पे०...ततियं पि खो, भिक्खवे, गोणो किट्ठादो अदुं किट्ठं ओतरेय्य। तमेनं किट्ठारक्खो नासायं सुग्गहितं गण्हेय्य। नासायं सुग्गहितं गहेत्वा उपरिघटायं सुनिग्गहितं निग्गण्हेय्य। उपरिघटायं सुनिग्गहितं निग्गहेत्वा दण्डेन सुताळितं ताळेय्य। दण्डेन सुताळितं ताळेत्वा ओसज्जेय्य। एवं हि सो भिक्खवे, गोणो किट्ठादो गामगतो वा [N.176] अरञ्ञगतो वा, ठानबहुलो वा अस्स निसज्जबहुलो वा न तं किट्ठं पुन ओतरेय्य—तमेव पुरिमं दण्डसम्फस्सं समनुस्सरन्तो। एवमेव खो, भिक्खवे, यतो खो भिक्खुनो छसु फस्सायतनेसु चित्तं उदुजितं होति सुदुजितं, अज्झत्तमेव सन्तिट्ठति, सन्निसीदति, एकोदि होति, समाधियति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, रञ्ञो वा राजमहामत्तस्स वा वीणाय सद्दो अस्सुतपुब्बो अस्स। सो वीणासद्दं सुणेय्य। सो एवं वदेय्य—'अम्भो, कस्स नु खो एसो सद्दो एवं

---

धान्य को खा जाते हों इस तरह वे यथेच्छ प्रमादकारी हों; भिक्षुओ! इसी प्रकार कोई अज्ञ पृथग्जन छह स्पर्शायतनों में असंयत व्यवहार करे तथा पाँचों कामगुणों में यथेच्छ प्रमत्त हो कर विचरण करे।

(इस के विपरीत) भिक्षुओ! जैसे किसी किसान का बोया हुआ खेत धान से लहलहा रहा हो, किसान भी अप्रमादी हो। उस के बैल यदि खेत में धान चरने के लिए सन्नद्ध हों तो वह उन की नाक की रस्सी (नाथ) पकड़ कर दूर हटा दे। तथा लाठी से पीट कर उन को खेत की मेंड़ से बाहर निकाल दे। यदि दोबारा या तिबारा भी वे बैल उस खेत को चरने का प्रयास करें तो वह उसी तरह पीट कर खेत से बाहर निकाल दे। अन्त में वे बैल ग्राम या जंगल में जा कर एक तरफ बैठें, परन्तु वे लाठी की मार के भय से उस खेत में प्रवेश का प्रयास न करें; क्यों कि उन्हें लाठी से पिटने का भय स्मरण रहता है।

''भिक्षुओ! इसी तरह जब भिक्षु का चित्त इन छह स्पर्शायतनों में सीधा (ऋजु) हो जाता है तो वह अध्यात्म में ही रहता या स्थिर रहता है। उस का चित्त एकाग्र समाधियोग्य हो जाता है।

**वीणा की उपमा**—''भिक्षुओ! जैसे किसी राजा या मन्त्री ने पहले कभी वीणा का

रजनीयो एवं कमनीयो एवं मदनीयो एवं मुच्छनीयो एवं बन्धनीयो' ति? तमेनं एवं वदेय्युं—'एसा, खो, भन्ते, वीणा नाम यस्सा एसो सद्दो एवं रजनीयो एवं [R.197] कमनीयो एवं मदनीयो एवं मुच्छनीयो एवं बन्धनीयो' ति। सो एवं वदेय्य—'गच्छथ मे, भो, तं वीणं आहरथा' ति। तस्स तं वीणं आहरेय्युं। तमेनं एवं वदेय्युं—'अयं खो सा, भन्ते, वीणा यस्सा एसो सद्दो एवं रजनीयो एवं कमनीयो एवं मदनीयो एवं मुच्छनीयो एवं बन्धनीयो' ति। सो एवं वदेय्य—'अलं मे, भो, ताय वीणाय, तमेव मे सद्दं आहरथा' ति। तमेनं एवं वदेय्युं—'अयं खो, भन्ते, वीणा नाम अनेक-[B.401] सम्भारा महासम्भारा। अनेकेहि सम्भारेहि समारद्धा वदति, सेय्यथीदं—दोणिं च पटिच्च चम्मं च पटिच्च दण्डं च पटिच्च उपधारणे च पटिच्च तन्तियो च पटिच्च कोणं च पटिच्च पुरिसस्स च तज्जं वायामं पटिच्च एवायं, भन्ते, वीणा नाम अनेकसम्भारा महासम्भारा। अनेकेहि सम्भारेहि समारद्धा वदती' ति। सो तं वीणं दसधा वा सतधा वा फालेय्य, दसधा वा सतधा वा तं फालेत्वा सकलिकं सकलिकं करेय्य, सकलिकं सकलिकं करित्वा अग्गिना डहेय्य, अग्गिना डहित्वा मसिं करेय्य, मसिं करित्वा महावाते वा ओफुनेय्य, नदिया वा सीघसोताय पवाहेय्य। सो एवं वदेय्य—'असती किरायं, भो, वीणा नाम, यथेवं यं किञ्चि वीणा नाम एत्थ च पनायं जनो अतिवेलं पमत्तो पलळितो' ति। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु रूपं समन्वेसति यावता रूपस्स गति, वेदनं

---

वादन न सुना हो, वह वीणा की ध्वनि सुन कर यह पूछे—यह कैसी ध्वनि है, इतनी प्रिय, इतनी कर्णमधुर, इतनी मनोमोहक, इतनी उन्मादक, इतना चित्त को आकृष्ट करने वाली!

"तब उस के अधीनस्थजन उस को बतावें—'श्रीमन्! यह वीणा की ध्वनि है...जो चित्त को इतना आकृष्ट करने वाली है।' तब राजा उन्हें आदेश दे—'जाओ! उसे ले आओ!' तब वे कर्मचारी उस को वह वीणा ला कर देवें जिस की ध्वनि...।

"तब राजा यह आग्रह करे—'मुझे इस वीणा की आवश्यकता नहीं, मुझे तो वह सुमधुर ध्वनि चाहिये।' यह सुन कर अधीनस्थ कर्मचारी उस को बतावें—'श्रीमन्! वीणा के अनेक सम्भार (सामग्री) वाली होती है। इन अनेक सम्भारों के एकत्र होने पर वह इस वीणा से मधुर ध्वनि निकलती है। जैसे—द्रोणी, चर्मदण्ड, उपधारण, तन्त्री (तार) तथा वादक का व्यायाम (उद्योग)—इन सब के प्रत्यय से वीणा की वह मधुर ध्वनि निकलती है।'

"तब वह राजा उस वीणा को फोड़ दे, उस को दश या सौ भागों में विभक्त कर दे, उन भागों को भी खण्ड खण्ड कर अग्नि से जला दे, अग्नि से जला कर उस की राख (भस्म) बना दे। इस तरह भस्म बना कर उसे या तो हवा में उड़ा दे, या फिर क़िसी

[N.177] समन्वेसति यावता वेदनाय गति, सञ्ञं समन्वेसति यावता सञ्ञाय गति, सङ्खारे समन्वेसति यावता सङ्खारानं गति, विञ्ञाणं समन्वेसति यावता विञ्ञाणस्स गति। तस्स रूपं समन्वेसतो यावता रूपस्स गति, वेदनं समन्वेसतो...पे०...सञ्ञं... सङ्खारे...विञ्ञाणं समन्वेसतो यावता विञ्ञाणस्स गति। यं पिस्स तं होति अहं ति वा ममं ति वा अस्मी ति वा तं पि तस्स न होती'' ति॥ •

## २४७. छप्पाणकोपमसुत्तं

२५३. ''सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो अरुगत्तो पक्कगत्तो सरवनं पविसेय्य। तस्स कुसकण्टका चेव पादे विज्झेय्युं, सरपत्तानि च गत्तानि विलेखेय्युं। एवं हि सो, भिक्खवे, पुरिसो भिय्योसोमत्ताय ततोनिदानं दुक्खं दोमनस्सं पटिसंवेदियेथ। एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो भिक्खु गामगतो वा अरञ्ञगतो वा लभति वत्तारं—'अयं च सो आयस्मा एवंकारी एवंसमाचारो असुचिगामकण्टको' ति। तं 'कण्टको' ति इति विदित्वा संवरो च असंवरो च वेदितब्बो।

[B.402] ''कथं च, भिक्खवे, असंवरो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा पियरूपे रूपे अधिमुच्चति, अप्पियरूपे रूपे ब्यापज्जति, अनुपट्ठितकायस्सति च

---

प्रवाहवाली नदी में बहा दे। तथा यह कहे—'अरे! यह वीणा तो व्यर्थ वस्तु है, लोग अकारण ही इस के पीछे इतने अधिक मुग्ध हैं'।

''इसी तरह, भिक्षुओ! भिक्षु रूप को खोजता है, जब तक रूप की गति है। वेदना को खोजता है, जब तक वेदना की गति है। संज्ञा को...संस्कारों को...विज्ञान को खोजता है, जब तक विज्ञान की गति है। इस प्रकार उस के अहङ्कार, ममत्व, अस्मिता आदि विगलित (नष्ट) हो जाते हैं॥'' •

## २४७. षट्प्राणकोपमसूत्र : : छह प्राणियों की उपमा से संयम का वर्णन

२५३. ...''भिक्षुओ! जैसे कोई व्रणों से युक्त शरीरवाला पुरुष किसी कुश काश के वन में प्रविष्ट हो जाय, वहाँ उस के व्रणों पर उन कुश काशों के अग्रभाग का स्पर्श होने पर उस को अत्यधिक कष्ट हो। इसी तरह, भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु किसी ग्राम या अरण्य में जाय, वहाँ लोग इस के विषय मे यों कहने लगें—'इस आयुष्मान् ने ऐसा किया है, इस का ऐसा आचार विचार है, यह नीच वृत्तिवाला इस ग्राम का 'कण्टक' है।' इसे सुन कर, उसे अपने विषय में सूक्ष्म गवेषणा कर अपना संयम (संवर) तथा असंयम (असंवर) ज्ञात करना चाहिये।

''भिक्षुओ! 'असंवर' कैसे होता है? कोई भिक्षु चक्षु से रूपों को देख कर प्रिय

विहरति परित्तचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति। सोतेन सद्दं सुत्वा...घानेन गन्धं घायित्वा...जिव्हाय रसं सायित्वा...कायेन फोट्ठब्बं फुसित्वा...मनसा धम्मं विञ्ञाय पियरूपे धम्मे अधिमुच्चति, अप्पियरूपे धम्मे ब्यापज्जति, अनुपट्ठितकायस्सति च विहरति परित्तचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं नप्पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो छप्पाणके गहेत्वा नानाविसये नानागोचरे दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। **अहिं** गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। **सुंसुमारं** गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। **पक्खिं** गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। **कुक्कुरं** गहेत्वा [N.178, R.199] दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। **सिङ्गालं** गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। **मक्कटं** गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। दळ्हाय रज्जुया बन्धित्वा मज्झे गण्ठिं करित्वा ओस्सज्जेय्य। अथ खो, ते, भिक्खवे, छप्पाणका नानाविसया नानागोचरा सकं सकं गोचरविसयं आविञ्छेय्युं—अहि आविञ्छेय्य 'वम्मिकं पवेक्खामी' ति, सुंसुमारो आविञ्छेय्य 'उदकं पवेक्खामी' ति, पक्खी आविञ्छेय्य 'आकासं डेस्सामी' ति, कुक्कुरो आविञ्छेय्य 'गामं पवेक्खामी' ति, सिङ्गालो आविञ्छेय्य 'सीवथिकं पवेक्खामी' ति, मक्कटो आविञ्छेय्य 'वनं पवेक्खामी' ति। यदा खो ते, भिक्खवे, छप्पाणका झत्ता अस्सु किलन्ता, अथ खो यो नेसं पाणकानं बलवतरो अस्स तस्स ते अनुवत्तेय्युं, अनुविधायेय्युं वसं गच्छेय्युं। एवमेव खो, भिक्खवे, यस्स कस्सचि भिक्खुनो कायगता सति अभाविता अबहुलीकता तं चक्खु आविञ्छति मनापियेसु रूपेसु, अमनापिया रूपा

---

रूपों के प्रति आसक्त हो जाता है...पूर्ववत्...*(द्र०—इसी वर्ग में दुःखधर्मसूत्र)* जिस से उत्पन्न पापमय अकुशल धर्म सर्वथा निरुद्ध हो जाते हैं।

"भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष छह प्राणियों को ले कर भिन्न भिन्न स्थानों पर रस्सी से दृढ़ता के साथ बाँधे। कौन से छह प्राणी? १. साँप को..., २. मकर को..., ३. किसी पक्षी को..., ४. कुत्ते को..., ५. शृगाल को... एवं ६. वानर को। यों, उन को रस्सी से बाँध कर बीच में रस्सियों की गाँठ लगा कर बाँध दे। तब उन में से सर्प बिल में तथा मकर जल में प्रविष्ट होना चाहे, पक्षी आकाश में उड़ना चाहे, कुत्ता ग्राम में प्रविष्ट होना चाहे, शृगाल श्मशान की ओर जाना चाहे तथा वानर वन में प्रवेश करना चाहे। जब वे इस तरह के श्रम तथा भूख प्यास से व्याकुल एवं श्रान्त हो जायँ तब शेष उसी का अनुसरण करने लगें जो सभी में बलशाली हो।

"इसी तरह, भिक्षुओ! जिस की कायगत स्मृति सुभावित, भलीभाँति अभ्यस्त नहीं

पटिकूला होन्ति...पे०...मनो आविञ्छति मनापियेसु धम्मेसु, अमनापिया धम्मा पटिकूला होन्ति। एवं खो, भिक्खवे, असंवरो होति।

"कथं च, भिक्खवे, संवरो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु चक्खुना रूपं दिस्वा पियरूपे रूपे नाधिमुच्चति, अप्पियरूपे रूपे न ब्यापज्जति, उपट्ठितकायस्सति च विहरति [B.403] अप्पमाणचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति...पे०...जिव्हाय रसं सायित्वा ...पे०...मनसा धम्मं विञ्ञाय पियरूपे धम्मे नाधिमुच्चति, अप्पियरूपे धम्मे न [R.200] ब्यापज्जति, उपट्ठितकायस्सति च विहरति अप्पमाणचेतसो, तं च चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं यथाभूतं पजानाति यत्थस्स ते उप्पन्ना पापका अकुसला धम्मा अपरिसेसा निरुज्झन्ति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो छप्पाणके गहेत्वा नानाविसये नानागोचरे दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। अहिं गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। सुंसुमारं गहेत्वा दळ्हाय रज्जुया बन्धेय्य। पक्खिं गहेत्वा...पे०...कुक्कुरं गहेत्वा...सिङ्गालं गहेत्वा...मक्कटं गहेत्वा दळ्हाय [N.179] रज्जुया बन्धेय्य। दळ्हाय रज्जुया बन्धित्वा दळ्हे खीले वा थम्भे वा उपनिबन्धेय्य। अथ खो, ते, भिक्खवे, छप्पाणका नानाविसया नानागोचरा सकं सकं गोचरविसयं आविञ्छेय्युं—अहि आविञ्छेय्य 'वम्मिकं पवेक्खामी' ति, सुंसुमारो आविञ्छेय्य 'उदकं पवेक्खामी' ति, पक्खी आविञ्छेय्य 'आकासं डेस्सामी' ति, कुक्कुरो आविञ्छेय्य 'गामं पवेक्खामी' ति, सिङ्गालो आविञ्छेय्य 'सीवथिकं पवेक्खामी' ति, मक्कटो आविञ्छेय्य 'वनं पवेक्खामी' ति। यदा खो ते, भिक्खवे, छप्पाणका झत्ता अस्सु किलन्ता, अथ तमेव खीलं वा थम्भं वा उपतिट्ठेय्युं, उपनिसीदेय्युं, उपनिपज्जेय्युं। एवमेव खो, भिक्खवे, यस्स कस्सचि भिक्खुनो कायगता सति भाविता बहुलीकता तं चक्खु नाविञ्छति मनापियेसु रूपेसु, अमनापिया रूपा

---

होती है तो उस को चक्षु प्रिय रूपों की ओर ले जाता है तथा अप्रिय रूपों से दूर रखता है ...पूर्ववत्...मन प्रिय धर्मों की ओर ले जाता है, तथा अप्रिय रूपों से दूर रखता है ...पूर्ववत्...मन प्रिय धर्मों की ओर ले जाता है, तथा अप्रिय धर्मों से हटाता है। भिक्षुओ! यह 'असंवर' होता है।

"भिक्षुओ! 'संवर' कैसे होता है? भिक्षुओ! भिक्षु चक्षु से प्रिय रूपों को देख कर भी उन के प्रति आसक्त नहीं होता...पूर्ववत्... *(द्र०— दुःखधर्मसूत्र, इसी वर्ग का २४ सूत्र)* अकुशल पापमय धर्म सर्वथा निरुद्ध हो जाते हैं।

नप्पटिकूला होन्ति...पे०...जिव्हा नाविञ्छति मनापियेसु रसेसु...पे०...मनो नाविञ्छति मनापियेसु धम्मेसु, अमनापिया धम्मा नप्पटिकूला होन्ति। एवं खो, भिक्खवे, संवरो होति।

"'दळ्हे खीले वा थम्भे वा' ति खो, भिक्खवे, कायगताय सतिया एतं अधिवचनं। तस्मातिह वो, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'कायगता नो सति भाविता भविस्सति बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा' ति। एवं हि खो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं''' ति॥ ●

## २४८. यवकलापिसुत्तं

२५४. "सेय्यथापि, भिक्खवे, यवकलापी चातुम्महापथे [B.404, R.201] निक्खित्ता अस्स। अथ छ पुरिसा आगच्छेय्युं ब्याभङ्गिहत्था। ते यवकलापिं छहि ब्याभङ्गीहि हनेय्युं। एवं हि सा, भिक्खवे, यवकलापी सुहता अस्स छहि ब्याभङ्गीहि हञ्ञमाना। अथ सत्तमो पुरिसो आगच्छेय्य ब्याभङ्गिहत्थो। सो तं यवकलापिं सत्तमाय ब्याभङ्गिया हनेय्य। एवं हि सा भिक्खवे, यवकलापी सुहततरा अस्स सत्तमाय ब्याभङ्गिया हञ्ञमाना। एवमेव खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो चक्खुस्मिं हञ्ञति मनापामनापेहि रूपेहि...पे०...जिव्हाय हञ्ञति मनापामनापेहि रसेहि...पे०...[N.180] मनस्मिं हञ्ञति मनापामनापेहि धम्मेहि। सचे खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो आयतिं पुनब्भवाय चेतेति, एवं हि सो, भिक्खवे, मोघपुरिसो सुहततरो होति, सेय्यथापि सा यवकलापी सत्तमाय ब्याभङ्गिया हञ्ञमाना।

---

"भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष छह प्राणियों को...उपरिवत्...(इसी सूत्र में)। जिह्वा से...मन से...। इस तरह, भिक्षुओ! 'संवर' होता है।

"**दृढ कील या स्तम्भ** से तात्पर्य है—कायगत स्मृति। अतः, भिक्षुओ! तुम्हें यह सीखना चाहिये—'कायगता स्मृति की भावना करूँगा, उस का अभ्यास करूँगा, उस का अनुष्ठान करूँगा। उस से परिचय (ज्ञान) करूँगा।' भिक्षुओ! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये"॥ ●

**२४८. यवकलापिसूत्र : : मूर्ख को जौ के समान पीटना**

२५४. ..."जैसे, भिक्षुओ! किसी चौराहे पर जौ की राशि पड़ी हो। तब छह पुरुष बहँगी की लाठी हाथ में लिये हुए वहाँ आवे, और वे लाठियों से उस यवराशि को पीटने लगें। इस तरह वह यवराशि अच्छी तरह कुट पिट जाती है। उसी समय एक सातवाँ पुरुष वहाँ आवे, वह उस यवराशि को सातवीं लाठी से पीटे। यों वह यवराशि उस सातवीं लाठी से पूर्णतः पिट जाय। इसी तरह, भिक्षुओ! कोई अज्ञ पृथग्जन चक्षु के माध्यम से प्रिय एवं अप्रिय रूपों द्वारा पीटा जाता है। ...पूर्ववत्...जिह्वा के माध्यम से प्रिय अप्रिय

"भूतपुब्बं, भिक्खवे, देवासुरसङ्गामो समुपब्यूळ्हो अहोसि। अथ खो, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो असुरे आमन्तेसि—'सचे, मारिसा, देवासुरसङ्गामे समुपब्यूळ्हे असुरा जिनेय्युं देवा पराजिनेय्युं, येन नं सक्कं देवानमिन्दं कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बन्धित्वा मम सन्तिके आनेय्याथ असुरपुरं' ति। सक्को पि खो, भिक्खवे, देवानमिन्दो देवे तावतिंसे आमन्तेसि—'सचे, मारिसा, देवासुरसङ्गामे समुपब्यूळ्हे देवा जिनेय्युं असुरा पराजिनेय्युं, येन नं वेपचित्तिं असुरिन्दं कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बन्धित्वा [R.202] मम सन्तिके आनेय्याथ सुधम्मं देवसभं' ति। तस्मिं खो पन, भिक्खवे, सङ्गामे देवा जिनिंसु, असुरा पराजिनिंसु। अथ खो, भिक्खवे, देवा तावतिंसा वेपचित्तिं असुरिन्दं कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बन्धित्वा सक्कस्स देवानमिन्दस्स सन्तिके आनेसुं सुधम्मं देवसभं। तत्र सुदं, भिक्खवे, वेपचित्ति असुरिन्दो कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बद्धो होति। यदा खो, भिक्खवे, वेपचित्तिस्स असुरिन्दस्स एवं होति—'धम्मिका खो देवा, अधम्मिका असुरा, इधेव दानाहं देवपुरं गच्छामी' ति, अथ कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि मुत्तं अत्तानं समनुपस्सति, दिब्बेहि च पञ्चहि कामगुणेहि समप्पितो समङ्गीभूतो परिचारेति। [B.405] यदा च खो, भिक्खवे, वेपचित्तिस्स असुरिन्दस्स एवं होति—'धम्मिका खो

---

रसों द्वारा...मन के माध्यम से प्रिय एवं अप्रिय धर्मों द्वारा पीटा जाता है। भिक्षुओ! इतने पर भी वह अज्ञ पृथग्जन भविष्य में बने रहने की इच्छा करे तो वह मूर्ख उक्त इन्द्रियों के माध्यम से उस यवकलापी की तरह पीटा जाता है।

**प्राचीन कथा**—"भिक्षुओ! पूर्वकाल में देवासुर संग्राम हो रहा था। तब वेपचित्ति असुरेन्द्र ने असुरों को बुलाया और कहा—'हे असुरो! यदि इस संग्राम में देवगण की पराजय हो तथा असुरों की विजय हो, तो तुम में से जिस से भी सम्भव हो, वह देवराज के गले में रस्सी बाँध कर इस असुरपुर में ले आवे।' उधर देवराज शक्र ने भी अपने देवसमूह को बुला कर कहा—'देवगण! यदि इस संग्राम में असुर पराजित हों तथा देवगण विजयी हों तो तुम में से जिस से भी बन सके वह असुरेन्द्र वेपचित्ति को उस के शरीर को गले सहित पाँच स्थानों में रस्सी से बाँध कर इस सुधर्मा देवसभा में मेरे सम्मुख ले आवे'। अन्त में, उस संग्राम में देवताओं की विजय हुई, तथा असुरों की पराजय। तब, भिक्षुओ! वे देवता असुरेन्द्र वेपचित्ति के शरीर को कण्ठ सहित दो हाथ, दो पैर—इन पाँच स्थानों में रस्सी बाँध कर सुधर्मा देवसभा में देवराज इन्द्र के सम्मुख ले आये। तब वह असुरेन्द्र वेपचित्ति उस देवसभा में रस्सियों से बन्धा हुआ खड़ा रहा। उस समय उस के मन में जब यह विचार आवे—'ये देवता धर्माचारी हैं तथा असुर अधर्माचारी हैं, अतः क्यों न मैं भी देवपुर में ही रहूँ'। तब उस का शरीर उस को पाँचों बन्धनों से मुक्त हो कर

असुरा, अधम्मिका देवा, तत्थेव दानाहं असुरपुरं गमिस्सामी' ति, अथ कण्ठपञ्चमेहि बन्धनेहि बद्धं अत्तानं समनुपस्सति। दिब्बेहि च पञ्चहि कामगुणेहि परिहायति। एवं सुखुमं खो, भिक्खवे, वेपचित्तिबन्धनं। ततो सुखुमतरं मारबन्धनं। मञ्ञमानो खो, भिक्खवे, बद्धो मारस्स, अमञ्ञमानो मुत्तो पापिमतो।

"'अस्मी' ति, भिक्खवे, मञ्ञितमेतं, 'अयमहमस्मी' ति मञ्ञितमेतं, 'भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं, 'न भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं, 'रूपी भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं, 'अरूपी भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं, 'सञ्ञी भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं, 'असञ्ञी भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं, 'नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं' ति मञ्ञितमेतं। [N.181] मञ्ञितं, भिक्खवे, रोगो, मञ्ञितं गण्डो, मञ्ञितं सल्लं। तस्मातिह, भिक्खवे, 'अमञ्ञमानेन चेतसा विहरिस्सामा' ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं।

"'अस्मी' ति, भिक्खवे, इञ्जितमेतं, 'अयमहमस्मी' ति इञ्जितमेतं, 'भविस्सं' ति इञ्जितमेतं, 'न भविस्सं' ति इञ्जितमेतं, 'रूपी भविस्सं' ति इञ्जितमेतं, 'अरूपी भविस्सं' ति इञ्जितमेतं, 'सञ्ञी भविस्सं' ति इञ्जितमेतं, 'असञ्ञी भविस्सं' ति इञ्जितमेतं, 'नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं' ति इञ्जितमेतं। इञ्जितं, भिक्खवे, रोगो, इञ्जितं

---

पञ्च कामगुणों से युक्त हुआ दिखायी देता था। तथा जब उस के मन में यह विचार होता था—'ये असुर ही धर्माचारी हैं, देवता तो अधर्मशील हैं, तो क्यों न मैं असुरपुर में ही रहूँ।' तब उस को उस का अपना शरीर पाँचों बन्धनों से बद्ध दीखता था। ऐसा था उस वेपचित्ति का सूक्ष्म बन्धन।

भिक्षुओ! मार का बन्धन इस से भी सूक्ष्म होता है। केवल कुछ मान लेने से वह अज्ञ पृथग्जन मार के बन्धन में आवद्ध हो जाता है तथा न मानने से बन्धनमुक्त हो जाता है।

"भिक्षुओ! 'मैं हूँ'—ऐसा मान लेने से, 'यह मैं हूँ'—ऐसा मान लेने से, 'मैं ऐसा होऊँगा'—ऐसा मान लेने से, 'नहीं होऊँगा'—ऐसा मान लेने से; 'रूपी होऊँगा'—ऐसा मान लेने से, 'अरूपी होऊँगा'—ऐसा मान लेने से, 'संज्ञावान् होऊँगा'—ऐसा मान लेने से, 'संज्ञारहित होऊँगा'—ऐसा मान लेने से, 'न संज्ञा न असंज्ञा वाला होऊँगा'—ऐसा मान लेने से वह सूक्ष्म बन्धन में बँधता जाता है। भिक्षुओ! यह मानना ही उस के लिये रोग है, गण्ड (व्रण) है, शल्य (काँटा) है। अतः भिक्षुओ! तुम्हें 'मैं न कुछ मानते हुए चित्त से ही विचरण करूँगा'—ऐसा सीखना चाहिये।

"भिक्षुओ! 'मैं हूँ'—यह चित्त की चञ्चलतामात्र है, 'यह मैं हूँ'—यह भी

[R.203] गण्डो, इञ्जितं सल्लं। तस्मातिह, भिक्खवे, 'अनिञ्जमानेन चेतसा विहरिस्सामा' ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं।

"'अस्मी' ति, भिक्खवे, फन्दितमेतं, 'अयमहमस्मी' ति फन्दितमेतं, 'भविस्सं' ति...पे०...'न भविस्सं' ति...'रूपी भविस्सं' ति...'अरूपी भविस्सं' ति...'सञ्ञी भविस्सं' ति...'असञ्ञी भविस्सं' ति...'नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं' ति फन्दितमेतं। फन्दितं, भिक्खवे, रोगो, फन्दितं गण्डो, फन्दितं सल्लं। तस्मातिह, भिक्खवे, 'अफन्दमानेन चेतसा विहरिस्सामा' ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं।

"'अस्मी' ति, भिक्खवे, पपञ्चितमेतं, 'अयमहमस्मी' ति पपञ्चितमेतं, 'भविस्सं' ति...पे०...'न भविस्सं' ति...'रूपी भविस्सं' ति...'अरूपी भविस्सं' ति... 'सञ्ञी भविस्सं' ति...'असञ्ञी भविस्सं' ति...'नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं' ति [B.406] पपञ्चितमेतं। पपञ्चितं, भिक्खवे, रोगो, पपञ्चितं गण्डो, पपञ्चितं सल्लं। तस्मातिह, भिक्खवे, 'निप्पपञ्चेन चेतसा विहरिस्सामा' ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं।

"'अस्मी' ति, भिक्खवे, मानगतमेतं, 'अयमहमस्मी' ति मानगतमेतं, 'भविस्सं' ति मानगतमेतं, 'न भविस्सं' ति मानगतमेतं, 'रूपी भविस्सं' ति मानगतमेतं, 'अरूपी भविस्सं' ति मानगतमेतं, 'सञ्ञी भविस्सं' ति मानगतमेतं, 'असञ्ञी भविस्सं' ति मानगतमेतं, 'नेवसञ्ञीनासञ्ञी भविस्सं' ति मानगतमेतं। मानगतं, भिक्खवे, रोगो, मानगतं गण्डो, मानगतं सल्लं। तस्मातिह, भिक्खवे, 'निहतमानेन चेतसा विहरिस्सामा' [N.182] ति—एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

**आसीविसवग्गो चतुत्थो॥**

---

चञ्चलतामात्र है, ...पूर्ववत्...। अत: भिक्षुओ! तुम्हें—'मैं स्थिर चित्त से विचरण करूँगा'—ऐसा सीखना चाहिये।

''भिक्षुओ! 'मैं हूँ'—यह चित्त का स्पन्दनमात्र है...पूर्ववत्...। अत: भिक्षुओ! तुम्हें 'मैं स्पन्दनरहित चित्त से विचरण करूँगा'—ऐसा सीखना चाहिये।

''भिक्षुओ! 'मैं हूँ'—यह मन का प्रपञ्चमात्र है...पूर्ववत्...। अत: भिक्षुओ! तुम्हें 'मैं प्रपञ्चरहित चित्त से विचरण करूँगा'—ऐसा सीखना चाहिये।

''भिक्षुओ! 'मैं हूँ'—यह चित्त का अभिमानमात्र है। ...पूर्ववत्...। अत: भिक्षुओ! तुम्हें 'मैं अभिमानरहित चित्त से विचरण करूँगा'—ऐसा सीखना चाहिये''॥ •

**आशीविषवर्ग चतुर्थ समाप्त॥**

### तस्सुद्दानं

आसीविसो रथो कुम्मो, द्वे दारुक्खन्धा अवस्सुतो। [R.204]
दुक्खधम्मा किंसुका वीणा, छप्पाणा यवकलापी ति॥ ●

**सळायतनवग्गे चतुत्थपण्णासको समत्तो॥**

### तस्स वग्गुद्दानं

नन्दिक्खयो सट्ठिनयो, समुद्दो उरगेन च।
चतुपण्णासका एते, निपातेसु पकासिता ति॥ ●

**सळायतनसंयुत्तं समत्तं॥**

---

**इस आशीविषवर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची**—१. आशीविषोपमसूत्र, २. रथोपमसूत्र, ३. कूर्मोपमसूत्र, ४. प्रथम दारुस्कन्धोपमसूत्र, ५. द्वितीय दारुस्कन्धोपमसूत्र, ६. अवश्रुतपर्यायसूत्र, ७. दुःखधर्मसूत्र, ८. किंसुकोपमसूत्र, ९. वीणोपमसूत्र, १०. षट्प्राणकोपमसूत्र, ११. यवकलापिसूत्र॥ ●

**षडायतनवर्ग में चतुर्थ पञ्चाशत्क समाप्त॥**

**इस षडायतनसंयुक्त के चतुर्थ पञ्चाशत्क के वर्गों की सूची**—१. नन्दिक्षयवर्ग, २. षष्टि-पेय्याल, ३. समुद्रवर्ग एवं ४. आशीविषवर्ग॥ ●

**षडायतनसंयुक्त समाप्त॥**

# ३६. वेदनासंयुत्तं

## १. सगाथवग्गो पठमो

### १. समाधिसुत्तं

[N.183, B.407] १. "तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा खो, भिक्खवे, तिस्सो वेदना ति।

"समाहितो सम्पजानो, सतो बुद्धस्स सावको।
वेदना च पजानाति, वेदनानं च सम्भवं॥
"यत्थ चेता निरुज्झन्ति, मग्गं च खयगामिनं।
वेदनानं खया भिक्खु, निच्छातो परिनिब्बुतो" ति॥ •

### २. सुखसुत्तं

२. "तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा वेदना अदुक्खमसुखा वेदना—इमा खो, भिक्खवे, तिस्सो वेदना ति।

[R.205] "सुखं वा यदि वा दुक्खं, अदुक्खमसुखं सह।
अज्झत्तं च बहिद्धा च, यं किञ्चि अत्थि वेदितं॥

---

# ३६. वेदनासंयुक्त

## १. सगाथवर्ग प्रथम

**१. समाधिसूत्र** : .: **त्रिविध वेदना**

१. "भिक्षुओ! वेदना तीन हैं। कौन सी तीन? १. सुखद वेदना, २. दुःखद वेदना, ३. अदुःख-असुखद वेदना—भिक्षुओ! यों ये तीन वेदनाएँ कहलाती हैं।

"समाहित, स्मृतिवान्, सम्प्रज्ञ बुद्ध का शिष्य वेदनाओं को भी जानता है, इन वेदनाओं के उत्पत्तिस्थान को भी जानता है।

"तथा ये जहाँ जा कर निरुद्ध होती हैं एवं इन के निरोधक उपाय (मार्ग) को भी, जिन के साधन से इन वेदनाओं का क्षय होता है उन को भी जानता है। वेदनाओ के क्षीण होने से वह साधक संसार के प्रति वितृष्ण हो कर निर्वाण प्राप्त कर लेता है॥ •

**२. सुखसूत्र** : : **त्रिविध वेदनानुभव (सुख)**

२. "भिक्षुओ! ये वेदना-(=सुखा-)नुभव भी तीन होते हैं। ...पूर्ववत्...तीन वेदनाएं (सुखानुभव) होती हैं।

"लोक में जो भी सुख, दुःख या अदुःख असुख वेदनाएँ हैं, फिर भले ही वे अध्यात्म हों या बाह्य, ऐसी जो भी वेदनाएँ हैं॥

"एतं दुक्खं ति ञत्वान, मोसधम्मं पलोकिनं।
फुस्स फुस्स वयं पस्सं, एवं तत्थ विरज्जती" ति॥ •

## ३. पहानसुत्तं

३. "तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना। सुखाय, भिक्खवे, वेदनाय रागानुसयो पहातब्बो, दुक्खाय वेदनाय पटिघानुसयो पहातब्बो, अदुक्खमसुखाय वेदनाय अविज्जानुसयो पहातब्बो। यतो खो, भिक्खवे, भिक्खुनो सुखाय वेदनाय रागानुसयो पहीनो होति, दुक्खाय वेदनाय पटिघानुसयो पहीनो होति, अदुक्खमसुखाय वेदनाय अविज्जानुसयो पहीनो [B.408] होति, अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'भिक्खु निरनुसयो सम्मद्दसो अच्छेच्छि तण्हं, [N.184] विवत्तयि संयोजनं, सम्मा मानाभिसमया अन्तमकासि दुक्खस्सा' ति।

"सुखं वेदयमानस्स, वेदनं अप्पजानतो।
सो रागानुसयो होति, अनिस्सरणदस्सिनो॥
"दुक्खं वेदयमानस्स, वेदनं अप्पजानतो।
पटिघानुसयो होति, अनिस्सरणदस्सिनो॥

---

"इन सब को दु:खमय जान कर विनाशधर्मा एवं लुप्त हो जाने वाली जान कर, इन्हें पुन: पुन: अनुभव (स्पर्श) करता हुआ उनका विनाश जानकर अन्त में वह उन के प्रति विरक्त हो जाता है॥" •

**३. प्रहाणसूत्र : : त्रिविधि वेदनाओं का परिणाम**

३. "भिक्षुओ! वेदनाएँ तीन प्रकार की होती हैं। ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! सुखदा वेदना के राग का प्रहाण करना चाहिये, दु:खदा वेदना से उद्भूत प्रतिघ (खिन्नता) का प्रहाण करना चाहिये तथा अदु:खा असुखा वेदना से उत्पन्न अविद्या का प्रहाण करना चाहिये। भिक्षुओ! जब वह साधक भिक्षु...पूर्ववत्...प्रहाण कर लेता है तब वह भिक्षु, प्रहीण अनुशय (चित्तप्रवृत्ति) वाला, सम्यग्दृष्टि, तृष्णा का विच्छेद कर देने वाला, बन्धनों को काट देने वाला, मान को यथार्थत: पहचान कर उस का अन्त करने वाला होता है।

"सुखा वेदना का अनुभव करने वाले को, उस वेदना को यथार्थत: न जानने वाले को तथा मोक्ष के विषय में अनभिज्ञ को वह रागानुशय होता है॥

"दु:खा वेदना का अनुभव करने वाले की, उस वेदना को यथार्थत: न जानने वाले की तथा मोक्ष के विषय में अनभिज्ञ साधक के चित्त की प्रतिघ (द्वेष=खिन्नता) की ओर प्रवृत्ति होती है॥

"अदुक्खमसुखं सन्तं, भूरिपञ्ञेन देसितं।
तं चा पि अभिनन्दति, नेव दुक्खा पमुच्चति॥

[R.206] "यतो च भिक्खु आतापी, सम्पजञ्ञं न रिञ्चति।
ततो सो वेदना सब्बा, परिजानाति पण्डितो॥

"सो वेदना परिञ्ञाय, दिट्ठे धम्मे अनासवो।
कायस्स भेदा धम्मट्ठो, सङ्ख्यं नोपेति वेदगू"॥ ति॥ •

## ४. पातालसुत्तं

४. "अस्सुतवा, भिक्खवे, पुथुज्जनो यं वाचं भासति—'अत्थि महासमुद्दे पातालो' ति, तं खो पनेदं, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो असन्तं अविज्जमानं एवं वाचं भासति—'अत्थि महासमुद्दे पातालो' ति। सारीरिकानं खो एतं, भिक्खवे, दुक्खानं वेदनानं अधिवचनं यदिदं 'पातालो' ति। अस्सुतवा, भिक्खवे, पुथुज्जनो सारीरिकाय दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो सोचति किलमति परिदेवति उरत्ताळिं कन्दति सम्मोहं आपज्जति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'अस्सुतवा पुथुज्जनो पाताले न पच्चुट्ठासि, गाधं च नाज्झगा'। सुतवा च खो, भिक्खवे, अरियसावको सारीरिकाय दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो

---

"अदुःखा असुखा वेदना, जिस का भगवान् बुद्ध ने भी उपदेश किया है, का अभिनन्दन करने वाले साधक की भी दुःख से मुक्ति नहीं होती॥

"जब कोई बुद्धिमान् भिक्षु, क्लेशों के सन्तापक सम्प्रज्ञभाव (ज्ञान) को नहीं छोड़ता, तब वह इन (त्रिविध) वेदनाओं की वास्तविकता जान जाता है॥

"जब इन वेदनाओं के विषय में भली भाँति जान कर इसी जन्म में निर्विकारचित्त हो कर उस का देहपात होता है तब ऐसा धर्मात्मा एवं शास्त्रज्ञ साधक पुनः इन राग, द्वेष एवं मोह के जाल में नहीं फँसता"॥ •

**४. पातालसूत्र : : 'पाताल' क्या है?**

४. "भिक्षुओ! जब कोई अज्ञ पृथग्जन यह कहता है—'महासमुद्र में पाताल है', तो उस का यह कथन असत्, अविद्यमान तथा मिथ्या ही समझना चाहिये। (क्यों कि समुद्र में पाताल जैसी कोई चीज नहीं है।) भिक्षुओ! शारीरिक दुःखा वेदनाओं को ही 'पाताल' कहा जाता है। जब कि वह अज्ञ पृथग्जन ऐसी शारीरिक दुःखा वेदनाओं का स्पर्श (अनुभव) करते हुए उन के कारण शोक, परिदेव एवं सम्मोह को प्राप्त होता है। भिक्षुओ! इसी को कहते हैं—'अज्ञ पाताल तक नहीं पहुँच पाया, उस को गहराई का ज्ञान न हो सका।' (इसके विपरीत) ज्ञानी आर्यश्रावक शारीरिक दुःखा वेदनाओं का स्पर्श

समानो नेव सोचति न किलमति न परिदेवति न उरत्ताळिं कन्दति न सम्मोहं आपज्जति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'सुतवा अरियसावको पाताले पच्चुट्ठासि, गाधं च अज्झगा' ति।

"यो एता नाधिवासेति, उप्पन्ना वेदना दुखा। [B.409]
सारीरिका पाणहरा, याहि फुट्ठो पवेधति॥
"अक्कन्दति परोदति, दुब्बलो अप्पथामको। [N.185]
न सो पाताले पच्चुट्ठासि, अथो गाधं पि नाज्झगा॥
"यो चेता अधिवासेति, उप्पन्ना वेदना दुखा। [R.207]
सारीरिका पाणहरा, याहि फुट्ठो न वेधति।
स वे पाताले पच्चुट्ठासि, अथो गाधं पि अज्झगा" ति॥

## ५. दट्ठब्बसुत्तं

५. "तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा वेदना अदुक्खमसुखा वेदना। सुखा, भिक्खवे, वेदना दुक्खतो दट्ठब्बा, दुक्खा वेदना सल्लतो दट्ठब्बा, अदुक्खमसुखा वेदना अनिच्चतो दट्ठब्बा। यतो खो, भिक्खवे, भिक्खुनो सुखा वेदना दुक्खतो दिट्ठा होति, दुक्खा वेदना सल्लतो दिट्ठा होति, अदुक्खमसुखा वेदना अनिच्चतो दिट्ठा होति—अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'भिक्खु सम्मद्दसो अच्छेच्छि तण्हं, विवत्तयि संयोजनं, सम्मा मानाभिसमया अन्तमकासि दुक्खस्सा' ति।

---

करते हुए भी उन के कारण शोक, परिदेव, क्रन्दन एवं सम्मोह को प्राप्त नहीं होता। इस को कहते हैं—'विद्वान् आर्यश्रावक पाताल तक पहुँच गया, उस की गहराई तक पहुँच गया।

"जो इन शारीरिक, मर्मान्तक कष्ट पहुँचाने वाली दुःखा वेदनाओं को सहन नहीं कर पाता, इन से पीड़ित हो कर भयभीत हो कर काँपता रहता है, अधीर एवं असहाय हो कर रुदन करता है वह पाताल में लग कर भी उस की गहराई तक नहीं पहुँच पाता॥

"परन्तु जो इन प्राणान्तक कष्टदायक दुःखा वेदनाओं को सह लेता है, इन से भयभीत हो कर काँपता नहीं है, वह 'पाताल तक पहुँच गया, उस की गहराई को भी जान गया'—ऐसा कहलाता है॥"

**५. द्रष्टव्यसूत्र : : त्रिविध वेदना**

५. "भिक्षुओ! वेदनाएँ तीन प्रकार की होती हैं। ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! सुखा वेदना का अनुभव करते समय उस को यथार्थतः 'दुःख' ही समझना चाहिये। दुःखा वेदना का अनुभव करते समय उस को यथार्थतः 'व्रण' के रूप में समझना चाहिये। तथा अदुःखा असुखा वेदना को अनुभव करते समय उसे 'अनित्य' समझना चाहिये। ऐसे

"यो सुखं दुक्खतो अद्द, दुक्खमद्दक्खि सल्लतो।
अदुक्खमसुखं सन्तं, अद्दक्खि नं अनिच्चतो॥
"स वे सम्मद्दसो भिक्खु, परिजानाति वेदना।
सो वेदना परिञ्ञाय, दिट्ठे धम्मे अनासवो।
कायस्स भेदा धम्मट्ठो, सङ्ख्यं नोपेति वेदगू" ति॥ •

## ६. सल्लसुत्तं

६. "अस्सुतवा, भिक्खवे, पुथुज्जनो सुखं पि वेदनं वेदयति, दुक्खं पि वेदनं वेदयति, अदुक्खमसुखं पि वेदनं वेदयति। सुतवा, भिक्खवे, अरियसावको सुखं पि [B.410, R.208] वेदनं वेदयति, दुक्खं पि वेदनं वेदयति, अदुक्खमसुखं पि वेदनं वेदयति। तत्र, भिक्खवे, को विसेसो को अधिप्पयासो किं नानाकरणं सुतवतो अरियसावकस्स अस्सुतवता पुथुज्जनेना" ति? भगवम्मूलका नो, भन्ते, धम्मा...पे०...। [M.186] "अस्सुतवा, भिक्खवे, पुथुज्जनो दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो सोचति किलमति परिदेवति उरत्താळिं कन्दति सम्मोहं आपज्जति। सो द्वे वेदना वेदयति—

---

समझने वाला साधक सम्यग्दृष्टि, प्रहीणानुशय, तृष्णा का विच्छेदक, बन्धनों को काट देने वाला, मान को यथार्थतः पहचान कर उस का अन्त कर देने वाला होता है॥

"जिस ने सुख को दुःख करके जाना, दुःख को शल्य (व्रण) रूप में जाना, शान्त अदुःख असुख वेदना को अनित्य रूप में जाना, वही साधक भिक्षु सम्यग्दृष्टि, वेदनाओं को पहचानने वाला कहा जाता है॥

"वह इन वेदनाओं को यथार्थतः पहचान कर इसी जन्म में निर्विकारचित्त हो कर, ज्ञानी धर्मात्मा होता हुआ इस देहपात के बाद धर्मात्मा एवं शास्त्रज्ञ होने के कारण पुनः इन राग, द्वेष एवं मोह के जाल में नहीं फँसता॥ •

**६. शल्यसूत्र : : पण्डित एवं मूर्ख में भेद**

६. "भिक्षुओ! अज्ञ पृथग्जन सुखा वेदना, दुःखा वेदना एवं अदुःखा असुखा वेदना—इन तीनों ही वेदनाओं का अनुभव करता है। इसी प्रकार विद्वान् आर्यश्रावक भी इन तीनों वेदनाओं का अनुभव करता है। बताओ, भिक्षुओ! इस अज्ञ पृथग्जन एवं विद्वान् आर्यश्रावक—इन दोनों में क्या भेद है? क्या विशेषता है?"

(भिक्षुगण—) "भन्ते! धर्म के विषय में तो हम आप को ही प्रमाण मानते हैं...आप जैसा कहेंगे वैसा ही हम शिरोधार्य करेंगे।"

(भगवान्—) "भिक्षुओ! वह अज्ञ पृथग्जन दुःखा वेदना का अनुभव करने के साथ ही शोक, परिदेव, रुदन (छाती पीटना) तथा सम्मोह को प्राप्त होता है। उस समय

कायिकं च चेतसिकं च। सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसं सल्लेन विज्झेय्य। तमेनं दुतियेन सल्लेन अनुवेधं विज्झेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, पुरिसो द्विसल्लेन वेदनं वेदयति। एवमेव खो, भिक्खवे, अस्सुतवा पुथुज्जनो दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो सोचति किलमति परिदेवति उरत्ताळिं कन्दति सम्मोहं आपज्जति। सो द्वे वेदना वेदयति—कायिकं च चेतसिकं च। तस्सा येव खो पन दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो पटिघवा होति। तमेनं दुक्खाय वेदनाय पटिघवन्तं यो दुक्खाय वेदनाय पटिघानुसयो सो अनुसेति। सो दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो कामसुखं अभिनन्दति। तं किस्स हेतु? न हि सो, भिक्खवे, पजानाति अस्सुतवा पुथुज्जनो अञ्ञत्र कामसुखा दुक्खाय वेदनाय निस्सरणं। तस्स कामसुखं च अभिनन्दतो यो सुखाय वेदनाय रागानुसयो सो अनुसेति। सो तासं वेदनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं नप्पजानाति। तस्स तासं वेदनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं अप्पजानतो यो अदुक्खमसुखाय वेदनाय अविज्जानुसयो सो अनुसेति। सो सुखं चे वेदनं वेदयति, सञ्ञुत्तो नं वेदयति। दुक्खं चे वेदनं [R.209] वेदयति, सञ्ञुत्तो नं वेदयति। अदुक्खमसुखं चे वेदनं वेदयति, सञ्ञुत्तो नं वेदयति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, 'अस्सुतवा पुथुज्जनो सञ्ञुत्तो जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, सञ्ञुत्तो दुक्खस्मा' ति वदामि।(१)

---

उस को दो तरह की वेदनाओं का अनुभव होता है—१. कायिक तथा २. मानसिक। जैसे, भिक्षुओ! किसी पुरुष को भाले से आघात लगे, उसी समय उस को कोई दूसरा भाला भी मार दे। इस तरह वह (आहत) दो दुःखा वेदनाओं का अनुभव करता है। भिक्षुओ! वैसे ही वह अज्ञ पृथग्जन दुःखा वेदना से पीड़ित हो कर शोक करता है...पूर्ववत्...सम्मोह को प्राप्त होता है। इस तरह वह शारीरिक एवं मानसिक—इन द्विविध वेदनाओं का अनुभव करता है। इन वेदनाओं से पीड़ित हो कर खिन्न होता है। वह दुःखा वेदना से पीड़ित हो कर कामसुख प्राप्त करना चाहता है; क्यों कि वह अज्ञजन इस वेदना से मुक्त होने का कामसुख को ही एकमात्र उपाय जानता है, अतः कामसुख चाहते हुए उस को सुखा वेदना में राग उत्पन्न हो जाता है। वह उन वेदनाओं के उत्पाद, विनाश, दोष एवं मोक्ष को यथार्थतः नहीं जानता। इस तरह उस को अदुःख असुखजन्य अविद्या प्रादुर्भूत होती है और वह दुःख, सुख एवं अदुःखअसुख वेदना के अनुभव में आसक्त हो जाता है। भिक्षुओ! इसी को कहते हैं—'अज्ञ पृथग्जन उस अविद्या से संयुक्त हो कर जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य एवं उपायास से संयुक्त हो कर चिर काल के लिये दुःखसम्पृक्त हो जाता है। (१)

''सुतवा च खो, भिक्खवे, अरियसावको दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो न [B.411] सोचति न किलमति न परिदेवति न उरत्ताळिं कन्दति न सम्मोहं आपज्जति। सो एकं वेदनं वेदयति—कायिकं, न चेतसिकं।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसं सल्लेन विज्झेय्य। तमेनं दुतियेन सल्लेन अनुवेधं न विज्झेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, पुरिसो एकसल्लेन वेदनं वेदयति। एवमेव खो, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो न सोचति न किलमति न [N.187] परिदेवति न उरत्ताळिं कन्दति न सम्मोहं आपज्जति। सो एकं वेदनं वेदयति— कायिकं, न चेतसिकं। तस्सा येव खो पन दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो पटिघवा न होति। तमेनं दुक्खाय वेदनाय अप्पटिघवन्तं यो दुक्खाय वेदनाय पटिघानुसयो सो नानुसेति। सो दुक्खाय वेदनाय फुट्ठो समानो कामसुखं नाभिनन्दति। तं किस्स हेतु? पजानाति हि सो, भिक्खवे, सुतवा अरियसावको अञ्ञत्र कामसुखा दुक्खाय वेदनाय निस्सरणं। तस्स कामसुखं नाभिनन्दतो यो सुखाय वेदनाय रागानुसयो, सो नानुसेति। सो तासं वेदनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं पजानाति। तस्स तासं वेदनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं पजानतो यो अदुक्खमसुखाय वेदनाय अविज्जानुसयो, सो नानुसेति। सो सुखं चे वेदनं वेदयति, विसञ्ञुत्तो नं वेदयति। दुक्खं चे वेदनं वेदयति, विसञ्ञुत्तो नं [R.210] वेदयति। अदुक्खमसुखं चे वेदनं वेदयति, विसञ्ञुत्तो नं वेदयति। अयं

---

''परन्तु विद्वान् आर्यश्रावक दुःखा वेदना से संस्पृष्ट होता हुआ भी, उन से पीड़ित हो कर न उन के लिये शोक करता है, न खिन्न होता है, न उन के लिये छाती पीट कर रोता है, न उन के प्रति सम्मुग्ध होता है; क्यों कि उसे उस समय केवल कायिक वेदना का ही अनुभव होता है, मानसिक वेदना का नहीं।

''जैसे भिक्षुओ! कोई पुरुष भाले से आहत हो जाय, परन्तु उसे कोई दूसरा भाला न मारे, इस तरह वह (एक भाले के आघात की) वेदना का ही अनुभव करता है। इसी तरह वह विद्वान् आर्यश्रावक दुःखा वेदना से संस्पृष्ट होता हुआ भी...पूर्ववत्...सम्मुग्ध नहीं होता। यों वह उस समय एक (कायिक) वेदना का ही अनुभव करता है, दूसरी (मानसिक) वेदना का नहीं। अतः उस को उस दुःखा वेदना के अनुभव से खेद नहीं होता। न वह दुःखवेदना से पीड़ित हो कर कामसुख ही चाहने लगता है; क्यों कि वह उस दुःखा वेदना से मुक्ति के लिये कामसुख के अतिरिक्त भी उपाय जानता है। अतः उसे, कामसुख न चाहने के कारण, सुखा वेदना में राग नहीं होता। वह उन वेदनाओं के उत्पाद, विनाश, आस्वाद, दोष एवं मोक्ष को यथार्थतः जानता है। इस प्रकार उसे अदुःख सुख से

वुच्चति, भिक्खवे, 'सुतवा अरियसावको विसञ्ञुत्तो जातिया जराय मरणेन सोकेहि परिदेवेहि दुक्खेहि दोमनस्सेहि उपायासेहि, विसञ्ञुत्तो दुक्खस्मा' ति वदामि।

"अयं खो, भिक्खवे, विसेसो, अयं अधिप्पयासो, इदं नानाकरणं सुतवतो अरियसावकस्स अस्सुतवता पुथुज्जनेना ति।"(२)

"न वेदनं वेदयति सपञ्ञो, सुखं पि दुक्खं पि बहुस्सुतो पि।
अयं च धीरस्स पुथुज्जनेन, महा विसेसो कुसलस्स होति॥
"सङ्खातधम्मस्स बहुस्सुतस्स, विपस्सतो लोकमिमं परं च। [B.412]
इट्ठस्स धम्मा न मथेन्ति चित्तं, अनिट्ठतो नो पटिघातमेति॥
"तस्सानुरोधा अथवा विरोधा, विधूपिता अत्थगता न सन्ति।
पदं च ञत्वा विरजं असोकं, सम्मा पजानाति भवस्स पारगू" ति॥ •

## ७. पठमगेलञ्ञसुत्तं

७. एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागारसालायं। अथ [N.188]

---

जन्य अविद्या भी उद्भूत नहीं होती। वह दुःखा वेदना, सुखा वेदना, एवं अदुःखा असुखा वेदना—इन तीनों ही वेदनाओं का अनासक्त हो कर अनुभव करता है। भिक्षुओ! इसी को कहते हैं 'विद्वान् आर्यश्रावक जाति, जरा, मरण, शोक, परिदेव, दुःख, दौर्मनस्य एवं उपायासों रो असंसक्त हो कर रहता है। अतः वह दुःख से मुक्त रहता है—ऐसा मैं कहता हूँ। (२)

"भिक्षुओ! श्रुतवान् आर्यश्रावक तथा अज्ञ पृथग्जन में यही भेद हैं, यही इन में विशेषता है।

"बुद्धिमान् आर्यश्रावक भी सुखा वेदना तथा दुःखा वेदना का अनुभव तो अवश्य करता है, परन्तु उस धीर और कुशल में तथा अज्ञ पृथग्जन में यही भेद है कि—

"पण्डित, जिस ने धर्म का साक्षात्कार कर लिया है, लोक तथा उस के पार की वास्तविकता को जान लिया है, अभीष्ट धर्म उस के चित्त को विचलित नहीं करते, तथा अनिष्ट धर्मों का अनुभव करने पर वह खिन्न नहीं होता।

"उस के अनुरोध (अनुकूलता) या विरोध (प्रतिकूलता) से उस के परमार्थ नष्ट नहीं हुए हैं। अतः वह निर्मल (निर्विकार) रहता हुआ शोकरहित पद (निर्वाण) को जान कर संसार के पार (अन्त) को यथार्थतः जान लेता है"॥ •

**७. प्रथम ग्लानसूत्र : : समय की प्रतीक्षा अपेक्षित**

७. एक समय भगवान् (बुद्ध) **वैशाली** के महावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु

खो भगवा सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येन गिलानसाला तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। निसज्ज खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—[R.211]

''सतो, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो कालं आगमेय्य। अयं वो अम्हाकं अनुसासनी।

''कथं च, भिक्खवे, भिक्खु सतो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु काये कायानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं; वेदनासु वेदनानुपस्सी विहरति...पे०...चित्ते चित्तानुपस्सी विहरति...धम्मेसु धम्मानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु सतो होति।

''कथं च, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु अभिक्कन्ते पटिक्कन्ते सम्पजानकारी होति, आलोकिते विलोकिते सम्पजानकारी होति, सम्मिञ्जिते पसारिते सम्पजानकारी होति, सङ्घाटिपत्तचीवरधारणे सम्पजानकारी होति, असिते पीते खायिते सायिते सम्पजानकारी होति, उच्चारपस्सावकम्मे सम्पजानकारी होति, गते ठिते निसिन्ने सुत्ते जागरिते भासिते तुण्हीभावे सम्पजानकारी होति। एवं खो, [B.413] भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानकारी होति। सतो, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो कालं आगमेय्य। अयं वो अम्हाकं अनुसासनी।

---

विराजमान थे। तब भगवान् (किसी दिन) सायङ्काल समाधिभावना से उठ कर वहाँ की ग्लानशाला (आतुरालय) में पधारे। तथा वहाँ प्रज्ञप्त आसन पर विराजमान हो कर उन्होंने भिक्षुओं को देशनाहेतु आमन्त्रित किया—

''भिक्षुओ! स्मृतिमान् एवं सम्प्रज्ञ भिक्षु अपने समय की प्रतीक्षा करे।

''भिक्षुओ! कैसे कोई भिक्षु 'स्मृतिमान्' होता है? यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु काया में कायानुपश्यी हो कर स्मृतिमान् एवं सम्प्रज्ञ रहता हुआ सांसारिक लोभ एवं दौर्मनस्य को दबा कर अपने क्लेशों को तपाता (दग्ध करता) रहता है; वेदना में वेदनानुपश्यी...पूर्ववत्...चित्त में चित्तानुपश्यी...धर्म में धर्मानुपश्यी हो कर...अपने क्लेशों को तपाता रहता है। यों, भिक्षुओ! वह साधक भिक्षु 'स्मृतिमान्' कहलाता है।

''और, भिक्षुओ! कोई भिक्षु 'सम्प्रज्ञ' कैसे कहलाता है? भिक्षुओ! जो भिक्षु अपनी आने जाने की क्रियाओं में सचेत (सावधान) रहता है, देखने भालने में सचेत रहता है, हाथ पैर आदि में सङ्कोच एवं विकास में सावधान रहता है, अपने वस्त्र-सङ्घाटि एवं चीवर धारण करने में सावधान रहता है। अपनी खाने, पीने, शौच एवं मूत्रोत्सर्ग आदि क्रियाओं में सावधान रहता है; जाते, ठहरते (खड़े होते), बैठते, उठते, सोते, जागते,

''तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो एवं सतस्स सम्पजानस्स अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति सुखा वेदना, सो एवं पजानाति—'उप्पन्ना खो म्यायं सुखा वेदना; सा च खो पटिच्च, नो अप्पटिच्च। किं पटिच्च? इममेव कायं पटिच्च। अयं खो पन कायो अनिच्चो सङ्खतो पटिच्चसमुप्पन्नो। अनिच्चं खो पन सङ्खतं पटिच्चसमुप्पन्नं कायं पटिच्च उप्पन्ना सुखा वेदना कुतो निच्चा भविस्सती' ति! सो काये च सुखाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सी विहरति, वयानुपस्सी विहरति, विरागानुपस्सी विहरति, निरोधानुपस्सी विहरति, पटिनिस्सग्गानुपस्सी विहरति। तस्स काये च सुखाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सिनो विहरतो, वयानुपस्सिनो विहरतो, विरागानुपस्सिनो [N.189] विहरतो, निरोधानुपस्सिनो विहरतो, पटिनिस्सग्गानुपस्सिनो विहरतो यो काये [R.212] च सुखाय च वेदनाय रागानुसयो, सो पहीयति।

''तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो एवं सतस्स सम्पजानस्स अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति दुक्खा वेदना, सो एवं पजानाति—'उप्पन्ना खो म्यायं दुक्खा वेदना। सा च खो पटिच्च, नो अप्पटिच्च। किं पटिच्च? इममेव कायं पटिच्च। अयं खो पन कायो अनिच्चो सङ्खतो पटिच्चसमुप्पन्नो। अनिच्चं खो पन सङ्खतं पटिच्च-समुप्पन्नं कायं पटिच्च उप्पन्ना दुक्खा वेदना कुतो निच्चा भविस्सती' ति! सो काये च दुक्खाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सी विहरति, वयानुपस्सी विहरति, विरागानुपस्सी विहरति, निरोधानुपस्सी विहरति, पटिनिस्सग्गानुपस्सी विहरति। तस्स काये च सुखाय

---

बोलते चुप रहते समय इन क्रियाओं के प्रति सावधान रहता है, भिक्षुओ! ऐसा भिक्षु 'सम्प्रज्ञ' कहलाता है। ऐसे स्मृतिमान् एवं सम्प्रज्ञ साधक भिक्षु को समय की प्रतीक्षा करनी चाहिये। यही हमारा तुम लोगों को अनुशासन (आदेश) है।

''भिक्षुओ! इस प्रकार सावधान हो कर साधना करने वाले भिक्षु को जव कभी सुखा वेदना उत्पन्न होती है तो वह जानता है कि मुझ को यह जो सुखा वेदना उत्पन्न हुई है, वह किसी न किसी प्रत्यय (हेतु) से ही उत्पन्न हुई है, प्रत्यय के विना नहीं। किस के प्रत्यय से? इसी काय के प्रत्यय से। यह काय किसी अनित्य, संस्कृत (निर्मित=कृत्रिम) प्रत्यय से ही उत्पन्न हुआ है। अनित्य एवं संस्कृत काय से उत्पन्न हुई यह सुखा वेदना फिर कैसे नित्य होगी! अत: वह (आर्यश्रावक) काय तथा उस से उत्पन्न सुखवेदना में अनित्य बुद्धि रखता है, 'वे विनाशशील हैं'—ऐसा समझता है। इस प्रकार, साधना करने से उस का काय एवं सुखा वेदना में उत्पन्न राग प्रहीण हो जाता है।

''भिक्षुओ! इस प्रकार सावधान साधक भिक्षु को जब कभी दु:खा वेदना उत्पन्न

च वेदनाय अनिच्चानुपस्सिनो विहरतो...पे०...पटिनिस्सग्गानुपस्सिनो विहरतो यो काये च दुक्खाय च वेदनाय पटिघानुसयो, सो पहीयति।

''तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो एवं सतस्स सम्पजानस्स अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति अदुक्खमसुखा वेदना, सो एवं पजानाति—'उप्पन्ना खो म्यायं अदुक्खमसुखा वेदना। सा च खो पटिच्च, नो अप्पटिच्च। किं पटिच्च? इममेव कायं पटिच्च। अयं खो पन कायो अनिच्चो सङ्खतो पटिच्चसमुप्पन्नो। अनिच्चं खो पन [B.414] सङ्खतं पटिच्चसमुप्पन्नं कायं पटिच्च उप्पन्ना अदुक्खमसुखा वेदना कुतो निच्चा भविस्सती' ति! सो काये च अदुक्खमसुखाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सी विहरति, वयानुपस्सी विहरति, विरागानुपस्सी विहरति, निरोधानुपस्सी विहरति, पटिनिस्सग्गानु-पस्सी विहरति। तस्स काये च अदुक्खमसुखाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सिनो विहरतो...पे०...पटिनिस्सग्गानुपस्सिनो विहरतो यो काये च अदुक्खमसुखाय च वेदनाय अविज्जानुसयो, सो पहीयति।

[R.213] ''सो सुखं चे वेदनं वेदयति, सा अनिच्चा ति पजानाति, अनज्झोसिता ति पजानाति, अनभिनन्दिता ति पजानाति; दुक्खं चे वेदनं वेदयति...पे०...अदुक्खमसुखं चे वेदनं वेदयति, सा अनिच्चा ति पजानाति, अनज्झोसिता ति पजानाति, अनभिनन्दिता ति [N.190] पजानाति। सो सुखं चे वेदनं वेदयति, विसञ्ञुत्तो नं वेदयति; दुक्खं चे वेदनं वेदयति, विसञ्ञुत्तो नं वेदयति; अदुक्खमसुखं चे वेदनं वेदयति, विसञ्ञुत्तो नं

---

होती है तो वह जानता है...पूर्ववत्...काय तथा उस से उत्पन्न दुःखा वेदना में अनित्य बुद्धि रखता है, 'वे विनाशशील हैं'—ऐसा समझता है। इस प्रकार, साधना करने से उस का काय एवं दुःखा वेदनाओं में जो द्वेष (खेद) है वह प्रहीण हो जाता है।

''भिक्षुओ! इस प्रकार सावधान साधक भिक्षु को जब कभी अदुःखा असुखा वेदना उत्पन्न होती है तो वह जानता है...पूर्ववत्...काय तथा उस से उत्पन्न अदुःखा असुखा वेदना में अनित्य बुद्धि रखता है, 'वे विनाशशील हैं'—ऐसा समझता है। इस प्रकार, साधना करने से उस की काय एवं अदुःखा असुखा वेदना में जो अविद्या है उस का प्रहाण हो जाता है।

''यदि वह सुखा वेदना का अनुभव करता है तो वह जानता है कि वह अनित्य है। तथा वह यह भी जानता है कि इस में किसी प्रकार का अभिनिवेश या अभिनन्दन नहीं करना चाहिये।

''यदि वह दुःखा वेदना का अनुभव करता है..पूर्ववत्...अभिनन्दन नहीं करना चाहिये।

वेदयति। सो कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो 'कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी' ति पजानाति, जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो 'जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी' ति पजानाति। 'कायस्स भेदा उद्धं जीवितपरियादाना इधेव सब्बवेदयितानि अनभि-नन्दितानि सीतीभविस्सन्ती' ति पजानाति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, तेलं च पटिच्च वट्टिं च पटिच्च तेलप्पदीपो झायेय्य, तस्सेव तेलस्स च वट्टिया च परियादाना अनाहारो निब्बायेय्य; एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो 'कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी' ति पजानाति। जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो 'जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी' ति पजानाति। 'कायस्स भेदा उद्धं जीवितपरियादाना इधेव सब्बवेदयितानि अनभि-नन्दितानि सीतीभविस्सन्ती' ति पजानाती'' ति॥ ●

## ८. दुतियगेलञ्ञसुत्तं

८. एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागारसालायं। अथ खो भगवा सायन्हसमयं पटिसल्लाना वुट्ठितो येन गिलानसाला तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा पञ्ञत्ते आसने निसीदि। निसज्ज खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—

---

''यदि वह अदु:खा असुखा वेदना का अनुभव करता है...पूर्ववत्...अभिनन्दन नहीं करना चाहिये।

''यदि वह सुखा वेदना का...दु:खा वेदना का...या अदु:खा असुखा वेदना का अनुभव करता है तो उस में अनासक्त रह कर ही उसका अनुभव करता है।

''वह शरीर के किसी भी अङ्ग में वेदना का अनुभव करने पर जानता है कि वह अमुक अङ्ग में वेदना का अनुभव कर रहा है। जीवनपर्यन्त किसी वेदना का अनुभव करते हुए भी जानता है कि वह जीवनपर्यन्त से इस वेदना का अनुभव कर रहा है। देहपात के बाद ये सभी वेदनाएँ स्वत: ही शान्त हो जायँगीं।

''भिक्षुओ! जैसे तैल एवं बत्ती के सहारे से तैल का दीपक जलता है तथा तैल एवं बत्ती का सहारा न मिलने पर वह दीपक स्वयं ही बुझ जाता है। भिक्षुओ! वैसे ही वह साधक भिक्षु शरीरमात्र की वेदना का अनुभव करता हुआ जानता है कि मैं समस्त शरीर की वेदना का अनुभव कर रहा हूँ...। 'इस देहपात के बाद ये समस्त वेदनाएँ इन का अभिनन्दन न करने से स्वत: ही शान्त हो जायँगीं'—यह भी वह जानता है''॥ ●

**८. द्वितीय ग्लानसूत्र : : समय की प्रतीक्षा आवश्यक**

८. एक समय भगवान् (बुद्ध) वैशाली के महावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु विराजमान थे। ...पूर्ववत्...।

"सतो, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो कालं आगमेय्य। अयं वो अम्हाकं [B.415] अनुसासनी।

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खु सतो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु काये कायानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं; वेदनासु वेदनानुपस्सी विहरति...पे०...चित्ते चित्तानुपस्सी विहरति...धम्मेसु धम्मानुपस्सी विहरति आतापी सम्पजानो सतिमा, विनेय्य लोके अभिज्झादोमनस्सं। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु सतो होति।

"कथं च, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो होति? इध, भिक्खवे, भिक्खु अभिक्कन्ते [R.214] पटिक्कन्ते सम्पजानकारी होति...पे०...भासिते तुण्हीभावे सम्पजानकारी होति। एवं खो, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो होति। सतो, भिक्खवे, भिक्खु सम्पजानो कालं [N.191] आगमेय्य। अयं वो अम्हाकं अनुसासनी।

"तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो एवं सतस्स सम्पजानस्स अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो उप्पज्जति सुखा वेदना, सो एवं पजानाति—'उप्पन्ना खो म्यायं सुखा वेदना; सा च खो पटिच्च, नो अप्पटिच्च। किं पटिच्च? इममेव फस्सं पटिच्च। अयं खो पन फस्सो अनिच्चो सङ्खतो पटिच्चसमुप्पन्नो। अनिच्चं खो पन सङ्खतं पटिच्चसमुप्पन्नं फस्सं पटिच्च उप्पन्ना सुखा वेदना कुतो निच्चा भविस्सती' ति! सो फस्से च सुखाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सी विहरति, वयानुपस्सी विहरति, विरागानुपस्सी विहरति, निरोधानुपस्सी विहरति, पटिनिस्सग्गानुपस्सी विहरति। तस्स फस्से च सुखाय च वेदनाय अनिच्चानुपस्सिनो विहरतो, वयानुपस्सिनो विहरतो, विरागानुपस्सिनो विहरतो, निरोधानुपस्सिनो विहरतो, पटिनिस्सग्गानुपस्सिनो विहरतो यो फस्से च सुखाय च वेदनाय रागानुसयो, सो पहीयति।

"तस्स चे, भिक्खवे, भिक्खुनो एवं सतस्स...पे०...विहरतो उप्पज्जति दुक्खा वेदना...पे०...उप्पज्जति अदुक्खमसुखा वेदना, सो एवं पजानाति—'उप्पन्ना खो म्यायं अदुक्खमसुखा वेदना; सा च खो पटिच्च, नो अप्पटिच्च। किं पटिच्च? इममेव फस्सं [B.416] पटिच्च...कायस्स भेदा उद्धं जीवितपरियादाना इधेव सब्बवेदयितानि अनभिनन्दितानि सीतीभविस्सन्ती' ति पजानाति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, तेलं च पटिच्च वट्टिं च पटिच्च तेलप्पदीपो झायेय्य,

---

*(प्रथम ग्लानसूत्र की तरह ही समग्र पाठ का विस्तार कर लें। केवल पिछले पाठ में आगत 'काया' शब्द के स्थान पर 'स्पर्श' शब्द परिवर्तित कर लें।)*

•

तस्सेव तेलस्स च वट्टिया च परियादाना अनाहारो निब्बायेय्य; एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो 'कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी' ति पजानाति। जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो 'जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी' ति पजानाति। 'कायस्स भेदा उद्धं जीवितपरियादाना इधेव सब्बवेदयितानि अनभिनन्दितानि सीतीभविस्सन्ती' ति पजानाती'' ति॥ •

## ९. अनिच्चसुत्तं

९. ''तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना अनिच्चा सङ्खता पटिच्चसमुप्पन्ना खयधम्मा वयधम्मा विरागधम्मा निरोधधम्मा। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा [N.192] वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा खो, भिक्खवे, तिस्सो वेदना अनिच्चा सङ्खता पटिच्चसमुप्पन्ना खयधम्मा वयधम्मा विरागधम्मा निरोधधम्मा'' ति॥ •

## १०. फस्समूलकसुत्तं

१०. ''तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना फस्सजा फस्समूलका फस्स-[R.215] निदाना फस्सपच्चया। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना। सुखवेदनियं, भिक्खवे, फस्सं पटिच्च उप्पज्जति सुखा वेदना। तस्सेव सुखवेदनियस्स फस्सस्स निरोधा यं तज्जं वेदयितं सुखवेदनियं फस्सं पटिच्च उप्पन्ना सुखा वेदना, सा निरुज्झति, सा वूपसम्मति। दुक्खवेदनियं, भिक्खवे, फस्सं पटिच्च उप्पज्जति दुक्खा वेदना। तस्सेव दुक्खवेदनियस्स फस्सस्स निरोधा यं तज्जं वेदयितं दुक्खवेदनियं फस्सं पटिच्च उप्पन्ना दुक्खा वेदना, सा निरुज्झति, सा वूपसम्मति। अदुक्खमसुखवेदनियं, भिक्खवे, फस्सं पटिच्च उप्पज्जति अदुक्खमसुखा वेदना। तस्सेव अदुक्खम-

---

**९. अनित्यसूत्र : : त्रिविध वेदना**

९. ''भिक्षुओ! ये त्रिविध वेदनाएँ अनित्य हैं, संस्कृत हैं, प्रतीत्यसमुत्पन्न (हेतुसापेक्ष), क्षीण होने वाली, विनष्ट होने वाली, वैराग्योत्पादक एवं निरोधधर्म से युक्त हैं। कौन सी तीन? सुखा वेदना, दुःखा वेदना एवं अदुःखा असुखा वेदना। भिक्षुओ! ये तीनों वेदनाएँ अनित्य ...पूर्ववत्...निरोधधर्म से युक्त हैं''॥ •

**१०. स्पर्शमूलकसूत्र : : स्पर्श से उत्पन्न वेदना**

१०. ''भिक्षुओ! ये उपर्युक्त तीनों ही वेदनाएँ स्पर्शजन्य हैं, स्पर्शमूलक स्पर्श ही इन का निदान (प्रत्यय=हेतु) है। कौन सी तीन? ...पूर्ववत्...। भिक्षुओ! इन में सुखानुभव वाले स्पर्श की अपेक्षा कर उत्पन्न होने वाली सुखा वेदना है। तथा वह उसी सुखानुभव देने वाले स्पर्श के निरोध से निरुद्ध हो जाती है। शान्त हो जाती है। तथा, भिक्षुओ! दुःखानुभव देने वाले स्पर्श से उत्पन्न होने वाली दुःखा वेदना है। वह भी उसी दुःखानुभव देने वाले

सुखवेदनियस्स फस्सस्स निरोधा यं तज्जं वेदयितं अदुक्खमसुखवेदनियं फस्सं पटिच्च उप्पन्ना अदुक्खमसुखा वेदना, सा निरुज्झति, सा·वूपसम्मति। [B.417]

"सेय्यथापि, भिक्खवे, द्विन्नं कट्ठानं सङ्घट्टनसमोधाना उस्मा जायति, तेजो अभिनिब्बत्तति। तेसं येव कट्ठानं नानाभावा विनिक्खेपा या तज्जा उस्मा, सा निरुज्झति, सा वूपसम्मति। एवमेव खो, भिक्खवे, इमा तिस्सो वेदना फस्सजा फस्समूलका फस्सनिदाना फस्सपच्चया। तज्जं फस्सं पटिच्च तज्जा वेदना उप्पज्जन्ति। तज्जस्स फस्सस्स निरोधा तज्जा वेदना निरुज्झन्ती" ति॥ ●

**वेदनासंयुत्तस्स सगाथवग्गो पठमो॥**

## तस्सुद्दानं

समाधि सुखं पहानेन, पातालं दट्ठब्बेन च। [R.216]
सल्लेन चेव गेलञ्ञा, अनिच्च फस्समूलका ति॥ ●

---

स्पर्श के निरोध से निरुद्ध हो जाती है, शान्त हो जाती है, एवं वही जब अदुःख असुख वेदना स्पर्शजन्य होती है तो वह अदुःख असुख वेदना भी स्पर्श के निरुद्ध होने से निरुद्ध हो जाती है, शान्त हो जाती है।

भिक्षुओ! जैसे दो काष्ठों के सङ्घट्टन एवं समवधान से अग्नि जल उठती है, उस का प्रकाश चारों ओर फैल जाता है, परन्तु उन दोनों काष्ठों के दूर फेंक दिये जाने पर, उन का सङ्घट्टन न होने पर, वह अग्नि बुझ जाती है; उसी तरह भिक्षुओ! ये वेदनाएँ भी उन उन स्पर्शों से जन्य हैं, तन्मूलक हैं, तद्धेतुक हैं, तत्प्रत्ययाधीन हैं। उस उस स्पर्श के निरोध से तज्जन्य वेदना भी निरुद्ध हो जाती है॥ ●

**वेदनासंयुक्त का सगाथवर्ग प्रथम॥**

**इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची**—१. समाधिसूत्र, २. सुखसूत्र, ३. प्रहाणसूत्र, ४. पातालसूत्र, ५. द्रष्टव्यसूत्र, ६. शल्यसूत्र, ७. प्रथम ग्लानिसूत्र, ८. द्वितीय ग्लानिसूत्र, ९. अनित्यसूत्र एवं १०. स्पर्शमूलकसूत्र॥ ●

## २. रहोगतवग्गो दुतियो

### ११. रहोगतसुत्तं

११. अथ खो अञ्ञतरो भिक्खु येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा [N.193] भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सो भिक्खु भगवन्तं एतदवोच—"इध मय्हं, भन्ते, रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—'तिस्सो वेदना वुत्ता भगवता। सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा तिस्सो वेदना वुत्ता भगवता। वुत्तं खो पनेतं भगवता—'यं किञ्चि वेदयितं तं दुक्खस्मिं' ति। किं नु खो एतं भगवता सन्धाय भासितं—'यं किञ्चि वेदयितं तं दुक्खस्मिं''' ति?

"साधु साधु, भिक्खु! तिस्सो इमा, भिक्खु, वेदना वुत्ता मया। सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा तिस्सो वेदना वुत्ता मया। वुत्तं खो पनेतं, भिक्खु, मया—'यं किञ्चि वेदयितं तं दुक्खस्मिं' ति। तं खो पनेतं, भिक्खु, मया सङ्खारानं येव अनिच्चतं सन्धाय भासितं—'यं किञ्चि वेदयितं तं दुक्खस्मिं' ति। तं खो पनेतं, भिक्खु, मया सङ्खारानं येव खयधम्मतं...पे०...वयधम्मतं...पे०...[B.418] विरागधम्मतं...पे०...निरोधधम्मतं...पे०...विपरिणामधम्मतं सन्धाय भासितं—'यं किञ्चि वेदयितं तं दुक्खस्मिं' ति।

अथ खो पन, भिक्खु, मया अनुपुब्बसङ्खारानं निरोधो अक्खातो। पठमं [R.217]

---

## २. रहोगतवर्ग द्वितीय

**११. रहोगतसूत्र : : संस्कारों का क्रमशः निरोध**

११. ...तब किसी भिक्षु ने भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ कर उन से यों जिज्ञासा प्रकट की—"भन्ते! आज मुझे एकान्त में साधना करते समय, यह विचार हुआ—'भगवान् ने तीन वेदनाओं की देशना की है', दूसरी तरफ भगवान् ने यह भी उपदेश किया है—'सभी वेदनाओं को दुःख ही समझना चाहिये'। भगवान् का ऐसा कहने में क्या अभिप्राय है?"

"साधु, भिक्षु! साधु! मैने तीन ही वेदनाएँ बतायी हैं। वे हैं—सुखा वेदना, दुःखा वेदना, एवं अदुःखा असुखा वेदना। तथा यह भी कहा है—'जितनी भी वेदनाएँ हैं, उन सभी को दुःख ही समझना चाहिये।' ऐसा मैने संस्कारों की अनित्यता को लक्ष्य कर के ही कहा है। इसे यों समझो कि यह सब मैने संस्कारों की क्षयधर्मता, विनाशधर्मता, विरागधर्मता, निरोधधर्मता एवं विपरिणामधर्मता को लक्ष्य कर के कहा है। भिक्षु! मैने

झानं समापन्नस्स वाचा निरुद्धा होति। दुतियं झानं समापन्नस्स वितक्कविचारा निरुद्धा होन्ति। ततियं झानं समापन्नस्स पीति निरुद्धा होति। चतुत्थं झानं समापन्नस्स अस्सास-पस्सासा निरुद्धा होति। विञ्ञाणञ्चायतनं समापन्नस्स आकासानञ्चायतनसञ्ञा निरुद्धा होति। आकिञ्चञ्ञायतनं समापन्नस्स विञ्ञाणञ्चायतनसञ्ञा निरुद्धा होति। नेवसञ्ञा-नासञ्ञायतनं समापन्नस्स आकिञ्चायतनसञ्ञा निरुद्धा होति। सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च निरुद्धा होन्ति। खीणासवस्स भिक्खुनो रागो निरुद्धो होति, दोसो निरुद्धो होति, मोहो निरुद्धो होति।

अथ खो, भिक्खु, मया अनुपुब्बसङ्खारानं वूपसमो अक्खातो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा वूपसन्ता होति। दुतियं झानं समापन्नस्स वितक्कविचारा वूपसन्ता होन्ति ...पे०...सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च वूपसन्ता होन्ति। खीणा-
[N.194] सवस्स भिक्खुनो रागो वूपसन्तो होति, दोसो वूपसन्तो होति, मोहो वूपसन्तो होति।

छयिमा, भिक्खु, पस्सद्धियो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा पटिप्पस्सद्धा होति। दुतियं झानं समापन्नस्स वितक्कविचारा पटिप्पस्सद्धा होन्ति। ततियं झानं समापन्नस्स पीति पटिप्पस्सद्धा होति। चतुत्थं झानं समापन्नस्स अस्सासपस्सासा पटिप्पस्सद्धा होति। .सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च पटिप्पस्सद्धा होन्ति।
[R.218] खीणासवस्स भिक्खुनो रागो पटिप्पस्सद्धो होति, दोसो पटिप्पस्सद्धो होति, मोहो पटिप्पस्सद्धो होती'' ति॥ ●

---

क्रमशः सभी संस्कारों के निरोध की देशना की है। जैसे—प्रथमध्यानयुक्त साधक की वाणी संयत हो जाती है, द्वितीयध्यानसंयुक्त के वितर्क विचार संयत (निरुद्ध) हो जाते हैं, तृतीयध्यानी की प्रीति संयत हो जाती है, चतुर्थध्यानसंयुक्त के श्वास प्रश्वास संयत हो जाते हैं, आकाशानन्त्यायतनसंयुक्त की रूपसंज्ञा निरुद्ध हो जाती है, विज्ञानानन्त्यायतनसंयुक्त की आकाशानन्त्यायतनसंज्ञा संयत हो जाती है, आकिञ्चन्यायतनसंयुक्त की विज्ञाना-नन्त्यायतनसंज्ञा संयत हो जाती है, नैवसंज्ञानासंज्ञायतनसंयुक्त की आकिञ्चन्यायतनसंज्ञा संयत हो जाती है, तथा संज्ञावेदयितनिरोधसमापन्न साधक की यह नैवसंज्ञानासंज्ञायतनसंज्ञा वेदना भी संयत (निरुद्ध) हो जाती है। क्षीणाश्रव भिक्षु के राग, द्वेष एवं मोह निरुद्ध हो जाते हैं। यों, भिक्षु! मैने इन सभी संस्कारों का क्रमशः निरोध बताया है।

''भिक्षु! इस के बाद मैने क्रमशः संस्कारों का व्युपशमन (=शान्ति) भी बताया है। वह इस प्रकार है—प्रथमध्यानयुक्त साधक की वाणी शान्त हो जाती है, ...पूर्ववत्... क्षीणास्रव भिक्षु के राग, द्वेष एवं मोह शान्त हो जाते हैं।

''भिक्षु! यों यह प्रश्रब्धि (स्थिरता) छह प्रकार की है। प्रथमध्यानसम्पन्न साधक

## १२. पठमआकाससुत्तं

१२. ''सेय्यथापि, भिक्खवे, आकासे विविधा वाता वायन्ति। पुरत्थिमा पि वाता वायन्ति, पच्छिमा पि वाता वायन्ति, उत्तरा पि वाता वायन्ति, दक्खिणा पि वाता वायन्ति, सरजा पि वाता वायन्ति, अरजा पि वाता वायन्ति, सीता पि वाता वायन्ति, उण्हा पि वाता वायन्ति, परित्ता पि वाता वायन्ति, अधिमत्ता पि वाता वायन्ति। एवमेव खो, भिक्खवे, इमस्मिं कायस्मिं विविधा वेदना उप्पज्जन्ति, सुखा पि वेदना उप्पज्जन्ति, दुक्खा [B.419] पि वेदना उप्पज्जन्ति, अदुक्खमसुखा पि वेदना उप्पज्जन्ती ति।

''यथा पि वाता आकासे, वायन्ति विविधा पुथू।
पुरत्थिमा पच्छिमा चा पि, उत्तरा अथ दक्खिणा॥

''सरजा अरजा च पि, सीता उण्हा च एकदा।
अधिमत्ता परित्ता च, पुथू वायन्ति मालुता॥

''तथेविमस्मिं कायस्मिं, समुप्पज्जन्ति वेदना।
सुखदुक्खसमुप्पत्ति, अदुक्खमसुखा च या॥

''यतो च भिक्खु आतापी, सम्पजञ्ञं न रिञ्चति।
ततो सो वेदना सब्बा, परिजानाति पण्डितो॥

---

की वाणी प्रश्रब्ध (शान्त=चञ्चलतारहित) हो जाती है, ...पूर्ववत्...क्षीणास्रव भिक्षु के राग, द्वेष, मोह प्रश्रब्ध हो जाते हैं॥

**१२. प्रथम आकाशसूत्र : : विविध वायु के तुल्य वेदनाएँ**

१२. ''जैसे, भिक्षुओ! आकाश में नाना प्रकार की हवाएँ बहती रहती हैं। ये हवाएँ पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण—सभी तरफ से बहती हैं ये हवाएँ धूल मिली (आँधी) भी होती हैं, धूल से रहित भी, शीत (ठण्ढी) भी, उष्ण (गरम) भी, साधारण भी तथा तेज (तूफान) भी होती हैं। इसी तरह इस शरीर में भी नाना प्रकार की वेदनाएँ उद्भूत होती रहती हैं, उन में सुखा वेदना भी है, दु:खा वेदना भी है, तथा अदु:खा असुखा वेदना भी।

''जैसे आकाश में पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण—सभी तरफ से हवाएँ बहती रहती हैं॥

''वे धूलभरी भी होती हैं, विना धूल के भी, कभी शीत, कभी उष्ण, कभी साधारण, कभी तेज (तूफान) तथा कभी कम या कभी अधिक होती हैं॥

''इसी तरह, इस शरीर में भी विविध वेदनाएँ (अनुभूतियाँ) उत्पन्न होती रहती हैं; कभी वे सुखमय होती हैं, कभी दु:खमय या कभी अदु:खअसुखमय॥

"सो वेदना परिञ्ञाय, दिट्ठे धम्मे अनासवो।
कायस्स भेदा धम्मट्ठो, सङ्ख्यं नोपेति वेदगू"॥ ति॥

## १३. दुतियआकाससुत्तं

[N.195, R.219] १३. "सेय्यथापि, भिक्खवे, आकासे विविधा वाता वायन्ति। पुरत्थिमा पि वाता वायन्ति...पे०...अधिमत्ता पि वाता वायन्ति। एवमेव खो, भिक्खवे, इमस्मिं कायस्मिं विविधा वेदना उप्पज्जन्ति, सुखा पि वेदना उप्पज्जन्ति, दुक्खा पि वेदना उप्पज्जन्ति, अदुक्खमसुखा पि वेदना उप्पज्जन्ती" ति॥

## १४. अगारसुत्तं

१४. "सेय्यथापि, भिक्खवे, आगन्तुकागारं। तत्थ पुरत्थिमाय पि दिसाय आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति, पच्छिमाय पि दिसाय आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति, उत्तराय पि दिसाय आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति, दक्खिणाय पि दिसाय आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति। खत्तिया पि आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति, ब्राह्मणा पि आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति, वेस्सा पि [B.420] आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति, सुद्दा पि आगन्त्वा वासं कप्पेन्ति। एवमेव खो, भिक्खवे, इमस्मिं कायस्मिं विविधा वेदना उप्पज्जन्ति। सुखा पि वेदना उप्पज्जति, दुक्खा पि वेदना उप्पज्जति, अदुक्खमसुखा पि वेदना उप्पज्जति। सामिसा पि सुखा वेदना उप्पज्जति, सामिसा पि दुक्खा वेदना उप्पज्जति, सामिसा पि अदुक्खमसुखा वेदना

---

"जब क्लेशों को दूर करने में लगा हुआ साधक भिक्षु स्मृति एवं सम्प्रजन्य से रिक्त (खाली) नहीं होता, तब वह उन सभी वेदनाओं की वास्तविकता जान लेता है॥

यों, वह वेदनाओं की वास्तविकता जान कर इसी जन्म में निर्विकारचित्त एवं धर्मनिष्ठ हो कर, इस देहपात के बाद, पुनः रागादि के अधीन नहीं होता"॥

**१३. द्वितीय आकाशसूत्र : : वायुतुल्य विविध वेदनाएँ**

१३. "जैसे, भिक्षुओ! आकाश में नाना प्रकार की हवाएँ चलती रहती हैं—पूर्व से भी, पश्चिम से भी, उत्तर से भी, दक्षिण से भी, हल्की भी, अधिक भी; इसी तरह, भिक्षुओ! इस शरीर में विविध वेदनाएँ उद्भूत होती रहती हैं—सुखमय भी, दुःखमय भी, अदुःखअसुखमय भी"॥

**१४. आगारसूत्र : : विविध वेदनाएँ**

१४. "भिक्षुओ! जैसे कोई धर्मशाला (निःशुल्क यात्रिनिवास) हो, उस में पूर्व दिशा से आने वाले यात्री भी ठहरते हैं, पश्चिम दिशा से, उत्तर दिशा से तथा दक्षिण दिशा से आने वाले यात्री भी ठहरते हैं; उसी तरह क्षत्रिय भी आ कर ठहरते हैं, ब्राह्मण भी...वैश्य भी...शूद्र भी आ कर ठहरते हैं; इसी तरह, भिक्षुओ! इस शरीर में विविध

उप्पज्जति। निरामिसा पि सुखा वेदना उप्पज्जति, निरामिसा पि दुक्खा वेदना उप्पज्जति, निरामिसा पि अदुक्खमसुखा वेदना उप्पज्जती'' ति॥ ●

## १५. पठमआनन्दसुत्तं

१५. अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—''कतमा नु खो, भन्ते, वेदना, कतमो वेदनासमुदयो, कतमो वेदनानिरोधो, कतमा वेदनानिरोधगामिनी [R.220] पटिपदा? को वेदनाय अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं ति? तिस्सो इमा, आनन्द, वेदना—सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा वुच्चन्ति, आनन्द, वेदना। फस्ससमुदया वेदनासमुदयो; फस्सनिरोधा वेदनानिरोधो। अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो वेदनानिरोधगामिनी पटिपदा, सेय्यथीदं—[N.196] सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। यं वेदनं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं वेदनाय अस्सादो। या वेदना अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा, अयं वेदनाय आदीनवो।

---

वेदनाएँ उद्भूत होती रहती हैं—सुखमय वेदना भी, दु:खमय वेदना भी, अदु:ख- असुखमय वेदना भी उद्भूत होती रहती हैं।

अभीष्ट (=सामिस) सुखा वेदनाएँ भी उद्भूत होती रहती हैं, अभीष्ट दु:खा वेदनाएँ भी होती रहती हैं तथा अभीष्ट अदु:ख असुख वेदनाएँ भी। इसी तरह अनभीष्ट सुखा वेदनाएँ, अनभीष्ट दु:खा वेदनाएँ तथा अनभीष्ट अदु:ख असुखमय वेदनाएँ भी उद्भूत होती रहती हैं॥'' ●

**१५. प्रथम आनन्दसूत्र : : संस्कारों का क्रमश: निरोध**

१५. ...तब आयुष्मान् आनन्द भगवान् के सम्मुख जा कर उन्हें प्रणाम कर एक ओर बैठते हुए यों बोले—''भन्ते! वेदना कितनी हैं? वेदना की उत्पत्ति कैसे होती है? वेदना का निरोध कैसे होता है? तथा वेदनानिरोधगामिनी प्रतिपदा क्या है? एवं वेदना का आस्वाद क्या है? वेदना का दोष क्या है? तथा उस का नि:स्सरण (त्याग) कैसे होता है?''

''आनन्द! वेदनाएँ तीन होती हैं। सुखा वेदना, दु:खा वेदना तथा अदु:खा असुखा वेदना—आनन्द! ये तीन वेदनाएँ कहलाती हैं। वेदना की उत्पत्ति (समुदय) स्पर्श के उत्पाद से होती है, तथा स्पर्श के निरोध से वेदना का निरोध होता है। तथा यह शास्त्र में बहुधा कथित आर्यअष्टाङ्गिक मार्ग वेदनानिरोध का एकमात्र मार्ग (उपाय) है। जैसे—सम्यग्दृष्टि...पूर्ववत्... सम्यक्समाधि। इन वेदनाओं के कारण जो कुछ भी सुख एवं सौमनस्य उद्भूत होता है यही वेदनाओं का आस्वाद कहलाता है। ये वेदनाएँ अनित्य हैं,

यो वेदनाय छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं वेदनाय निस्सरणं। अथ खो पन, आनन्द, मया अनुपुब्बसङ्खारानं निरोधो अक्खातो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा निरुद्धा होति...पे०...सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च निरुद्धा होन्ति। खीणासवस्स भिक्खुनो रागो निरुद्धो होति, दोसो निरुद्धो होति, मोहो निरुद्धो होति। अथ खो पन, आनन्द, मया अनुपुब्बसङ्खारानं वूपसमो अक्खातो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा वूपसन्ता होति...पे०...सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च वूपसन्ता होन्ति। खीणासवस्स भिक्खुनो रागो वूपसन्तो होति, दोसो वूपसन्तो होति, मोहो वूपसन्तो होति। अथ खो पन, आनन्द, मया अनुपुब्बसङ्खारानं पटिप्पस्सद्धि अक्खाता। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा पटिप्पस्सद्धा होति...पे०...आकासानञ्चायतनं समापन्नस्स रूपसञ्ञा पटिप्पस्सद्धा होति। विञ्ञाणञ्चायतनं समापन्नस्स आकासा- [B.421] नञ्चायतनसञ्ञा पटिप्पस्सद्धा होति। आकिञ्चञ्ञायतनं समापन्नस्स विञ्ञा-णञ्चायतनसञ्ञा पटिप्पस्सद्धा होति। नेवसञ्ञानासञ्ञायतन समापन्नस्स आकिञ्चञ्ञा-यतनसञ्ञा पटिप्पस्सद्धा होति। सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च [R.221] पटिप्पस्सद्धा होन्ति। खीणासवस्स भिक्खुनो रागो पटिप्पस्सद्धो होति, दोसो पटिप्पस्सद्धो होति, मोहो पटिप्पस्सद्धो होती'' ति॥ •

## १६. दुतियआनन्दसुत्तं

१६. अथ खो आयस्मा आनन्दो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं आनन्दं भगवा एतदवोच—''कतमा नु खो, आनन्द, वेदना, कतमो वेदनासमुदयो, कतमो वेदना-निरोधो, कतमा वेदनानिरोधगामिनी पटिपदा? को वेदनाय अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं'' ति?

---

दुःखमय हैं, तथा विनाश स्वभाववाली हैं—यही इन का आदीनव है। इन वेदनाओं में आसक्ति का दबाना या उन का प्रहाण ही उन का निःसरण (मोक्ष=त्याग) है।

''आनन्द! मैने पहले इन संस्कारों का क्रमपूर्वक निरोध बता दिया है। ...पूर्ववत्...। *(द्र०— इसी वर्ग का प्रथम सूत्र-रहोगत सूत्र)* क्षीणाश्रव भिक्षु का राग प्रश्रब्ध होता है, द्वेष प्रश्रब्ध होता है तथा मोह प्रश्रब्ध होता है''॥ •

**१६. द्वितीय आनन्दसूत्र : : संस्कारों का क्रमशः निरोध**

१६. ...आयुष्मान् आनन्द...पूर्वसूत्रवत्...एक ओर बैठे आनन्द से भगवान् ने यों प्रश्न किया—''वेदनाएँ कितनी होती हैं? ...पूर्ववत्...वेदनाओं का निःसरण क्या है?''

'भगवम्मूलका नो, भन्ते, धम्मा भगवन्नेत्तिका भगवम्पटिसरणा। साधु, भन्ते, भगवन्तञ्जेव पटिभातु एतस्स भासितस्स अत्थो। भगवतो सुत्वा भिक्खू [N.197] धारेस्सन्ती'' ति।

''तेन हि, आनन्द, सुणोहि, साधुकं मनसि करोहि; भासिस्सामी'' ति।

''एवं, भन्ते'' ति खो आयस्मा आनन्दो भगवतो पच्चस्सोसि। भगवा एतदवोच—''तिस्सो इमा, आनन्द, वेदना—सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खम-सुखा वेदना—इमा वुच्चन्ति, आनन्द, वेदना...पे०...फस्ससमुदया...पे०...खीणासवस्स भिक्खुनो रागो पटिप्पस्सद्धो होति, दोसो पटिप्पस्सद्धो होति, मोहो पटिप्पस्सद्धो होती'' ति॥

## १७. पठमसम्बहुलसुत्तं

१७. अथ खो सम्बहुला भिक्खू येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ना खो ते भिक्खू भगवन्तं एतदवोच—''कतमा नु खो, भन्ते, वेदना, कतमो वेदनासमुदयो, कतमो वेदनानिरोधो, कतमा वेदनानिरोधगामिनी पटिपदा? को वेदनाय अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं'' ति?

''तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदना—सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा वुच्चन्ति, भिक्खवे, वेदना। फस्ससमुदया वेदनासमुदयो; [R.222]

---

(आनन्द—) ''भन्ते! हम लोग धर्मव्याख्यान के विषय में आप भगवान् को ही सर्वोच्च प्रमाण मानते हैं, आप जैसा उपदेश करेंगे उसे हम भिक्षुजन शिरोधार्य करेंगे।''

''तो सुनो, आनन्द! सुनो! मैं बताता हूँ। उसे तुम अपने मन में भलीभाँति बैठा लो।''

''अच्छा, भन्ते!''

तब भगवान् ने यों उपदेश किया—''आनन्द! वेदनाएँ त्रिविध होती हैं...पूर्वसूत्रवत्...। क्षीणाश्रव भिक्षु का राग प्रतिप्रश्रब्ध हो जाता है, द्वेष एवं मोह भी प्रतिप्रश्रब्ध (शान्त) हो जाता है''॥

**१७. प्रथम सम्बहुलसूत्र : : संस्कारों का क्रमशः निरोध**

१७. ...तब बहुत से भिक्षु भगवान् के सम्मुख गये। वहाँ जाकर उन को प्रणाम कर वे एक तरफ बैठ कर भगवान् से अपनी जिज्ञासा यों प्रकट करने लगे—''वेदना कितनी होती हैं? ...पूर्ववत्...इन का निःसरण क्या है?''

[B.422] फस्सनिरोधा वेदनानिरोधो। अयमेव अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो वेदनानिरोध-गामिनी पटिपदा, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। यं वेदनं पटिच्च उप्पज्जति सुखं सोमनस्सं, अयं वेदनाय अस्सादो। या वेदना अनिच्चा दुक्खा विपरिणामधम्मा, अयं वेदनाय आदीनवो। यो वेदनाय छन्दरागविनयो छन्दरागप्पहानं, इदं वेदनाय निस्सरणं।

''अथ खो पन, भिक्खवे, मया अनुपुब्बसङ्खारानं निरोधो अक्खातो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा निरुद्धा होति...पे०...खीणासवस्स भिक्खुनो रागो निरुद्धो होति, दोसो निरुद्धो होति, मोहो निरुद्धो होति। अथ खो पन, भिक्खवे, मया अनुपुब्बसङ्खारानं [N.198] वूपसमो अक्खातो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा वूपसन्ता होति...पे०... खीणासवस्स भिक्खुनो रागो वूपसन्तो होति, दोसो वूपसन्तो होति, मोहो वूपसन्तो होति। छयिमा, भिक्खवे, पस्सद्धियो। पठमं झानं समापन्नस्स वाचा पटिप्पस्सद्धा होति। दुतियं झानं समापन्नस्स वितक्कविचारा पटिप्पस्सद्धा होति। ततियं झानं समापन्नस्स पीति पटिप्पस्सद्धा होति। चतुत्थं झानं समापन्नस्स अस्सासपस्सासा पटिप्पस्सद्धा होन्ति। सञ्ञावेदयितनिरोधं समापन्नस्स सञ्ञा च वेदना च पटिप्पस्सद्धा होन्ति। खीणासवस्स भिक्खुनो रागो पटिप्पस्सद्धो होति, दोसो पटिप्पस्सद्धो होति, मोहो पटिप्पस्सद्धो होती'' ति॥ •

## १८. दुतियसम्बहुलसुत्तं

१८. अथ खो सम्बहुला भिक्खू येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु...पे०...एकमन्तं [R.223] निसिन्ना खो ते भिक्खू भगवा एतदवोच—''कतमा नु खो, भिक्खवे, वेदना, कतमो वेदनासमुदयो, कतमो वेदनानिरोधो, कतमा वेदनानिरोधगामिनी पटिपदा? को वेदनाय अस्सादो, को आदीनवो, किं निस्सरणं'' ति?

भगवम्मूलका नो, भन्ते, धम्मा...पे०...।

---

''भिक्षुओ! ये वेदनाएँ तीन होती हैं—...पूर्ववत्...। *(द्र० रहोगतसूत्र,)* क्षीणास्रव भिक्षु का राग प्रश्रब्ध हो जाता है, द्वेष प्रश्रब्ध हो जाता है, मोह प्रश्रब्ध हो जाता है''॥ •

**१८. द्वितीय सम्बहुलसूत्र : : संस्कारों का क्रमशः निरोध**

१८. ...तब बहुत से भिक्षु भगवान् के दर्शनहेतु आये। वहाँ वे भगवान् को प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। एक ओर बैठे उन भिक्षुओं से भगवान् ने प्रश्न किया—''भिक्षुओ! वेदनाएँ कितनी होती हैं? ...पूर्ववत्...उन वेदनाओं का निःसरण क्या है?''

"तिस्सो इमा, भिक्खवे, वेदंना—सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा वुच्चन्ति, भिक्खवे, वेदना। फस्ससमुदया...पे०..."॥ ●

## १९. पञ्चकङ्गसुत्तं[1]

१९. अथ खो पञ्चकङ्गो थपति येनायस्मा उदायी तेनुपसङ्कमि; उप- [B.423] सङ्कमित्वा आयस्मन्तं उदायिं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो पञ्चकङ्गो थपति आयस्मन्तं उदायिं एतदवोच—"कति नु खो, भन्ते, उदायि, वेदना वुत्ता भगवता" ति?

"तिस्सो खो, थपति, वेदना वुत्ता भगवता—सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा खो, थपति, तिस्सो वेदना वुत्ता भगवता" ति।

एवं वुत्ते, पञ्चकङ्गो थपति आयस्मन्तं उदायिं एतदवोच—"न खो, [N.199] भन्ते, उदायि, तिस्सो वेदना वुत्ता भगवता। द्वे वेदना वुत्ता भगवता—सुखा वेदना, दुक्खा वेदना। यायं, भन्ते, अदुक्खमसुखा वेदना, सन्तस्मिं एसा पणीते सुखे वुत्ता भगवता" ति।

दुतियं पि खो आयस्मा उदायी पञ्चकङ्गं थपतिं एतदवोच—"न खो, थपति, द्वे

---

"भन्ते! धर्म के विषय में तो आप भगवान् ही...हम शिरोधार्य कर लेंगे।...पूर्ववत्...। वेदनाएँ तीन होती हैं—सुखा वेदना...पूर्ववत्...। स्पर्श की उत्पत्ति से...पूर्ववत्...॥ ●

**१९. पञ्चकाङ्गसूत्र[1] : : त्रिविध वेदनाएँ**

१९. ...उस समय पञ्चकाङ्ग नामक स्थपति (प्रधान या शिल्पकार) जहाँ आयुष्मान् उदायी थे, वहाँ पहुँचा, पहुँच कर आयुष्मान् उदायी को प्रणाम कर एक ओर बैठ गया। एक ओर बैठा वह स्थपति आयुष्मान् उदायी से यों बोला—"भन्ते उदायि! भगवान् ने वेदनाएँ कितनी बतायी हैं?"

"स्थपति! भगवान् ने तीन वेदनाएँ बतायी हैं—१. सुखा वेदना, २. दुःखा वेदना तथा ३. अदुःखा असुखा वेदना। स्थपति! भगवान् ने ये तीन वेदनाएँ बतायी हैं।"

ऐसा कहे जाने पर पञ्चकाङ्ग स्थपति ने आयुष्मान् उदायी से फिर पूछा—"भन्ते उदायि! भगवान् ने तीन वेदनाएं नहीं, दो ही वेदनाएँ बतायी हैं—१. सुखा वेदना एवं २. दुःखा वेदना। भन्ते! यह जो अदुःखा असुखा वेदना है इसे भगवान् ने शान्त एवं प्रणीततर सुख के विषय में कहा है।" दूसरी बार भी आयुष्मान् उदायी ने पञ्चकाङ्ग स्थपति से

---

१. यह सूत्र **मज्झिमनिकाय** के मज्झिमपण्णासक में **बहुवेदनियसुत्त** नाम से अविकल रूप से उद्धृत है, अतः इस को वहाँ भी (पृ० ५८९, बौ० भा० सं०) देख लेना चाहिये। —अ०।

[R.243] होति, मुट्ठस्सति च होति, दुप्पञ्ञो च होति—इमेहि खो, अनुरुद्ध, पञ्चहि धम्मेहि [N.216] समन्नागतो मातुगामो...पे०...निरयं उपपज्जती'' ति॥ •

## १४. पञ्चवेरसुत्तं

१४. ''पञ्चहि, अनुरुद्ध, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो...पे०...निरयं उपपज्जति। कतमेहि पञ्चहि? पाणातिपाती च होति, अदिन्नादायी च होति, कामेसुमिच्छाचारी च होति, मुसावादी च होति, सुरामेरयमज्जप्पमादट्ठायी च होति—इमेहि खो, अनुरुद्ध, पञ्चहि धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपज्जती'' ति॥ •

पठमपेय्यालवग्गो॥

### तस्सुद्दानं

मातुगामो पुरिसो च, आवेणिका तिधम्मो च।
कोधनो उपनाही च, इस्सुकी मच्छेरेन च॥
अतिचारी च दुस्सीलो, अप्पस्सुतो च कुसीतो।
मुट्ठस्सति पञ्चवेरं, कण्हपक्खे पकासितो॥ •

---

निर्भय, स्मृतिभ्रष्ट (भुलक्कड़, धर्मकर्म एवं गृहकर्म को भूल जाने वाली) एवं मन्दबुद्धि स्त्री का नरकपात अवश्यम्भावी है''॥ •

**१४. पञ्चवैरसूत्र : : पाँच पापों से युक्त स्त्री**

१४. ...''अनुरुद्ध! पाँच कारणों से...पूर्ववत्...हिंसक (हत्यारी), चौर, व्यभिचारिणी, असत्यभाषिणी, एवं मद्यप स्त्री इस देहपात के बाद अवश्य नरकगामिनी होती है''॥•

**प्रथम पेय्यालवर्ग सम्पन्न॥**

**इस प्रथम पेय्यालवर्ग में इन चौदह सूत्रों का व्याख्यान हुआ है**—१. मातृग्रामसूत्र, २. पुरुषसूत्र, ३. आवेणिकसूत्र, ४. धर्मत्रय (तीहिधम्मेहि) सूत्र, ५. क्रोधनसूत्र, ६. उपनाहीसूत्र, ७. ईर्ष्यकसूत्र, ८. मत्सरीसूत्र, ९. अतिचारीसूत्र, १०. दुःशीलसूत्र, ११. अल्पश्रुतसूत्र, १२. कुशीदसूत्र, १३. मृष्टस्मृतिसूत्र, एवं १४. पञ्चवैरसूत्र। इस वर्ग में नारियों का अधर्म (पाप) पक्ष वर्णित हुआ है॥ •

## २. दुतियपेय्यालवग्गो

### १५. अक्कोधनसुत्तं

१५. अथ खो आयस्मा अनुरुद्धो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा...पे०... एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा अनुरुद्धो भगवन्तं एतदवोच—"इधाहं, भन्ते, [B.441] मातुगामं पस्सामि दिब्बेन चक्खुना विसुद्धेन अतिक्कन्तमानुसकेन कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जन्तं। कतीहि नु खो, भन्ते, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जती" ति?

"पञ्चहि खो, अनुरुद्ध, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जति। कतमेहि पञ्चहि? सद्धो च होति, हिरिमा च [R.244] होति, ओत्तप्पी च होति, अक्कोधनो च होति, पञ्ञवा च होति—इमेहि खो, अनुरुद्ध, पञ्चहि धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जती" ति॥ ●

### १६. अनुपनाहीसुत्तं

१६. "पञ्चहि, अनुरुद्ध, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं [N.217]

---

## २. द्वितीय पेय्यालवर्ग

**१५. अक्रोधनसूत्र : : पाँच धर्मों से स्त्रियों की सुगति**

१५. ...तब आयुष्मान् अनुरुद्ध भगवान् के सम्मुख पहुँचे। पहुँच कर उन्हें प्रणाम कर एक ओर बैठते हुए आयुष्मान् अनुरुद्ध ने भगवान् से यह पूछा—"भन्ते! मैने अपने दिव्य, विशुद्ध, अमानुषिक चक्षु से बहुत सी स्त्रियों को इस देहपात के बाद सुगतिमय स्वर्ग लोक में उत्पन्न होते हुए देखा है। भन्ते! किन धर्मों से युक्त हो कर ये स्त्रियाँ, मरणानन्तर, सुगतिमय स्वर्ग लोक में उत्पन्न होती हैं?"

"अनुरुद्ध! पाँच धर्मों से युक्त हो कर ये स्त्रियाँ उस सुगतिमय स्वर्ग लोक में उत्पन्न होती हैं। कौन से पाँच? (१) वे (धर्म के प्रति) श्रद्धालु होती हैं, (२) लज्जास्वभाव वाली होती हैं, (३) पापकर्मों से भय मानती हैं, (४) जब तब अकारण क्रोध नहीं करतीं। तथा (५) प्रज्ञासम्पन्न होती हैं। अनुरुद्ध! इन पाँच धर्मों से युक्त स्त्रियाँ मरणानन्तर स्वर्ग में ही उत्पन्न होती हैं"॥ ●

**१६. अनुपनाहीसूत्र : : किसी के गुण देख कर उस से डाह न करना**

१६. ...पाँच धर्मों से युक्त...पूर्ववत्...श्रद्धा, ह्री (लज्जा) पापकर्मों से भय, किसो

मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जति। कतमेहि पञ्चहि? सद्धो च होति, हिरिमा च होति, ओत्तप्पी च होति, अनुपनाही च होति, पञ्ञवा च होति—इमेहि खो, अनुरुद्ध, पञ्चहि धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जती'' ति॥ •

## १७. अनिस्सुकीसुत्तं

१७. पञ्चहि, अनुरुद्ध, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जति। कतमेहि पञ्चहि? सद्धो च होति, हिरिमा च होति, ओत्तप्पी च होति, अनिस्सुकी च होति, पञ्ञवा च होति...पे०...॥ •

## १८. अमच्छरीसुत्तं

१८. ...अमच्छरी च होति, पञ्ञवा च होति...पे०...॥ •

## १९. अनतिचारीसुत्तं

१९. ...अनतिचारी च होति, पञ्ञवा च होति...पे०...॥ •

## २०. सुसीलसुत्तं

२०. ...सीलवा च होति, पञ्ञवा च होति...पे०...॥ •

## २१. बहुस्सुतसुत्तं

[B.442]२१. ...बहुस्सुतो च होति, पञ्ञवा च होति...पे०...॥ •

---

की उन्नति देख कर उस से डाह न करना, तथा प्रज्ञावान् होना—अनुरुद्ध! इन धर्मों से युक्त स्त्रियाँ मरणानन्तर स्वर्ग में ही उत्पन्न होती हैं॥'' •

**१७. अनीर्ष्यकसूत्र : : ईर्ष्या न करना**

१७. ...पाँच धर्मों से युक्त स्त्रियाँ...पूर्ववत्...श्रद्धा, ह्री, पापकर्मों से भय, ईर्ष्या न करना, तथा प्रज्ञावती...स्वर्ग में ही उत्पन्न होती हैं॥'' •

**१८. अमत्सरीसूत्र : : कृपणता न करना**

१८. ...पाँच धर्मों से...पूर्ववत्...दान धर्म में कृपणता न करना तथा प्रज्ञावती होना...॥ •

**१९. अनतिचारीसूत्र : : व्यभिचारिणी न होना**

१९. ...पाँच धर्मों से युक्त...पूर्ववत्...अनतिचारिणी (व्यभिचारिणी न) होना, तथा प्रज्ञावान् होना...॥ •

**२०. सुशीलसूत्र : : शीलवती होना**

२०. ...पाँच धर्मों से युक्त...पूर्ववत्.. शीलवती (सदाचारिणी) होना तथा प्रज्ञावती होना ॥ •

## २२. आरद्धविरियसुत्तं

२२. ...आरद्धविरियो च होति, पञ्ञवा च होति...पे०... ॥

## २३. उपट्ठितस्सतिसुत्तं

२३. उपट्ठितस्सति च होति, पञ्ञवा च होति...पे०...इमेहि खो, [N.218, R.245] अनुरुद्ध, पञ्चहि धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जती'' ति ॥

## २४. पञ्चसीलसुत्तं

२४. ''पञ्चहि, अनुरुद्ध, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जति। कतमेहि पञ्चहि? पाणातिपाता पटिविरतो च होति, अदिन्नादाना पटिविरतो च होति, कामेसुमिच्छाचारा पटिविरतो च होति, मुसावादा पटिविरतो च होति, सुरामेरयमज्जप्पमादट्ठाना पटिविरतो च होति—इमेहि खो, अनुरुद्ध, पञ्चहि धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जती'' ति ॥

दुतियपेय्यालवग्गो ॥

---

**२१. बहुश्रुतसूत्र : : विदुषी होना**

२१. ...पाँच धर्मों से युक्त...पूर्ववत्...बहुश्रुत (विदुषी) होना तथा प्रज्ञासम्पन्न होना... ॥

**२२. आरब्धवीर्यसूत्र : : परिश्रमी होना**

२२. ...पाँच धर्मों से युक्त...पूर्ववत्...धर्मकर्म में श्रम करना (आरब्धवीर्य होना) तथा प्रज्ञासम्पन्न होना... ॥

**२३. उपस्थितस्मृतिसूत्र : : तीव्रबुद्धि होना**

२३. ...पाँच धर्मों से युक्त...पूर्ववत्...स्मृतिमती (समझने में तीव्र) होना तथा प्रज्ञासम्पन्न होना... ॥

**२४. पञ्चशीलसूत्र : : पञ्चशीलयुक्त होना**

२४. ...''अनुरुद्ध! समझबूझ वाली नारियाँ इन पाँच धर्मों से यदि युक्त रहती हैं तो वे इस देहपात के बाद निश्चय ही सुगतिमय स्वर्ग लोक में ही उत्पन्न होंगी। कौन से पाँच धर्म? (१) किसी की हिंसा न करना, (२) चौरी न करना, (३) व्यभिचार से विरत रहना, (४) असत्यभाषण से सर्वथा दूर रहना तथा (५) मद्यपान से सदा विरत रहना। अनुरुद्ध! यही वे पाँच धर्म हैं जिन का पालन करती हुई कोई भी स्त्री मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्ग लोक में ही उत्पन्न होगी॥''

### तस्सुद्दानं

दुतिये च अक्कोधनो, अनुपनाही अनिस्सुकी।
अमच्छरी अनतिचारी, सीलवा च बहुस्सुतो।
विरियं सति सीलं च, सुक्कपक्खे पकासितो॥

---

**इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची**—१. अक्रोधनसूत्र, २. अनुपनाहीसूत्र, ३. अनीर्ष्यकसूत्र, ४. अमत्सरीसूत्र, ५. अनतिचारीसूत्र, ६. सुशीलसूत्र, ७. बहुश्रुतसूत्र, ८. आरब्धवीर्यसूत्र, ९. उपस्थितस्मृतिसूत्र, १०. पञ्चशीलसूत्र। इस वर्ग में स्त्रियों के शुक्लपक्षीय (धार्मिक) गुणों का वर्णन किया गया है॥

**द्वितीय पेय्यालवर्ग समाप्त॥**

## ३. बलवग्गो ततियो

### २५. विसारदसुत्तं

२५. ''पञ्चिमानि, भिक्खवे, मातुगामस्स बलानि। कतमानि [B.443, R.246] पञ्च? रूपबलं, भोगबलं, ञातिबलं, पुत्तबलं, सीलबलं—इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च मातुगामस्स बलानि। इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहि बलेहि समन्नागतो मातुगामो विसारदो अगारं अज्झावसती'' ति॥ ●

### २६. पसय्हसुत्तं

२६. ''पञ्चिमानि, भिक्खवे, मातुगामस्स बलानि। कतमानि पञ्च? रूपबलं, भोगबलं, ञातिबलं, पुत्तबलं, सीलबलं—इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च [N.219] मातुगामस्स बलानि। इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहि बलेहि समन्नागतो मातुगामो सामिकं पसय्ह अज्झावसती'' ति॥ ●

### २७. अभिभुय्यसुत्तं

२७. ''पञ्चिमानि, भिक्खवे, मातुगामस्स बलानि। कतमानि पञ्च? रूपबलं, भोगबलं, ञातिबलं, पुत्तबलं, सीलबलं—इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च मातुगामस्स बलानि। इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहि बलेहि समन्नागतो मातुगामो सामिकं अभिभुय्य वत्तती'' ति॥ ●

### २८. एकसुत्तं

२८. ''एकेन च खो, भिक्खवे, बलेन समन्नागतो पुरिसो मातुगामं अभिभुय्य

---

## ३. बलवर्ग तृतीय

**२५. विशारदसूत्र : : स्त्रियों के पाँच बल**

२५. ...''भिक्षुओ! स्त्रियों के पाँच बल होते हैं। कौन से पाँच? रूपबल, धनबल, ज्ञाति (परिवार) बल, पुत्रबल एवं शीलबल। भिक्षुओ! इन पाँच बलों से युक्त स्त्रियाँ बुद्धिमत्ता के साथ घर चला ले जाती हैं''॥ ●

**२६. प्रसह्यसूत्र : : पति को वश में रखना**

२६. ...''स्त्रियों के ये पाँच बल होते हैं—१. रूपबल, २. धनबल, ३. ज्ञातिबल, ४. पुत्रबल एवं ५. शीलबल। भिक्षुओ! इन पाँचों बलों से युक्त स्त्री अपने स्वामी (पति) को वश में रखती हुई घर में सुखपूर्वक वास करती है''॥ ●

**२७. अभिभूयसूत्र : : पति को दबा कर रखना**

२७. ...पूर्ववत्...भिक्षुओ! इन पाँच बलों से युक्त स्त्री अपने पति को भी अपने शासन में रखती हुई घर में वास करती है''॥ ●

वत्तति। कतमेन एकेन बलेन ? इस्सरियबलेन अभिभूतं मातुगामं नेव रूपबलं तायति, न भोगबलं तायति, न ञातिबलं तायति, न पुत्तबलं तायति, न सीलबलं तायती'' ति॥●

## २९. अङ्गसुत्तं

[R.247] २९. ''पञ्चिमानि, भिक्खवे, मातुगामस्स बलानि। कतमानि पञ्च ? रूपबलं, भोगबलं, ञातिबलं, पुत्तबलं, सीलबलं। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, न च भोगबलेन—एवं सो तेनङ्गेन अपरिपूरो होति। यतो च खो, भिक्खवे, मातुगामो रूपबलेन च समन्नागतो होति, भोगबलेन च—एवं सो तेनङ्गेन परिपूरो होति।

[B.444] ''रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, भोगबलेन च, न च ञातिबलेन—एवं सो तेनङ्गेन अपरिपूरो होति। यतो च खो, भिक्खवे, मातुगामो रूपबलेन च समन्नागतो होति, भोगबलेन च, ञातिबलेन च—एवं सो तेनङ्गेन परिपूरो होति। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, भोगबलेन च, ञातिबलेन [N.220] च, न च पुत्तबलेन—एवं सो तेनङ्गेन अपरिपूरो होति। यतो च खो, भिक्खवे, मातुगामो रूपबलेन च समन्नागतो होति, भोगबलेन च, ञातिबलेन च, पुत्तबलेन च—एवं सो तेनङ्गेन परिपूरो होति। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति,

---

**२८. एकसूत्र : : एक बल से युक्त पुरुष का स्त्री को वश में रखना**

२८. ...''भिक्षुओ! एक बल से युक्त पुरुष अपनी स्त्री को अपने वश में रखता है। कौन सा एक बल ? ऐश्वर्य (धन) बल। भिक्षुओ! इस एक ऐश्वर्यबल से ही पति जीवनपर्यन्त स्त्री को अपने वश में रखने में समर्थ है''॥ ●

**२९. अङ्गसूत्र : : स्त्री के पाँच बल**

२९. ...''भिक्षुओ! स्त्री के पाँच बल होते हैं। कौन से पाँच बल ? रूपबल, धनबल, ज्ञातिबल, पुत्रबल एवं शीलबल। भिक्षुओ! यदि किसी के पास केवल रूपबल हो, धनबल नहीं, तो वह उस अङ्ग से पूर्ण नहीं कहला सकती। वह तो तभी पूर्ण कहलाती है जब उस के पास रूपबल भी हो, तथा धनबल भी।

''इसी तरह, भिक्षुओ! यदि कोई स्त्री रूपबल तथा धनबल—दोनों बलों से सम्पन्न हो; परन्तु उस के पास ज्ञातिबल न हो तो भी वह पूर्ण बलसम्पन्न स्त्री नहीं कहलाती, उस के पास उस एक (ज्ञातिबल) की कमी ही रह जाती है। उस के पास जब रूपबल, धनबल एवं ज्ञातिबल—तीनों बल होंगे, तभी वह 'पूर्ण बलसम्पन्न स्त्री' कहलायगी।

''इसी तरह, भिक्षुओ! जिस स्त्री के पास रूपबल भी हो, धनबल भी हो तथा ज्ञातिबल भी हो, परन्तु पुत्रबल न हो तो भी वह स्त्री 'पूर्ण बलसम्पन्न' नहीं कहला

भोगबलेन च, ञातिबलेन च, पुत्तबलेन च, न च सीलबलेन—एवं सो तेनङ्गेन अपरिपूरो होति। यतो च खो, भिक्खवे, मातुगामो रूपबलेन च समन्नागतो होति, भोगबलेन च, ञातिबलेन च, पुत्तबलेन च, सीलबलेन च—एवं सो तेनङ्गेन परिपूरो होति। इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च मातुगामस्स बलानी'' ति॥ •

## ३०. नासेन्तिसुत्तं

३०. ''पञ्चिमानि, भिक्खवे, मातुगामस्स बलानि। कतमानि पञ्च? रूपबलं, भोगबलं, ञातिबलं, पुत्तबलं, सीलबलं। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो [R.248] समन्नागतो होति, न च सीलबलेन, नासेन्तेव नं, कुले न वासेन्ति। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, भोगबलेन च, न च सीलबलेन, नासेन्तेव नं, कुले न वासेन्ति। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, भोगबलेन च, ञातिबलेन च, न च सीलबलेन, नासेन्तेव नं, कुले न वासेन्ति। रूपबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, भोगबलेन च, ञातिबलेन च, पुत्तबलेन च, न च सीलबलेन, नासेन्तेव नं, कुले न वासेन्ति।

---

सकती। वह तो पूर्ण बलसम्पन्न तभी कहलायगी जब उस के पास रूपबल भी हो, धनबल भी हो, ज्ञातिबल भी हो और पुत्रबल भी हो।

''इसी तरह, भिक्षुओ! जिस स्त्री के पास रूपबल भी हो, धनबल भी हो, ज्ञातिबल भी हो, पुत्रबल भी हो; परन्तु शीलबल न हो तो भी वह 'पूर्ण बलसम्पन्न' कहलाने योग्य नहीं है। वह तो तभी 'पूर्ण बलसम्पन्न' कहलायगी जब उस के पास उपर्युक्त पाँचों बल हों।

''भिक्षुओ! स्त्री के ये ही पाँच बल हैं''॥ •

**३०. 'नाशयन्ति' सूत्र : : स्त्री को कुल से निकाल देना**

३०. ...''भिक्षुओ! स्त्री के ये पाँच बल होते हैं—१. रूपबल, २. धनबल, ३. ज्ञातिबल, ४. पुत्रबल एवं ५. शीलबल। भिक्षुओ! कोई स्त्री केवल रूपबल से सम्पन्न हो तथा उस में शीलबल न हो तो परिवार तथा कुल के लोग उसे परिवार तथा कुल से निकाल देते हैं, पुनः उस को परिवार तथा कुल में नहीं आने देते।

''इसी तरह, भिक्षुओ! किसी स्त्री के पास रूपबल तथा धनबल हो; परन्तु शीलबल न हो तो भी परिवार तथा कुल के लोग...पूर्ववत्...कुल में नहीं आने देते।

''इसी तरह, भिक्षुओ! जिस स्त्री के पास रूपबल, धनबल तथा ज्ञातिबल ही हो; परन्तु शीलबल न हो तो भी परिवार...पूर्ववत्...कुल में नहीं आने देते।

''इसी तरह, भिक्षुओ! जिस स्त्री के पास रूपबल, धनबल, ज्ञातिबल तथा पुत्रबल तो हो; परन्तु शीलबल न हो तो भी परिवार...पूर्ववत्...नहीं आने देते।

"सीलबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, न च रूपबलेन, वासेन्तेव नं, कुले न नासेन्ति। सीलबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, न च भोग-बलेन, वासेन्तेव नं, कुले न नासेन्ति। सीलबलेन च, भिक्खवे, मातुगामो समन्नागतो होति, न च ञातिबलेन, वासेन्तेव नं, कुले न नासेन्ति। सीलबलेन च, भिक्खवे, मातु-गामो समन्नागतो होति, न च पुत्तबलेन, वासेन्तेव नं, कुले न नासेन्ति। इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च मातुगामस्स बलानी" ति॥ ●

## ३१. हेतुसुत्तं

३१. "पञ्चिमानि, भिक्खवे, मातुगामस्स बलानि। कतमानि पञ्च? रूपबलं, [B.445] भोगबलं, ञातिबलं, पुत्तबलं, सीलबलं। न भिक्खवे, मातुगामो रूपबलहेतु वा भोगबलहेतु वा ञातिबलहेतु वा पुत्तबलहेतु वा कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं [N.221] लोकं उपपज्जति। सीलबलहेतु खो, भिक्खवे, मातुगामो कायस्स भेदा परं मरणा सुगतिं सग्गं लोकं उपपज्जति। इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च मातुगामस्स बलानी" ति॥

---

"परन्तु यदि कोई स्त्री शीलबल से सम्पन्न हो, फिर भले ही उस के पास रूपबल न भी हो तो भी लोग उसे अपने परिवार में अपने कुल में ससम्मान रखते हैं, बाहर नहीं निकालते।

"इसी तरह जो स्त्री शीलसम्पन्न है, परन्तु रूपबल तथा भोगबल से सम्पन्न नहीं है तो भी लोग...पूर्ववत्...बाहर नहीं निकालते।

"इसी तरह जो स्त्री शीलसम्पन्न है, फिर भले ही उसके पास न रूपबल हो, न भोगबल, न ज्ञातिबल हो तो भी लोग उसे...पूर्ववत्...बाहर नहीं निकालते।

"इसी तरह जो स्त्री शीलसम्पन्न है, परन्तु रूप, भोग, ज्ञाति तथा पुत्रबलों से सम्पन्न नहीं है तो भी परिवार तथा कुल के लोग उस स्त्री को अपने परिवार में, कुल में रखते ही हैं, उसे बाहर नहीं निकालते। भिक्षुओ! स्त्री के ये पाँच बल हैं॥" ●

**३१. हेतुसूत्र : : शीलबल से स्वर्गप्राप्ति**

३१. ..."भिक्षुओ! स्त्री के ये पाँच बल होते हैं। ...१. रूपबल, २. धनबल, ३. ज्ञातिबल, ४. पुत्रबल एवं ५. शीलबल। परन्तु भिक्षुओ! कोई भी स्त्री अपने रूप, धन, परिवार या पुत्र के बल पर, इस देहपात के बाद, मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्ग लोक को नहीं प्राप्त कर सकती। हाँ, उस कार्य के लिये शीलबल ही एक ऐसा बल है जिस के सहारे से कोई भी स्त्री, इस देहपात के बाद, मरणानन्तर सुगतिमय स्वर्ग लोक को प्राप्त कर सकती है। भिक्षुओ! स्त्रियों के ये पाँच बल होते हैं"॥ ●

## ३२. ठानसुत्तं

३२. "पञ्चिमानि, भिक्खवे, ठानानि दुल्लभानि अकतपुञ्ञेन मातुगामेन। [R.249] कतमानि पञ्च? पतिरूपे कुले जायेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, पठमं ठानं दुल्लभं अकतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा पतिरूपं कुलं गच्छेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, दुतियं ठानं दुल्लभं अकतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा, पतिरूपं कुलं गन्त्वा, असपत्ति अगारं अज्झावसेय्यं ति—इदं. भिक्खवे, ततियं ठानं दुल्लभं अकतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा, पतिरूपं कुलं गन्त्वा, असपत्ति अगारं अज्झावसन्ती पुत्तवती अस्सं ति—इदं, भिक्खवे, चतुत्थं ठानं दुल्लभं अकतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा, पतिरूपं कुलं गन्त्वा, असपत्ति अगारं अज्झावसन्ती पुत्तवती समाना सामिकं अभिभुय्य वत्तेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, पञ्चमं ठानं दुल्लभं अकतपुञ्ञेन मातुगामेन। इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च ठानानि दुल्लभानि अकतपुञ्ञेन मातुगामेना ति।

"पञ्चिमानि, भिक्खवे, ठानानि सुलभानि कतपुञ्ञेन मातुगामेन। कतमानि पञ्च? पतिरूपे कुले जायेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, पठमं ठानं सुलभं कतपुञ्ञेन

---

**३२. स्थानसूत्र : : नारी की पाँच दुर्लभ बातें**

३२. ..."भिक्षुओ! अकृतपुण्य नारी के लिये ये पाँच दुर्लभ स्थान कहे गये हैं। कौन से पाँच? (१) अच्छे कुल में उत्पत्ति—यह पहला स्थान है जो अकृतपुण्य (जिस ने पुण्य न किया हो, ऐसी) नारी के लिये दुर्लभ है।

(२) "अच्छे कुल में जन्म लेने के बाद अच्छे ही कुल में विवाह भी हो—यह दूसरा स्थान है अकृतपुण्य नारी के लिये दुर्लभ है।

(३) "अच्छे कुल में जन्म ले कर, अच्छे कुल में विवाह होने के बाद, सौत (सपत्नी) रहित घर में रहने को मिले—यह तीसरा स्थान है जो अकृतपुण्य नारी के लिये दुर्लभ है।

(४) "अच्छे कुल में जन्म ले कर, अच्छे कुल में विवाह होने के बाद, सौंत रहित घर में रह कर, पुत्रवती हो—यह चतुर्थ स्थान है जो अकृतपुण्य नारी के लिये दुर्लभ है।

(५) "अच्छे कुल में जन्म ले कर, अच्छे कुल में विवाह होने के बाद, सौत (सपत्नी) रहित घर में वास कर, पुत्रवती हो कर, स्वामी को निरन्तर अपने वश में रखे—यह पञ्चम स्थान है जो अकृतपुण्य नारी के लिये दुर्लभ है॥ (१)

"भिक्षुओ! ये पाँच स्थान पुण्यात्मा नारी के लिये अतिसुलभ होते हैं। कौन से

मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा पतिरूपं कुलं गच्छेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, दुतियं ठानं सुलभं कतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा पतिरूपं कुलं गन्त्वा असपत्ति अगारं अज्झावसेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, ततियं ठानं सुलभं कतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे कुले जायित्वा पतिरूपं कुलं गन्त्वा असपत्ति अगारं अज्झावसन्ती पुत्तवती अस्सं ति—इदं, भिक्खवे, चतुत्थं ठानं सुलभं कतपुञ्ञेन मातुगामेन। पतिरूपे [R.250] कुले जायित्वा पतिरूपं कुलं गन्त्वा असपत्ति अगारं अज्झावसन्ती पुत्तवती [B.446] समाना सामिकं अभिभुय्य वत्तेय्यं ति—इदं, भिक्खवे, पञ्चमं ठानं सुलभं कतपुञ्ञेन मातुगामेन। इमानि खो, भिक्खवे, पञ्च ठानानि सुलभानि कतपुञ्ञेन मातुगामेना'' ति॥ ●

## ३३. पञ्चसीलविसारदसुत्तं

३३. ''पञ्चहि, भिक्खवे, धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो विसारदो अगारं [N.222] अज्झावसति। कतमेहि पञ्चहि? पाणातिपाता पटिविरतो च होति, अदिन्नादाना

---

पाँच? (१) अच्छे कुल में जन्म लेना—यह पहला स्थान है जो कृतपुण्य नारी के लिये प्राप्त करना बहुत सरल है।

(२) ''अच्छे कुल में जन्म ले कर अच्छे कुल में विवाह होना—यह द्वितीय सुलभ स्थान है जो कृतपुण्य नारी द्वारा प्राप्त करना बहुत सरल है।

(३) ''अच्छे कुल में जन्म ले कर, अच्छे कुल में विवाह होने के बाद, सौत (सपत्नी) रहित घर में वास मिलना—यह तीसरा सुलभ स्थान है जो कृतपुण्य नारी द्वारा प्राप्त करना बहुत सरल है।

(४) ''अच्छे कुल में जन्म ले कर, अच्छे कुल में विवाह होने के बाद, सौत (सपत्नी) रहित घर में रहते हुए पुत्रवती होना—यह चतुर्थ सुलभ स्थान है जो कृतपुण्य नारी द्वारा प्राप्त करना बहुत सरल है।

(५) ''अच्छे कुल में जन्म ले कर, अच्छे कुल में विवाह होने के बाद, सौत रहित घर में वास करते हुए, पुत्रवती हो कर, स्वामी को निरन्तर अपने अनुकूल रखना—यह पञ्चम सुलभ स्थान है जो कृतपुण्य नारी द्वारा प्राप्त करना बहुत सरल है। भिक्षुओ! ये पाँच स्थान कृतपुण्य नारी द्वारा प्राप्त करना बहुत सरल हैं॥'' (२) ●

**३३. पञ्चशीलविशारदसूत्र : : चतुर स्त्री**

३३. ...''भिक्षुओ! इन पाँच धर्मों से युक्त नारियाँ अपने घर में दक्षता के साथ

पटिविरतो च होति, कामेसुमिच्छाचारा पटिविरतो च होति, मुसावादा पटिविरतो च होति, सुरामेरयमज्जप्पमादट्ठाना पटिविरतो च होति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहि धम्मेहि समन्नागतो मातुगामो विसारदो अगारं अज्झावसती'' ति॥ •

## ३४. वड्ढीसुत्तं

३४. ''पञ्चहि, भिक्खवे, वड्ढीहि वड्ढमाना अरियसाविका अरियाय वड्ढिया वड्ढति सारादायिनी च होति वरादायिनी च कायस्स। कतमेहि पञ्चहि? सद्धाय वड्ढति, सीलेन वड्ढति, सुतेन वड्ढति, चागेन वड्ढति, पञ्ञाय वड्ढति—इमेहि खो, भिक्खवे, पञ्चहि वड्ढीहि वड्ढमाना अरियसाविका अरियाय वड्ढिया वड्ढति, सारादायिनी च होति, वरादायिनी च कायस्सा ति।

''सद्धाय सीलेन च याध वड्ढति, पञ्ञाय चागेन सुतेन चूभयं।
सा तादिसी सीलवती उपासिका, आदीयति सारमिधेव अत्तनो'' ति॥

**बलवग्गो ततियो॥**

---

रहती हैं। कौन से पाँच धर्म? (१) हिंसा से विरत रहना, (२) चौरी से विरत रहना, (३) व्यभिचार से विरत रहना, (४) असत्यभाषण से विरत रहना, (५) मद्यपान से विरत रहना। भिक्षुओ! नारी इन पाँच दुर्गुणों से विरत रह कर ही घर में दक्षतापूर्वक रह पाती है॥'' •

**३४. वृद्धिसूत्र : : पाँच गुणों से नारी की उन्नति**

३४. ...''भिक्षुओ! इन पाँच गुणों से किसी भी आर्यश्राविका की आर्यधर्मोक्त वृद्धि हो सकती है, वह अपने शरीर से प्रसन्न तथा स्वस्थ रह सकती है। वे पाँच गुण कौन से हैं? (१) उस की धर्म के प्रति श्रद्धा से वृद्धि होती है, (२) सदाचार (शील) पालन से वृद्धि होती है, (३) धर्मश्रवण से वृद्धि होती है, (४) (अधर्म या धन के) त्याग से वृद्धि होती है, (५) प्रज्ञा से वृद्धि होती है। भिक्षुओ! नारी द्वारा इन पाँच धर्मों के पालन से उस की अभिवृद्धि होती है। तथा वह अपने शरीर को स्वस्थ तथा प्रसन्न रख सकती है।

''ऐसी सदाचारसम्पन्न आर्यश्राविका ही अपने शरीर को स्वस्थ तथा प्रसन्न रख सकती है जो श्रद्धा, शील, त्याग, धर्मश्रवण एवं प्रज्ञा में निरन्तर दत्तचित्त रहती है।

''भिक्षुओ! कोई भी आर्यश्राविका अपने इन पाँच गुणों की अभिवृद्धि से ही अपनी उन्नति कर सकती है तथा अपने शरीर को स्वस्थ तथा प्रसन्न रख सकती है॥''•

**बलवर्ग तृतीय समाप्त॥**

### तस्सुद्दानं

[R.251] विसारदा पसय्ह अभिभुय्य, एकं अङ्गेन पञ्चमं।
नासेन्ति हेतु ठानं च, विसारदो वड्ढिना दसा ति॥ •

मातुगामसंयुत्तं समत्तं॥

—— ✕ ——

---

**इस तृतीय बलवर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची**—१. विशारदसूत्र, २. प्रसह्यसूत्र, ३. अभिभूयसूत्र, ४. एकसूत्र, ५. अङ्गसूत्र, ६. 'नाशयन्ति'सूत्र, ७. हेतुसूत्र, ८. स्थानसूत्र, ९. पञ्चशीलविशारदसूत्र एवं १०. वृद्धिसूत्र॥ •

**मातृग्रामसंयुक्त सम्पन्न॥**

—— ✕ ——

# ३८. जम्बुखादकसंयुत्तं

## १. निब्बानपञ्हासुत्तं

१. एकं समयं आयस्मा सारिपुत्तो मगधेसु विहरति नालक-[N.223, B.447] गामके। अथ खो जम्बुखादको परिब्बाजको येनायस्मा सारिपुत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मता सारिपुत्तेन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो जम्बुखादको परिब्बाजको आयस्मन्तं सारिपुत्तं एतदवोच—

"'निब्बानं, निब्बानं' ति आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमं नु खो, आवुसो, निब्बानं" ति?

"यो खो, आवुसो, रागक्खयो दोसक्खयो मोहक्खयो—इदं वुच्चति निब्बानं" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाया" ति।

---

# ३८. जम्बूखादकसंयुक्त

**१. निर्वाणप्रश्नसूत्र** : : **निर्वाण क्या है?**

१. एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र मगध प्रदेश के **नालकग्राम** में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। उस समय जम्बूखादक नाम का परिव्राजक आयुष्मान् सारिपुत्र के पास आया तथा उन से कुशलमङ्गल पूछने के बाद, एक ओर बैठ कर उस ने आयुष्मान् सारिपुत्र से यह जिज्ञासा प्रकट की—

"आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'निर्वाण, निर्वाण'—ऐसा कहते रहते हैं, यह 'निर्वाण' क्या है?"

"आयुष्मन्! राग, द्वेष एवं मोह को स्वचित्त से दूर हटा देना (नाश कर देना) ही 'निर्वाण' कहलाता है।"

"आयुष्मन्! इस निर्वाण के अधिगम का, साक्षात्कार का कोई उपाय (मार्ग) है?"

"हाँ, आयुष्मन्! इस निर्वाण के अधिगम तथा साक्षात्कार का उपाय है।"

[R.252] "कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छि-किरियाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाय; सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि, सम्मासङ्कप्पो, सम्मावाचा, सम्माकम्मन्तो, सम्माआजीवो, सम्मावायामो, सम्मासति, सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो, अयं पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो, भद्दिका पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## २. अरहत्तपञ्हासुत्तं

२. "'अरहत्तं, अरहत्तं' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमं नु खो, आवुसो, अरहत्तं" ति?

[N.224] "यो खो, आवुसो, रागक्खयो दोसक्खयो मोहक्खयो—इदं वुच्चति अरहत्तं" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स अरहत्तस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स अरहत्तस्स सच्छि-किरियाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स अरहत्तस्स सच्छि-
[B.448] किरियाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स अरहत्तस्स सच्छि-

---

"आयुष्मन्! वह मार्ग या उपाय क्या है?"

"आयुष्मन्! यह आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही इस निर्वाण की प्राप्ति एवं साक्षात्कार का उमाय है। जैसे—सम्यग्दृष्टि...पूर्ववत्...सम्यक्समाधि। आयुष्मन्! यही उपाय एवं मार्ग है इस निर्वाण की प्राप्ति का।"

"आयुष्मन्! निर्वाण के साक्षात्कार का यही एकमात्र भद्र मार्ग है। अत: इस की प्राप्ति में साधक को कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥" ●

**२. अर्हत्त्वप्रश्नसूत्र : : अर्हत्त्व क्या है?**

२. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'अर्हत्त्व, अर्हत्त्व'—ऐसा कहते रहते हैं, यह 'अर्हत्त्व क्या है?" ...पूर्ववत्... ॥

किरियाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो, अयं पटिपदा एतस्स अरहत्तस्स सच्छिकिरियाया'' ति।

''भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स अरहत्तस्स सच्छिकिरियाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया'' ति॥ •

## ३. धम्मवादीपञ्हासुत्तं

३. ''के नु खो, आवुसो सारिपुत्त, लोके धम्मवादिनो, के लोके सुप्पटिपन्ना, के लोके सुगता'' ति?

''ये खो, आवुसो, रागप्पहानाय धम्मं देसेन्ति, दोसप्पहानाय धम्मं देसेन्ति, मोहप्पहानाय धम्मं देसेन्ति, ते लोके धम्मवादिनो। ये खो, आवुसो, रागस्स [R.253] पहानाय पटिपन्ना, दोसस्स पहानाय पटिपन्ना, मोहस्स पहानाय पटिपन्ना, ते लोके सुप्पटिप्पन्ना। येसं खो, आवुसो रागो पहीनो उच्छिन्नमूलो तालावत्थुकतो अनभावङ्कतो आयतिं अनुप्पादधम्मो, दोसो पहीनो उच्छिन्नमूलो तालावत्थुकतो अनभावङ्कतो आयतिं अनुप्पादधम्मो, मोहो पहीनो उच्छिन्नमूलो तालावत्थुकतो अनभावङ्कतो आयतिं अनुप्पादधम्मो, ते लोके सुगता'' ति।

''अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स रागस्स दोसस्स मोहस्स पहानाया'' ति?

''अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स रागस्स दोसस्स मोहस्स पहानाया'' ति।

---

*(उपरिवर्णित 'निर्वाणप्रश्नसूत्र' की तरह इस सूत्र का विस्तार कर लेना चाहिये।)* •

**३. धर्मवादिप्रश्नसूत्र : : धर्मवादी कौन है?**

३. ...''आयुष्मन् सारिपुत्र! लोक में 'धर्मवादी' कौन है? लोक में सन्मार्ग पर चलने वाला कौन है? लोक में सद्गति कौन प्राप्त करते हैं?''

''आयुष्मन्! जो उपदेशक राग, द्वेष एवं मोह के प्रहाणहेतु धर्मोपदेश करते हैं, वे ही 'धर्मवादी' कहलाते हैं। जो साधक राग, द्वेष एवं मोह के प्रहाण में लगे हुए हैं वे ही 'सन्मार्ग पर चलने वाले' कहलाते हैं तथा जिन के राग, द्वेष एवं मोह प्रहीण हो चुके हैं, सर्वथा नष्ट हो चुके हैं, मूलत: उच्छिन्न हो चुके हैं, जिन का अभाव हो गया है, भविष्य में जिन का उत्पाद सम्भव नहीं है; वे ही लोग सद्गति प्राप्त कर सकते हैं।''

''क्या, आयुष्मन्! इन राग, द्वेष एवं मोह के प्रहाण का कोई उपाय है?''

''हाँ, आयुष्मन्! इन दोषों के प्रहाण का भी उपाय (मार्ग) है।''

"कतमो, पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स रागस्स दोसस्स मोहस्स [N.225] पहानाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स रागस्स दोसस्स मोहस्स पहानाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतस्स रागस्स दोसस्स मोहस्स पहानाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स रागस्स दोसस्स मोहस्स पहानाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## ४. किमत्थियसुत्तं

[B.449] ४. "किमत्थियं, आवुसो सारिपुत्त, समणे गोतमे ब्रह्मचरियं वुस्सती" ति?

"दुक्खस्स खो, आवुसो, परिञ्ञत्थं भगवति ब्रह्मचरियं वुस्सती" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स दुक्खस्स परिञ्ञाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स दुक्खस्स परिञ्ञाया" ति।

"कतमो, पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स दुक्खस्स परिञ्ञाया" ति?

[R.254] "अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स दुक्खस्स परिञ्ञाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतस्स दुक्खस्स परिञ्ञाया" ति।

---

"इन के प्रहाण का क्या उपाय है?"

"आयुष्मन्! वही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग, जैसे—सम्यग्दृष्टि...सम्यक्सङ्कल्प का आचरण ही इन के प्रहाण का एकमात्र उपाय है।"

"आयुष्मन्! यह उपाय तो बहुत अच्छा (भद्रक) है, इस की प्राप्ति में साधक को कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥" ●

**४. किमर्थीयप्रश्नसूत्र : : धर्मसाधना किसलिये की जाती है?**

४. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! आप लोग श्रमण गौतम के निर्देशन में किस हेतु धर्मसाधना करते हैं?

"आयुष्मन्! हम लोग दुःख के वास्तविक ज्ञान (परिज्ञा) के लिये भगवान् के निर्देशन में धर्मसाधना करते हैं।"

"आयुष्मन्! इस दुःख की परिज्ञा का कोई उपाय है?"

"हाँ, आयुष्मन्! वह आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही उस दुःख को परिज्ञा का एकमात्र उपाय है। ...पूर्ववत्...।"

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स दुक्खस्स परिञ्ञाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## ५. अस्सासप्पत्तसुत्तं

५. "'अस्सासप्पत्तो, अस्सासप्पत्तो' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कित्तावता नु खो, आवुसो, अस्सासप्पत्तो होती" ति?

"यतो खो, आवुसो, भिक्खु छन्नं फस्सायतनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च [N.226] अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं पजानाति, एत्तावता नु खो, आवुसो, अस्सासप्पत्तो होती" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स अस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स अस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति।

"कतमो, पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स अस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स अस्सासस्स सच्छिकिरियाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतस्स अस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स अस्सासस्स सच्छिकिरियाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

---

"आयुष्मन्! यह उपाय तो बहुत अच्छा है। इस की प्राप्ति में कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥" ●

**५. आश्वासप्राप्तसूत्र : : आश्वासनप्राप्ति का उपाय**

५. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'आश्वासन (=सान्त्वना) प्राप्त, आश्वासनप्राप्त' कहते रहते हैं। यह 'आश्वासनप्राप्त' कैसे होता है?"

"आयुष्मन्! जो साधक भिक्षु छह स्पर्शायतनों के उत्पाद, नाश, आस्वाद, दोष एवं नि:सरण को यथार्थत: जान लेता है वही 'आश्वासनप्राप्त' कहलाता है।"

"आयुष्मन्! इस आश्वासन की प्राप्ति का क्या उपाय है?"

"आयुष्मन्! इस आश्वासनप्राप्ति का एकमात्र उपाय वही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग है। इसी की उचित साधना से उक्त आश्वासनप्राप्ति सम्भव है।"

## ६. परमस्सासप्पत्तसुत्तं

६. "'परमस्सासप्पत्तो, परमस्सासप्पत्तो' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कित्तावता नु खो, आवुसो, परमस्सासप्पत्तो होती" ति?

[B.450, R.255] "यतो खो, आवुसो, भिक्खु छन्नं फस्सायतनानं समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं विदित्वा अनुपादाविमुत्तो होति, एत्तावता नु खो, आवुसो, परमस्सासप्पत्तो होती" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स परमस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स परमस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति।

"कतमो पन, आवुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स परमस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स परमस्सासस्स [N.227] सच्छिकिरियाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतस्स परमस्सासस्स सच्छिकिरियाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स परमस्सासस्स सच्छिकिरियाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## ७. वेदनापञ्हासुत्तं

७. "'वेदना, वेदना' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमा नु खो, आवुसो, वेदना" ति?

---

"आयुष्मन्! यह मार्ग तो बहुत सुखमय है, इस की प्राप्ति में साधक को कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥" ●

**६. परमाश्वासप्राप्तसूत्र : : परम आश्वासनप्राप्ति का उपाय**

६. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'परम आश्वासनप्राप्त, परम आश्वासनप्राप्त' ऐसा कहते रहते हैं..पूर्ववत्...। कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥ ●

*(इस सूत्र का, पिछले सूत्र की तरह ही विस्तार कर लेना चाहिये; केवल 'आश्वासन' के स्थान पर 'परम आश्वासन' शब्द परिवर्तित कर लें।)*

**७. वेदनाप्रश्नसूत्र : : वेदना क्या है?**

७. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग धार्मिक या लौकिक चर्चा में 'वेदना, वेदना' कहते रहते हैं, यह 'वेदना' क्या है?"

"तिस्सो इमावुसो, वेदना। कतमा तिस्सो? सुखा वेदना, दुक्खा वेदना, अदुक्खमसुखा वेदना—इमा खो, आवुसो, तिस्सो वेदना" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतासं तिस्सन्नं वेदनानं परिञ्ञाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतासं तिस्सन्नं वेदनानं परिञ्ञाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतासं तिस्सन्नं वेदनानं परिञ्ञाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतासं तिस्सन्नं वेदनानं परिञ्ञाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतासं तिस्सन्नं वेदनानं परिञ्ञाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतासं तिस्सन्नं वेदनानं परिञ्ञाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥

## ८. आसवपञ्हासुत्तं

८. "'आसवो, आसवो' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमो नु खो, [R.256] आवुसो, आसवो" ति?

"तयोमे, आवुसो, आसवा। कामासवो, भवासवो, अविज्जा- [N.228, B.451] सवो—इमे खो, आवुसो, तयो आसवा" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं आसवानं पहानाया" ति?

---

"आयुष्मन्! वेदनाएँ तीन हैं—१. सुखा, २. दुःखा एवं ३. अदुःखासुखा।"

"आयुष्मन्! इन वेदनाओं के परिज्ञान का कोई उपाय है?"

"हाँ, आयुष्मन्! इस वेदना के परिज्ञान (पहचान) का आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग की साधना ही एकमात्र उपाय है। ....।"

"आयुष्मन्! यह उपाय तो बहुत अच्छा है। इस की प्राप्ति में साधक को कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥"

**८. आश्रवप्रश्नसूत्र : : आश्रव क्या हैं?**

८. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'आश्रव, आश्रव' कहते रहते हैं। आयुष्मन्! यह 'आश्रव' क्या है?"

"आयुष्मन्! आश्रव तीन होते हैं—१. कामाश्रव, २. भवाश्रव, ३. अविद्याश्रव। आयुष्मन्! ये तीन आश्रव कहलाते हैं।"

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं आसवानं पहानाया" ति।

"कतमो, आवुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतेसं आसवानं पहानाया" ति ?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतेसं आसवानं पहानाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतेसं आसवानं पहानाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतेसं आसवानं पहानाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ •

## ९. अविज्जापञ्हासुत्तं

९. "'अविज्जा, अविज्जा' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमा नु खो, आवुसो, अविज्जा" ति ?

"यं खो, आवुसो, दुक्खे अञ्ञाणं, दुक्खसमुदये अञ्ञाणं, दुक्खनिरोधे अञ्ञाणं, दुक्खनिरोधगामिनिया पटिपदाय अञ्ञाणं—अयं वुच्चतावुसो, अविज्जा" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतिस्सा अविज्जाय पहानाया" ति ?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतिस्सा अविज्जाय पहानाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतिस्सा अविज्जाय पहानाया" ति।

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतिस्सा अविज्जाय पहानाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतिस्सा अविज्जाय पहानाया" ति।

---

"आयुष्मन्! क्या इन तीनों आश्रवों के प्रहाण का कोई उपाय है ?"

"हाँ, आयुष्मन्! इन के प्रहाण का भी उपाय है।"

"वह क्या ?"

"यही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग...सम्यग्दृष्टि...सम्यक्समाधि। ...पूर्ववत्... ॥ •

**९. अविद्याप्रश्नसूत्र** **अविद्या क्या है ?**

९. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'अविद्या, अविद्या'—ऐसा कहते हैं। यह 'अविद्या' क्या है ?

"आयुष्मन्! यह दुःख...दुःखसमुदय...दुःखनिरोध...एवं दुःखनिरोध के मार्ग का अज्ञान ही 'अविद्या' है।

"आयुष्मन्! इस अविद्या के निरोध का कोई उपाय है ?"

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतिस्सा अविज्जाय पहानाय। [R.257] अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## १०. तण्हापञ्हासुत्तं

१०. "'तण्हा, तण्हा' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमा नु खो, [N.229] आवुसो, तण्हा" ति?

"तिस्सो इमा, आवुसो, तण्हा। कामतण्हा, भवतण्हा, विभवतण्हा—इमा खो, आवुसो, तिस्सो तण्हा" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतासं तण्हानं पहानाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतासं तण्हानं पहानाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतासं तण्हानं पहानाया" ति? [B.452]

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतासं तण्हानं पहानाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतासं तण्हानं पहानाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतासं तण्हानं पहानाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## ११. ओघपञ्हासुत्तं

११. "'ओघो, ओघो' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमो नु खो, आवुसो, ओघो" ति?

"चत्तारोमे, आवुसो, ओघा। कामोघो, भवोघो, दिट्ठोघो, अविज्जोघो—इमे खो, आवुसो, चत्तारो ओघा" ति।

---

"हाँ, आयुष्मन्! इस के निरोध का एकमात्र उपाय उस आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का अवलम्बन ही है। ...पूर्ववत्... ॥ ●

**१०. तृष्णाप्रश्नसूत्र : : तृष्णा क्या है?**

१०. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'तृष्णा, तृष्णा' कहते रहते हैं, यह 'तृष्णा' क्या है?"

"आयुष्मन्! इस तृष्णा के तीन भेद हैं—१. कामतृष्णा, २. भवतृष्णा, एवं ३. विभवतृष्णा।"

"आयुष्मन्! इन तृष्णाओं के निरोध का कोई उपाय है?"

"हाँ, आयुष्मन्! है, वही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग...सम्यग्दृष्टि...सम्यक्समाधि। ...पूर्ववत्... ॥ ●

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं ओघानं पहानाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं ओघानं पहानाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतेसं ओघानं पहानाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतेसं ओघानं पहानाय, [R.258] सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतेसं ओघानं पहानाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतेसं ओघानं पहानाय। अलं च [N.230] पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ ●

## १२. उपादानपञ्हासुत्तं

१२. "'उपादानं, उपादानं' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमं नु खो, आवुसो, उपादानं" ति?

"चत्तारिमानि, आवुसो, उपादानानि। कामुपादानं, दिट्ठुपादानं, सीलब्बतुपादानं, अत्तवादुपादानं—इमानि खो, आवुसो, चत्तारि उपादानानी" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं उपादानानं पहानाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं उपादानानं पहानाया" ति।

---

**११. औघप्रश्नसूत्र : : औघ ( बाढ़=जलप्लावन ) क्या है?**

११. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'औघ, औघ' बोलते रहते हैं, यह 'औघ' क्या है?"

"आयुष्मन्! (हमारे आर्यविनय में) औघ ( बढ़ना) चतुर्विध होते हैं—१. कामौघ, २. भवौघ, ३. दृष्ट्यौघ एवं ४. अविद्यौघ। ...।"

"आयुष्मन्! इन औघों की परिहाणि का कोई उपाय है?"

"आयुष्मन्! इन औघों की मूलतः परिहाणि का एकमात्र उपाय वह आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही है; जैसे—१. सम्यग्दृष्टि...पूर्ववत्..., ८. सम्यक्समाधि।" ...॥ ●

**१२. उपादानप्रश्नसूत्र : : उपादान ( ग्रहण ) क्या है?**

१२. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'उपादान, उपादान' कहते रहते हैं, यह 'उपादान' क्या है?"

"आयुष्मन्! उपादान (मिथ्यादृष्टि द्वारा ग्रहण) चतुर्विध होते हैं; जैसे—१. कामोपादान, २. दृष्ट्युपादान, ३. शीलव्रतोपादान एवं ४. आत्मवादोपादान। ...ये चार उपादान होते हैं।"

"आयुष्मन्! इन उपादानों के यथार्थ ज्ञान का उपाय क्या है?"

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतेसं उपादानानं पहानाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतेसं उपादानानं पहानाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतेसं उपादानानं पहानाया" ति। [B.453]

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतेसं उपादानानं पहानाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥

●

## १३. भवपञ्हासुत्तं

१३. "'भवो, भवो' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमो नु खो, आवुसो, भवो" ति?

"तयोमे, आवुसो, भवा। कामभवो, रूपभवो, अरूपभवो—इमे खो, आवुसो, तयो भवा" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं भवानं परिञ्ञाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतेसं भवानं परिञ्ञाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतेसं भवानं परिञ्ञाया" ति? [N.231]

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतेसं भवानं परिञ्ञाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो आवुसो, मग्गो अयं [R.259] पटिपदा एतेसं भवानं परिञ्ञाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतेसं भवानं परिञ्ञाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥

●

---

"आयुष्मन्!...वही आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग...सम्यग्दृष्टि...सम्यक्समाधि।...पूर्ववत्...॥

**१३. भवप्रश्नसूत्र : : भव क्या है?**

१३. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोक में 'भव, भव'—ऐसा कहा जाता है, आयुष्मन्! यह 'भव' क्या है?"

"आयुष्मन्! यहाँ तीन प्रकार के भव कहलाते हैं; जैसे—१. कामभव, २. रूपभव, ३. अरूपभव। ये तीन 'भव' कहलाते हैं।

"आयुष्मन्! इस भव के यथार्थ ज्ञान का कोई उपाय है?"

"हाँ, है, आयुष्मन्! उस आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का आलम्बन ही इस के ज्ञान का एकमात्र उपाय है। ...पूर्ववत्...॥

●

## १४. दुक्खपञ्हासुत्तं

१४. "'दुक्खं, दुक्खं' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमं नु खो, आवुसो, दुक्खं" ति?

"तिस्सो इमा, आवुसो, दुक्खता। दुक्खदुक्खता, सङ्खारदुक्खता, विपरिणामदुक्खता—इमा खो, आवुसो, तिस्सो दुक्खता" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतासं दुक्खतानं परिञ्ञाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतासं दुक्खतानं परिञ्ञाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतासं दुक्खतानं परिञ्ञाया" ति?

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतासं दुक्खतानं परिञ्ञाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतासं दुक्खतानं परिञ्ञाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतासं दुक्खतानं परिञ्ञाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ •

## १५. सक्कायपञ्हासुत्तं

[B.454] १५. "'सक्कायो, सक्कायो' ति, आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमो नु खो, आवुसो, सक्कायो" ति?

"पञ्चिमे, आवुसो, उपादानक्खन्धा सक्कायो वुत्तो भगवता, सेय्यथीदं—रूपु-

---

**१४. दुःखप्रश्नसूत्र : : दुःखता क्या है?**

१४. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'दुःख, दुःख'—ऐसा कहते रहते हैं? आयुष्मन्! यह 'दुःख' या 'दुःखता' क्या है?"

"आयुष्मन्! हमारे यहाँ दुःखता तीन प्रकार की बतायी गयी है; जैसे—१. दुःखदुःखता, २. संस्कारदुःखता, एवं ३. विपरिणामदुःखता। आयुष्मन्! ये तीन दुःखताएँ होती हैं।"

"आयुष्मन्! इन दुःखताओं के विषय में यथार्थ ज्ञान का कोई उपाय है?"

"आयुष्मन्! इन दुःखताओं के यथार्थ परिज्ञान के लिये आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग का आलम्बन ही एकमात्र उपाय है। ...पूर्ववत्...॥ •

**१५. सत्कायप्रश्नसूत्र : : यह सत्कायदृष्टि क्या है?**

१५. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'सत्काय, सत्काय'—ऐसा कहते रहते हैं। यह 'सत्काय' क्या है?"

"आयुष्मन्! इन पाँच उपादानस्कन्धों को भगवान् ने 'सत्काय' कहा है। कौन से

पादानक्खन्धो, वेदनुपादानक्खन्धो, सञ्ञुपादानक्खन्धो, सङ्खारुपा-[N.232, R.260] दानक्खन्धो, विञ्ञाणुपादानक्खन्धो। इमे खो, आवुसो, पञ्चुपादानक्खन्धा सक्कायो वुत्तो भगवता'' ति।

''अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स सक्कायस्स परिञ्ञाया'' ति?

''अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स सक्कायस्स परिञ्ञाया'' ति।

''कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स सक्कायस्स परिञ्ञाया'' ति?

''अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स सक्कायस्स परिञ्ञाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...पे०...सम्मासमाधि। अयं खो आवुसो, मग्गो अयं पटिपदा एतस्स सक्कायस्स परिञ्ञाया'' ति।

''भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स सक्कायस्स परिञ्ञाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया'' ति॥ ●

## १६. दुक्करपञ्हासुत्तं

१६. ''किं नु खो, आवुसो सारिपुत्त, इमस्मिं धम्मविनये दुक्करं'' ति?

''पब्बज्जा खो, आवुसो, इमस्मिं धम्मविनये दुक्करा'' ति?

''पब्बजितेन पनावुसो, किं दुक्करं'' ति?

''पब्बजितेन खो, आवुसो, अभिरति दुक्करा'' ति।

''अभिरतेन पनावुसो, किं दुक्करं'' ति?

---

पाँच? १. रूपोपादानस्कन्ध, २. वेदनोपादानस्कन्ध, ३. संज्ञोपादानस्कन्ध, ४. संस्कारोपादानस्कन्ध एवं ५. विज्ञानोपादानस्कन्ध। आयुष्मन्! ये पाँच उपादानस्कन्ध ही 'सत्काय' कहलाते हैं।''

''आयुष्मन्! इस 'सत्काय' के परिज्ञान का कोई उपाय है?''

''हाँ, आयुष्मन्! उस आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग की साधना से ही इस सत्काय का परिज्ञान हो सकता है।'' ...पूर्ववत्... ॥ ●

**१६. दुष्करप्रश्नसूत्र : :बौद्ध धर्म में क्या दुष्कर (कठिन) है?**

१६. ...''आयुष्मन् सारिपुत्र! आप के इस धर्मविनय (बौद्ध धर्म) में क्या दुष्कर है?''

''आयुष्मन्! हमारे इस धर्मविनय में 'प्रव्रज्या' लेना दुष्कर है।''

''पुन: आयुष्मन्! इस धर्मविनय में प्रव्रजित के लिये क्या दुष्कर है?''

''आयुष्मन्! इस धर्मविनय में प्रव्रजित की इस धर्म में निरन्तर अभिरति (आसक्ति) बने रहना दुष्कर है।''

"अभिरतेन खो, आवुसो, धम्मानुधम्मप्पटिपत्ति दुक्करा" ति।

"कीवचिरं पनावुसो, धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो भिक्खु अरहं अस्सा" ति?

"नचिरं, आवुसो" ति॥ •

जम्बुखादकसंयुत्तं समत्तं॥

### तस्सुद्दानं

[R.261] निब्बान अरहत्तं च, धम्मवादी किमत्थियं।
अस्सासो परमस्सासो, वेदना आसवाविज्जा॥
तण्हा ओघा उपादानं, भवो दुक्खं च सक्कायो।
इमस्मिं धम्मविनये दुक्करं ति॥ •

---

"फिर आयुष्मन्! इस धर्म में ऐसे अभिरत के लिये क्या दुष्कर है?"

"आयुष्मन्! ऐसे अभिरत द्वारा निरन्तर धर्मानुसार आचरण करना दुष्कर है।"

"आयुष्मन्! इस धर्म के अनुसार आचरण करने वाला कितने समय में अर्हत् हो सकता है?"

"आयुष्मन्! धर्मानुसारी साधक के 'अर्हत्' होने में अधिक समय नहीं लगता"॥ •

जम्बूखादकसंयुक्त सम्पन्न॥

**इस ३८वें जम्बूखादकसंयुक्त में व्याख्यात सूत्रों की सूची**—१. निर्वाणप्रश्नसूत्र, २. अर्हत्त्वप्रश्नसूत्र, ३. धर्मवादिप्रश्नसूत्र, ४. किमर्थीयसूत्र, ५. आश्वासप्राप्तसूत्र, ६. परमाश्वासप्राप्तसूत्र, ७. वेदनाप्रश्नसूत्र, ८. आश्रवप्रश्नसूत्र, ९. अविद्याप्रश्नसूत्र, १०. तृष्णाप्रश्नसूत्र, ११. औघप्रश्नसूत्र, १२. उपादानप्रश्नसूत्र, १३. भवप्रश्नसूत्र, १४. दुःखप्रश्नसूत्र, १५. सत्कायप्रश्नसूत्र एवं १६. दुष्करप्रश्नसूत्र॥ •

# ३९. सामण्डकसंयुत्तं

## १. सामण्डकसुत्तं

१. एकं समयं आयस्मा सारिपुत्तो वज्जीसु विहरति उक्कचेलायं [N.233, B.455] गङ्गाय नदिया तीरे। अथ खो सामण्डको परिब्बाजको येनायस्मा सारिपुत्तो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मता सारिपुत्तेन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सामण्डको परिब्बाजको आयस्मन्तं सारिपुत्तं एतदवोच—

"'निब्बानं, निब्बानं' ति आवुसो सारिपुत्त, वुच्चति। कतमं नु खो, आवुसो, निब्बानं" ति?

"यो खो, आवुसो, रागक्खयो दोसक्खयो मोहक्खयो—इदं वुच्चति निब्बानं" ति।

"अत्थि पनावुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाया" ति?

"अत्थि खो, आवुसो, मग्गो अत्थि पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छि-किरियाया" ति।

"कतमो पनावुसो, मग्गो कतमा पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाया" ति? [R.262]

---

# ३९. सामण्डकसंयुक्त

## १. सामण्डकवर्ग

**१. निर्वाणसूत्र : : निर्वाण क्या है?**

१. एक समय आयुष्मान् सारिपुत्र वज्जीप्रदेश के उक्कचेलाग्राम में गङ्गा नदी के तट पर साधनाहेतु विचरण कर रहे थे। उसी समय कोई सामण्डक नाम का परिव्राजक आयुष्मान् सारिपुत्र के पास आया, तथा उन से कुशलक्षेम पूछ कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे हुए उसने आयुष्मान् सारिपुत्र से यों पूछा—

"आयुष्मन् सारिपुत्र! लोग 'निर्वाण, निर्वाण' ऐसा कहते रहते हैं। आयुष्मन्! यह 'निर्वाण' क्या है?"

"आयुष्मन्! राग, द्वेष एवं मोह के सर्वथा क्षय को 'निर्वाण' कहते हैं।"

"आयुष्मन्! इस निर्वाण की प्राप्ति एवं साक्षात्कार का कोई उपाय है?"

"हाँ, आयुष्मन्! इस की प्राप्ति का उपाय भी है।"

"अयमेव खो, आवुसो, अरियो अट्ठङ्गिको मग्गो एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाय, सेय्यथीदं—सम्मादिट्ठि...सम्मासमाधि। अयं खो, आवुसो, मग्गो, अयं पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाया" ति।

"भद्दको, आवुसो, मग्गो भद्दिका पटिपदा एतस्स निब्बानस्स सच्छिकिरियाय। अलं च पनावुसो सारिपुत्त, अप्पमादाया" ति॥ •

२-१५. *(यथा जम्बुखादकसंयुत्तं तथा वित्थारेतब्बं।)*

## १६. दुक्करसुत्त

[B.456]१६. "किं नु खो, आवुसो सारिपुत्त, इमस्मिं धम्मविनये दुक्करं" ति?

[N.234]"पब्बज्जा खो, आवुसो, इमस्मिं धम्मविनये दुक्करा" ति।

"पब्बजितेन पनावुसो, किं दुक्करं" ति?

"पब्बजितेन खो, आवुसो, अभिरति दुक्करा" ति।

"अभिरतेन पनावुसो, किं दुक्करं" ति?

"अभिरतेन खो, आवुसो, धम्मानुधम्मप्पटिपत्ति दुक्करा" ति।

"कीवचिरं पनावुसो, धम्मानुधम्मप्पटिपन्नो भिक्खु अरहं अस्सा" ति?

---

"वह क्या है?"

"यह आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही इस निर्वाण की प्राप्ति का उपाय है। जैसे—सम्यग्दृष्टि... सम्यक्समाधि।"

"आयुष्मन्! यह मार्ग तो बहुत मङ्गलमय है। इस की प्राप्ति में साधक को कोई प्रमाद नहीं करना चाहिये॥" •

**२. अर्हत्त्वसूत्र से १५ सत्कायप्रश्नसूत्र**

*(जम्बूखादकसंयुक्त में व्याख्यात इन सूत्रों की तरह ही यहाँ भी व्याख्यान कर लें।)*

**१६. दुष्करप्रश्नसूत्र : : बौद्ध धर्म में दुष्कर क्रिया क्या है?**

१६. ..."आयुष्मन् सारिपुत्र! आप के इस धर्मविनय में दुष्कर क्रिया क्या है?"

"आयुष्मन्! इस धर्मविनय में प्रव्रज्या सब से दुष्कर है।"

"फिर, आयुष्मन्! प्रव्रजित के लिये क्या दुष्कर है?"

"आयुष्मन्! प्रव्रजित को निरन्तर धर्म में रति रखना दुष्कर है।"

"आयुष्मन्! धर्म में रति रखने वाले के लिये क्या दुष्कर है?"

"आयुष्मन्! धर्म में रति रखने वाले को निरन्तर धर्मानुसार आचरण करना दुष्कर है।"

''नचिरं, आवुसो'' ति॥ •

## ( पुरिमसदिसं उद्दानं )

**सामण्डकसंयुत्तं समत्तं॥**

—— ⁂ ——

---

''आयुष्मन्! धर्मानुसार साधनाकर्ता कितने समय में अर्हत्त्व प्राप्त कर सकता है?''

''आयुष्मन्! धर्मानुसार साधनाकर्ता को बहुत शीघ्र ही अर्हत्त्व प्राप्त हो जाता है''॥ •

**सामण्डकसंयुक्त समाप्त॥**

*इस सामण्डकसंयुक्त में भी पूर्व जम्बूखादकसंयुक्त के समान ही १६ सूत्रों (निर्वाणसूत्र से दुष्करप्रश्नसूत्र तक) का पूर्ववत् व्याख्यान हुआ है अत: वही सूत्रसूची समझें॥* •

—— ⁂ ——

# ४०. मोग्गल्लानसंयुत्तं

## १. पठमझानपञ्हासुत्तं

[N.235, B.457] १. एकं समयं आयस्मा महामोग्गल्लानो सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो आयस्मा महामोग्गल्लानो भिक्खू आमन्तेसि— "आवुसो भिक्खवे" ति। "आवुसो" ति खो ते भिक्खू आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स पच्चस्सोसुं। आयस्मा महामोग्गल्लानो एतदवोच—

"इध मय्हं, आवुसो, रहोगतस्स पटिसल्लीनस्स एवं चेतसो परिवितक्को उदपादि—'पठमं झानं, पठमं झानं' ति वुच्चति। कतमं नु खो पठमं झानं ति? तस्स मय्हं, आवुसो, एतदहोसि—'इध भिक्खु विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं वुच्चति 'पठमं झानं' ति। सो ख्वाहं, आवुसो, विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। तस्स मय्हं, आवुसो, इमिना विहारेन विहरतो कामसहगता सञ्ञामनसिकारा समुदाचरन्ति।

"अथ खो मं, आवुसो, भगवा इद्धिया उपसङ्कमित्वा एतदवोच—'मोग्गल्लान, मोग्गल्लान! मा, ब्राह्मण, पठमं झानं पमादो, पठमे झाने चित्तं सण्ठपेहि, पठमे झाने चित्तं

---

# ४०. मोग्गल्लानसंयुक्त

**१. प्रथम ध्यानप्रश्नसूत्र : : प्रथमं ध्यान**

१. एक समय आयुष्मान् महामोग्गल्लान **श्रावस्ती** के जेतवन में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब किसी दिन आयुष्मान् महामोग्गल्लान ने भिक्षुओं को अपने पास बुलाया तथा उन को प्रथम ध्यान की साधना के विषय में अपने अनुभव यों सुनाये—

"आयुष्मानो! एकान्त में ध्यानभावना करते समय मेरे मन में यह विचार हुआ— 'प्रथम ध्यान प्रथम ध्यान'—ऐसी चर्चा लोग करते रहते हैं, यह प्रथम ध्यान क्या है?' तब मुझ को यही समझ में आया—'यहाँ कोई साधक भिक्षु कामभोगों एवं अकुशल धर्मों से दूर रहता हुआ वितर्क विचार सहित विवेकजन्य प्रीतिसुखमय प्रथम ध्यान को प्राप्त कर साधना करता है। यही प्रथम ध्यान कहलाता है।' आयुष्मानो! तब मैं...पूर्ववत्...प्रथम ध्यान की साधना करने लगा। उस समय मेरे मन में कामसहगत संज्ञाएँ उठने लगीं।

"तब, भगवान् ने अपने अलौकिक ऋद्धिप्रभाव से मेरे सम्मुख प्रकट हो कर मुझ को यह चेतावनी दी—'मोग्गल्लान! ब्राह्मण! प्रथम ध्यान की साधना में प्रमाद न कर

एकोदिं करोहि, पठमे झाने चित्तं समादहा' ति। सो ख्वाहं, आवुसो, अपरेन समयेन विविच्चेव कामेहि विविच्च अकुसलेहि धम्मेहि सवितक्कं सविचारं विवेकजं पीतिसुखं पठमं झानं उपसम्पज्ज विहासि। यं हि तं, आवुसो, सम्मा वदमानो वदेय्य—'सत्थारानुग्गहितो सावको महाभिञ्ञतं पत्तो' ति, ममं तं सम्मा वदमानो वदेय्य—'सत्थारानुग्गहितो सावको महाभिञ्ञतं पत्तो''' ति॥ •

### २. दुतियझानपञ्हासुत्तं

२. '''दुतियं झानं, दुतियं झानं' ति वुच्चति। कतमं नु खो दुतियं झानं [B.458] ति? तस्स मय्हं, आवुसो, एतदहोसि—'इध भिक्खु वितक्कविचारानं वूपसमा [R.264] अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं [N.236] दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं वुच्चति 'दुतियं झानं' ति। सो ख्वाहं, आवुसो, वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। तस्स मय्हं, आवुसो, इमिना विहारेन विहरतो वितक्कसहगता सञ्ञामनसिकारा समुदाचरन्ति।

''अथ खो मं, आवुसो, भगवा इद्धिया उपसङ्कमित्वा एतदवोच—'मोग्गल्लान,

---

बैठना। इस ध्यान में अपना चित्त एकाग्र कर, प्रथम ध्यान में अपना चित्त समाहित कर!' भगवान् के इस आदेश से, मैं आगे चल कर, कामभोगों एवं अकुशल धर्मों से दूर रहते हुए वितर्क विचार सहित विवेकजन्य प्रीतिसुखमय प्रथम ध्यान की साधना पूर्ण सावधानी से करने लगा। अत: आयुष्मानो! यदि कोई किसी के लिये यह कहना चाहे—'शास्ता द्वारा अनुगृहीत शिष्य ठीक से अभिज्ञा प्राप्त हो चुका है', तो वह मेरे लिये ही ऐसा कह सकता है॥'' •

**२. द्वितीय ध्यानप्रश्नसूत्र : : द्वितीय ध्यान**

२. ...'''द्वितीय ध्यान, द्वितीय ध्यान' ऐसा लोग कहते रहते हैं। यह 'द्वितीय ध्यान' क्या है?

''आयुष्मानो! तब मुझ को विचार हुआ—'यहाँ कोई साधक भिक्षु वितर्क एवं विचारों के शान्त हो जाने पर, आध्यात्मिक प्रसाद से सम्पृक्त हो कर, चित्त को एकाग्र कर द्वितीय ध्यान की साधना में लगता है। यही द्वितीय ध्यान कहलाता है।' तब मैं वितर्क विचारों के व्युपशम के बाद आध्यात्मिक प्रसाद के साथ चित्त को एकाग्र कर, वितर्करहित समाधिजन्य प्रीतिसुखमय द्वितीय ध्यान को प्राप्त कर साधना करने लगा। आयुष्मानो! उस समय यह साधना करते हुए मुझ को वितर्कसहगत संज्ञाओं का ध्यान आने लगा।

''तब मेरे सम्मुख भगवान् ने, साक्षात् प्रकट हो कर, यह आदेश दिया—'मोग्गल्लान,

मोग्गल्लान! मा, ब्राह्मण, दुतियं झानं पमादो, दुतिये झाने चित्तं सण्ठपेहि, दुतिये झाने चित्तं एकोदिं करोहि, दुतिये झाने चित्तं समादहा' ति। सो ख्वाहं, आवुसो, अपरेन समयेन वितक्कविचारानं वूपसमा अज्झत्तं सम्पसादनं चेतसो एकोदिभावं अवितक्कं अविचारं समाधिजं पीतिसुखं दुतियं झानं उपसम्पज्ज विहासिं। यं हि तं, आवुसो, सम्मा वदमानो वदेय्य—'सत्थारानुग्गहितो सावको महाभिञ्ञतं पत्तो' ति, ममं तं सम्मा वदमानो वदेय्य—'सत्थारानुग्गहितो सावको महाभिञ्ञतं पत्तो''' ति॥ •

## ३. ततियझानपञ्हासुत्तं

३. '''ततियं झानं, ततियं झानं' ति वुच्चति। कतमं नु खो ततियं झानं ति? तस्स मय्हं, आवुसो, एतदहोसि—'इध भिक्खु पीतिया च विरागा उपेक्खको च विहरति सतो च सम्पजानो सुखं च कायेन पटिसंवेदेति, यं तं अरिया आचिक्खन्ति—'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरति। इदं वुच्चति ततियं झानं ति। सो ख्वाहं, आवुसो, पीतिया च विरागा उपेक्खको च विहरामि सतो च सम्पजानो सुखं च कायेन पटिसंवेदेमि। यं तं अरिया आचिक्खन्ति—'उपेक्खको सतिमा सुखविहारी' ति ततियं झानं उपसम्पज्ज विहरामि। तस्स मय्हं, आवुसो, इमिना विहारेन विहरतो पीतिसहगता सञ्ञामनसिकारा समुदाचरन्ति।

[B.459, R.265] "अथ खो मं, आवुसो, भगवा इद्धिया उपसङ्कमित्वा एतदवोच—'मोग्गल्लान, मोग्गल्लान! मा, ब्राह्मण, ततियं झानं पमादो, ततिये झाने चित्तं सण्ठपेहि,

---

ब्राह्मण! द्वितीय ध्यान की साधना में प्रमाद न करना।' तब मैं भगवान् के इस आदेश से...पूर्ववत्...वह मेरे लिये ही हो सकता है"॥ •

**३. तृतीय ध्यानप्रश्नसूत्र : : तृतीय ध्यान**

